रूपान्तरण

Rupantaran



कथा विशेषाङ्क

६

अनुवादप्रधान हिन्दी, नेपाली, अङ्ग्रेजी वार्षिकी

रूपान्तरण

(अङ्क ६, वि.सं. २०७५, कथा विशेषाङ्क)

Rupantaran

An Annual Literary Translation Magazine (Hindi, Nepali, English)

(Vol . 6, A. D. 2018)

प्रधान सम्पादक
प्रा.डा. उषा ठाकुर
(मोबाइल : ९८४९४६७८७०)

सम्पादक मण्डल
डा. रामदयाल राकेश
माया ठकुरी
विक्रममणि त्रिपाठी
केशव सिग्देल
वीणा सिन्हा

कार्यकारी सम्पादक
महेश पौड्याल

प्रकाशक
नेपाल प्रज्ञा-प्रतिष्ठान
कमलादी, काठमाडौँ

मुद्रक
प्रज्ञा छापाखाना, कमलादी

आवरण सज्जा
वसन्तराज अज्ञात

कम्प्युटर सेटिङ
रञ्जन घिमिरे

मूल्य : रु. १००/-

email
office@nepalacademy.org.np
वेब साइट
www. nepalacademy.org.np
फोन : ०१-४२३१७९१
फ्याक्स : ०१-४२२११७५
प्रधान सम्पादक (सम्पर्कका लागि)
इमेल : ushathakur51@gmail.com
फोन : ४२४१३०५

यस अङ्कमा

नेपाली साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

समालोचना

समकालीन नेपाली कथा	डा. नेत्र एटम	७

कहानी

रुम नं. ३२५	अर्जुन थापा	१९
मेरा नया नाम नं. २१५	इल्या भट्टराई	२१
आग की लपटें	जलेश्वरी श्रेष्ठ	२५
दिलमाया	टंक भट्टराई	२८
काल्पनिक	ध्रुवचन्द्र गौतम	३२
विलय	ध्रुव सापकोटा	३६
अंतरदृष्टि	पद्मावती सिंह	४०
घर नं. ६	परशु प्रधान	४४
काजोल खातुन	फूलमान बल	४७
हजाम और बूढा	भाउपंथी	५३
रूपांतरण	भागीरथी श्रेष्ठ	५८
मुझे भी नींद नहीं आई	मातृका पोखरेल	६१
प्रियंवदा	माया ठकुरी	६४
छल का दूसरा रूप	राधा कार्की	६७
एक सच्ची कहानी	राधेश्याम लेकाली	७०
रनियाँ की पंचायती	राप्रउ पोखरेल	७२
सलीम	डा. रामभक्त ठाकुर	८१
ब्रेक अप	लक्ष्मी उप्रेती	८४
यह मन	विन्दु सुवेदी	८८
पुस्तक	विश्वेश्वरप्रसाद कोइराला	९३
संझली भाभी	शशी चालिसे	९५
सोलह साल बाद	संध्या पहाडी	९७
गली की खिडकी	सुषमा मानंधर	१०१
चतुरे बन गया नेता !	हिरण्य कुमारी पाठक	१०५
दुःस्वप्न	ज्ञानू पाण्डे	१०७

संस्कृत साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

कहानी

इतरा का पुत्र ऐतरेय — माधवप्रसाद लामिछाने — १११

नेपाल के अन्य भाषाओं से हिंदी भाषा में अनुवाद

भोजपुरी साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

कहानी

दो गज जमीन के नीचे — शिव शंकर प्रसाद रौनियार — ११३

मैथिली साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

कहानी

जाल — विनीत ठाकुर — ११७

नेपालभाषा (नेवारी) साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

कहानी

मशीन हैं क्या । — डा. रीना तुलाधर — १२०

यांचा का घर — राजा शाक्य — १२३

मगर भाषा साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

कहानी

घर — संजोग 'लाफा' मगर — १२६

तामाङ भाषा साहित्य से हिंदी भाषा में अनुवाद

कहानी

उसके बाद मुझे नींद आ गई — रमेश कुमार तामाङ — १२९

विदेशी साहित्यबाट नेपाली भाषामा अनुवाद

कथा/भारत (India)

सत्ताको खोजीमा — डा. सुधा पाण्डे — १३४

कथा/जापान (Japan)

माकुराको धागो — न्युनोसुके अकुतागावा — १३७

कथा/अजरबैजान (Azerbaijan)

बम — अब्दुराजिम बेक अख्भरदोभ — १३९

कथा/भारत (India)

पेट : एक सिँढी — अविनाश शास्त्री — १४१

कथा/अस्ट्रिया (Austria)

परफर्मेन्स — हरबर्ट कुनर — १४५

कथा/जर्मनी (Germany)

अनुहार — हेनरिख बोल — १४७

कथा/अमेरिका (America)

म जस्तो कालेका तर्फबाट — जोन होवार्ड ग्रिफिन — १५०

कथा/इजिप्ट (Egypt)

पीडित — युसुफ इद्रिस — १५३

कथा/पोल्यान्ड (Poland)

ढुङ्गाको संसार — ताद्युश बोरोव्स्की — १५५

English Translations from Nepali Literature

Interview

Story as a Genre Faces Strong ... — Prof.Dr. Abhi Sudedi — 157

Criticism

Primary Survey of Postmodern Traits ... — Prof.Dr. Govindaraj Bhattarai — 162

Story

Awaiting Doomsday — Dev Kumari Thapa — 168
The Soldier — BP Koirala — 171
Will He Ever Return?? — Bhavani Bhikshu — 174
A POT — Govinda Bahadur Malla Gothale — 179
Engineer's Head — Vijay Malla — 182
A Sweater for Brother-In-Law — Poshan Pandey — 185
The Husband — Prema Shah — 189
Annapurna's Feast — Manu Brajaki — 193
Rice Pudding — Indra Bahadur Rai — 198
The Stranger's Bag — Krishna Dharabasi — 201
With a Character One Evening — Roshan Thapa 'Neerav' — 211
What a Coincidence! What a Tragedy! — Bharati Gautam — 218

Book Review

Review of "The Rebel Morning" Willa Schneberg (USA) 221

विभिन्न मितिमा ने.प्र.प्र.द्वारा आयोजित अनुवाद गोष्ठीमा प्रस्तुत कार्यपत्रहरु

नयाँ ज्ञान सल्काउने पुरानो बत्ती अनुवाद ...	प्रा.डा. गोविन्दराज भट्टराई	२२३
अनुवाद साहित्यमा लक्ष्मीप्रसाद देवकोटाको ...	प्रा.डा. कृष्णचन्द्र शर्मा	२३०
वी.पी. कोइरालाका अनूदित कृतिहरू	डा. तुलसी भट्टराई	२३६
नेपालीमा अनूदित हिन्दी साहित्य	डा. रामदयाल राकेश	२४३
नेपालीमा अनूदित रुसी साहित्य	प्रा.डा. जङ्गब चौहान	२५०
नेपालीमा अनूदित अङ्ग्रेजी साहित्य	बलराम अधिकारी	२५५
अनुवादका क्षेत्रमा प्रयुक्त नवीन सिद्धान्तहरू ...	डा. नवराज न्यौपाने	२६४
अवधी तथा थारु भाषाका अनूदित कृतिहरू ...	विक्रममणि त्रिपाठी	२७०
नेपालीय मैथिली र भोजपुरी अनुवाद ...	आनन्द अस्तित्व	२७७
Translating Poetry: The Art of Preserving Essence	Willa Schneberg (U.S.A.)	281
A Survey of Nepali Literature in English: Translated ...	Mahesh Paudyal	284

सम्पादकीय

आज का युग अनुवाद का युग है। ज्ञान-विज्ञान की उन्नति के साथ-साथ विश्व-भूमंडलीकरण और विश्वव्यापीकरण ने अनुवाद के महत्व और आवश्यता को और भी अनिवार्य बना दिया है। आज के वैश्विक युग में भाषा, साहित्य, धर्म, संस्कृति को जोड़ने और विश्व एकता को सुदृढ करके 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना का प्रसार करने की दिशा में अनुवाद की महत्ता सर्वोपरि और अक्षुण्ण है।

अनुवाद ही वह माध्यम है जो किसी देश के साहित्य को पूर्णता प्रदान करता है। रवींद्रनाथ टैगोर, प्रेमचंद, गोर्की, शेक्सपीयर, मिल्टन, कीट्स, टॉल्सटॉय, वड्र्सवर्थ, शेली, देवकोटा आदि अनगिनत साहित्यकारों ने अपनी सशक्त लेखनी के द्वारा विश्व एकता को मजबूत बनाया, मानव एकता को सुदृढ किया और विश्व-साहित्य की अवधारणा को मजबूत बनाया लेकिन इन प्रसिद्ध साहित्यकारों के बहुमूल्य साहित्यिक योगदान को विश्वव्यापी बनाने का श्रेय अनुवादकों को है जिन्होंने अनुवाद के द्वारा मूल रचना के आशय, उद्देश्य और संदेश की कुशलता के साथ विश्व पाठकों के समक्ष रखकर साहित्यकार और साहित्यिक कृति को विश्वव्यापी बनाकर अमरता प्रदान की। नोबेल पुरस्कार प्रदान करने की प्रक्रिया में भी अनुवादक की ही प्रमुख भूमिका रहती है। वास्तव में किसी भी भाषा-साहित्य को विश्वव्यापी और कालजयी बनाने की अद्भुत क्षमता अनुवाद में ही है। विश्व की श्रेष्ठ रचनाओं का अनुवाद आज युग की आवश्यकता है, समय की माँग है। अनुवादक के योगदान के बिना साहित्यकार का महत्व अधूरा है। एक सफल अनुवादक ही रातोंरात किसी साहित्यकार को प्रसिद्धि के चरम शिखर पर पहुँचा देता है।

विश्व-साहित्य की अवधारणा को और भी व्यापक बनाने के महान उद्देश्य को लेकर नेपाल प्रज्ञा प्रतिष्ठान का अनुवाद विभाग तथा विभाग से प्रकाशित अनुवाद पत्रिका 'रूपांतरण' विश्व की भाषिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक भावनाओं को जोड़कर मानवीय एकता को सुदृढ़ करने के लिए तथा नेपाली साहित्य और नेपाल की मातृभाषा साहित्य को विश्व साहित्यिक मंच पर प्रतिष्ठित करने के लिए कटिबद्ध हैं। साथ ही विश्व-साहित्य को नेपाली साहित्यिक जगत के समक्ष अनुवाद द्वारा प्रस्तुत करने और परस्पर परिचित और प्रकाशवान बनाने का उद्देश्य लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रयत्नशील हैं तथा तदनुसार अपने कार्य में समर्पित हैं।

'रूपांतरण' का छठा अंक 'कथा विशेषांक' के रूप में प्रस्तुत करते हुए हमें अपार हर्ष हो रहा है। कथा साहित्य एक महत्वपूर्ण और लोकप्रिय विधा के रूप में न केवल हिंदी और नेपाली साहित्य में, अपितु विश्व-साहित्य में ही एक सशक्त और प्रभावशाली विधा के रूप में स्थापित है।

नेपाली साहित्य की कथाएँ गुणात्मकता की दृष्टि से बेजोड़ हैं साथ ही अपने समय और समाज को मुखरित करने में पूर्णतया समर्थ भी। इस अंक में संग्रहित कथाओं में भावगत, शैलीगत, विचारगत विविधताएँ हैं किंतु इन कथाओं का मूल स्वर युग की समस्याओं को चित्रित करना है तथा समाज को दिशानिर्देशन देना है, प्रेरणादायी संदेश देना है। ये कथाएँ राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, मनोविश्लेषणात्मक तथा प्रविधि चेतना के पृष्ठाधार में लिखी गई हैं और अपने समय का सही प्रतिनिधित्व करती हैं। मानवीय संवेदना और समाज के विविध पक्षों का वर्णन करते हुए इन कथाकारों ने युगीन यथार्थ, समाज में फैली हुई विकृतियाँ, देश की रुग्णता, जर्जरता, आर्थिक विषमता एवं भ्रष्टाचार जैसे विषय संदर्भों की सशक्त अभिव्यक्ति दी है। इन कथाओं में नारी अस्तित्व, नारी अधिकार और नारी स्वतंत्रता को अभिव्यक्ति देते हुए कथाकारों ने नारी जीवन के विविध पक्षों को उजागर किया है, मार्गप्रदर्शन किया है। कुछ कथाएँ उत्तर आधुनिकतावादी प्रवृत्ति को प्रश्रय देते हुए लिखी गई हैं जिसमें वैश्विक परिवेश का सफल चित्रण है, डायस्पोरा जीवन की अनुभूति और पीड़ा का मार्मिक चित्रण है। कुछ कथाओं में देश में व्याप्त द्वंद्वजन्य परिवेश और संत्रासमय परिस्थिति का सजीव चित्रण है, मनोद्वंद्व का सूक्ष्म चित्रण है, वर्गीय चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति है। कुछ कथाएँ तराई संस्कृति, नेवारी संस्कृति तथा आंचलिकता के चित्रण द्वारा लोक जीवन और लोक संस्कृति के संरक्षण में सहायक हैं। अशिक्षा, अंधविश्वास तथा समाज की विकृतियों के वर्णन के साथ ही इन कहानियों में सुधारवादी चेतना भी दिखाई देती है। इस अंक की कुछ कथाएँ संस्मरणात्मक हैं, कुछ वर्णनात्मक, कुछ घटना प्रधान और परिवेश प्रधान, कुछ प्रतीकात्मक।

कथाओं के विभिन्न भावों, शैलियों, प्रवृत्तियों, विचार दर्शनों से आप्लावित प्रस्तुत अंक विश्व कथा साहित्य के समक्ष नेपाली कथा साहित्य का सही, प्रभावशाली और सक्षम रूप प्रस्तुत कर सकेगा, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

इस अंक के अनुवादक साहित्यकारों ने अनुवाद कर्म का दायित्व ईमानदारी के साथ निर्वाह करने की कोशिश की है। उनके प्रयास सराहनीय हैं। स्रोत भाषा के साथ ही लक्ष्य भाषा का भी समुचित ज्ञान प्राप्त ये अनुवादक साहित्यकार मूल कथाकारों की भाषा, संस्कृति, दर्शन और संदर्भ के प्रति भी सजग और जागरूक दिखाई पड़ते हैं। इन अनूदित कथाओं में बोधगम्यता है, प्रवाहमयता है, सजीवता है, अनुवाद कार्य के प्रति ईमानदारी की भावना है जो सराहनीय है। अनुवाद की भाषा भावानुकूल है।

मुझे पूर्ण आशा है कि पूरी लगन और परिश्रम से पूरी की गई ये अनूदित कथाएँ सफल बन पड़ी हैं और पाठकों को कथा रस में आनंदविभोर करने में सक्षम हैं।

नेपाली साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए अनुवाद की प्रमुख स्रोत भाषा हमें अंग्रेज़ी दिखाई पड़ती है। अंग्रेज़ी के बाद प्रभावशाली और विस्तृत क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है। इसलिए नेपाली कथा साहित्य का अनुवाद हमने अंग्रेज़ी और हिंदी भाषाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत अंक में नेपाली कथा साहित्य के सैद्धांतिक पक्ष को भी हिंदी भाषा और अंग्रेज़ी भाषा में अनूदित करके प्रकाशित किया गया है। साथ ही विश्व की प्रतिनिधि कहानियों को भी नेपाली अनुवादकों द्वारा हमने नेपाली साहित्यकारों के समक्ष रखने की कोशिश की है ताकि नेपाली साहित्यकार विश्व-साहित्य से लाभान्वित हो सकें।

अनुवाद विभाग एक ओर अपने अनुवाद कार्यों के द्वारा अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक एकता के लिए प्रयत्नशील है, नेपाली साहित्य के विश्वव्यापीकरण के लिए कटिबद्ध है तो दूसरी ओर अनुवाद साहित्य के विकास और अनुवादक साहित्यकारों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए भी पूर्णतः समर्पित है। हमें यह जानकारी देते हुए अत्यंत संतोष का अनुभव हो रहा है कि अनुवाद विभाग द्वारा 'अनुवादक परिचय कोश (A dictionary of Translators)' तैयार हो चुका है और अब शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है।

अनुवाद साहित्य के विकास के लिए अनुवाद विभाग द्वारा समय-समय पर अनुवाद विचार गोष्ठी का आयोजन होता रहा है। इस अंक में कुछ चुने हुए अनुवाद संबंधी कार्यपत्र भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं ताकि अनुवाद के प्रति चेतना और जागरूकता व्याप्त हो।

इस पत्रिका के तीन खंडों के भाषा परीक्षण, भाषा संपादन का कार्य क्रमशः डॉ. रामदयाल राकेश जी (हिंदी भाषा खंड), श्री रोशन थापा 'नीरव' जी (नेपाली भाषा खंड), तथा श्री महेश पौड्याल जी (अंग्रेज़ी भाषा खंड) के सत्प्रयासों से संपन्न हुआ है। इन विद्वानों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ। अत्यंत सहयोगी श्री संध्या पहाड़ी जी के प्रति भी हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ। भाई मुकेश कुमार मिश्र के विशेष सहयोग के लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद देती हूँ। श्री शशि चालिसे जी से मुझे सहयोग प्राप्त हुआ है, उन्हें हार्दिक धन्यवाद देती हूँ। साथ ही रंजन घिमिरे, श्री वसंतराज अज्ञात, प्रेस के सहयोगी भाई-बहनों तथा श्री विजय महर्जन जी को हार्दिक धन्यवाद देती हूँ।

नेपाली कथाओं को विश्व रंगमंच पर प्रतिष्ठित करने के लिए और विश्व-साहित्य से नेपाली पाठकों को परिचित कराने के महान उद्देश्य में प्रस्तुत 'कथा-विशेषांक' सहायक होगा, ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है।

मेरे सपनों और विश्वासों को साकार रूप देने में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले आदरणीय कथाकारों तथा अनुवाद साहित्यकारों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ, विशेष धन्यवाद देती हूँ।

प्रा. डॉ. अभि सुवेदी जी तथा प्रा. डॉ. गोविंदराज भट्टराई जी के प्रति मैं सदैव आभारी रहूँगी। इन दोनों विशिष्ट विद्वानों ने मुझे हमेशा आवश्यक सुझाव और प्रोत्साहन देकर मेरे अनुवाद संबंधी कार्यों को सहज बनाया है। उनकी सद्भावनाएँ मेरे जीवन के लिए बहुमूल्य निधि हैं।

रूपांतरण अपने कार्यों में स्तरीयता और गुणात्मकता की अभिवृद्धि कर सके, संपूर्ण विश्व-साहित्य को एकता के सूत्र में बाँध सके, नेपाली साहित्य को विश्व रंगमंच पर प्रतिष्ठित कर सके, इसके लिए अनुवाद विभाग पूरी तरह प्रयत्नशील है, साधनारत है।

विदुषी माया ठकुरी, विद्वान श्री नवीन चित्रकार जी, अंत में संपादक मंडल के सदस्यों एवं सहयोगी सबों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए विद्वज्जनों से आवश्यक सुझाव के लिए हार्दिक अनुरोध करती हूँ। नव वर्ष २०७५ साल के लिए मंगलमय शुभकामनाओं के साथ–

प्रा. डॉ. उषा ठाकुर
प्रधान संपादक

समालोचना

समकालीन नेपाली कथा : प्रवेश और प्रकृति

डा. नेत्र एटम

१. कथा : परिचय और स्थापना

आजकल स्वतंत्र साहित्यिक रचना को समझाने के लिए प्रयोग किया जानें वाला शब्द 'कथा' अंग्रेज़ी भाषा के 'Short story' का नेपाली अनुवाद है। इसका अर्थ 'गद्य में लिखा जाने वाला छोटा आख्यान' (A short prose fiction) होता है। कथा होने के लिए आधारभूत रूप में 'कही जाने वाली बात या कथन' (Narration) और कहने वाला व्यक्ति या कथयिता' (Narrator) आवश्यक माने जाते हैं।

कथा कहने और सुनने की परंपरा मानव सभ्यता का बहुत ही पुराना प्रचलन होते हुए भी इस तरह प्रयुक्त होने वाली रचनाओं को अभी के अर्थ में कथा का दर्जा नहीं दिया जा सकता। उन कथात्मक रचनाओं को 'किस्सा' (Tale) कहा जा सकता है। पूर्वीय कथात्मक रचनाओं विशेष कर **पंचतंत्र** का पश्चिमी भाषाओं में अनुवाद शुरू होने के बाद ही विश्व में प्राचीन किस्सों का विस्तार शुरू हुआ है परंतु वैसी कथाएँ सामान्यतया पद्यात्मक होती थीं। गद्य में किस्सों की रचना करने वाले प्रथम महत्वपूर्ण रचनाकार के रूप में इतालवी भाषा के पुनर्जागरण काल की प्रतिभा जियोवानी बोकासियो (सन् १३१३–१३७५) का नाम अग्र स्थान में आता है। उनके सौ किस्सों के संकलन के रूप में आई **Decameron** कृति अत्यंत प्रसिद्ध है। इतालवी भाषा में वैसी कथात्मक रचनाओं को 'नोवेला' (novella) कहा जाता था। वे novellas ही विश्व में उपन्यास और कथा के समीपवर्ती पूर्वज हैं। डेकामेराँ के किस्सों में गद्य का शुद्ध रूप मिलता है और उन्हें पुनर्जागरणकालीन साहित्यिक नमूने के रूप में स्वीकार किया जाता है। विश्व साहित्य को ही प्रभावशाली प्रेरणा देने वाली इस कृति में इतालवी भाषा की शाश्वत स्वच्छता तो मिलती है लेकिन कथात्मक एकत्व, प्रभाव की केंद्रीयता और चरित्र का विकास स्वाभाविक न होने के कारण डेकामेराँ के किस्सों को कथा नहीं कहा जा सकता।

आधुनिक कथा के इतिहास को बारीकी से देखने पर संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस की साहित्यिक परंपरा में प्रवेश होता है। इस संदर्भ में अमेरिकी कथाकार इर्विंग वॉशिंगटन के The sketch Book (१८१९–२०) और Tales of a traveller (१८२४) जैसे कथात्मक संकलन प्रकाशित प्रतीत होते हैं। जर्मन किंवदंती से प्रभावित इर्विंग की Rip Van Winkle नाम की कथात्मक रचना को अत्यंत लोकप्रियता मिलने के बावजूद उनकी रचनाओं में निबंधात्मकता मिलती है। वे अधिकांशतः किंवदंती (legend) से उधार लिए गए और रचनात्मक दृष्टि से कमज़ोर हैं। इसी क्रम में अंग्रेज़ी साहित्य के प्रसिद्ध ऐतिहासिक उपन्यासकार वाल्टर स्कट ने सन् १८२७ में The Two Drovers कथात्मक कृति प्रकाशित की और अंग्रेज़ी साहित्य के कतिपय इतिहास लेखकों ने इसका उल्लेख आधुनिक कथा का पहला नमूना के रूप में भी किया। परंतु उन रचनाओं की वर्णनात्मकता, तितर-बितर कथानक और आत्मपरक निबंधात्मक शैली के कारण उन्हें आधुनिक कथा नहीं माना जा सकता। उसके बाद रूसी साहित्यकार निकोलाई गोगोल (सन् १८०९–१८५२) अपनी कथात्मक रचना के साथ दिखाई पड़े। उनके Evening on a Farm Never Dikanka (सन् १८३१–३२) शीर्षक के कथासंग्रह की दो ठेलियाँ प्रकाशित हैं। उनकी रचनाओं में कथात्मक एकता, प्रभाव की केंद्रीयता और चरित्र तथा परिवेश का संतुलित विकास देखने को मिलता है। उनकी Overcoat (१८४०) कथा तो विश्व की सर्वश्रेष्ठ और सुसंयोजित कथाओं में से एक है। आलोचनात्मक

यथार्थवाद का प्रारंभ करने वाली इस कथा को समकालीन रूसी व्यवस्था, समाज और जनता के यथार्थ तक एक हद तक पहुँचकर चित्रित की गई रचना माना जाता है। गोगोल का प्रबल प्रभाव लियो टॉल्सटॉय, इवान तुर्गनेव, फ्योदोर दोस्तोयव्स्की और मैक्सिम गोर्की पर भी पड़ा है। गोर्की ने कहा भी है– "हम सभी गोगोल की Overcoat की संतति ही हैं।" वास्तव में गोगोल ही विश्व साहित्य के क्षेत्र में आधुनिक कथा के प्रारंभिक सर्जक हैं।

इतना होते हुए भी उस समय कथा (Short story) को अलग स्वतंत्र साहित्यिक विधा की मान्यता प्राप्त नहीं थी। उसी क्रम में अमेरिकी लेखक गण नाथेनल हथर्न (सन् १८०४–१८६४) और एडगर एलेन पो (सन् १८०९–१८४८) महत्वपूर्ण रूप में प्रकट हुए। पत्रिकाओं में प्रकाशित होने वाली भूतकथा, भारतीय दंत्य कथा और ऐतिहासिक चमत्कार युक्त किंवदंती कथाएँ लिखकर छपवाते थे। उनकी रचनाएँ आदर्शवादी होते हुए भी उनमें कथानक को विकसित करने और चरित्रोद्घाटन के क्रम में नाटकीय रूप दिया गया होता था। उनका The Twice–Told Tales (१८३७, second edition १८४२) प्रकाशित भी हुआ। सन् १८४२ में एडगर एलेन पो ने Graham's Magazine नाम की पत्रिका में हथर्न के कथासंग्रह का विश्लेषण करते हुए The Importance of the Single Effect in a Prose Tale शीर्षक का आलेख छपवाया। इसमें उन्होंने हथर्न की कथात्मक मौलिकता को दर्शाते हुए कथा सिद्धांत का प्रवर्तन किया। इस आलेख ने कथा को स्वतंत्र साहित्यिक विधा के रूप में पहचान दिलाई। पो के अनुसार कथा के चार आधारभूत तत्व निम्नलिखित हैं :

क) कथा एक बैठक में पढ़ी जा सकने वाली लंबाई की होनी चाहिए।

ख) कथा से एक मात्र प्रभाव उत्पन्न होना चाहिए।

ग) कथा के केंद्रीय प्रभाव और उसके लहजे (tone) को बिगाड़ने वाला या कम करने वाला कोई भी शब्द उसमें नहीं होना चाहिए।

घ) कथा पूर्ण रचना के कलात्मक सौंदर्य से युक्त होनी चाहिए।

पो के लिखे हुए इसी आलेख ने कथा को किस्सा के धरातल से उठाकर एक सम्मानित विधा के रूप में स्वीकार्य बनाया। पो स्वयं भी एक प्रख्यात कथाकार हैं और उनके The Tell–Tell Heart (१८४३) और The Cask of Amontillado (१८४६) जैसे कथा संग्रह प्रकाशित हैं। उनकी कथाएँ प्राणयिक प्रवृत्तिपरक हैं, जबकि एकल प्रभाव मोह से युक्त होने के कारण उनकी कथाओं में भाव की रंगीन आकांक्षा होने के बावजूद उनमें चरित्र का स्वाभाविक विकास और परिवेश का स्पष्ट छाप नहीं पड़ सका है। स्थानीयता के पक्ष उपेक्षित होने के कारण उनकी कथाओं में अमेरिकी जीवन नहीं है। इन सभी दृष्टिकोणों से वॉशिंगटन इर्विंग, वाल्टर स्कट, निकोलाई गोगोल, नाथेनल हथर्न और एडगर एलेन पो में से गोगोल ही कथात्मक प्रभाव और यथार्थ चित्रण की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ दिखते हैं। इसलिए गोगोल ही आधुनिक कथा के प्रतिष्ठापक और पो सैद्धांतिक प्रवर्तक माने जा सकते हैं।

पो की कथाओं में शैली की अनूठी मोहकता है। जब चार्ल्स बोल्देअर ने पो की कथाओं का फ्रेंच भाषा में अनुवाद किया, तब गे डे मोपासाँ इससे अत्यंत प्रभावित हुए और उन्होंने सुसंगठित कथाएँ लिखीं। उनकी The Diamond Necklace भाग्य के प्रति किए गए व्यंग्य का चरम नमूना दिखाने वाली प्रसिद्ध कथा है। ठोस कथात्मकता और सुसंगठित कथा लेखन में फ्रांस के मोपासाँ गोगोल के बाद के महत्वपूर्ण कथाकार हैं।

कथा की दुनिया में नई शैली और कथ्य को प्रविष्ट कराने में रूसी कथाकार एंटोन चेखव का नाम अमर है। चरित्र के बारे में प्रभाववादी चित्रण करते हुए अतीत और वर्तमान के अवयवों और अत्यावश्यक संवाद संयोजन से उनकी कथाएँ निर्मित होती हैं। प्रभावकारी क्षण की तसवीर उतारने के समान दृश्य को शब्दों में उतारकर पाठक को समष्टि सार वस्तु में केंद्रित करने वाले कथा निर्माण का कौशल उनका योगदान है। उनके बाद कथा को नया संसार दिखाने वाले कथाकार आयरिश प्रतिभा जेम्स जॉयस हैं। औपचारिक कथानक और शृंखलाविहीन लिखी गई उनकी कथाओं में मस्तिष्क का संसार मात्र चित्रित होता है। चेतना प्रवाह (**Stream of consciousness**) का आविष्कार कर उन्होंने कथा के लिए नए मार्ग खोल दिए हैं। भले ही उनका एक मात्र कथा संग्रह Cubliners (१९१४) है परंतु कथा

का प्रभाव आज भी ज्यों का त्यों है।

इस प्रकार देखने पर यह प्रतीत होता है कि समूचे विश्व की कथा की इंद्रियों में गोगोल, मोपासाँ, चेखव और जॉयस अभी भी जीवित हैं, चाहे कथा लेखन कितना ही आगे क्यों न हो। **The story and its Writer : An Introduction to Short Fiction** के लेखक एन चार्टर्स के अनुसार इस समय लिखी जाने वाली कथाओं की समष्टि दो शाखाओं में विभक्त है :

क) गोगोल और मोपासाँ द्वारा प्रवर्तित व्यवस्थित और बंद (plotted and closed) कथा धार,

ख) चेखव और जॉयस द्वारा प्रवर्तित अकथात्मक और मुक्त (less plotted and open) कथा धार।

उपर्युक्त चर्चाओं से कथा की स्थापना की झलक प्राप्त हो सकती है। विश्व में प्रचलित कथा के सभी प्रयोगों और भिन्नताओं को भले ही समेटा न जा सके किंतु इसके परिचय की मूलभूत बिंदुओं को इस प्रकार रखा जा सकता है।

अ) कथा आख्यान (**Fiction**) है अर्थात् इसमें कथाकार की कल्पना द्वारा सृजित घटनाओं की शृंखला या कथानक (plot), उसमें सहभागी पात्र (characters) तथा निर्मित परिवेश (setting) उपस्थित होते हैं और ये तत्व श्रोता/पाठक के लिए भावोत्पादक और भ्रम सृजन में सक्षम होते हैं।

आ) कथा गद्य में लिखी होती है अर्थात् इसके माध्यम के रूप में प्रयुक्त शैली छंद या नियमित लय पर आधारित न होकर बोलचाल की भाषा में होती है।

इ) कथा संक्षिप्त होती है अर्थात् उपन्यास की तुलना में छोटी रचना होने के कारण इसे सामान्यतया एक बैठक में ही पढ़ा जा सकता है।

ई) कथा कलात्मक दृष्टि से पूर्ण होती है अर्थात् कथा द्वारा कथाकार के भाव या विचार संप्रेषित होते समय जीवन और जगत का सजीव चित्रण होता है।

उ) कथा साहित्यिक रचना है अर्थात् यह सौंदर्य का निश्चित मूल्य (value) सृजित करती है।

कथा भाषिक रूप में सृजित होने वाली निश्चित मूल्य से युक्त कलात्मक रचना होने के कारण इसके निर्माण के लिए संरचक तत्व होते हैं। ऐसे तत्वों में कथानक, चरित्र, परिवेश, दृष्टिबिंदु, शैली एवं स्वर, प्रतीक और बिंब तथा सारवस्तु शामिल हैं।

क) कथानक (plot) : कथा में उपस्थित घटनाओं की तार्किक और रहस्यपूर्ण शृंखला ही कथानक है। यह क्रिया (action) को सृजित करता है तथा इसके चरित्र आंतरिक या वाह्य द्वंद्व का सामना करते हैं। यही वह तत्व है, जो कथा को हाँककर चरम तथा निश्चित निर्णय की स्थिति में पहुँचाता है।

ख) चरित्र (character) : कथा में किसी प्रकार की भूमिका निर्वाह करने वाले चरित्र या पात्र कहलाते हैं। चरित्र कथा को आगे बढ़ाने, घटना की प्रक्रिया के प्रति लेखकीय प्रभाव उत्पन्न करने में सहयोग देने और संवाद प्रस्तुत करने का कार्य करता है।

ग) परिवेश (setting) : कथा की घटनाओं के घटित होने या चरित्रों के खेलने वाले स्थान और समय को परिवेश कहा जाता है। इसमें चरित्रों के जीने की प्रक्रिया, विश्वास, समाज की संस्कृति और इस क्रम में आने वाले संपूर्ण आंतरिक और वाह्य तत्व भी इसमें पड़ते हैं।

घ) दृष्टिबिंदु (point of view) : कथा में कथयिता के चयन को दृष्टिबिंदु कहते हैं। कथा कथन के समय लेखक द्वारा पाठक के प्रति अपनाया जाने वाला दृष्टिकोण भी दृष्टिबिंदु ही है। इसमें कथयिता द्वारा कथा का पात्र बनकर सीमित बातें और अनुभव साझा किया जाए, या कथा के बाहर रहकर सभी या किसी पात्र विशेष के प्रति समर्पित होकर पाठक का ध्यान खींचा जाए, इस विषय का निराकरण होता है।

ङ) शैली और स्वर (style and voice) : कथाकार द्वारा अभिव्यक्ति के प्रयत्न में दिखाया जाने वाला ढंग शैली है। इसमें भाषा एवं कथा तत्व का संयोजन और इसकी गति तथा सार वस्तु के प्रति होने वाली लेखकीय अभिवृत्ति अर्थात् कथा की रणनीति (strategy) शामिल हैं। स्वर का तात्पर्य कथा कथन में अपनाई जाने वाली विशिष्ट और कलात्मक भंगिमा से है जो शैली, शब्दचयन, अर्थतत्व आदि के द्वारा लेखक प्रस्तुत करता है।

च) प्रतीक और बिंब (symbol and image) : शाब्दिक अर्थ में भिन्न और विस्तृत अर्थ प्रदान करने के लिए आने वाले व्यक्ति, घटना और वस्तु को प्रतीक कहते हैं। यह विचार, धारणा जैसे अमूर्त तत्वों को

प्रकट करता है । वहीं शाब्दिक या आलंकारिक शैली में प्रयुक्त होने वाले एक शब्द या शब्दसमूह को बिंब कहते हैं । यह इंद्रिय द्वारा ज्ञात होने वाली अनुभूति का सबल प्रतिनिधित्व करता है ।

छ) सार वस्तु (theme) : कथा में विकसित कर प्राप्तिपूर्ण स्थिति में पहुँचाई गई केंद्रीय एकीकृत बिंदु या धारणा सार वस्तु कहलाती है । इसका अन्वेषण कथा के भीतर क्रिया और बिंब विधान (imagery) में होता है ।

कथा जीवन की समष्टि न होकर आंशिक प्रभाव है । इस संदर्भ को स्पष्ट करते हुए चेखव ने लिखा है, जब उनसे यह पूछा गया कि वे उपन्यास न लिखकर केवल कथा ही क्यों लिखते हैं– 'चिकित्सा शास्त्र के विद्यार्थी की भाँति एक भिन्न क्षेत्र में अपना अधिकांश समय देने के कारण मैं सुस्पष्ट जीवन दर्शन विकसित नहीं कर सका । क्योंकि सुस्पष्ट जीवन दर्शन के बिना केवल कथा ही लिखी जा सकती है, उपन्यास नहीं ।

कथा की इन्हीं स्थापनाओं के आधार पर ही यहाँ आधुनिक नेपाली कथा की चर्चा के साथ-साथ समकालीन नेपाली कथा का रेखांकन और विश्लेषण किया जाएगा ।

२. समकालीन नेपाली कथा : रेखांकन

नेपाली कथा में आधुनिकता समाविष्ट करने का श्रेय कथाकारद्वय गुरुप्रसाद मैनाली और विश्वेश्वरप्रसाद कोइराला को जाता है । वि. सं. १९९२ साल में 'शारदा' पत्रिका में प्रकाशित मैनाली की *नासो* और कोइराला की *चंद्रवदन* कथाओं ने पाश्चात्य यथार्थवाद से प्रभावित होकर विधागत सचेतना वाली नेपाली कथाओं में नए मूल्य को स्थापित किया । मैनाली ने कथा को सबल समाजशास्त्रीय आधार प्रदान किया, जबकि कोइराला ने मनोवैज्ञानिक अंतर्दृष्टि । इससे आगे बढ़ी नेपाली कथाओं ने 'किस्सा' के समान मनोरंजन देने की बजाए सामाजिक-सांस्कृतिक यथार्थ का गंभीर पर्यवेक्षण करके कथा पात्र के विकास की स्थिति को उजागर करने का कार्य किया ।

वि. सं. १९९२ से शुरू हुई आधुनिक नेपाली कथा आज (२०५९) तक की यात्रा में विभिन्न कालखंडों की नवीन प्रवृत्तियों को समेटे हुए आगे बढ़ी है । इसे संक्षेप में इस प्रकार दर्शाया जा सकता है ।

यथार्थवादी कथा लेखन (वि. सं. १९९२-२०१९)
प्रयोगवादी कथा लेखन (वि. सं. २०२०-२०३५)
समकालीन कथा लेखन (वि. सं. २०३६-अब तक)

२.१. यथार्थवादी कथा लेखन (वि. सं. १९९२-२०१९)

गुरुप्रसाद मैनाली और विश्वेश्वरप्रसाद कोइराला से प्रारंभ हुए आधुनिक कथा के यथार्थवादी लेखन द्वारा आदर्श और स्वच्छंदता के साथ-साथ सामाजिक (बाह्य) और मनोवैज्ञानिक (आंतरिक) यथार्थ के प्रकटीकरण में सक्रियता स्थापित की गई प्रतीत होती है । कथा के निर्धारित और स्वीकृत ढाँचे की परिधि में रहकर लिखी गई ऐसी कथाओं ने वि. सं. २००७ साल की क्रांति के बाद प्रगतिशील चेतना को सम्यक् रूप में अभिव्यक्त किया है । यथार्थवादी कथा लेखन में मैनाली और कोइराला सहित बालकृष्ण सम, लक्ष्मीप्रसाद देवकोटा, पुष्कर शमशेर, रूप नारायण सिंह, हृदयचंद्र सिंह प्रधान, भवानी भिक्षु, गोविंद बहादुर मल्ल 'गोठाले' शिव कुमार राई, देव कुमारी थापा, दौलत विक्रम विष्ट, रमेश विकल, पोषण पांडे, बालकृष्ण पोखरेल, तारानाथ शर्मा, लीलाबहादुर क्षेत्री, कुमार ज्ञवाली आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है । सरल संरचना द्वारा समाज के यथार्थ को इंगित करना, वैचारिक प्रभाव देना और पात्र की मानसिकता का उत्खनन करना इन कथाओं की विशेषता है ।

२.२. प्रयोगवादी कथा लेखन (वि. सं. २०२०-२०३५)

नेपाल में पंचायती व्यवस्था का प्रारंभ होने के कारण निरंकुशता के प्रभाव और दार्जिलिंग से आयामी आंदोलन की शुरूआत (२०२०) के कारण इस चरण की कथाएँ सरल की अपेक्षा जटिल संरचना में दिखती हैं । विद्रोह के वेग को न झेल सकने के कारण ऐसी कथाएँ प्रतीकात्मक, अकथात्मक होने के साथ-साथ यौनमूलकता की बाढ़ से ग्रस्त प्रतीत होती हैं । परंपरागत संगठित लेखन को तिरष्कृत करते हुए नई प्रविधि युक्त कथाओं की प्रविष्टि होने के इस चरण में पाश्चात्य वादों (अतियथार्थवाद, अस्तित्ववाद, घनत्ववाद, प्रतीकवाद, विसंगतिवाद आदि) की बाढ़-सी आ गई । साथ ही राल्फा आंदोलन (२०२६), अमलेख आंदोलन (२०२६), हंग्री जेनरेशन, यंग राइटर्स फ्रंट और बूट पॉलिश (२०३३) का भरपूर प्रभाव इन पर पड़ा । पाश्चात्य लेखन में प्रचलित 'बिट जेनरेशन' और

हिप्पी संस्कृति का भी प्रभाव है। इसने प्रयोजनहीन और नग्न लेखन को प्रोत्साहित किया, जबकि स्वतंत्रताहीन स्थिति के कारण लेखक गण अंतर्मुखी और यौन कथा की ओर आकृष्ट हुए। आयामियों के संपूर्णता लेखन का प्रभाव होने के कारण इस चरण में क्लिष्ट, प्रतीकात्मक और विसंगतिपूर्ण कथाओं का बोलवाला रहा। इस प्रकार की मूल धार के अतिरिक्त प्रगतिशील कथाएँ भी इस चरण में सक्रिय रहीं। द्वितीय विश्वयुद्धोत्तर काल में व्याप्त निराशा की स्थिति का इस चरण ने प्रतिनिधित्व किया है। इंद्र बहादुर राई, ध्रुवचंद्र गौतम, मोहनराज शर्मा, प्रेमा शाह, मनु ब्राजाकी, पारिजात, परशु प्रधान, शैलेंद्र साकार, पुष्कर लोहनी, कविताराम, गोपाल पराजुली, किशोर पहाड़ी, संतोष भट्टराई आदि ने वर्तमान विसंगति के विरुद्ध सचेत परंतु उग्र प्रतीकात्मक, यौन कथा और अकथाओं का सृजन किया। इसी प्रकार विकृति के विरुद्ध प्रगतिशील चेतना प्रकटीकरण में खगेंद्र संग्रौला, नारायण ढकाल, जगदीश घिमिरे, राजव, रमेश विकल आदि सक्रिय प्रतीत होते हैं। कथा को विचार और जीवन दर्शन में ढाले गए होने के कारण वे कथाएँ आत्मपरक, भाषा का मनमाना प्रयोग युक्त और जटिल (यदा-कदा मलिन भी) प्रतीत हुई हैं। प्रयोग के नमूने के रूप में रही इन कथाओं के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जीवन मूल्य प्रस्तुत किया गया प्रतीत होता है।

२.३. समकालीन कथा लेखन (वि. सं. २०३६-अब तक)

पंचायती व्यवस्था के विरोध में विद्यार्थी आंदोलन (२०३५) के बाद नेपाल में जनमत संग्रह की घोषणा (२०३६) होना स्वतंत्रता की दिशा में एक पड़ाव था। इसी समय से नेपाली कथा के क्षेत्र में समकालीन कथा लेखन के नए चरण का प्रारंभ हुआ। प्रयोगवादी कथा की अपेक्षा प्रायः सरलता से स्वतंत्रता के प्रति उद्घोष व्यक्त करने की दिशा में इस चरण की कथाएँ सक्रिय दिखती हैं। समकालीन कथा लेखन के मध्य आए जन आंदोलन (२०४६) और इसके बाद प्रादुर्भूत कुछ भिन्न प्रवृत्तियों के कारण इस चरण को दो खंडों में विभक्त कर अध्ययन किया जाएगा। इस चरण में भी मुख्यतः प्रयोगवादी कथाकारों ने लेखनी चलाई है। परंतु कुछ अपवादों को छोड़कर अधिकांश लेखन प्रवृत्ति परिवर्तित दिखती हैं।

३. समकालीन नेपाली कथा के परिवेश और प्रकृति

साहित्य समाज से सर्वथा मुक्त नहीं हो सकता और यह किसी न किसी रूप में समाज, युग और संस्कारों से ग्रहण करने और नए विचार देने की द्वंद्वात्मक क्रिया को चलायमान बना रहा होता है। समकालीन नेपाली कथा ने भी तत्कालीन परिवेश के साथ विमति रखते हुए या समायोजित होते हुए सौंदर्य चेतना को स्थापित किया है। २०३६ साल से २०४६ साल के जन आंदोलन और प्रजातंत्र की पुनर्स्थापना होते हुए वर्तमान तक की यात्रा में जन आंदोलन पूर्व और जन आंदोलन पश्चात् की कथा की प्रवृत्तियाँ स्पष्टतया भिन्न होते जाने के आधार प्राप्त हो चुके हैं। अतः समकालीन कथा लेखन को इस प्रकार दो खंडों में विभक्त किया जा सकता है :

जन आंदोलन पूर्व (२०३६-२०४६) : स्वतंत्रता, आकांक्षा और व्यंग्यात्मक।

जन आंदोलन पश्चात् (२०४७ से अब तक) : स्वतंत्रता-पीड़ा और विद्रोहात्मक।

इन दोनों ही चरणों की परिवेशगत विशिष्टता और प्रकृतिगत अंतर का यहाँ विश्लेषण कर उनकी विंदुओं को स्पष्ट करने की चेष्टा की गई है।

३.१ जन आंदोलन पूर्व (वि. सं. २०३६-२०४६)

२०३६ साल की जनमत संग्रह की घोषणा से लेकर २०४६ साल के जन आंदोलन तक की अवधि समाविष्ट इस चरण में देश के भीतर के घुटन भरे परिवेश और कथा में दिखने वाली प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष स्वतंत्रता आकांक्षा तथा विभिन्न प्रकार की विसंगतियों के प्रति व्यंग्य मुख्य रूप में मुखरित हुआ है। तत्कालीन परिवेश का सामान्य रेखांकन इस प्रकार किया जा सकता है–

(क) देशव्यापी विद्यार्थी आंदोलन का प्रारंभ (२०३५) और जनमत संग्रह की घोषणा (२०३६),
(ख) सड़क कविता-क्रांति (२०३६) और साहित्यकारों द्वारा खुले रूप में बहुदलीयता के पक्ष में आह्वान,
(ग) जनमत संग्रह में बहुदल पक्ष की हार (२०३७),
(घ) आम चुनाव (२०३८),
(ङ) देशव्यापी विद्यार्थी आंदोलन और व्यापक दमन (२०४१-४२),
(च) पंचायत रजत जयंती (२०४२-४३),

(छ) सत्याग्रह की शुरूआत और बम कांड (२०४२),
(ज) जनपक्षीय उम्मीदार के रूप में वामपंथी की चुनावी संलग्नता (२०४३),
(झ) रूपचंद्र विष्ट (थाहा) और पद्मरत्न तुलाधर द्वारा संसद में ही पंचायती व्यवस्था का विरोध (२०४३-४५),
(ञ) भारत द्वारा नेपाल के साथ आर्थिक संधि नवीकरण अस्वीकार और नाकाबंदी (२०४५) के कारण अभावग्रस्तता,
(ट) कांग्रेस और कम्यूनिस्ट के संयुक्त आंदोलन का प्रारंभ (२०४६) और समझौता में आंदोलन स्थगित,
(ठ) ईरान-इराक युद्ध, आणविक हथियार प्रयोग की चिंता, रूस की गिरती अवस्था और चीन की विश्व समुदाय में शक्तिशाली उपस्थिति,
(ड) सत्ता के लिए संकीर्ण राष्ट्रवाद की वैचारिकता का अवलंबन आदि ।

इनकी और ऐसे ही परिवेश की जटिलता के कारण समकालीन कथाओं में पहले की अपेक्षा भिन्न प्रकृति दिखाई पड़ी, जिसे यहाँ बिंदुगत रूप में प्रस्तुत किया गया है–

३.१.१. स्वतंत्रता आकांक्षा का प्रकटीकरण

पंचायती शासन के विरोध की एक चरम अभिव्यक्ति के रूप में विद्यार्थी आंदोलन और जनमत संग्रह की घोषणा पश्चात् कुछ समय स्वतंत्र परिवेश सृजित हुआ । परंतु यह स्थिति बहुदलीयता की हार की घोषणा के साथ कुंठित हो गई और कथा में विभिन्न प्रकार से स्वतंत्रता के प्रति आकांक्षा प्रकट करने का क्रम चलता रहा । प्रगतिशील कथाकारों ने इस आकांक्षा को अधिक महत्व के साथ आगे बढ़ाया । २०४६ साल चैत ३ को साहित्यकारों की प्रत्यक्ष सहभागिता और दमन का विरोध उसी की मूर्त अभिव्यक्ति थी । जीवन के लिए स्वतंत्रता प्रथम शर्त है, इस तथ्य का उद्घाटन इसी चरण की कथाओं ने किया, जो कि प्रयोगवादी कथा से मूल भिन्नता है । कविता राम की *मुक्ति प्रसंग*, मोहनराज शर्मा की *वर्जित झोड़ा*, रामहरि पौडेल की *राक्षस*, पूर्णविराम की *रामकुमार अर्को एउटा रामकुमार*, ऋषिराज बराल की *पाँचौं दिन*, नारायण ढकाल की *प्रेत-प्रसंग*, सनत रेग्मी की *मूल्य र मान्यता*, भुवन ढुंगाना की *काकाकुलको कथा नेपालीको व्यथा*, गोविंद गिरी 'प्रेरणा' की *मुक्त* जैसी अनेकों कथाओं ने स्वतंत्रता के प्रति दृढ आकांक्षा को प्रतिकूल अवस्था में भी अभिव्यक्त किया है ।

३.१.२ व्यंग्यात्मकता

अपने भीतर की शक्ति को भीतर ही दबाकर विकृति प्रदर्शन करने वाली प्रयोगवादी कथा की तुलना में सब प्रकार की विकृति, विसंगति, अन्याय, भेदभाव के प्रति तीव्र आलोचनात्मक दृष्टि के साथ गंभीर चिंता व्यक्त करना और इनके कारक राजनीतिक-सामाजिक संदर्भ के प्रति कठोर व्यंग्य करना इस चरण की कथा की मूल प्रवृत्ति है । जीवन में व्याप्त असामंजस्य, असंतुलन और विषमता की धज्जी उड़ाने वाली इस प्रकार की कथाओं ने यथार्थ के प्रति अपनी असहमति दिखाई है । शासकों की अकर्मण्यता, शहरी सभ्यता से उत्पन्न प्रदूषण, पड़ोसी देश से प्राप्त अविश्वास और घात-प्रतिघात, लोगों की प्रवंचना आदि के प्रति किए गए व्यंग्य की कथा में संवेदना और संप्रेषण की मिठास की भी अत्यधिक समाविष्टि दिखती है । इसी क्रम में ध्रुवचंद्र गौतम ने असित व्यंग्य (black humour) का भी प्रयोग कर शासकीय और सामाजिक पाखंड को प्रकट करने की प्रभावकारी पद्धति का अन्वेषण किया है । मनु ब्राजाकी, मोहनराज शर्मा, विजय चालिसे, विनय कुमार कसजू, हरिहर खनाल, इस्माली, संतोष भट्टराई, राजव, नारायण ढकाल आदि ने व्यंग्य को कलात्मकता के साथ प्रस्तुत किया है ।

३.१.३. प्रतीकीकरण

प्रतीकीकरण के माध्यम से विचार को कलात्मक बनाकर प्रस्तुत करने का प्रचलन प्रयोगवादी काल में अधिक दृष्टिगोचर हुआ । तथापि इस चरण में प्रतीक का सरल और प्रभावकारी रूप में उपयोग किया गया प्रतीत होता है । कोरी कल्पना न होकर यथार्थ परिप्रेक्ष्य को दीर्घ प्रभावयुक्त बनाकर अनूठी बातों से जोड़ने की स्वैरकल्पना का उपयोग भी इस चरण में हुआ है । नारी स्वतंत्रता के लिए उद्घोष करने वाले मोहनराज शर्मा की *पंखावती* इस संदर्भ में उत्कृष्ट कथा है । जैनेंद्र जीवन ने *एउटा आधुनिक राजा मिदास* में हर वस्तु को सोना बनाना चाहने वाले मिदास के मिथक को अन्योक्तिमूलक बनाकर समाकालीन कर्मचारीतंत्र

की चरम दुष्प्रवृत्ति का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया है। ध्रुवचंद्र गौतम ने *ढुङ्गा* को प्रतीक बनाकर गरीबी के प्रक्षेपण को दीर्घकालीन बनाया है। इंद्र बहादुर राई, शैलेंद्र साकार, धुप सापकोटा, अविनाश श्रेष्ठ, पद्मावती सिंह, इंदिरा प्रसाईं, अविरल स्थापित, किशोर पहाड़ी आदि ने भी सहज प्रतीक, मिथक या प्राक्संदर्भ का प्रयोग कर कथा को रोचक और गंभीर बनाया है।

३.१.४. आंचलिकता

प्रयोगवादी कथाओं द्वारा शहरी परिवेश और पाश्चात्य से उधार लिए गए विचार का महत्व दिया गया प्रतीत होता है, वहीं इस चरण में ग्रामीण जीवन के दुखों को उकेरने और उनकी आकांक्षाओं को समेटने वाली कथाएँ आई हैं। धूर्त-चतुरों के जाल में फँसकर अत्यंत सस्ता जीवन जीने को वाध्य सुदूर गाँवों की कथा और व्यथा दिखाकर ऐसी कथाओं ने शासकों की प्रचारवाज़ी और यथार्थ के विपर्यास (paradox) का रहस्योद्घाटन किया है। सनत रेग्मी पश्चिमी तराई के नेपालगंज में पले बढ़े पात्र और स्थानीय समस्या के उत्खनन में सशक्त हैं। उनकी *रामभरोसेले नागरिकता पाएन, फूलमतिया, लक्ष्मनियाको गौना* जैसी कथाओं ने राजनीतिक-सामाजिक संस्कार की विसंगतियों का अन्वेषण किया है। मनु ब्राजाकी, हरि अधिकारी, विनय कुमार कसजू, रत्न कोजू, रमेश गोर्खाली, ऋषिराज बराल, खगेंद्र संग्रौला, इस्माली, नयनराज पांडे आदि ने विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित गरीबी और चेतना के द्वंद्व में जी रहे नेपाली जीवन की वास्तविकताओं का यथार्थ धरातल से चित्रण किया है और आंचलिकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

३.१.५. बहिर्मुखिता

प्रयोगवादी कथाएँ व्यक्ति उन्मुख होने के कारण ये अधिकांश अंतर्मुखी दिखती हैं। परंतु इस चरण की कथाएँ सामाजिक सरोकार से बंधी होने से अधिक अंतर्मुखी हैं। व्यक्तिगत अनुभवों को भी कथा में रखने से सार्वजनीकरण की प्रवृत्ति ऐसी कथाओं में पाई जाती है। शोषण, अन्याय, चरम गरीबी, स्वतंत्रता पर बंधेज, भेदभाव आदि के प्रकटीकरण में बहिर्मुखिता अभिव्यक्त होने से इनका आसान और प्रभावकारी होना स्वाभाविक ही है। मानवीय सूझ-बूझ से रहित अनुभव निम्न कोटि का खोखलापन है। कथाकार में तो जीवन की संवेदना को सार्वजनिक करने की क्षमता होती है। राजव की *भैंसी अङ्कल* कथा प्रथम पुरुष में लिखित होते हुए भी बहिर्मुखी कथा है, जिसमें धन से उन्मत्त लोगों की मानवीय भावशून्यता को बड़ी ही मार्मिकता के साथ प्रदर्शित किया गया है। भागीरथी श्रेष्ठ की *मातृत्व*, माया ठकुरी की *चौतारो साक्षी छ*, मीरा प्रधान 'रेम' की *एउटा महानगरमा*, अमर शाह की *आदि युग*, नकुल सिलवाल की *मानहानी*, मनु ब्राजाकी की *आमालाई बेच्नु हुँदैन लाटा !*, मोहनराज शर्मा की *दसमुख र सीता* जैसी कथाओं में व्यक्तिगत अनुभव सार्वजनीकरण किया गया है और कथा को सामाजिकतामुखी और संप्रेषणमुखी बनाया गया है।

३.१.६ ठोस कथा का बाहुल्य

प्रयोगवादी कथाएँ व्यक्तिगत अनुभव में अधिक उलझे होने के कारण उनमें अकथा का अंश अधिक था परंतु इस चरण की कथाओं में कथानक प्रधानता उपस्थित है। वैसे तो उनमें रैखिकता का अभाव भी दिखता है और चरित्र या सारवस्तु में केंद्रित न होकर शैली का ही अनुसरण करने की प्रवृत्ति भी है किंतु मूल बहाव को दृष्टिगत करने पर कथा में ठोसपन (concreatness) प्राप्त होता है। निर्मित होते हुए भी इंद्रबहादुर राई के साथ ही प्रगतिशील चेतनायुक्त कथाकार इस संदर्भ में उल्लेखनीय हैं। पारिजात, नारयण ढकाल, सनत रेग्मी, विश्वंभर चंचल, खगेंद्र संग्रौला, राजव, जगदीश घिमिरे, इस्माली, हरिहर खनाल, गोरख बहादुर सिंह आदि की कथाओं में विचार की प्रबलता को स्पष्ट करने के लिए कथानकीय संरचना ठोस रखी गई है और इन्होंने विशेष कलात्मक व्यंग्य को भी कथा में समाहित किया है। कतिपय प्रयोगवादकालीन कथाकार और परंपरागत शैली के कथाकारों का सपाटपन (over simplicity) ठोस होते हुए उतना प्रभावकारी नहीं दिखता।

३.१.७. यौनमूलकता

समकालीन विसंगति का एक मुख्य क्षेत्र यौन भी है। पंचायती शासन के ठेकेदारों के ही बलात्कार और महिला की बिक्री जैसे अपराधों में सहभागी होने के संदर्भ में एवं यौन व्यापार के प्रकटीकरण के सिलसिले

में कथा यौनमूलकता अपनाती है। दूसरी तरफ़ हिप्पीपन के अवशेष के अनुसरण और विसंगति के विरुद्ध संघर्ष क्षमता युक्त विचार का पलायन होने से पाठक में यौन उत्तेजना बढ़ाने के उद्देश्य से यौनमूलक कथा लिखी जाती है। पूँजीवादी विकृति और क्षयोन्मुखी मनोवृत्ति के वशीभूत होकर भी कतिपय कथाकार सस्तेपन की ओर उन्मुख दिखते हैं। प्रेमा शाह, मनु ब्राजाकी, पुष्कर लोहनी, शैलेंद्र साकार, परशु प्रधान, हरि अधिकारी, अविनाश श्रेष्ठ, गोविंद गिरी 'प्रेरणा', सीता पांडे आदि ने यौनमूलक कथाएँ लिखी हैं। सामाजिक विसंगति के विरुद्ध कदम उठाने की अपेक्षा यौन को बाज़ारू क्रियाकलाप के मनोरंजन में आकृष्ट करने के उद्देश्य से ऐसी कथाएँ लिखी गई हैं, जो कि भद्दी, अश्लील और कलात्मकताहीन अधिक हैं। यथार्थ की आलोचना करने वाले मनु ब्राजाकी और नारीवादी चेतना प्रस्तुत करने वाली मीरा प्रधान 'रेम', सीता पांडे जैसे कथाकार इस संदर्भ में अधिक मूल्यवान प्रतीत होते हैं।

३.१.८. आशावादी दृष्टिकोण

प्रयोगवादी कथाओं में अस्तित्ववादी-विसंगतिवादी दृष्टि को प्रधानता प्राप्त तथा गोलमाल (विट जेनरेशन, दादावाद) की स्थिति के कारण अधिकांश कथाओं में निराशावादी दृष्टिकोण दृष्टिगोचर होता था और चूँकि इस चरण की कथाओं में सामाजिक पुनर्निर्माण के प्रति आस्था प्रदर्शित करनी थी इसलिए कथाकारों ने आशावादी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। स्वतंत्रता, जनतंत्र जैसे विषयों में दिखने वाले दृढ विश्वास और मानवीय सत्ता के लिए विकृति का विरोध करने वाली कथाएँ आशावादी स्वर (voice) में लिखी गई हैं। प्रगतिशील कथाओं में ऐसी जीवन दृष्टि प्रबल और तीव्र दिखती है, जबकि अन्य सचेत कथाकारों ने भी सार वस्तु में आशा का संचार किया है। मोहनराज शर्मा, ध्रुव मधिकर्मी, सनत रेग्मी, गोपाल पराजुली, नगेंद्रराज शर्मा आदि ने अधिकांश कथाओं के द्वारा आशा की किरणों का संचार किया है।

३.१.९. भाषा में संवेदनशीलता और संप्रेषणीयता

प्रयोगवादी कथाएँ भाषिक दुरूहता और शिल्पगत मिश्रण के कारण क्लिष्ट थीं, जबकि इस चरण में आकर कथा ने अपेक्षाकृत सरलता के कारण संप्रेषणीयता प्राप्त की है। सरलता का तात्पर्य भाषा की नीरसता नहीं, वरन् यह पाठक के मन में संवेदना उत्पन्न करने में सक्षम उपयुक्त भाषिक प्रयोग को इंगित करती है। व्यक्तिगत प्रतीक और विदेशी भाषा के शब्दों के मनमाने प्रयोग की अपेक्षा सार्वभौम प्रतीक और नेपाली भाषिका के संतुलित प्रयोग से सौंदर्य चेतना का उद्घाटन करने में इस चरण की कथाएँ सफल हैं। इन कथाओं की अभिव्यक्ति प्रक्रिया में जटिलता न होने से भी संप्रेषण में सहजता हुई है। युगीन स्वर को लेकर चलने और इसे चारों ओर प्रसारित करने के दायित्व बोध के कारण भी सरलतामुखी पाठकीय संवेदना युक्त कथाएँ इस चरण में लिखी गईं। कथा अयथार्थ रचना होते हुए भी समकालीन कथा ने अंततोगत्वा वर्तमान जीवन को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करने की क्षमता प्राप्त करके छोड़ा है।

जन आंदोलन पूर्व के परिवेश अनुरूप अवलोकित समकालीन कथा की प्रकृतियों का उल्लेख यहाँ प्रयोगवादी कथा की सापेक्षता में, रेखांकन की स्पष्टता के लिए किया गया है। ये प्रसंग जन आंदोलन पश्चात् के परिवेश और प्रकृति की भिन्नता को दिखाने में उतने ही सहयोगी हैं।

३.२. जन आंदोलन पश्चात्

वि. सं. २०४६ चैत २६ को नेपाल में बहुदलीय व्यवस्था की घोषणा पश्चात् राजनीतिक स्थिति में ही नहीं, वरन् आर्थिक, सांस्कृतिक क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। ऐसे बहुत-से परिवर्तनों ने जनता को और भी जर्जर और निकम्मा बना दिया है और यह प्रक्रिया जारी है। आज की कथा राष्ट्रीय ही नहीं, वरन् अंतरराष्ट्रीय सन्दर्भों से भी प्रभावित हो रही है। वहीं देश में व्याप्त बाज़ार मुखी अर्थतंत्र और संचार साम्राज्य की चपेट में पड़कर उत्तर आधुनिक नेपाली कथा आगे बढ़ रही है। इस चरण में दृष्टिगत हुई परिवेशगत बिंदुओं को इस प्रकार दर्शाया जा सकता है :

(क) बहुदलीयता की स्थापना और सरकार में पार्टी प्रतिनिधित्व का प्रारंभ (२०४७)

(ख) नया संविधान लागू (२०४७)

(ग) राष्ट्रीयता के ऊपर घात-प्रतिघात की स्थिति का सृजन (२०५०)

(घ) प्रत्येक विषय का दलीकरण एवं राजनीति में

उत्तरदायित्व का अभाव और अनुशासनहीनता का सृजन (२०५०)

(ङ) मध्यावधि चुनाव (२०५१)

(च) सत्ताभोग और शक्ति दुरुपयोग के लिए सत्ता परिवर्तन के खेल (२०५१)

(छ) प्रतिगामी तत्वों का पुनरुत्थान (२०५२)

(ज) दीर्घकालीन प्रभावयुक्त संधि (२०५२)

(झ) माओवादी जनयुद्ध का प्रारंभ (२०५२)

(ञ) युद्ध से भीषण क्षति, वार्ता असफलता और माओवादी को आतंककारी एवं देश में संकटकालीन स्थिति की घोषणा (२०५८)

इस राजनीतिक परिवेश के अतिरिक्त आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश का आभास निम्नलिखित विंदुओं से पाया जा सकता है :

क) विश्व वाज़ार की तरफ़ झुकाव की स्थिति, गरीवी और मूल्यवृद्धि

ख) संस्थानों का निजीकरण, वैदेशिक ऋण एवं औपनिवेशिकता में तीव्रता

ग) सांस्कृतिक विघटन, विकृति और अंधानुकरण

घ) कंप्यूटर संजाल पर आधारित शहरी समाज की सार्वजनिक क्षेत्र में तटस्थता

ङ) राजनीतिक नैतिकता का विलय और चम्चागीरी प्रथा की अतिव्याप्ति

च) न्याय व्यवस्था कमज़ोर और महँगी

छ) वेरोज़गारी में वृद्धि और देश से पलायन को प्रतिष्ठा की मान्यता

ज) वहुलवादी समाजशास्त्र के नाम पर जातीय, भाषिक और धार्मिक फूट का व्यापक सृजन और राष्ट्रीयता का कमज़ोर होना

झ) एनजीओ संस्कृति, डॉलर की खेती और व्यक्तिवाद का चरम विकास

ये और इसी प्रकार की राजनीतिक तथा इससे उद्भूत अन्य विकृतिपूर्ण सामाजिक व्यवस्था में सृजित आज की कथा अनूठे संस्कार के साथ विकसित हो रही है। आज की कथा भौगोलिक आधार की अपेक्षा कथाकार द्वारा प्रदर्शनीय यथार्थ के प्रति संवेदना और जीवन के प्रति अभिवृत्ति से भिन्न होती है। वास्तव में इस चरण की कथा ने चेतना की पीड़ा झेलकर अनुभवीकरण की ओर आकृष्ट होकर शुतुरमुर्ग के वालू में सर छिपाने के समान स्वयं की ओर लौटते हुए सर को छिपाए रखा है। ऐसी कुछ कथागत प्रवृत्ति को इस प्रकार दर्शाया जा सकता है :

३.२.१. स्वतंत्रता पीडा

जन आंदोलन के वाद देश में स्वतंत्रता तो आई लेकिन उससे आर्थिक, सामाजिक क्षेत्र में संतुष्ट हो पाने का स्थान न रहा। सभी क्षेत्रों का राजनीतीकरण किया गया और जीवन मूल्य में और ह्रास आ गई। स्वतंत्रता के नाम पर अनेक षड्यंत्र और देश हित विपरीत बड़ी डकैतियाँ हुईं और राष्ट्रीयता की विक्री को खुला कर दिया गया। इससे न केवल क्रांति की अपूर्णता महसूस हुई, वरन् स्वतंत्रता तो एक रोग में परिणत होने लगी। यही अनुभूति इस चरण की कथाओं में उँडेली गई है। नयनराज पांडे की *रोग* को इसी संदर्भ की सुंदर अभिव्यक्ति माना जा सकता है। मनु ब्राजाकी की *भविष्य यात्रा*, देवी प्रसाद सुवेदी की *लालवीर को शहादत*, खगेंद्र संग्रौला की *विवेक खरीदविक्री डिपोपरिपरि*, नारायण ढकाल की *गद्दार-९६*, किशन थापा 'अधीर' की *स्थिति* आदि ने भी स्वतंत्रता-पीड़ा को अभिव्यक्त किया है। स्वयं को प्राप्त वरदान स्वयं के लिए ही अभिशाप होने वाले भस्मासुर के समान यथार्थ वोध कथा में व्यक्त होना पूर्ण आकांक्षा का विलोम था। पूँजीवादी विचार ग्रहण करते हुए भी उसी के विपरीत स्थिति का समर्थन करने की वाध्यता और प्रजातांत्रिक आस्था होते हुए भी उसी के विरुद्ध लिखने की लाचारी समकालीन कथाकारों में दिखाई देती है, जो कि युगीन आवश्यकता और परिस्थिति के प्रति आत्मसमर्पण भी है।

३.२.२. विकृति के प्रति आक्रोश

राजनीतिक परिवर्तन पश्चात् समाज में प्रत्येक क्षेत्र में विकृति का भंडार दिखने लगा है। पहले की वैचारिक रूप से सवल शक्तियाँ पंगु वन गई हैं और नैतिकता के प्रश्न पर केवल हाथी के दिखाने वाले दाँत। व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए माँ तक को दाँव पर लगाने को तैयार अति पूँजीवादी प्रवृत्ति बढ़ते जाने से और विदेशी हस्तक्षेप के खुले आमंत्रण में सत्ता नियंत्रकों के ही केंद्रित होने का विसंगत परिवेश झेलने को बाध्य होने के कारण कथा की भूमिका सवल प्रतिपक्ष की सी हो गई है। पूँजीवादी समाज में पूर्ण मानवीय जीवन की सम्मानपूर्ण आस्था सुरक्षित न होने का निष्कर्ष निकालने

में इस परिस्थिति ने कथाकारों को सहयोग दिया है। यह समकालीन विकृति के प्रति आक्रोश की परिणति है। इसी सार वस्तु में इस चरण की कथा की मूल धारा प्रवाहित हुई है। आक्रोश के भँवर में पड़कर कतिपय कथाकारों ने पलायन का मार्ग अपनाया है, जबकि कई उग्र रूप से नारेबाज़ी पर उतर आए हैं। गोरख बहादुर सिंह की *भाषण की तैयारी* कर्मचारी तंत्र का पर्दाफाश करने को उद्यत है तो ध्रुवचंद्र गौतम की *अनुसंधान*, भाउपंथी की *तंत्र*, ध्रुव सापकोटा की *बिजुली बजार* आदि कथाएँ देश के अर्थतंत्र की जर्जर अवस्था के प्रति आक्रोशपूर्ण प्रतिक्रिया के रूप में उभरी हैं। जहाँ मानवीय संबंध स्वार्थ और षड्यंत्र पर आधारित हो, जहाँ संस्कृति को लात मारते हुए नग्न नृत्य प्रस्तुत किया गया हो, वहाँ विकृति का प्रादुर्भूत होना और उसके प्रति कथाकारों का आक्रोशित होना स्वाभाविक ही है।

३.२.३. शैली में खरापन

आज के शहरी नेपाली स्वयं को विश्व गाँव (Global village) के निवासी मानते हैं परंतु ढहते जा रहे अपने आर्थिक, सांस्कृतिक आधारों का पता उन्हें नहीं चलता या पता पाकर भी दंत्यकथा का पात्र समझकर वे आनंदित होते हैं। भरसक नया बनने की आकांक्षा, समय की बचत, त्वरित् स्थापित होने की ललक इनके मस्तिष्क में है, जिसके कारण सीधे रूप में अपनी बातें व्यक्त करके दायित्व से मुक्त होना चाहते हैं। इस कारण कथा खरी शैली अंगीकार करने लगी है। भूमंडलीकरण का दूसरा प्रभाव यह है कि इसने कथा के रूप को ही कम्प्यूटर के स्क्रीन की तरह तथ्य आधारित (data based) बनाने की शैली आयात कर ली है। एक ओर जहाँ बाह्य की अपेक्षा आंतरिक मनोवाद को कथा में प्रधानता मिल रही है, वहीं दूसरी ओर कथाएँ घटना का संयोजन न होकर टुकड़े-टुकड़े में विभक्त हो रही हैं। नयनराज पांडे की *अन्तर* ऐसे ही टुकड़ों का एकीकृत रूप है तो कुमार नगरकोटी की *माउसुली* अपने आप में विसंगत रचना है। रोशन थापा 'नीरव' की *इन्डिगो ग्यालरीमा एक साँझ* कथा को पढ़ते हुए किसी वेबसाइट को देखने जैसा प्रतीत होता है, जिसमें सांख्यकीय तथ्य संकलित होते हैं। इस प्रकार की कथा शैली 'व्यस्त' सभ्यता के प्रभाव से उत्पन्न विविध भाषिक ढाँचा (verbal pattern) में अनूदित दिखती है।

३.२.४. मार्क्सवादी ध्रुवीयता

वर्गीय अंतर्द्वंद्व के रूप में नेपाल में माओवादी जनयुद्ध शुरू होने के साथ ही समाज को देखने के दृष्टिकोण में ध्रुवीयता आई हुई दिखती है। शांत स्थिति में होने पर पक्ष-विपक्ष का तर्क देते हुए भी निराकरण की स्थिति में एक तरफ़ आने या उससे अनभिज्ञ की भाँति भागने की अवस्था समकालीन नेपाली कथा में भी सृजित प्रतीत होती है। वि. सं. २००७ साल के आसपास आरब्ध कथा की मार्क्सवादी परंपरा सभी परिस्थितियों में दृढ रहती आई है और वर्तमान परिस्थिति में वह और भी सबल बनती गई प्रतीत होती है। युद्ध के समर्थन और विरोध के विपरीत ध्रुव भी कहीं-कहीं दिखता है किंतु वैसी कथाओं को नगण्य ही माना जा सकता है। महेश विक्रम शाह की *खुमा* जैसी कथाओं को विपरीत ध्रुव से देखा जा सकता है परंतु वैसी कथाओं की सबलता दृष्टिगोचर नहीं होती। मार्क्सवादी प्रतिबद्धता के साथ ऋषिराज बराल की *वनमान्छेको कथा*, *सैन्यउपहार*, खगेंद्र संग्रौला की *हृदयराम की डायरी*, रुद्र ज्ञवाली की *शहरभित्र*, विवश वस्ती की *टोलभित्र* जैसी कथाएँ आगे आ रही हैं तो नवीन विभास, देविका तिमल्सिना, इस्माली, पूर्णविराम आदि की कथाएँ भी इस संदर्भ में खरी दिखती हैं। सामाजिक अंतर्विरोध की नई परिस्थिति के कारण पलायित होने, प्रेम के प्रति मोह और यौन की सरित् में डुबकी मारने वाले इंद्र कुमार 'सरित्', रत्न प्रजापति, मीरा प्रधान 'रेम', सीता पांडे, कुमार नगरकोटी जैसे कथाकार अधिक दिखने लगे हैं किंतु इनके वैचारिक आधार क्षीण हैं। विद्यमान संकटकालीन स्थिति में तो दूसरी बाध्यता है– तर्क, विवेक और यथार्थ को परदे में रखने की बाध्यता। जिसके विरुद्ध कथा लिखी जाती है, उन्हीं की दृष्टि में राजनीतिनिरपेक्ष या विशुद्ध साहित्यकार बनने के मोह में कतिपय कथाकार अज्ञात रूप में कुएँ के पानी की तरह स्थिर बने बैठे हैं और समाज की गतिशीलता को सम्यक रूप से भाँप नहीं पा रहे हैं।

३.२.५. अंतर्मुखिता

आज की कथा में समकालीन यथार्थ अनुभव को व्यक्त किया जाने लगा है। ऐसी कथाएँ वास्तविकता

को अनुभूति में ढालकर प्रस्तुत होती हैं। मार्क्सवादी इतर अधिकांश कथाकार समाज की अपेक्षा स्वयं की ओर मुड़े हुए हैं, यद्यपि उनमें समाज चित्रण न हो, ऐसा भी नहीं है। नादिन गोर्डिमिर कहती हैं– "मनुष्य के संबंध की जटिल और अंधकार परिस्थिति में कथाकार अपने ही अनुभव के प्रकाश के आधार पर देखते हैं और उनकी कला वहाँ मुखरित होती है, जहाँ वर्तमान क्षण की अभिव्यक्ति होती है।" यद्यपि बालकृष्ण पोखरेल की *मिस डेबोराह*, महेश विक्रम शाह की *चम्पी* वा *यात्राहरू जुन कहिल्यै टुङ्गिदैनन्*, नारयण ढकाल की *बहिर्गमन* आदि बहुत-सी कथाएँ भी अनुभूति के प्रकाश में ही समाज को देखने में सक्षम हैं। मोहनराज शर्मा की *महाशून्य*, गोविंद प्रसाद कुसुम की *शहरी अक्टोपस र जिन्दगी*, रमेश क्षितिज की *अनुत्तरित*, रोशन थापा 'नीरव' की *अन्तहीन युद्ध*, राजेंद्र पराजुली की *विकल्प यात्रा* जैसी कथाएँ अंतर्मुखिता के उदाहरण ही नहीं, वरन् यथार्थ अनुभव (blood and flesh) के उत्कृष्ट पहलू भी हैं। कथा में आत्मकथ्य की प्रधानता का हावी होना मध्यमवर्गीय ह्रासोन्मुख मानसिकता की उपज है। ऐसी कथाओं में गरीबी, अभाव और उदासी का गहरा दुख बोध होते हुए भी ये कथाएँ निम्नवर्गीय नहीं हो सकी हैं।

३.२.६. तरल कथा की पुनर्स्थापना

कथानक, चरित्र, परिवेश आदि को महत्व न देकर लिखी जाने वाली अकथात्मक कथाओं को इस चरण में पुनः प्रवेश मिलने लगा है। सामान्य रूप में रचित होते हुए भी क्रमशः जटिल बनते जाने के कारण ऐसी कथाएँ कतिपय स्थिति में क्लिष्ट बन जाती हैं। अंतर्मुखिता और अनुभव की प्रधानता से तरल कथाएँ जनमती हैं। मोहनराज शर्मा की *माछोकथा*, धुवचंद्र गौतम की *लाश पाइयो/लाश चाहियो*, मीरा प्रधान 'रेम' की *आत्ममंथन*, तुलसी कश्यप की *कतै नभन्दिने कथा*, कविताराम की *सकारात्मक आँखाले हेर्नू* जैसी कथाओं में अकथात्मकता की स्थापना मिलती है। स्पष्ट संरचना न होने से ऐसी कथाएँ जहाँ भी बह सकती हैं और कई बार तो आख्यानात्मकता को त्यागकर निबंधात्मक बन जाती हैं।

३.२.७. अर्थबहुलता का प्रवेश

समकालीन कथा में उत्तर आधुनिकता की छवि प्रविष्ट हो चुकी है। बहुलवादी समाज की स्थिति में प्रत्येक संरचना में बहुअर्थकता की खोज हो रही है। और कथा भी सामाजिक व्यक्ति का ही सृजन होने के नाते उसकी बहुअर्थकता की संभावना और अधिक है। इंद्रबहादुर राई द्वारा आरंभ किए गए लीला लेखन के 'ब्लैक होल' में नेपाली कथाएँ भी प्रविष्ट हो रही हैं परंतु वे रुग्ण जीवन दर्शन और जर्जर आर्थिक परिवेश के कारण 'भूख' का एक ही अर्थ दे सकते हैं। इस विडंबना के साथ-साथ इंद्र बहादुर राई की *भ्याल*, कुमार नगरकोटी की *मेटाफिज़िक्स* आदि कथाओं को विपर्यास के रूप में ही देखा जा सकता है। सौंदर्य चेतना की दृष्टि से बहुअर्थकता उतनी त्याज्य नहीं है किंतु सामाजिक यथार्थ से, संघर्षशीलता से पलयान होने वाले और विचार को मत-मतांतर की अनिराकरणीय श्रृंखला मानने वाले राई जैसे लेखक गण हिंदू पुनरुत्थानवाद का सपना देखते हुए मनुष्य को असहाय और कैरम की गोटी साबित करने की पूँजीवादी वैचारिकता प्रदर्शन कर रहे हैं और वे उदंग भी हो रहे हैं। दूसरी तरफ़ अमर शाह की *जालो*, अविनाश श्रेष्ठ की *दन्त्यकथाभित्रको दन्त्यकथा*, शिव प्रणत की उर्वशीको विरालो जैसी कतिपय कथाओं में अर्थबहुलता के माध्यम से अर्थगत तहों का अन्वेषण कर कलात्मक आनंद भी प्रदान किया गया है।

३.२.८. निराशावादी जीवन दृष्टि

इस चरण की कथाएँ एक तरफ़ उद्देश्यपूर्ण प्रगतिशीलता और दूसरी तरफ़ विकृति की आलोचना करते हुए निराशापूर्ण विचार में गिरने की दृष्टि से दो प्रकारों में विभक्त हैं। यथार्थ की आलोचना करने वाली कथा की भी रणनीति (strategy) जब असहायता प्रदर्शित करती है, तब उसमें पराजय का आक्रोश उत्पन्न होता है। यदा-कदा अति उग्र विचार देने वाले कथाकार जल्द ही निराशा के मार्ग पर आ पहुँचते हैं। आज के पूँजीवादी जाल के बीच जीवन की निरीहता प्रदर्शित करते हुए कथा लिखने वाले कथाकारों सूची बढ़ती जा रही है। विकृति का सामना करने में असमर्थ या सही मार्ग चुनने की क्षमताहीनता के कारण समाज की आलोचना भी व्यक्तिगत असंतुष्टि में ही सीमित हो जाती है, जबकि कदाचित् वह विकृति को ही बढ़ावा दे रही होती है। समाज के द्वंद्व को न

पहचान पाने और मूल समस्या से दूर भागकर अपनी कायरता के पक्ष में तर्क देने की प्रवृत्ति के कारण इस प्रकार की कथाएँ अधिक स्थान अधिगृहीत करती हैं ।

३.२.९. भाषा में नीरसता

आज के युग को संचार साम्राज्य धीरे-धीरे अपने नियंत्रण में ले रहा है और इसी सूचना प्रविधि (information technology) के अत्यधिक विकास के कारण समाज के विज्ञापन में सीमित होने के लक्षण दिखाई देते हैं । इस कारण भी इस चरण की कथाओं में संवेदनशीलता में ह्रास आकर सीधापन बढ़ता जा रहा है । इसी वैज्ञानिक प्रभाव के कारण कथा की भाषा भी नीरस होती जा रही है । नवीन शैली के मोह में भाषा को तोड़-मरोड़ करने की प्रविधि एक तरफ़ है तो दूसरी तरफ़ कलात्मकता की कमी के कारण 'यांत्रिक लेखन' किए जाने से भी खड़ी भाषा का प्रयोग होता है । युगानुकूल कथ्य भाषा के प्रयोग के कारण भी व्यंग्य उत्पन्न करने के लिए कतिपय कथाओं में नीरस भाषा का उपयोग सही प्रमाणित हो सकता है । सरुभक्त द्वारा *यामागल* जैसी विज्ञान कथा में प्रयुक्त भाषा वैज्ञानिक सूचना के कारण नीरस होते हुए भी उपयुक्त है, जबकि रोशन थापा 'नीरव' की *प्रत्यय* कथा की भाषा ने यंत्रवत् सामाजिकता पर व्यंग्य के माध्यम से कठोर प्रभाव उत्पन्न करना चाहा है, जो कि स्वाभाविक दिखता है । इसी तरह नयनराज पांडे की *उँचाई*, कणाद महर्षि की *भाग्यको परिभाषा*, संजय विष्ट की *भविष्यवाणी*, मोहनराज शर्मा की *वैखरी* जैसी कथाओं में भी कथ्य के साथ खड़ी भाषा ने सामंजस्य ही स्थापित किया है । पुष्कर लोहनी की *उत्तेजित घेरा* में भाषा की नीरसता ने अश्लीलता की खेती कर नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किया है तो कविताराम की *सकारात्मक आँखाले हेर्नू* कथा ने भाषा की अर्थपूर्ण शृंखला को ही तोड़कर संप्रेषण में ही नहीं, स्वयं को ही विकृत बना दिया है । ऐसा प्रयोग भाषा का चरम दुरुपयोग है और कथा के नाम पर आडंबर का निकृष्ट प्रदर्शन है । विकृति, विसंगति की चिंता से रोगी बनी कथाओं में भाषा की संवेदना का ह्रास होता जाना अब की स्थिति में सामान्य बनता गया है । इसने पाठक की मानसिकता की अवहेलना की है क्योंकि भाषा के उचित प्रयोग से पाठक का कौतूहल भी कथा में संलग्न होता है और काल्पनिकता को उद्दीप्त बनाकर कथा को और आगे बढ़ाता है परंतु आज की कथा को देखकर यह आभास होने लगा है कि नीरस भाषा में कथा लिखना पाठक के साथ संबंध विस्थापित करना है ।

४. निष्कर्ष

जीवन दर्शन की संपूर्णता का चित्रण न कर सकने वाली होते हुए भी आज की कथा आज की परिस्थिति, अनुभव और प्रतिक्रिया अभिव्यक्त कर कलात्मक सौंदर्य देने वाली प्रभावकारी और उपयुक्त साहित्यिक विधा है । कथा की गतिशीलता उसमें अंतर्भुक्त काल चेतना पर निर्भर करती है और काल चेतना सामाजिक अंतर्द्वंद्व बोध और सौंदर्यानुभूति पर आधारित होती है । कथा के काल की धारणा भी इतिहास, सामाजिक चेतना और कलात्मक रूपांतरण पर आधारित रहती है । परिवर्तन अनिवार्य भवितव्य होते हुए भी उत्कर्ष का मापन स्पष्ट मूल्य की स्थापना के माध्यम से की जाने वाली प्रक्रिया होने के कारण उसके लिए सैद्धांतिक मानक आवश्यक होता है । अतः इस लेख में समकालीन नेपाली कथा के सर्वेक्षण से पूर्व कथा की सैद्धांतिक और ऐतिहासिक स्थापना और साहित्यिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक परिवेश का पर्यवलोकन किया गया है । इससे प्रयोगवादी कथा की सापेक्षता में समकालीन कथा का परिवर्तन स्पष्ट हुआ है किंतु प्रगतिशील कथा की उपस्थिति और भूमिका प्रत्येक खंड में उतना ही महत्वपूर्ण और दायित्वपूर्ण दिखा है । समाजसचेतना और कथा की क्रांतिकारिता के लिए यह एक सुखद संकेत और संदेश भी है । इसके अलावा जन आंदोलन पूर्व और पश्चात् की कथाओं में दिखने वाले परिवर्तन की बिंदुएँ प्रदर्शित होते हुए भी उत्कर्ष की तुलनात्मक अवस्था का तुरंत ही निराकरण कर लेना उपयुक्त नहीं होगा । इन बिंदुओं के अपेक्षाकृत स्थिर होने के लिए समय लगेगा, इसलिए इनके संपूर्ण पक्षों का विश्लेषण कर स्पष्ट करने का कार्य भविष्य में मात्र पूरा हो सकता है ।

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

रूम नं. ३२५

अर्जुन थापा

"रूम नं ३२५ ! सीधे आना बिना किसी से पूछे," मैं उत्तर देती हूँ।

वह फोन रखता है।

मैं नहाने के लिए बाथरूम जाती हूँ। करीब पौने घंटे के बाद रूम का बेल बजता है। दरवाजे के छोटे से छेद से मैं निहारती हूँ। शायद जिससे मैंने फोन में बात की थी वही आदमी होना चाहिए। दरवाज़ा खोलकर उसे भीतर आने को आग्रह करती हूँ। वह थोड़ा हिचकिचाते हुए अंदर आता है और बेड के साथ रखे चेयर पर धम्म से बैठता है।

मैं सिगरेट का पैकेट दिखाते हुए "पीजिएगा ? " पूछती हूँ।

एक सिगरेट लेता है वह। लाइटर जलाते हुए उसे सिगरेट जलाने देती हूँ और खुद भी एक लेती हूँ। .....गोरे दो उँगलियों के बीच में सफेद लम्बी सिगरेट। वह धीरे से सिगरेट को होंठ की ओर ले जाता है। धुआँ ऊपर की ओर जाता है।" कुछ लीजिएगा ? "

"नहीं" छोटा सा उत्तर देता है वह।

"मैं फ्रेस होकर आता हूँ" कहते हुए वह बाथरूम की ओर जाता है।

मैं खिडकी का पर्दा थोड़ा हटाते हुए बाहर की ओर देखने लगती हूँ। स्विमिङ पुल में कुछ विदेशी लोग तैर रहे हैं, कुछ पुल के पास ही रखे लम्बे सफेल मेच पर लेटे हुए सनबाथ ले रहे है। सड़क पर अन्धाधुन्द गाड़ी सब एक दूसरे से आगे बढ़ते हुए दौड़ रही है। सड़क पर बस का इन्तजार करते हुए एक युवा जोडी से नजर हटाते हुए मैं अपनी आँख दूसरी ओर ले जाती हूँ।

वह अभी भी नहा रहा है। सड़क के लैम्पपोष्ट के प्रकाश में सड़क की रात धीरे से आगे बढ़ रही है। अंधेरे का कोई अर्थ नहीं। मैं बहुत देर तक सिगरेट का कश लेते हुए वही बैठी रही। आसपास के बार और रैस्टुराँ बुला रही थी अपनी ग्राहकों को।

वह सफेद तौलिया लपेटे बाहर निकला। बलिष्ट हाथ पैर, गेहुँवा गोरा बदन, कोई चेतनाशिलता न छिपायी आँखे, छोटे बाल, छाती पर छोटे छोटे बाल वाला एक लड़का मेरे आगे खड़ा होता है। छाती के बाल के हिसाब से वह बीस इक्कीस का होना चाहिए। पुरुष के उम्र का पता लगाना मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं।

मैंने बहुत से आदमी को नजदीक से नग्न रूप में देखा है। वह अपने छरहरे बदन को सहज और खुली मुद्रा में रखकर बिस्तर पर बैठा था। उसका चेहरे उसकी आँखे साफ बयां कर रही थी कि विकृति कहीं है ही नहीं। जो औरों में हुआ करती थी।

उसको उस अवस्था में देखते ही मेरे बदन में एक झनझनाहट हुई। पता नहीं क्यों आज मुझे सब काम फटाफट करने का मन नहीं कर रहा था। इसलिए कोई जल्दीबाजी नहीं की, न ही देखने की चेष्टा। यह कह सकती हूँ कि मैं वैसा कर नहीं सकी। लड़का मेरा इन्तजार कर रहा था, मेरे कपड़े उतारने और सेक्स के लिए।

लेकिन मुझे आज जल्दी नहीं करनी है। उसके मुताबिक उसका ये समय मैंने खरीदा है। आँख का स्वाद जैसे एक साधारण सुख से अपने को वंचित क्यों रखूँ। इसलिए अब मैं उसे निर्वस्त्र हालत में नीचे से ऊपर देखने लगी। मेरे आगे का नग्न पुरुष और ऐसे नग्न पुरुष जिसे मैं नग्न देख चुकी थी उससे मिलाया। नहीं दोनों में कोई सामंजस्य नहीं।

अब मैं ऐसे ही रह न सकी। मैं अपना नियन्त्रण खो बैठी थी, मेरा सर्वांग काँप रहा था। मेरी इस

हालत को देखते हुए, वह मेरे नजदीक आया और मेरे कपड़े उतारने में मदद करने लगा। आवेश में आकर मैंने उसकी गर्दन को जकड़ लिया और उसके लाल होठ पर इतनी ज़ोर से कि खुन निकल जाए, चुम्बन ले लिया। मैं पसीने से भीग गई थी, दिल धड़क रहा था। अब उसके साथ स्पष्ट खेलने के लिए मैं तैयार हो चुकी थी। उसकी आँखो को पढ़ने का सामर्थ्य मुझमें आ चुका था । मेरी तरफ़ देखने का उसका अंदाज़ एकदम नया था। मैं उस क्षण का पूर्ण आनन्द लेना चाहती थी। आसन परिवर्तन के समय उसके मुँह से निकली हुई आवाज़ वातवरण में और कामुकता ला रहा था।

वह उठा, धीरे से अपने कपड़े से अपने शरीर को ढ़क लिया। जिन्स और टी शर्ट में वह बहुत सुन्दर दिखा। आगे रखे सिगरेट जलाकर कश लेने लगा। सिगरेट के धुआँ में उत्सुकता घूम रही थी मेरे और उसके बीच।

"अब मैं जाऊँ ? " उसके प्रश्न को सुनकर मैंने बैग से हजार के दस नोट निकालकर उसे दिए।

वह लजाते हुए पैसे पकड़ता है। मैं उसको देखती रहती हूँ। वह रूम से निकल चुका होता है।

इधर मुझे झट से अपना घर और पति का चेहरा याद आता है। लगातार एक ही बात दुबारा तिबारा सोचकर मुझे गुस्सा आने लगता है। आदमी के लिए सबसे असहनीय अवस्था होती है अपने से गुस्सा होना।

फोन की घंटी बजती है, उठाती हूँ, ए नखरे वाली अभी तक घर नहीं आई हो- पति फोन पर चिल्ला रहा होता है।

अनुवादक : कंचना झा

कहानी

मेरा नया नाम नं. २१५

इल्या भट्टराई

वह दिन मेरे लिए खुशी का था या दुख का, तय कर पाना अब मेरे लिए मुश्किल है। चैत महीने का ऊसठ दिन था वह। वही तो वो दिन था, जब मेरे व्यक्तित्व को एक नया आयाम मिला था। और वही तो वो दिन था, जब मुझे नया नाम मिला था।

ज़िंदगी खुद के सोचने की तरह कहाँ होती है! सोच तो मेरी पता नहीं क्या-क्या थी। इच्छाओं की अनंत गहराई में गोते लगाता हुआ अपनी मुट्ठी में चाँद को बंद कर लेना चाहता था मैं। आकाश की ऊँचाई पर पहुँचना चाहता था। उड़कर सूर्य को छूने का लक्ष्य रखा था मैंने, इसीलिए तो खुद टिके हुए ज़मीन से ऊपर उठने के लिए ही, अपने गंतव्य के क्षितिज पर पहुँचने के लिए ही मैंने बाबा के आगे काठमांडू जाने का प्रस्ताव रखा था।

निर्मल, नीलाभ आकाश में आनंद के साथ गोल-गोल उड़ान भरती निर्बंध उड़ती हुई कबूतर की एक जोड़ी को देखकर उस दिन बाबा से 'कहूँ या नहीं' की दुविधा के साथ मैंने यह बात कही थी। हेमंत ऋतु समाप्त हो चली थी। ठंड के साम्राज्य को पराजित कर गर्मी अपना प्रभुत्व जता चुकी थी। लेकिन फ़िर भी मेरी बात सुनकर बाबा-माँ के मन ही नहीं, शरीर भी काँपते हुए साफ़ दिख रहे थे। शायद मेरी ही बातों से, आँगन में खिली बेली की शाखाओं में उठे कंपन को भी मैंने महसूस किया था।

मेरी बातें सुनकर उस समय बाबा ही नहीं, माँ भी अवाक् रह गई थी। "बेटा, कॉलेज पढ़ने के लिए काठमांडू ही क्यों जाना है? अब हमारे इलाके में भी कॉलेज तो है ही। क्या यहीं रहकर पढ़ा नहीं जा सकता?" सवाल तो उनके काफ़ी सारे थे मगर तुक के जवाब मेरे पास थे या नहीं, मैं यकीन के साथ नहीं कह सकता। आखिर मेरे सुनहरे भविष्य की डगर काठमांडू से ही शुरू होगी, यह सोच मेरे जेहन में पत्थर की लकीर-सी बन गई थी।

मेरी खातिर मेरे बाबा ने जब धान का खेत बेचा तो मन उदास ज़रूर हुआ था। अपने पुरखों की संपत्ति पराए की होने के तथ्य बोध से तकलीफ़ तो होती ही है। फ़िर भी बहुत दुखी मैं नहीं हुआ था, ऐसा मुझे लग रहा है। वैसे भी उस खेत का प्रयोजन भी आखिर मेरे ही भविष्य के लिए था। बाप-दादा के उपार्जन को दाँव पर लगाकर भी उस वक्त मैंने अपने भविष्य को सँवारने की कोशिश की। मैंने क्या बुरा किया था! जुआ खेलकर खेत गँवाया जाता तो दुखी भी होता। उसी खेत के निवेश से भविष्य में वैसे बहुत सारे खेत जोड़ने का सपना बुना था मैंने।

लेकिन बाबा-माँ की बात अलग थी। वह खेत उनका अतीत था, वर्तमान था और भविष्य का सहारा भी वही एक टुकड़ा खेत था। इसीलिए उस खेत को बेचने से आने वाली असुरक्षा के भय से वे काफ़ी डरे हुए थे। उस खेत के साथ पिछली सुखद यादों की वजह से वे बिलख पड़े थे।

और मैं? काठमांडू, अपने सपने की नगरी में आने से मेरा मन तो सप्तरंगी इंद्रधनुष हो रहा था। जेब की गर्माहट उस दौरान मुझे हवा में उड़ा रही थी। जीवन की डगर में बहुत सारे काँटे बिछे हुए हैं, इस बात की कल्पना भी मैं कहाँ कर सका था।

लेकिन जीवन खोजे जितना आसान कहाँ होता है! सोचे जितना मज़ेदार कहाँ होता है! रोटी, कपड़ा और मकान के अवयवों को खींच-तानकर जीवन के कैनवस पर एक सुंदर चित्र बनाना आसान भी कहाँ होता है! टुकड़े-टुकड़े सपनों को पिरोते-पिरोते जीवन का गड्ढा इतना विशाल हो जाता है, जिसे भर पाना दुभर हो जाता है। अभाव ही अभाव के बीच रंगीन

सपनों का चँदोवा लगाना हम जैसों के लिए आसान कहाँ होता है ! लेकिन क्या किया जाए, मन तो आखिर मन है, संपन्नता का मीठा स्वप्न देखना यह कहाँ छोड़ता है !

गाँव में महासागर-सी लगने वाली अपनी श्री-संपत्ति काठमांडू में आकर ऊँट के मुँह में जीरा हो जाएगी, यह बात अगर समझ जाता तो शायद मैं खेत बेचता ही नहीं। अपना सर्वस्व समाप्त करके गाँव से लाए हुए पैसे काठमांडू की मेरी रिहाइश को अनाकर्षक और बेरंग बना देंगे, यह अगर मुझे पता होता तो शायद मैं खेत बेचकर यहाँ पढ़ने ही नहीं आता।

महज किफ़ायती तौर पर खर्च किए जा सकने वाले उस थोड़े से पैसे ने मेरे अंदर गहरा अवसाद भर दिया था। सिर्फ़ किराए का कमरा और कॉलेज की इकहरी नीरस दैनिकी ने मेरे जीवन के बचे-खुचे रंग को भी उड़ाकर बदरंग कर दिया था। खाने, पीने और सोने के अलावा जीवन में और था ही क्या ! दिन-रात की हड़ताल तो मानो जीवन की आशा की बुनियाद को ही दबा देना चाह रही थी।

इसी तरह समय साल-दर-साल के पायदानों को पार कर रहा था। पर मेरा समय अनिश्चित भविष्य और अनिश्चित मनस्थिति के बीच गोते खा रहा था।

आसन्न लोकतंत्र हमारी दिनचर्या के आशय को ही अलग करता जा रहा था। हमारा समय पढ़ाई की बजाए राजनीतिक तर्क-वितर्क करने में ही बीत रहा था। साथ के दोस्त लोग लोकतंत्र को जल्द लाने के उतावलेपन में सड़क पर ही उतरते रहते थे। उनके खाने-पीने का इंतज़ाम सड़क ही कर रही थी मगर किताब के ज़रिए भविष्य बनाने के लिए काठमांडू आया हुआ मैं अपने खाने-पीने के जुगाड़ के लिए सड़क को माध्यम नहीं बना सका।

बाकी साथी गद्‌गद् होते थे। देश में लोकतंत्र लाने की बात पर उत्साहित होते, पर मैं कसमसा रहा होता। मुझे सड़क पर जाकर आंदोलन करने की बजाए कक्षा में बैठकर पढ़ पाने पर खुशी मिलती। और अपने माँ-बाबा को जो त्याग करने को मजबूर किया था, उसका प्रतिफल पाने पर मुझे खुशी मिलती। मुझे सड़क पर मिलने वाला मुफ़्त का खाना खाने में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उसके बदले वही भोजन सामग्री कमाने की खातिर योग्यता हासिल करने के लिए पढ़ने में दिलचस्पी थी।

इसीलिए उन दिनों का आंदोलन मेरे अंदर कोई उत्साह नहीं भर सका था। बल्कि माँ-बाबा ने अपने कलेजे पर पत्थर रखकर अपनी मिट्टी को पराया बनाकर मेरा जीवन बनाने के लिए जो प्रयास किया था, वह ऐसे ही जाया तो नहीं जाएगा, इस चिंता से मेरे मन के आकाश में हमेशा काला बादल छाया रहता।

उस दिन कमरे में ही बैठकर मैं किताब के पन्ने-पन्ने का मुआयना कर रहा था। अपने भविष्य की चिंता को पुश्तैनी संपत्ति के बदले उपलब्ध हुए चावल के दाने के साथ निगल रहा था। ये दाने यों ही समाप्त होने की आशंका मुझे मायूस कर रही थी।

"यार, कितना किताब में ही सर गड़ाए रहोगे ? चलो कहीं घूमकर आते हैं। सुदिन कमरे में ही आ पहुँचा था। काफ़ी पैसे होते थे उसके पास, शायद इसीलिए वह अक्सर मुझे बाहर ले जाकर मोमो वगैरह खिलाता और बीयर पिलाता। वैसे तो वह भी अपने घर में तंगी की ही बात करता लेकिन फ़िर भी पता नहीं कैसे, उसके पास पैसों की कमी नहीं होती थी। पता नहीं कहाँ से लाता था वह उतने सारे पैसे ! उसे मैं ट्यूशन पढ़ाते भी नहीं देखता था। खुद को कुछ आता-जाता तभी तो वह ट्यूशन पढ़ाने की सोचता भी। और फ़िर कुछ न आने वाले से ट्यूशन भी भला कौन पढ़ता ? फ़िर भी उसके रहन-सहन, ठाट-बाट दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे थे।

कक्षा में पढ़ाई नहीं हो रही थी। सभी दोस्त लोकतंत्र लाने के लिए आंदोलन करने रत्नपार्क गए हुए थे। अनिश्चित अपने भविष्य को लेकर असमंजस के कारण विरक्त होकर मैं कमरे में ही बैठा था। सुदिन उसी वक्त आ पहुँचा था।

"क्या यार, इस तरह अकेले कमरे में गुमसकर तू बैठ कैसे पाता है ? मुझे इस तरह बैठना पड़ जाए तो मैं शायद पागल हो जाऊँगा यार। चल, आज तुझे एक मज़ेदार जगह पर ले चलता हूँ। गज़ब की जगह है। बढ़िया-बढ़िया खाने को भी मिलेगा और मौज-मस्ती भी होगी।"

कॉलेज में पढ़ाई न होने से दिन यों ही बीतने के कारण मन लग नहीं रहा था। कमरे में बैठकर किताब में आँखें गड़ाकर भी दिमाग में कुछ घुस नहीं रहा था। वैसे में मुफ़्त का मनोरंजन पाने के लिए मेरा मन भी उत्सुक हुआ होगा, सो मैं भी उसके साथ बाहर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ।

उस दिन सुदिन मुझे एक ऐसे आलीशान घर में ले गया, जहाँ घुसने की हमारी हिम्मत तक न होती। गाँव के एक साधारण लड़के का वैसे उच्च परिवार के साथ संपर्क होने की जानकारी पाकर मैं हैरान था।

मनमोहक बगीचे से सुसज्जित उस घर के वैभव और सौंदर्य को विस्फारित नज़रों से देखते हुए मैं लल्लू-सा उस घर के बैठके में घुसा था।

'बाप रे! ऐसे घर में रहने वाले लोगों को भला सुदिन ने कैसे पहचाना होगा?' मेरे जेहन में बार-बार यही सवाल कौंध रहा था।

इंसान जीवन में कितने विलासितापूर्वक रह सकता है, कैसी-कैसी चीज़ें खाता है, कैसी-कैसी चीज़ें पीता है, उस दिन मैंने अपनी आँखों से देखा। हैरान हो-होकर वहाँ के वैभव को निहारता रहा।

उम्र में वह मेरी माँ के जैसी ही रही होंगी। लेकिन श्रृंगार-पटार और पहनावे-ओढ़ावे से अभी भी नौजवान दिखने वाली उस नारी ने मुझे तरह-तरह की महँगी शराबें पीने का न्योता दिया। सिर्फ़ न्योता ही नहीं दिया, बल्कि पीने के लिए काफ़ी मनुहार भी की। लेकिन जीवन में मैंने कभी भी शराब नहीं पी थी, सो उस वक्त पीने का कोई सवाल ही नहीं था। वह भी उसके साथ, जिसके साथ बैठने की भी मैं सोच नहीं सकता था। वैसे तो कोक भी मेरे लिए अलभ्य वस्तु हुआ करता था। सो उस दिन उनके घर में मुझे तृष्णा मिटने तक कोक पीने में ही स्वर्ग पहुँचने का आभास हो रहा था।

उसके बाद उसी शाम सुदिन मुझे एक ऐसे रेस्तराँ में ले गया, जिसे मेरी औकात सपने में भी नहीं सोच सकती थी। वह तो क्या लेकर जाता, शायद वही संभ्रांत नारी हमें ले गई थीं।

रेस्तराँ के नाम पर मैंने वे ही सड़क के किनारे वाले रेस्तराँ देखे थे। वैसे रेस्तराँओं में ही मैं गया था। उस शाम को जिस रेस्तराँ में मैं गया, वह काठमांडू के धनाढ्य लोगों के खास मकसद के साथ जाने की जगह थी। वह वही जगह थी, जहाँ पैसे की बदौलत कच्चे मांस का मोल-भाव हुआ करता है। जिस्म की बोली लगती है। वहाँ सिर्फ़ युवतियाँ ही बिकाऊ नहीं थीं। मेरे जैसे नौजवान भी अपनी नीलामी के लिए बाज़ार में खड़े थे। और उन्हें खरीदने वाले दोनों तरह के लोग होते हैं। मैं भी वहाँ एक बिकाऊ चीज़ बन गया था।

मुझे भी उस शाम के लिए किसी ने खरीदा था। शुरू में तो मुझे पता ही नहीं था कि मैं उस रात के लिए बिक चुका था। रात ढलती जाने पर सुदिन पता नहीं कहाँ चला गया। टेबल भर फैली खाने की चीज़ों की कीमत सोचकर मेरे होश उड़ गए थे। ये चीज़े आते वक्त सुदिन थोड़ी देर के लिए कहकर उठा था, लौटकर आया ही नहीं। भूख से पेट की आँतें हिल गई थीं। फ़िर भी प्लेट में रखी चीज़ों को मुँह तक ले जाने की हिम्मत नहीं जुट पा रही थी। पैसे खुद चुकाने पड़े तो क्या होगा!

भूख और भय की उलझनों में पड़ा हुआ देख एक बहुत ही अमीर दिखने वाली अधेड़ महिला ने हिम्मत दी थी।

परी की तरह मेरी बगल में आ पहुँची वह महिला शायद मेरी उलझनों को ताड़ गईं। इसीलिए– "लो, अभी तक कुछ खा क्यों नहीं रहे हो? यह सब तो मैंने ऑर्डर किए हैं। चलो खाओ, सुदिन भी थोड़ी देर में आ जाएगा।"– उसने कहा।

मुफ़्त में मिली उन्हीं खाने की चीज़ों के कारण आज मैं कुछ और ही हो गया हूँ। मेरा व्यक्तित्व ही कुछ और हो गया है। मैं सामान्य गाँव के लड़के से शहर के जिग्लो में परिणत हो गया हूँ। मैं बिक चुका हूँ।

मेरे गँवार होने की बात कोई समझ न जाए, इसलिए मैं खाली पेट में ही दो ग्लास वाइन खाली कर चुका था। शायद मैं वाइन नहीं पिऊँगा सोचकर वह महिला मेरे सर पर ही खड़ी थी। बाकी चीज़ें खाने से पहले वाइन पीनी चाहिए कहकर उसीने मुझे शहर का गुर सिखाया था। इसीलिए अच्छा न लगने पर भी ज़बरदस्ती मुझे दो ग्लास वाइन पीनी पड़ी थी। सुदिन पता नहीं, कहाँ चला गया। लेकिन सुदिन की कुर्सी पर बैठी उस महिला ने बाद तक उठने का नाम

नहीं लिया। थोड़ी देर में ही मैं टुन्न हो गया।

किसीके मुझे सहारा देते हुए कमरे में बिस्तर पर सुलाने ले जाने का आभास ज़रूर हुआ था। उसके बाद आनंद के सरोवर में डूबते जाने तक की याद मुझे है। लेकिन उसके बाद क्या हुआ, मैं नहीं जान पाया।

आधी रात को पता नहीं कैसे मेरी निद्रा भंग हुई। तब तक सोच से परे लचकदार बिस्तर की लचक से मुझे गुदगुदी-सी हो रही थी। साथ ही मधुर सुगंधित कोमलोष्ण शरीर की भाप मेरे समूचे शरीर में अजस्र आनंद प्रवाहित कर रही थी।

मैं कहाँ हूँ ? कहीं स्वर्ग में तो नहीं ? वाइन के नशे में वास्तविकता को सपना समझकर मैं फ़िर सो गया।

कहते हैं, भग्नावशेष को देखकर ही पता चल जाता है कि वह अतीत में भव्य महल रहा होगा। मुझे उस रात के लिए खरीदने वाली वह अमीरज़ादी वैसी ही थी। अपने ज़माने में वह सौंदर्य की प्रतिमा ही रही होगी। लेकिन संभवतः मेरी माँ से भी उम्रदराज उस महिला से जो नहीं मिलना चाहिए था, वह पाने के अहसास से मैं लाज और ग्लानि से तरबतर हो उठा था। 'ऐसी महिला भी वैसी ?' मुझे बड़ी शर्म आई थी। मगर यह कहने में कि पात्र जो भी हो, वह अनुभव बहुत ही रोमांचक और मज़ेदार था, मुझे ज़रा भी संकोच नहीं। ऊपर से सुबह निकलते वक्त उसके दिए लिफाफ़ के भीतर के पाँच कड़े-कड़े हाथियों (हज़ार-हज़ार के नोटों) को हाथ पर फैलाने पर मन में तृप्ति के भाव नहीं आए, नहीं कह सकता।

इसी तरह शुरू हुआ था मेरा नया जीवन। इसी तरह कुछ लोगों को पता चला था मेरा नया नाम 'जिगलो'। यानी पुरुष वेश्या। और मेरा नया परिचय 'नं. २१५'।

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

कहानी

आग की लपटें

जलेश्वरी श्रेष्ठ

आज प्रकाशित लगभग सभी पत्र-पत्रिकाओं में सुप्रीम कोर्ट में अरुणिमा के केस पर सुनवाई होने की खबर छपी है। एक हफ़्ता पहले पाँच लोगों ने जानवरों से भी बदतर और वीभत्स तरीके से क्षतविक्षत बनाकर अधिवक्ता अरुणिमा को बलात्कार का शिकार बनाया था। वे बलात्कारी समाज के पहुँची हुई शख्सियतों के बेटे थे।

सुप्रीम कोर्ट में पत्रकारों समेत काफ़ी लोग जमा थे। अदालत में आरोपी लड़कों और बलात्कृत अरुणिमा को पेश किया गया। अपनी ओर से खुद अधिवक्ता अरुणिमा ने वकालत शुरू की।

हाथ के इशारे से उन्होंने कहना शुरू किया– "मिलॉड ! इन कुकर्मियों के विरुद्ध मैं एक नाबालिग लड़की पर बलात्कार का मुकदमा लड़ी थी। इन्होंने केस वापस लेने में मुझसे मदद माँगी, जिसके बदले मुझे मोटी रकम देने की पेशकश की। लेकिन मैंने इनकी बात मानने से इनकार कर दिया था। उसके बाद पैसों की बदौलत गवाहों को चुप करा दिया। पैसे के बल पर ही इन्होंने पीड़िता के माँ-बाप को खरीद लिया और उसके गरीब माँ-बाप अपनी बेटी की अस्मिता को पैसे से बेचकर फैसला होने से पहले ही केस वापस लेना चाहते थे। इसी वजह से मैं इनकी क्रूरता का मकसद बन गई।"

ये लोग मुझे फोन पर अश्लील गालियाँ देते थे, धम्की देते थे। हमेशा ये लोग अपनी काली पजेरो से मेरा पीछा किया करते थे। बीच रास्ते में भी गंदी गालियों के साथ ये मुझे बेइज़्ज़त किया करते थे।

मुझे इनकी धम्की और गालियों से कोई फ़र्क नहीं पड़ा। मैंने सदा सत्य के पक्ष में जीने की प्रतीज्ञा की थी।

अक्सर ऑफ़िस जाते-आते वक्त ये लोग मेरा पीछा कर रहे होते थे। शायद कुछ करने की ताक में रहते थे। इसी तरह एक साल बीत गया।

एक दिन आसमान में बादल छाए थे, हल्की बारिश भी होने के कारण शाम हुए बिना ही अंधेरा होने लगा था। उस दिन ऑफिस में चपरासी भी नहीं आया था। ऑफिस टाइम पूरा होने पर खुद दरवाज़े पर ताला लगाकर जब मैं बाहर निकलने लगी तो दरवाज़े के सामने काली पजेरो को देखा। उसमें चार-पाँच लड़के छुपकर बैठे हुए थे। उन्हें देखकर मैं घबरा गई। इतने में ही उनमें से एक ने मेरे मुँह और नाक पर एक खास गंध वाला रुमाल रख दिया। इतना मुझे पता है। उसके बाद मैं बेहोश हो गई।

जब मैं होश में आई, निर्वस्त्र थी। मेरे हाथ-पैर बँधे हुए थे और मुँह पर पट्टी थी। आसपास बस कीड़ों की आवाज़ें ही सुनाई दे रही थीं। वैसी वीरान जहग पर मैं थी।

"हम तुम्हारे होश में आने का इंतज़ार कर रहे थे।"– यह कहते हुए उनमें से एक ने मेरे बदन पर हाथ डाला। उसके बाद गाड़ी में बैठे हुए सभी ने बारी-बारी करके मेरे बदन को वहशी जानवरों की तरह नोचते खसोटते हुए मेरा बलात्कार करते रहे। असह्य पीड़ा से जितना मैं छटपटाती थी, उतना वे लोग क्रूर हँसी हँसते थे।

"नामुद घमंडी अधिवक्ता अरुणिमा ! हमें भला-बुरा कहने का, बेइज़्ज़त करने का फल इसी तरह भोग।" इसी तरह ज़लील होने पर ही तेरा मुँह बंद होगा और कोई भी हमारे ऊपर दोष लगाने की हिम्मत ही नहीं करेगा।" मुझे सताते हुए वे लोग शब्द भी खर्च किए जा रहे थे। उनके कहे हुए कई गंदे शब्द तो कोर्ट में बताए भी नहीं जा सकते।

जब वे लोग थक गए, मेरे मुँह में ज़बरदस्ती

शराव डाल दी। कभी भी शराब न पीने वाली मैं अचेत हो गई। शायद मुझे मरा हुआ सोचकर ही उन लोगों ने मुझे छोड़ दिया होगा। जब मुझे होश आया, मैं जंगल के पास थी। शायद बेहोशी में ही मैंने उल्टी की होगी। उल्टी से शराब की बदबू आ रही थी। मेरे कपड़े इधर-उधर विखरे पड़े थे। मेरे नग्न शरीर को किसी ने चादर ओढ़ा दिया था। बाद में मुझे पुलिस वैन में हॉस्पिटल पहुँचा दिया गया। मैं ठीक से बोल पाने की हालत में भी नहीं थी। अपना नाम और पता भी मैं बता न सकी।

मेरे भीतर अब इस समाज के प्रति विद्रोह की ज्वाला भड़क उठी है। मैंने अपनी दोस्त अधिवक्ता सरिता का नाम और फोन नंबर किसी तरह लिखकर एक सिस्टर को दिया। उन्होंने सरिता को फोन करके बुला दिया।

जब सरिता मेरे बेड के नज़दीक आाई, उसकी मुखमुद्रा अजीब थी। एक ही बार इतनी घबराहट मैंने सरिता की आँखों में पहली बार देखी। लहूलुहान मेरे होठ और जहाँ-तहाँ काटे हुए ज़ख्म से सूजे हुए मेरे चेहरे को देखकर वह त्रस्त हुई होगी।

पहले तो उसने मुझे पहचाना ही नहीं। अच्छी तरह देखने पर पहचान पाई और करुणा व स्नेह से भरे आँसू उसकी आँखों से छलकने लगे। स्तब्धता के कारण कितनी देर तक तो वह बोल ही न सकी।

वहुत देर बाद उसने एक ही साँस में पूछा– "किसने तुम्हारे साथ इतनी घिनौनी और वहशी करतूत करके इस हाल में पहुँचाया है ? कल से तुम्हें बेखबर पाकर हम सभी अंदेसा में थे कि तुम्हें क्या हुआ पर मैंने सोचा भी नहीं था कि तुम मुझे इस हालात में मिलोगी।"

कुछ देर बाद उसने कहा– "मैं तुम्हारे परिवार वालों और दोस्तों को खबर करती हूँ।"

मैंने इशारे से ऐसा न करने को कहा। मैंने अपना परिचय भी किसी को न देने को कहा। वह मेरा इशारा समझ गई।

कुछ दिनों के बाद मैं अच्छी तरह बोलने लायक हो गई। मेरी सेहत में सुधार आया। पुलिस वाले भी मेरा वयान लेने आए। मैंने कुछ पत्रकारों और अपने दोस्तों के सामने ही बयान दूँगी कहकर अनुरोध किया। पुलिस वालों ने भी मेरे अनुरोध को मान लिया।

मेरे अनुरोध के मुताबिक मेरे दोस्तों और पत्रकारों को बुलाया गया। मैंने देखी हुई और भुगती हुई बातों का सबके सामने बयान दिया। मैंने कहा– "मुझे इस दुर्दशा में पहुँचाने वाले गणमान्य व्यक्तित्वों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों के बड़े लोगों के बेटे हैं। धर्मविक्रम, गजाधर, कर्णप्रसाद के बेटे और उनके दोस्तों ने मेरे साथ इतनी घिनौनी हरकत की है।"

अरुणिमा के साथियों और पत्रकारों के सहयोग में उन लड़कों को अदालत में खड़ा किया गया था।

अरुणिमा उँगली उठाते हुए कह रही थी– "ये ही हैं, सभ्य और बड़ा कहलाने वाले अत्याचारी कुकर्मी। समाज के कीड़े हैं ये, पाखंडी दुराचारी।"

अरुणिमा आक्रोश और आवेग में मुँह में जो आया, वही शब्द प्रहार करती हुई क्रोध की ज्वाला उगलने लगी। न्यायाधीश के शांत रहने का आदेश देने के बाद ही वह चुप हुई।

अब बारी थी आरोपियों के वकील के बोलने की।

उनके वकील ने कहा– "मिलॉड, ये महिला प्रतिशोध की भावना से बौखलाई हुई हैं। इन्होंने एक साल पहले एक नाबालिक लड़की पर बलात्कार के झूठे इल्ज़ाम में मेरे मुवक्किलों को फँसाने की कोशिश की थी, जिसमें ये कामयाब न हो सकीं। असल में समाज के इन प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों के विरुद्ध इनका पूर्वाग्रह था। इसीलिए फ़िर से कैसे इन्हें ज़लील किया जाए, इस ताक में रहने लगीं ये।

इन्होंने खुद कुछ गुंडों का प्रयोग कर बलात्कार का अभिनय करने को कहा। लेकिन वे गुंडे जितना करने को कहा गया था, उससे ज़्यादा ही कर बैठे। यह इनकी अपनी ही दुर्योजना का फल है। अगर वाकई इन शरीफ़ लोगों ने ही बलात्कार किया है तो शरीर पर दिखे दाँत और नाखून के निशान और कपड़ों पर लगे वीर्य की जाँच रिपोर्ट क्यों मैच नहीं हुए ?"

ये वाक्य सुनकर अरुणिमा ने अदालत को ही थर्राते हुए चिल्लाने लगी– "झूठ ! झूठ !! बिल्कुल झूठ !!! यह जाँच की रिपोर्ट भी नकली है, साज़िश की गई है, या तो डॉक्टर को खरीदा गया है या फ़िर बंदूक की नोक कनपटी पर रखी गई है। मेरे गुंडों से अभिनय करवाने की बात कितनी झूठी है, यह मैं आपको दिखाती हूँ। लीजिए सब लोग देखिए, मैं

सुबूत का छोटा-सा नमूना दिखाती हूँ।"

सब लोग गौर से उसे देखने लगे। वह अपनी चोली खोलने लगी। उसने नारी अस्मिता के चीरहरण का एक चित्र सार्वजनिक कर दिया। चोली के खुले हुए दृश्य को देखकर सभी पुरुष जिज्ञासु और कामी नज़र से अरुणिमा की छाती देखने लगे, वहीं महिलाओं ने शर्म से लाल होकर आँखें झुका लीं। उसके चोली खोलने पर अचानक सन्नाटा छा गया। लज्जा से झुके पुरुष नेत्र उस कारुणिक और बर्बरतापूर्ण अत्याचारी कुकृत्य का सुबूत देखकर अपने आपमें मर्माहत दिख रहे थे। उन्हें कल्पना तक नहीं थी कि अपना ही पुरुषत्व ममतामयी नारी अस्तित्व के ऊपर इतनी बर्बरतापूर्ण निर्मम अपराध कर सकता है।

अदालत का वह कक्ष इस दरमियान बिलकुल शांत था। ऐसा लगता था यहाँ का वातावरण अलग मोड़ लेगा। अरुणिमा के क्षत-विक्षत शरीर को देखकर सबकी आँखों से आँसू छलक रहे थे। अविवाहिता नारी की सुंदरता के अवयव, एक माँ की अमृतमय धारा बहने वाले घड़े और सृजन को निरंतरता देने वाले कलश की जगह किसी क्रोधी चित्रकार के फेंके हुए रंग के छींटे की तरह काले, नीले, लाल, काटे और नोचे-खसोटे हुए वीभत्स ज़ख्म थे। सुंदर नहीं, बल्कि एक वीभत्स चित्र वाले दृश्य से सबकी आँखों में क्षोभ और पीड़ा की आग की लपटें धधक-धधकर जलने लगीं।

वहाँ अत्याचार को मौन इतिहास घूर रहा था। सहकर ही जीने का सामंती संस्कार था इंसानों का। ज़ख्मों के दृश्यों के आगे कानून की सारी दफ़ाएँ अधूरी लगती थीं पर वह बस उनके लिए था, जिनके पास विवेक है, संवेदना है।

व्याप्त स्तब्धता को चीरते हुए नारी अस्मिता की रक्षा के लिए अरुणिमा आक्रोशित भाव मुद्रा में अंतर्मन से चीख रही थी– "मिलॉड, अगर यह सुबूत काफ़ी न हो तो मनुष्य सृष्टि के उर्वर उद्‌गमस्थल पर क्रूरता की ज्वाला में भष्मीभूत इससे भी वीभत्स चित्र सबके सामने प्रस्तुत करने का साहस भी मैं रखती हूँ। बलात्कारी के वीर्य दाँत और नाखून तक की जाँच की रिपोर्ट की फ़िर से निष्पक्ष जाँच कराकर अपराधी को उचित दंड नहीं दिया गया तो न्याय के कठघरे को इतिहास कभी माफ़ नहीं करेगा।"

ये वाक्य सुनने के बाद आरोपियों की आँखों में भी ग्लानि दिखने लगी। अब फँस जाने भय से वे लोग सिकुड़े हुए-से दिख रहे थे। वकीलों की न्यायदर्शी नज़रें भी सत्य का अन्वेषण करने की कोशिश करती हुई-सी दिखने लगीं। वहीं न्यायाधीश के चेहरे पर आया हुआ परिवर्तन एक निष्पक्ष निर्णय का संकेत कर रहा था।

अनुवादक : हिना झा

कहानी

दिलमाया

टंक भट्टराई

"एक ग्लास पानी देना तो बेटी !"

"पानी या दारू ?"– उसने मेरी ओर देखते हुए पूछा ।

"पानी ही दो न ।"– मैंने रुमाल से पसीना पोंछते हुए कहा ।

उसने सफ़ेद सिल्वर के लोटे में एक लोटा पानी लाकर दिया । मैंने एक ही साँस में लोटे को खाली कर दिया ।

वहाँ कोई शराब पी रहा था, कोई बीड़ी फूँक रहा था तो कोई नाश्ता कर रहा था । थोड़ी दूरी पर गाय, भैंस चराते हुए बच्चे खेल रहे थे और कुछ बुजुर्ग बगल में छड़ी रखे पेड़ के नीचे गप्पे मार रहे थे ।

उस जगह को आलडाँडा कहते हैं । बारिश का पानी जमा करके मवेशियों को पिलाने या दूसरे कामों के लिए उस डाँडा यानी पहाड़ी पर एक बड़ा-सा आहाल यानी कि कुआँ खोदा गया था, इसीलिए बहुत पहले से उस जगह को आलडाँडा कहा जाता रहा है । वहीं बरगद, पीपल के छाँव में आसपास बाँस की टट्टी और पत्थर-मिट्टी से बनी हुई चार-पाँच दुकानें हैं । पहले तो एक ही दुकान हुआ करती थी । मवेशीघरों की गाय, भैंस, भेड़, बकरियाँ बगैरह को दिनभर जंगल में भेज दिया जाता । सूरज डूबते समय गोधूलि के रंग के साथ वे कहाँ-कहाँ से पेट भरकर खुद ही वापस मवेशीखाने में लौट जाते और ज़बरदस्त जुगाली करने लगते ।

आलडाँडा ऐसी जगह है, जहाँ अकसर किसी भी समय लोगों का उठना-बैठना लगा रहता । वह स्थान कभी भी लोगों खाली नहीं होता । चार-पाँच जोड़े बड़े-बड़े वर-पीपल के पेड़, जगह-जगह लोगों के बैठने के लिए लकड़ी के तख्ते से बेंच की तरह बनाए हुए बैठके मौजूद थे । आते-जाते राहगीर थोड़ी देर ही सही, वहाँ आकर सुस्ता लें, इस धार्मिक उद्देश्य के साथ आसपास और अन्य स्थानों में भी बरगद, पीपल के पेड़ लगाए गए थे । वे वर-पीपल भी राहगीरों को शीतलता प्रदान करने के लिए लालायित दिखते । सिहिर-सिहिर पत्तों को हिलाते हुए शीतल हवा छोड़ते रहते ।

कोई भारी का बोझ लादे हुए, कोई झोला मात्र लिए हुए आते-जाते राहगीरों में से कई वहाँ आकर थोड़ी देर वहाँ सुस्ताकर जाते तो कई सरासर अपना रास्ता नापते । सुस्ताने वाले कई लोग थोड़ी देर थकान उतारकर चल देते तो कई दारू, पानी और नाश्ता बगैरह भी लेते । कुछ बाँके जवान दारू पीने के बहाने उस युवती के साथ हँसी-ठिठोली, छेड़छाड़ भी करने लगते । कई तो उसके मोहक यौवन को देखकर लार भी टपकाते । वह युवती भी उनकी तरफ़ देखकर कभी-कभी अदाएँ बिखेर देती । आखिर व्यापार है, किसी तरह चलाना ही पड़ता है । ये सारे नज़ारे मैं वहाँ बैठकर देख रहा था ।

सच में बेहद मज़ेदार और मोहक जगह है वह । पूरब की तरफ़ याम्खा, डाँडागाँव, पश्चिम की तरफ़ बसेरी, राजापानी, बुइपा उत्तर में गैरी-चौतारा, खानीगाँव, लफ्यांग, उत्तर-पश्चिम में सोया हुआ नूनथला- ये सारी जगहें वहाँ से दृष्टिगोचर होती हैं । उस पार चारकिला के ऊपर का पंक्तिबद्ध वह पैंयुडाँडा भी मानो इधर ही मुँह करके खड़ा हो । इसी तरह आलडाँडा के पूरब में साप्सु नदी बहती है तो पश्चिम में दिखुवा नदी । पूरब-पश्चिम से बहती हुई ये नदियाँ थोड़ा-सा नीचे बीस-पचीस मिनट की उतराई के बाद एक जगह मिलती हैं, जिसे दोभान कहते हैं ।

अधिकांश खोटांग वासियों के मधेश-पहाड़ आने-जाने वाला और पुश्त दर पुश्त से दुखों के बोझ को

लादकर पूर्वजों का चला हुआ वह रास्ता मेरे ही जितना सभी को प्रिय है। उस आलडाँडा के साथ हमारा भावनात्मक संबंध है। मन की गहराइयों में उस मिट्टी की खुशबू है और उन वर-पीपल के छाँव हर एक के हृदय में स्मृतिबिंब बने हुए हैं और हमेशा बने रहेंगे।

उन स्थानों के, जहाँ मैं घूमता-फ़िरता रहा था, दृश्यों को देखकर मैं मुग्ध हो रहा था। साप्सु नदी के वे सपाट खेत, हवा की सुस्त गति में सिसकारियाँ भर रहे वे साल के पेड़, वे वादियाँ, चढ़ाई-उतराई, इन नज़ारों को इतने सालों बाद देखकर भला मेरा मन कैसे भरता !

दिखुवा दोभान के पास खाना खाकर ऊँचाई पर चढ़ा था मैं, दोपहर की गर्म धूप और खड़ी चढ़ाई की वजह से वहाँ पहुँचने में काफ़ी मुश्किल हुई। धूप उस पार के जुरे थुम्का पर पहुँच चुकी थी। इधर-उधर के नज़ारों को देखते-देखते और सोच में मग्न होते हुए समय गुज़रने का पता ही न चला।

लंबे समय के बाद एक खास काम से मैं अपने जन्मस्थान खोटांग आया था। थोड़ा आगे ट्याम्केको फेदी बाँझे च्यानडाँडा है मेरा गाँव। लामीडाँडा तक प्लेन की सुविधा तो थी लेकिन उतनी अनुकूल नहीं थी। इसीलिए मैंने दूधकोसी, साप्सु किनारे और आलडाँडा होते हुए पैदल रास्ते को ही चुना, जिस रास्ते के साथ किसी समय मेरा अभिन्न संबंध हुआ करता था। गाईघाट से तेज़ गति में चलने वालों को दो दिन और मेरे जैसे धीमी गति में चलने वालों को तीन दिन लगते थे दिक्तेल ज़िलामुख्यालय होते हुए बाँझे-च्यानडाँडा पहुँचने में। गाईघाट से खाँबु होते हुए उतराई पार करने के बाद नीचे अंधेरी से कोसी के किनारे-किनारे चलना पड़ता था। गाईघाट से जब तक रास्ता नहीं खुला था, तब तक ढुंग्रे धाप्लांग्टार से गुज़रते हुए बेल्टार के रास्ते आवाजाही होती थी।

मुझसे पहले पीढ़ियों से बेल्टार से ढाकर में नून लादकर कोसी के किनारे से गुज़रकर चले हुए पूर्वजों के पदचिह्न मानो अभी भी मौजूद हैं जैसा लगता है। जवानी में कई बार मधेश जाते-आते मैं भी कोसी होते हुए इस रास्ते से बहुत बार गुज़रा। अब तो इस रास्ते से चले हुए पंद्रह-सोलह साल गुज़र चुके हैं। अन्य वैकल्पिक उपाय मौजूद होते हुए भी इस रास्ते के साथ जुड़े अपने पुराने अतीत को ताज़ा करने के लिए अकेले ही सही, मैंने इसी रास्ते आने का मन बनाया।

एक दिन पहले रेग्मीटार में वास करने के बाद दूसरे दिन उस समय मैं आलडाँडा आ पहुँचा था। अन्य राहगीरों के आने-जाने का क्रम जारी था। यह क्रम भला भला कहाँ टूटने वाला था। मैं काफ़ी देर से उस दुकान में बैठा था। उस युवती को अपने काम से बिलकुल भी फुर्सत नहीं हुई। कब फुर्सत होगी और मैं कुछ बातें उससे पूछूँ सोचकर इंतज़ार करता रहा मगर मौका ही नहीं मिला था। दिन काफ़ी ढल चुका था। लेकिन मैं भावनाओं के उतार-चढ़ाव में खोकर वह जगह छोड़ न सका था।

युवती काफ़ी व्यस्त दिख रही थी। चैत का वह बसाती दिन। कहाँ-कहाँ से थपेड़े खाते हुए आए हुए लोगों को अलग-अलग चीज़ें उपलब्ध कराती हुई वह हमेशा चलायमान होती।

"बहन, एक ग्लास पानी दो न !"

"बहन, एक पैमाना बढ़िया दारू छान दो।"

"कैसी हो ? सब कुशलमंगल ?"

ऐसी ही बातों में मशगूल होकर उसे दिन गुज़रने का पता ही नहीं चलता।

अब तो दिन पूरा ढल चुका था। धूप रक्तिम होकर कोसी उस पार के क्षितिज से उतर चुकी थी। धूप बूढ़ी होकर उस पार जुरेथुम्का से बेशक उतर चुकी थी पर मेरी भावनाओं की तरंगें और जवान होकर एक अलग ही रूमानी यात्रा में आरोहण कर रही थी। करीब पाँच-छह घंटे बैठकर भी मैं वह जगह नहीं छोड़ सका। मगर क्यों नहीं छोड़ सका, मुझे खुद पता नहीं। बाहरी दुनिया में वह लाल मिट्टी, प्वालाँ (एक वृक्ष), पहाड़ियाँ, पक्खे, हरे भरे पेड़-पौधे, वे वर-पीपल के छाँव, लोगों के बैठने के वे तख्ते, आने-जाने वाले राहगीरों की वे कतारें, गोजमोज दिखने वाली वे छोटी-बड़ी दुकानें अपनी-अपनी दुनिया में मग्न थे। वहीं मैं बाहरी संसार से पृथक था। मीठा कहें या कड़वा, चाहकर भी न भूलने वाला एक अतीत जो मेरे जीवन से अभिन्न होने वाला नहीं था, उसी की यात्रा में मैं मशगूल था।

"बहन, आज यहीं रहना पड़ेगा, जगह मिलेगी क्या ? काफ़ी थक गया हूँ, इसलिए आगे जा नहीं

सकूँगा।"

"जगह तो नहीं है, लेकिन अगर उतनी ही मुश्किल में हैं तो रह जाइए।"

मैंने यही सोचा था। अब आश्वस्त हो गया। उससे मुझे बहुत कुछ पूछना था। दिन भर लोगों की भीड़ की वजह से वह व्यस्त थी। और मैं आंतरिक दुनिया में ही मस्त था।

"क्या खाएँगे ?"– उसने पूछा।

"भात ही खाऊँगा, और मांस बगैरह मिल जाए तो और भी बेहतर।

"शराब भी लेंगे ?"

"थोड़ी-सी लेनी पड़ेगी।"

मैं मांस के चखने के साथ थोड़ा पीने लगा।

"तुम्हारा नाम क्या है ?– मैंने पूछा

"दिलमाया।"– उसने बताया।

"घर में और कौन-कौन हैं ?"

"कोई नहीं है।"

"माता-पिता ?"

"नहीं हैं।"– वह उदास होकर बोली

"तो फ़िर तुम यहाँ कैसे रहने लगी ?"– मैंने फ़िर पूछा। वह झिझक गई।

"बोलो न, संकोच करने की कोई बात नहीं है।"– मैंने आग्रह किया।

"जब मैं छोटी-सी थी, तो माँ बुखार की चपेट में चल बसी। पिता से मैं बेखबर ही रही। माँ कहती थी कि मेरे पिताजी परदेस गए हैं, अभी तक नहीं आए हैं। 'तो फ़िर कब आएँगे पिताजी ?'– मैं पूछती तो वह बताती कि एक दिन ज़रूर आएँगे। मैं पिताजी के आने की आस में रमने लगती।"– वह कहती जा रही थी। इधर मैं द्रवित हो रहा था।

"तो फ़िर माँ के गुज़र जाने के बाद तुम किसके साथ रही ?"

"नानी थीं, उस दुकान में। उन्होंने ही मुझे पाला पोसा। उनके गुज़रे हुए भी तीन-चार साल हो गए। बाद में नानी के कहने से पता चला कि मेरी माँ की शादी किसी से नहीं हुई थी। इस रास्ते से गुज़रने वाला एक आदमी अकसर यहीं रुका करता था। मेरी माँ को बहुत पसंद करता था। मेरी माँ भी उसे प्यार करती थी। बाद में उसी का गर्भ मेरी माँ के पेट में पलने लगा। उसके बाद वह आदमी कभी लौटकर नहीं आया। अब तो इस संसार में मेरा कौन है ?"

उसकी आँखों से आँसू छलकने लगे। उसने दूसरी तरफ़ मुँह घुमाकर अपने आँसू पोंछे। मेरे आँसू भी थमने की स्थिति में नहीं थे। मन मोम की तरह पिघल रहा था मगर उसके सामने आँसू बहाना भी ठीक नहीं लगा इसलिए अपने आँसुओं को ज़बरदस्ती रोकने की कोशिश कर रहा था।

यहाँ तरह-तरह के लोग आते हैं। कोई भलादमी होता है तो कोई अकेली पाकर अंटशंट बोलने लगता है, छेड़ने लगता है। अब तो यहाँ रहना भी मुश्किल होने लगा है। क्या करूँ, ज़िंदा रहने के लिए कोई न कोई इल्म अपनाना ही पड़ता है। और फ़िर माँ के कदम रखे हुए इस स्थान को छोड़कर जाने का बिलकुल भी मन नहीं होता।"– वह कहती गई– "मुझ अकेली को देखकर कई लोग यहाँ वास माँगने आ जाते हैं। पर मैं अनेक बहाने से उन्हें टाल देती हूँ। लेकिन आप मुझे भलादमी-से लगे। पता नहीं क्यों आप मुझे पिताजी की तरह लगते हैं। दिन भर तो आपसे बात नहीं कर पाई। आप रह गए, अच्छा हुआ। आज तक मैं जिन बातों को किसी को नहीं बताया पता नहीं आज क्यों अनायास मुँह से निकल गईं, मैं भी नहीं समझ पाई।"

उसने खाना परोसकर दिया।

"बातचीत की धुन में खाना पता नहीं कैसा बन पाया, संतोष मानकर खा लीजिएगा।"

"बहुत स्वादिष्ट है, तुम भी खाओ।"

वह भी खाने बैठी।

बातचीत करते और खाते-पीते रात काफ़ी गुज़र चुकी थी। तकरीबन दस साढ़े दस बज चुके होंगे। उसने मेरे लिए बिस्तर लगा दिए– चटाई के ऊपर पुराना कंबल एक भूसे से बना तकिया और एक शॉल।

"अब आप सो जाइएगा। रात काफ़ी हो चुकी है। सुबह जल्दी उठना पड़ेगा, बहुत काम पड़े हैं करने को। मैं भी सोने जा रही हूँ।" वह दरवाज़ा बंद करके दूसरी जगह जाने को तैयार हुई।

"मैंने तुम्हें तकलीफ़ ही दे दी, है न ? तुम रात में कहाँ जाओगी ?"– मैंने जिज्ञासा रखी।

"पास में ही एक ताई हैं, मैं हमेशा सोने के लिए उन्हीं के पास जाती हूँ, अकेले यहाँ डर लगता है।

आप आराम से सो जाइए।" वह चली गई।

मुझे देर रात तक नींद नहीं आई। अतीत का यथार्थ मुझे चुभता रहा। दिलमाया का हर एक शब्द मुझे भावुक करता रहा। बाँस की टट्टी के छेद से आती हुई सिरसिर हवा भी इस जलते हुए मन को शीतल नही कर पाई।

रात के समय बरगद पीपल की वह सिरसिर हवा किसी समय मेरे लिए कितनी सुखद हुआ करती थी लेकिन उस रात उतना ही दुखी बना रही थी।

थोड़ी-बहुत भी नींद आई या नहीं पता नहीं, अचानक 'कुक्कुडू कूँ' की आवाज़ से चौंक गया मैं। मुर्गे की बाँग के साथ ही दिलमाया दरवाज़ा खोलकर अंदर मुखातिब हुई।

मैं भी अब प्रस्थान करने का विचार कर झट से उठा और कहा– "अच्छा बेटी, अब मैं भी चलता हूँ।"

"चाय पीकर चले जाइएगा। अब कब लौटना है ?"– उसने अगीठी की तरफ़ देखकर पूछा।

"पता नहीं मैं कब लौटूँगा, किस रास्ते लौटूँगा, शायद प्लेन से लौटूँ।"– मैंने कहा। "पैसे कितने हुए ?"– मैंने पूछा।

"आप पैसे रहने दीजिए, हो गया।"– उसने जवाब दिया।

"क्यों बेटी, इसी तरह तुम राहगीरों को मुफ़्त में खिलाती फिरोगी ?"

"ऐसा तो नहीं है, लेकिन आपसे पैसे लेने का मन नहीं होता।"

मैं उसे देखता रह गया। अनायास उसने मेरी ओर देखा और फ़िर दूसरी तरफ़ पलट गई। यह कैसा संबंध है ? मैं सोचमग्न हो गया। आँखों से आँसू निकलना चाह रहे थे। जबरदस्ती आँसुओं को रोके रहा। पैसे मैं जबरदस्ती दे दूँ या छोड़ दूँ, ऐसा करने में उसकी भावना को ठेस पहुँचती। मैं मुश्किल में पड़ गया।

यह कैसी लड़की है ? उसकी भद्रता और व्यवहार की गहराई को मैं नाप न सका। नीचे बहने वाली वह निर्मल और निश्छल साप्सु (नदी), उससे बिलकुल भी अलग नहीं थी वह।

उसकी माँ भी ऐसी ही रही होगी।

सच में कितने पवित्र और ईमानदार होते हैं कुछ लोग !

इस बेईमान ज़माने में उस महानता के तो पास तक मैं नहीं पहुँच सका।

दिलमाया मेरी ओर देख रही थी। मैं उसकी नज़र से नज़र मिला नहीं पाया। 'मैं अपराधी हूँ, अधर्मी हूँ।' मुझे अपराधबोध ने अपने आगोश में भर लिया। छोटे-से टेबल पर ढिबरी जल रही थी। बाहर का झिलमिल उजाला सवेरे को पुकार रहा था।

"मैं चलता हूँ बेटी अब।"

"ठीक है।"– उसने मेरी तरफ़ स्निग्ध नज़रों से देखा।

मैने झोला और छड़ी उठाई और भारी मन लेकर प्रस्थान किया।

ऊपर गैरी चौतारा के नीचे के टीले से पीछे मुड़कर देखा तो पंक्तिबद्ध खड़े उन बरगद-पीपल के समान ही शांत, सौम्य, अविचल और उदार हृदय वाली दिल की अमीर दिलमाया मेरी तरफ़ ही देख रही थी।

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

कहानी

काल्पनिक

ध्रुवचन्द्र गौतम

इस कहानी में कुछ नहीं है। केवल एक पात्र है और वह भी काल्पनिक है, इसलिए वह क्या करता है अगर नहीं पता हो तो भी कुछ नहीं। कहानी की शुरूआत कैसे करें ? इतने वर्ष लिखने के बाद मैं एक लेखक जो न जाने कितने कार्यक्रमों में प्रमुख आतिथ्य और सभापतित्व की भूमिका निभा चुका था, कम से कम उसे ऐसी समस्या नहीं आनी चाहिए।

वैसे तो मैं उन लेखकों में आता हूँ, जो लिखने के लिए बहुत लिखता है लेकिन कुछ पैसों को छोड़कर अभी तक कुछ प्राप्त नहींकर सका। जब भी कोई पत्रिका अपनी लिखी कुछ मांगता है तो इस गरीब लेखक का उत्त्साह बढ़ जाता है। जैसे भी हो मैं अपने को ठोकठाक करता हूँ और लेखक के लायक बनाता हूँ। इतने दिन लिखने के बाद जो मूल्य मुझे दिया है इन समालोचकों ने, सुनकर आपको हँसी आती होगी। अगर पहले की बात की जाए तो पता नहीं और क्या क्या कहते होंगे। मैं अपने आपको सांत्वना देता हूँ यह कहते हुए कि जो बेवकूफ इतना भी नहीं लिख सकते हैं, इसलिए ऐसा बोलते हैं। इससे मेरे परम दरिद्रता में कुछ कमी आती है इसलिए उन लोगों की बात को मैं ईर्ष्या ही मानता हूँ।

लिखकर ही मुझे चावल और दारू मिला है। यहाँ तीसरी बात की भी उत्सुकता होगी। तीसरी चीज भी मुझे लिखकर ही प्राप्त हुई। लेखन से प्रभावित होकर नहीं, लेखन से प्राप्त पैसों से प्रभावित होकर। काठमांडू में खाना का जुगाड़ करना मुश्किल है। बल्कि तीसरी बात उपलब्ध करना आसान है, तुलनात्मक रूप से। कभी कभी पेट भर खिला दिया, वह भी तृप्त और भूख भी। भूख के बाद की भूख खत्म होती है फोकट में।

वैसे तो बहुत से लोग मुझे लेखक के रूप में स्वीकार भी नहीं करना चाहते। कहते हैं- चारखाल का नौसिन्दा भी लेखक है यह बात लोग क्यों नहीं मानते। इसका उत्तर क्या दिया जाए ? बोलने वाले भी ऐसी रूखी बातें मदमस्त होने के बाद ही बोलते हैं। ऐसे में मैं भी मदमस्त होकर उत्तर दूँ इसका क्या अर्थ ?

किसी दिन ऐसे लेखकों के मुँह पर कालिख पोतकर गाँव से निकाल देना चाहिए यह कहते हुए भी सुना। यह लेखक नहीं, लिखने की सिर्फ इच्छा है इसमें, ऐसी अलोचना भी मैंने इन्हीं कानों से सुनी है। अपमान के सारे विश्लेषणों को मैंने प्रोटिन की तरह आत्मसातकर लिया है। इतना हो जाने के बाद अब पीछे क्यों हटना ? मैंने भी उनलोगों को ईर्ष्यावान् बनाने के लिए दृढता के साथ प्रतिबद्धताकर लिया है। ऐसे बात करते हैं जैसे कि इस देश में मुझसे खराब कोई लेखक है ही नहीं। क्या यह संभव है ? लड़की कितनी भी सुन्दर हो उससे ज़्यादा सुन्दर मिलने की सम्भावना नहीं होती है क्या ? जितना भी कुरूप हो उससे ज़्यादा कुरूप मिलने की सम्भावना भी उतनी ही रहती है। लेखक भी ठीक उसी तरह होता है। मैं कितना भी खराब लेखक हूँ लेकिन मुझसे भी ज़्यादा खराब लिखने वाले लेखक मिल सकते हैं। कोई पैसा दे तो लाकर दिखा दूँगा। कोई नहीं मिला तो, अंत में मैं अपने आपको ही लाकर खड़ाकर दूँगा। उन लोगों को मुझसे खराब लेखक नहीं चाहिए। मैं स्वयं अपने आपको सबसे ज़्यादा खराब लेखक के रूप में प्रस्तुत करूँगा तो वे लोग हर्षविभोर हो जाएँगे, लेकिन ये सभी बातें निर्भर करती हैं इसपर कि वे लोग मुझे कितने पैसे देते हैं।

मेरा कहना सिर्फ इतना ही है कि पैसे के लिए अगर लिखता हूँ तो अच्छे पैसे मिल जाएँगे तो लिखना

छोड़ भी सकता हूँ। इसमें क्या है ?

अभी तो मुझे अपने लेखकीय व्यक्तित्व को कायम रखने के लिए सारे पत्र-पत्रिकाओं में आना रहता है, और आ भी रहा हूँ। कोई कुछ कहे। मुझे लेखक माने या न माने, जब तक पत्र-पत्रिका सब छपेंगे, मुझे देना ही पड़ेगा। हर पत्रिक में देंगे। प्रतिभा-सतिभा की बात छोड़ो। मांगने के समय में नहीं दिया तो पीछे पड़ने का डर है मुझे। और कुछ हो या न हो मैं पत्रिका में प्रकट होने वाले लेखक के रूप में चर्चित हूँ। यह भी तो एक उपलब्धि ही है।

यहाँ तक तो ठीक था लेकिन इस बार की बात करूँ तो मुझे दूसरी बार दरिद्रता प्रकट होने का डर लगा । अच्छे-बुरे की बात छोड़ दी जाए तो मैंने इतने विषयों पर लिखा है कि अब मेरे पास लिखने को विषय ही नहीं है। दोबारा-तिबारा लिखकर सब खत्मकर चुका हूँ। संबंध के सभी स्वरूप लिख चुका। राजनीतिक व्यंग्य लिख चुका सभी तरह के। समाज में जितनी भी खराबी है, सब समेट चुका। आज का विज्ञान प्रविधि, पर्यावरण, प्रकृति सब पर लिख चुका। अब क्या लिखूँ ?

बस अब एक ही पात्र बाकी है जो मैंने अभी तक नहीं लिखा। नहीं लिखने के कारण भी हैं। यह पात्र नितांत काल्पनिक है फ़िर भी उसकी कुछ बातों को मैंने बहुत मेहनत से ढूँढ़ा है। यह एक बेकार का पात्र है, नहीं ? बिल्कुल सड़क छाप नहीं वरन निम्न मध्यम वर्गीय अव्यवस्थित। वैसे सड़क छाप किसे कहते हैं ? तो कहने के लिए कह दूँ, यह पात्र एक निम्न मध्यमवर्गीय सड़क छाप है। दो प्रकार का मोजा लगाना इसके लिए मामूली सी बात है। इसकी घड़ी दिन में दो बार सही समय देती है। दो बजकर पच्चीस मिनट पर। कारण इसकी घड़ी कितने दिनों से दो बजकर पच्चीस मिनट पर रुकी है। दिन में तो क्या है, यह पात्र देख लेता है। खुश भी होता है यह सोचकर की चलो अभी तो समय ठीक दिया लेकिन रात के दो बजकर पच्चीस मिनट में देख नहीं पाता। तभी तो वह मदिरा सेवनकर मस्त सो रहा होता है। इस तरह देखा जाए तो घड़ी के सही समय का वह पचास प्रतिशत ही उपयोगकर पाता है। पक्का घड़ी की बैट्री खत्म हो गई है। बदलने के लिए पैसे लगेंगे। इसलिए नहीं बदलता। लेकिन घड़ी हर रोज पहनता है। संयोग ही कहें कि किसी ने उससे टाइम नहीं पूछा। एकबार के अलावे। एक बार एक खूबसुरत लड़की ने जल्दबाजी के भाव में उससे पूछा- भाई साहब, कितने बज गए ?

उसने सही में घड़ी देखी। और सही में उसके घड़ी में सदियों से जो टाइम चल रहा था, उसने बता दिया। कोई और परिस्थिति होती तो ऐसा नहीं होता। लड़की बहुत सुन्दर थी। शायद उसके रूप से प्रभावित मेरा यह पात्र हड़बड़ा गया और सत्य बोलने से सत्य और असत्य बोलने से असत्य होगा भूल गया। लड़की मिलनसार थी। हँसी। हँसते हुए बोली- मैंने तो १२ बज गया क्या, यह जानने के लिए पूछा था। उसके बाद वह नहीं रुकी।

मेरा पात्र सत्य बोलकर भी जैसे जुर्माना दिया हो, शान्त खड़ा रहा। सोचा कि तत्काल घड़ी निकालकर फेंक दी जाए। फ़िर सोचा किसी दिन तो कोई दो बजकर पच्चीस मिनट पर टाइम पूछेगा ? और यह प्रश्न किसी लड़की नेकर दिया तो अपनी गलती ठीक करने का अवसर मिल जाएगा। फिलहाल अभी के लिए एक सुन्दर लड़की को मानवीय संतुष्टि नहीं दे सका इसके लिए उसे कुछ देर के लिए घोर पश्चताप रहा। उसके बाद वह किसी ओर निकल गया।

घड़ी के बाद उसके जीवन में जूतों का नम्बर आता था। अभी जो जूता वह पहनता है, वह उसका नहीं है, किसी और का है। अक्सर दारू पीने के बाद जब निकलता था तो दूसरे का जूता पहनकर चल देता था। यह लगभग उसकी आदत सी बन गई है। बाद में जूता वाला किसी तरह पताकर उससे अपना जूता ले जाता था, खुश हो जाता था। उसके जूते के तुलना में वह जूता अच्छा होता था। इस बार गोलमाल में भी गोलमाल हो गया। पन्द्रह दिन में तीन जोड़ी जूते बदल गए। अब वह तीन जोड़ी जूतों में अच्छा और खराब ढूंढने लगा। यद्यपि तीनो जोड़ी जूते दूसरों के ही थे। लेकिन फ़िर भी उसे अफसोस इस बात के लिए था कि दूसरा जूता अच्छा था, वह जूता छोड़कर तीसरा जूता पहनना पड़ा जिसके लिए उसे अच्छा नहीं लग रहा था। उसका अपना जूता कहाँ होगा कहाँ ? आज तक किसी ने दावा भी नहीं किया। अब तो जूता फटने का समय भी आ गया। उसकी सोच है। अब तो उसका अपना जूता भी सुबूत देने का

समय आ गया।

एक दिन भूख लगी था। सुबह का समय था। एक मित्र के घर के पास था। चला गया। नहीं समझता। दस महीने हो चुके थे वह उसके घर नहीं गया था। इतने में तो एक बच्चे का गर्भाधान, जन्म और थोड़ा बहुत पालन पोषण भी हो जाता है।

वहाँ गया। जाने के बाद उसे मालूम हुआ कि उसका वह मित्र योगा सीखने लगा था और योगा गुरु की प्रतीक्षा कर रहा था पूरा परिवार।

मित्र ने कहा- तुम भी करो आज।

गुरु आए। गुरु ने अपने आपको गुरु दिखाने का प्रयत्न बड़े हिसाब से किया था। लम्बे बाल। पीला वस्त्र और पीला उपर्ना।

समझदार तो समझदार ही लगता है। योग के साथ बोलने वाला भी। योग सिखाने के बाद गुरु अन्यत्र निकला अगला प्रशिक्षण के लिए। उसके बाद मेरे पात्र के काम की बात आई। टोष्ट और आमलेट के बाद कॉफी पीकर चला। उसके घर के पास एक बड़ा सा गड्ढा था। बिना कोई कारण ज़मीन धँसकर बना हुआ गड्ढा। और कोई समय तो नहीं, लेकिन जब वह रात को दारू पीकर आता था तो हमेशा उस गड्ढे में गिरने का डर रहता था। संकरी रास्ता मात्र बाकी रह गया था। हर दिन वह ठीक से देखकर निकलता था, रात में किस रास्ते से आना है ताकी गड्ढे में न गिरे। गड्ढा पार करने के बाद उसे गर्व सा महसूस होता था। एक छोटी-मोटी जीत सी। ये बातें बहुत समय से चलती आ रही थी । कभी कभी तो गड्ढे से बचते बचते वह हैरान महसूस करता था और सोचता कि एक बार गिरकर देखूँ तो पता चल जाएगा कि लोगों में कितनी मानवता बाकी है। लेकिन ऐसा उसेने कभी किया नहीं। हमेशा जीतना और वीर होने का भाव ही उसे सुखद लगता था। भले ही और तरफ वह हारा हो, अगर एक गड्ढा मुझे जीत का अहसास देता है तो मैं अपने नियम का क्यों उल्लंघन करूँ ?

यह पात्र प्रेम भी नहीं करता था। प्रेम में उसे विश्वास ही नहीं था। उसे रोमांच में भी विश्वास नहीं थी। उसके स्वभाव में ऐसा कुछ नहीं दिखता था, जिससे द्वन्द, झगड़ा या नेतृत्व में से कुछ उत्पन्न हो, और कुछ हो या ना मगर वह अपने जीवन बड़े आराम के साथ जी रहा था। ऐसे पात्र में क्या मिलेगा लिखने को ? बलात्कार या शारिरिक अन्य क्रिया कलाप या किसी तरह का तरंग, कुछ भी नहीं था। शांत सरोवर की तरह वह अपनी जिन्दगी में ही खुश था। उसे अपने जीवन के प्रति कोई शिकायत भी नहीं थी। आठ बजे खाना खाने के लिए बैठता था। साढ़े आठ बजे घर से निकलता था। बस में ज़्यादातर लटककर ही जाता था। वापसी में पैसा है तो टैक्सी नहीं तो चलकर ही घर आने की हिम्मत रखता था। ऐसे जीवन में क्या खोजें और क्या लिखें ?

ऐसे में मैंने सोचा-पात्र को काल्पनिक बना दिया जाए। उसके बाद कुछ भी कराया जा सकता था पात्र के द्वारा।

एक दिन पात्र आ रहा था। पीछे से आवाज़ आई - सर। उसने देखा पड़ोसी था। पड़ोसी ने आकर कहा- सर अब वह गड्ढा भरने के लिए पैसा निकासा होने को है।

उसने कहा- ए... ।

उसने इतनी धीमी आवाज़ में ए इसलिए कहा क्योंकि ४- ५ वर्ष में वह उस गड्ढे के बारे में कितनी बार कह चुका था। वह अपने आपको समाजसेवी कहता था। कभी नहीं भरा वह गड्ढा। अभी इधर आकर उसने कहना छोड़ दिया। एक यही तो गड्ढा था जो उसे जीत का अहसास दिलाता था। ये जीत खोकर वह हर रात पराजित नहीं होना चाहता था।

रुखे स्वभाव का वह आदमी आज इतने विनम्र भाव में कैसे बोला। उसमें भी गड्ढा भरने का विषय क्यों लाया ? पात्र को यह आश्चर्य हो रहा है।

कुछ देर बातचीत करने के बाद समझ में आया, चुनाव का समय था और वह उम्मीदवार बना था।

मोहल्ले में ऐसा होता रहता था।

इसलिए मैंने सोचा, पात्र को काल्पनिक बना दिया जाए तो कुछ भी लिख देने से हो जाएगा। एक बार मन में आया कि इसे भी उम्मीदवार बना दिया जाए और लिखूँ। लेकिन चुनावी दाँवपेंच मुझे नहीं आते, यह कहना अवास्तविक होगा। एक तो मेरी कहानी वैसे भी मान्यता प्राप्त नहीं, ऊपर से अपने को ही अवास्तविक लगे तो कैसे लिखे ?

लिखना तो जैसे भी पड़ेगा। क्योंकि यह मेरी

कमज़ोरी हो चुकी है। मुझे पता है कि इससे मुझे कुछ पैसे तो मिल जाते हैं । फ़िर ऐसी कहानी जिसमें कुछ न हो, ऐसे पात्र लेकर कैसे आगे बढ़ूँ जिसमें कुछ नहीं है। पेनाल्टी मिली है और रोकने के लिए गोलकीपर भी नहीं। ऐसी परिस्थिति है अभी मेरी। और क्या होगा ? इससे पाठक से भी ज़्यादा दूसरे लेखक के ही खफा होने का डर है लेकिन यह अवसर भी तो नहीं छोड़ सकता। दरिद्रता बहुत शक्तिशाली होती है। वह कितने असफल कार्य में हाथ लगाने को मजबूरकर देती है। पहले के ज्ञान और सफलता में भी।

अब जो होगा सो होगा। ऐसे भी कमज़ोर वैसे भी कमज़ोर। एक बेकार, नालायक और जीवन में लिखने लायक कुछ भी नहीं हो ऐसे पात्र को लेकर मैं लिखने लगता हूँ।

शुरू करने से पहले एक ज़रूरी सूचना अवश्य देना चाहता हूँ। जिस पात्र को मैंने काल्पनिक कहाँ, वह वास्तव में मैं ही हूँ। अब तो स्पष्ट हो गया होगा, यही एक पात्र मेरे लिए बाकी क्यो रहा ?

मैं स्वयं भी जीवन में काल्पनिक से क्या कम हूँ ?

अनुवादक : कंचना झा

कहानी

विलय

ध्रुव सापकोटा

उनके मन पर शून्य का कब्ज़ा है। उनके मस्तिष्क में गूँजता रहता है– मैं शून्य में शून्य की तरह विलीन हो गई। उन्हें शून्यता का बोध क्यों हुआ ? मेरे मन में प्रश्न उठा है। यह शून्यता स्वयं आकर यों ही बैठा तो अवश्य नहीं होगा। वह कहती हैं– मैं शून्य में हूँ। उन्होंने महाकवि देवकोटा की याद दिलाई है। उन्होंने 'विलीन हो गई' कहा।

इस समय मैं उनकी चाय दुकान में हूँ। वह मुस्कुरा उठती हैं। वह गोरी हैं। उन्होंने सफ़ेद कमीज लगाई है। उन्होंने काजल लगाया है। पुरुष शैली वाले बाल हैं। उन्होंने काला पैंट लगाया हुआ है। उनकी छाती पुष्ट दिखती है। इतनी सुबह ही वह सजधजकर आ पहुँची हैं। वह मोहक दिख रही हैं। पुरुष मन मोहित हो जाता है।

उनकी चाय दुकान में मेरे आने-जाने का दौर बहुत पुराना नहीं है। मैं कौन हूँ, कहाँ का हूँ, क्या हूँ, यह उन्हें पता नहीं है। इतना भर उन्हें पता है– मैं उनकी चाय दुकान का नियमित ग्राहक हूँ, हफ़्ते में एक बार पहुँचने वाला। वह भी सुबह-सुबह। पहली बार मैंने उनसे कहा था– "चीनी कम, रंग कड़ा। उसके बाद से मुझे कहना नहीं पड़ा। मेरी पसंद की चाय मेरे सामने आ जाया करती है। इस समय मैं अकेला ग्राहक हूँ।

"आज आप आई हैं।" मैं कहता हूँ।

"उसकी तबीयत ठीक नहीं है।" वह कहती हैं।

"इस शहरी वातावरण का असर तो होगा न ?"

"इसकी तो हमें आदत पड़ चुकी है।" मेरी इस चाय दुकान की दोनों तरफ़ के रास्ते धूल भरे हैं। गाड़ियाँ लगातार धूल उड़ाती हैं। शाम तक तो इस दुकान में जगह-जगह धूल ही धूल हो जाती है।"

"वैसे उसे हुआ क्या है ?"

"कल उसने कुछ ज़्यादा ही पी ली थी।"

"क्या उसे ज़्यादा पीने की आदत है ?"

"दबाकर ही पीता है।"

"डरता नहीं है ?"

"डर वर कुछ नहीं है।"

"मेरा एक दोस्त है। बहत्तर साल का है। हर दिन आठ पैग पीता है।"

"अब वह कितना पीता है, मुझे पता नहीं।"

"मेरा दोस्त तो सुबह से ही पीने लगता है।"

"नहीं, वह सुबह से तो नहीं पीता।"

"इस नाश्ते की दुकान के बोझ से तो नहीं ?"

"पता नहीं।"

"आपकी ज़िम्मेदारी के बोझ से हो शायद।"

"हो सकता है।"

"मेरे दोस्त के ऊपर तो कोई ज़िम्मेदारी ही नहीं है।"

"आपके दोस्त सामाजिक अनुशासन शायद भूल चुके हैं।"

"आपको पीने वाले लोग पसंद नहीं हैं ?"

"बिलकुल नहीं।"

"जीवन में जो चीज़ अच्छी नहीं लगती, वही झेलना पड़ता है।"

"अजीब लगता है। देर से आने पर तो झुलस जाती हूँ। नींद भी पूरी तरह खराब हो जाती है। उसके मुँह की बदबू से मितली-सी होने लगती है।"

"क्या वह रोज़ पीता है ?"

"अक्सर पिए हुए ही देखती हूँ।"

"घर में पीता है या बाहर ?"

"अक्सर बाहर ही, दोस्तों के साथ।"

"क्या उसके दोस्त बहुत हैं ?"

"हैं। बेसिर-पैर के। बेताल बेसुरी बातें करने वाले। मुझे तो बिलकुल भी पसंद नहीं हैं।"

मेरे दोस्त लोग आ चुके हैं। यह चाय दुकान हमारी भेंटघाट की जगह है। यहीं से हमारी सहयात्रा शुरू होती है। हम सेहत बनाने निकले हैं। एक के दूसरे से फ़ायदा लेने की संभावना नहीं है। सभी दोस्त साठ से उपर के हैं।

"आप लोग झुंड में ही क्यों निकलते हैं ?" वह कहती हैं।

"हम डरपोक हैं।" मेरा दोस्त कहता है।

"मैं नहीं मानती। आप मज़ाक कर रहे हैं। मेरे दोस्त का जवाब उन्हें दुरुस्त नहीं लगता।"

"कभी भी हादसा हो सकता है।" मेरा दोस्त कहता है।

"आतंकवादी के मारने का डर ? या गुंडों के मारने का डर ?"

"गाड़ियों का डर। एक को टक्कर दी तो दूसरा अस्पताल पहुँचा सकता है। अगर मार ही दिया तो समय पर ही परिवार वालों को खबर मिल सकती है।"

इस बूढ़ी उम्र में भी काफ़ी सजग और सतर्क हैं।" वह कहती हैं।

"वक्त का तकाज़ा है।" दोस्त कहता है।

"इस उम्र में भी बड़े हिसाब-किताब से जीते हैं।" वह कहती हैं।

"आप भी तो यह चाय दुकान हिसाब-किताब से ही चला रही हैं।"

"यह मेरा चुनाव नहीं है। मैं बस शामिल हुई हूँ। यह चाय दुकान तो मेरे आने के पहले से चल रही है। वह कहती हैं।

मेरे दोस्त चाय पी चुके हैं। वे लोग मुझसे अलग रुचि के हैं। वे लोग लाल चाय, वह भी बिना चीनी के पीते हैं। अगले हफ़्ते जब मैं पहुँचा तो वह अकेली थीं, चूल्हे पर दूध उबालती हुई। टेबल पोंछने लगी थीं। आज भी पूरी तरह सजी सँवरी।

"आज भी मैं ही पहला हुआ।" मैं कहता हूँ।

"जब भी पहले होने की आदत है क्या ?" वह कहती हैं।

"नहीं नहीं, इम्तिहान में जब भी दूसरा ही हुआ। बस पास हुआ। नौकरी में जब भी पिछड़ता रहा। अभी उपलब्धिहीन स्थान में ही पहला हुआ हूँ।"

"आपके साथ बात करने में बड़ा अच्छा लगता है।"

"इतनी प्रशंसा करने वाला इंसान आजकल नहीं मिलता।" मैं कहता हूँ।

"यह कोई प्रशंसा नहीं है। बस मन में जो आया, वही कह दिया।" वह कहती हैं।

"वो कहाँ है ? आज भी आप ही की बारी है ?" मैं प्रसंग बदलता हूँ।

"आज तो वह नेता के घर गया है।"

"ठेका-पट्टे की पैरवी करने गया है क्या ?"

"ठेका-पट्टा भी सभी नेता के हाथ में होता है भला ?"

"नेता ही तो हैं देश के सर्वेसर्वा।"

"वह ठेका-पट्टा को लेकर नहीं गया है।"

"कहीं नौकरी करने की सोच तो नहीं बनाई है ?"

"नौकरी भी नेता ही बाँटते हैं क्या ?"

"बड़े-बड़े महत्वपूर्ण पद तो उन्हीं लोगों के हाथ होता है।"

"इतनी बढ़िया सोच बनाता तो बात ही अलग होगी।"

"यों ही तो नेता के घर चाकरी में वह गया नहीं होगा। वह भी आपको तकलीफ़ देकर।"

"उस पर चुनाव की सरगर्मी सवार है।"

मेरे लिए यह अनपेक्षित बात थी। यह आदमी हमारे साथ विदेशों से आने वाली नेपाली लाशों की बातें करता था। बेची गई लाखों नेपाली बेटियों की बातें करता था। झोपड़ियों में कष्टकर जीवन गुज़ार रहे भूकंप पीड़ितों की बातें करता था। भूखे नेपालियों की बातें करता था। चम्चों के विरुद्ध लंबी-चौड़ी व्याख्या करता था। उसे तो हम आम नेपाली को लेकर जिज्ञासु समझते थे। वह तो चुनाव में भाषण करने के लिए अभ्यास किए जा रहा था।

"यह तो बड़ा ही काम है। इस आदमी के व्यक्तित्व का यह आयाम तो हमें पता ही नहीं था।" मैं कहता हूँ।

"मुझे भी कहाँ पता था।" वह कहती है।

"इंसान का भीतरी उद्देश्य पता ही नहीं चलता।"

मैं कहता हूँ।

"एक ही बिस्तर पर सोने वाले को तो पता ही नहीं चलता, औरों को कैसे चले ?" वह कहती हैं।

"अब आपको उसके चुनाव क्षेत्र में जाना नहीं पड़ेगा ?"

"नहीं पड़ेगा।"

"उसे चुनाव क्षेत्र में साथ देने वाला कौन है ?"

"सारा इंतज़ाम नेताओं ने किया है।"

"पर्चा, घोषणा पत्र कई सारी चीज़ें होंगी।"

"सब नेता लोग करते हैं।"

"आप तो अब गाड़ी, क्वार्टर, विदेश यात्रा सारे सपने देखने लगी होंगी।"

"नहीं, बिलकुल नहीं।"

"जीतने की संभावना कितनी है ?"

"वह जीतने के लिए खड़ा ही नहीं हुआ है।"

"तो फ़िर क्यों खड़ा हुआ है ?"

"खड़ा हुआ नहीं है, खड़ा किया गया है। दूसरे उम्मीदवार को हराने के लिए खड़ा किया गया है।"

"दूसरे के लिए प्रयोग किया गया है ?"

"कह सकते हैं।"

"परदे के पीछे कौन किसे प्रयोग करता है, हमें तो कुछ पता ही नहीं चलता। जनता के साथ धोखा नहीं हुआ ?"

"जनता को तो हमेशा धोखा ही मिला है। यह कौन-सी बड़ी बात हो गई ?"

"उस पर विश्वास करके दिए हुए जनता के मत बेकार होने वाले हैं, नहीं ?"

"दूसरे को हराने में काम आने वाले हैं। बेकार तो कह ही नहीं सकते।"

"आपके पति में धोखा देने की क्षमता है।"

"वही क्षमता देखकर तो नेता ने चुना होगा। वरना क्यों पैसे लगाता ? ज़्यादा चल्ती अभी धोखा देने वालों की ही है।"

अगले हफ़्ते पहुँचने पर उस चाय दुकान में वही थीं। दूसरे ग्राहक नहीं आए थे। वह कड़ाही में चने की सब्ज़ी पका रही थीं। अभी-अभी उबले अंडों को टेबल पर सजाकर रखी हुई थी।

"वह अब भी नहीं आया ?" मैं कहता हूँ।

"आ चुका है।" वह कहती है।

"अपने मिशन में कामयाब हो गया ?"

"यही कह रहा था।"

"गड्डी तो मोटी आई होगी ?"

"हो सकता है।"

"आपको नहीं बताया ?"

"उसने बताया नहीं, मैंने पूछा भी नहीं।"

"दोनों के रास्ते अलग-अलग हैं।"

"पता नहीं।"

"कम नहीं है आपका पति भी। हारने वाला युद्ध लड़कर खुश होने वाला है।"

मित्र लोग आ चुके थे। सब ने चाय पी। चुनाव की चर्चा करने की फुर्सत नहीं मिली। हम अपनी सहयात्रा में शामिल हुए।

अगले हफ़्ते उनकी चाय दुकान में पहुँचने पर पहला ग्राहक मैं ही था। उस दुकान के सामने एक कोना था। दीवार से सटाकर में गणेश जी की मूर्ति हाल ही में स्थापित की गई थी। सड़क पर चलने वालों ने गंदा करके उस स्थान को दुर्गंधित बना रखा था। गणेश की स्थापना ने गंदगी फैलाने वालों को सतर्क कर दिया था। उन्हें भगवान के सामने गंदगी करने की हिम्मत नहीं हुई थी। इस जगह परंपरावादी सोच ने काम किया था।

"ये तरकीब आपकी है क्या ?" मेरा प्रश्न था।

"मेरी भी कह सकते हैं।" वह कहती हैं।

"काम तो किया है।" मैं कहता हूँ।

"पहले भाषा काम करेगी, सोचा था। सूचना चिपकाई, काम नहीं किया। सूचना का अर्थ ही नहीं हुआ। अब ये दूसरी योजना है। कामयाब हुई। वह कहती हैं।

"वह अब भी नहीं आया ?" मैं प्रसंग बदलता हूँ।

"आ चुका है। घर में ही है। वह कहती हैं।

"चुनाव में थकान की वजह से सुस्ता रहा होगा।"

"नहीं, ऐसा कुछ नहीं है। अब से मैं हमेशा सुबह में आऊँगी।"

"आप लोगों के बीच यह क्या नया समझौता है ?"

"जी हाँ, हमने आपस में समझौता किया है।"

"यह नया समझौता करने को लेकर कैसे प्रेरित हुईं ?"

"यह मेरी ही योजना है। मैंने ही उसे मनाया है।"

"अच्छा ही किया। अब हमारे आने पर आपसे बातचीत होगी।"

"आजकल मुझे दोपहर को फुर्सत नहीं होती, इसलिए सुबह ही आने लगी हूँ। उसको दूसरी बारी दी है।"

"दोपहर को कहीं और काम करना शुरू किया है?"

"काम नहीं कर रही हूँ, पढ़ना शुरू किया है, हिब्रू भाषा सीख रही हूँ।"

"अब आपका अवतार बदल जाएगा।"

"आशा तो यही है।"

"आपकी उड़ान का अनुमान करना हमारे वश की बात नहीं है।"

"यह तो परिस्थिति की दी हुई सीख है।"

"अब आप इस चाय दुकान को कभी भी नमस्कार कर सकती हैं।"

"इस चाय दुकान का मोह ही क्या?"

"ऐसा मत कहिए। बिना मोह के कोई नहीं जुड़ता।"

"अपने माता-पिता का एक बार स्वागत करने की इच्छा तो पूरी नहीं कर सकी। ऐसे से भला क्या मोह?"

"यह तो मैंने कल्पना भी नहीं की।"

"सच कह रही हूँ। कुछ गलत नहीं कह रही। मैं अपने माँ-बाप को दूसरी बार चकित करना चाहती थी। उनसे शाबाशी पाना चाहती थी। उनसे आशीर्वाद चाहती थी। ये सब मेरे मन में ही सिमटकर रह गई।"

"माता-पिता को पहली बार कब चकित किया था?"

"तीन साल पहले।"

"कैसे?"

"इसके साथ शादी करके।"

"क्या आपने माँ-बाप की मर्जी से शादी नहीं की थी?"

"नहीं, इसके साथ शादी करने बाद ही उन्हें बताया था।"

"क्या यह आपका सहपाठी है?"

"सहपाठी भी नहीं है, हमउम्र भी नहीं।"

"संपर्क सूत्र क्या है तो?"

"यह तो मेरा फेसबुक फ्रेंड है। फेसबुक फ्रेंड ही पति बना।"

"आपमें चकित करने की कला मौजूद है। मुझे तो लगता है कि आपने माता-पिता को ही नहीं, पास-पड़ोस को भी चकित कर दिया।"

"क्या करें? वह कला मुझे किसी निष्कर्ष पर पहुँचा ही नहीं सकी। कोई ठिकाना ही नहीं बन पाया।"

"अब यह हिब्रु नया नक्शा खींचेगी।"

"यही सोचकर तो मेहनत कर रही हूँ।"

"और यह फेसबुक फ्रेंड?"

"तीन साल तो साथ रही न?"

"क्या यह जीवन भर का फ्रेंड नहीं है?"

"फल न देने वाला वृक्ष है।"

"आप भी अपने फ्रेंड को विचित्र विशेषण देती हैं।"

"मैं तो अभी शून्य में हूँ।"

"क्या कह रही हैं?"

"सच कह रही हूँ।"

मैंने उनके चेहरे को देखा। मैंने उनकी आँखों में देखा। वहाँ माँ-बाप नहीं थे। वहाँ पति नहीं था। वहाँ यह चाय की दुकान भी नहीं थी। सबसे आखिर में वहाँ देश ही नहीं था।

"देश काम आएगा। बाद तक काम आएगा। बचाइए।" मैं कहता हूँ। शून्य की अनुभूति की हुई महिला को इससे ज़्यादा क्या कहा जा सकता है?

तीसरे हफ़्ते मैं उनकी चाय दुकान में था। वहाँ दो अपरिचित लड़कियाँ थीं, अभी-अभी यौवन की दहलीज पर खड़ी हुई।

"वे लोग कहाँ हैं?"

"उन्होंने यह होटल हमें बेच दिया।" एक युवती जवाब देती है। वे लोग कहाँ गए, पूछने की आवश्यकता ही नहीं थी।

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

कहानी

अंतरदृष्टि

पद्मावती सिंह

आँख खुली, घड़ी देखी तो सुबह के तीन बज रहे थे। सुबह होने को है अब क्या सोना ? फ़िर भी एक दो घंटे और सो लेती, मन ही मन सोचा। नींद न आए तो मन में अनेक बातों का आना स्वभाविक है। मन में बहुत सी बातें आ रही थीं। इतने में ही कल शाम असन की भीड़ में दिखी एक महिला की आकृति मन में आ गई। वह मुझसे बात करना चाह रही थी लेकिन असन की भीड़भाड़ और धक्काधुक्की के कारण मैंने उससे बात करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

"अंतरदृष्टि में वह दिखाई दी। आपने ऐसा किया जैसे मुझे जानती तक नहीं।" मुस्कुराते हुए उसने कहा।

"कौन हो तुम ? " उसे पहचानने की कोशिश करते हुए मैं बोली।

"मैं फूलमती...।" उसके परिचय देने के बाद मैंने उसे पहचाना। लम्बे अंतराल के कारण मैं उसे भूल चुकी थी। उसके बाद मेरे मन-मस्तिष्क में फूलमती फैलती चली गई। अतीत में उसके साथ घटित एक घटना के साथ मेरा गहरा संबंध था जिसके कारण मेरी सोच शृंखलाबद्ध रूप में दस वर्ष पीछे दौड़ने लगी। वह घटना भूलने लायक नहीं थी। समय के गर्भ में इतने दिन खो जाने के बाद भी फूलमती जब अंतरदृष्टि में दिखाई दी तो मेरे मानस पटल में वह घटना पुनरावृत्त होने लगी। मैंने याद किया- झमाझम बारिश हो रही उस शाम को।

सावन की झड़ी लगातार बरस रही थी। कीचड़ के कारण बाहर निकलने की स्थिति नहीं थी इसलिए मैं घर में ही थी। खिड़की के पास बैठे मैं बारिश का आनंद ले रही थी कि उसी समय फोन की घंटी बजी। फोन उठाया। सुधा का विचलित स्वर कान में तरंगित हुआ। शुभेच्छा, ज़रूरी काम है। जैसे भी हो, कुछ देर के लिए मेरे घर आओ।

"क्यों, ऐसा क्या हुआ ? " एक ही साँस में मैं बोल गई। "मेरा तो जहाज ही डूब गया।" वह रुग्ण स्वर में बोली। ठीक है मैं अभी आती हूँ । कहते हुए मैं उसी वक्त उसके घर पहुँची। गर्भवती होने के कारण सुधा कुछ दिन पहले ही अपनी माँ के पास आई थी।

घर में प्रवेश करते ही उसने ज़ोर से मुझे पकड़ लिया और विषादपूर्ण स्वर में बोली-

'देखो शुभेच्छा, फूलमती सुधाकर के बच्चे की माँ बनने वाली है। अब क्या किया जाए ? मेरो तो जहाज ही डूबने लगा।

उसकी बात सुनकर मैं अवाक् रह गई। वह कहती गई-

कल दीदी मेरा कुछ सामान लेकर घर पर गई थी। उन्होंने ज्योंही फूलमती को देखा समझ गई कि वह पेट से है। जब उन्होंने मुझे यह बात बताया मुझे तो लगा जैसे मैं आसमान से गिर गई। तत्काल मैं दीदी से साथ घर गई। घर में फूलमती अकेली थी। उसे कठघरा में खड़ा कर हम दोनों उससे पूछताछ करने लगे। पहले तो वह कुछ नहीं बोली। फ़िर दीदी ने उसे सत्य बात बिना डरे बताओ। तब जाकर उसने स्वीकार किया कि वह पेट से है। मैं भी कितनी मूर्ख ? सोच रही थी कि वह मोटी हो गई है।

जिस समय उसकी स्वीकृति आई, वह हाँ बोली मुझे ऐसा लगा जैसे आसमान से गिर गई हूँ, बिल्कुल मुर्दा समान हो गई मैं। अपने नवजात शिशु का भविष्य संकट में पडा देख रही हूँ मैं। इतना गुस्सा कि आगे कुछ दिखाइ न दे। ज़ोर से गाल पर एक चाटा मारा, वह थर थर कांपती हुई रोने लगी। रोते हुए

बोली- मालकिन साहेब, मालिक ने मुझसे जबरदस्ती किया। मैं आपको कहना चाहती थी लेकिन डर गई। कहते हुए वह फ़िर रोने लगी।

उसके बाद हम दोनों एक दूसरे का चेहरा देखते रहें।

उसकी बाँहों को पकड़कर मैं चिल्लाई-तुम मेरी सौतन बनना चाहती हो ? जिस थाली में खाया उसी में छेद ? पातकी कहीं की...। जाओ अभी घर से निकलो। मैं उसके बाल को पकड़ घसीट के बाहर निकालना चाहती थी लेकिन दीदी ने मुझे रोक लिया। और कहा-"ऐसे समय में क्रोध नहीं, विवेक से काम लेना चाहिए ...।"

दीदी के समझाने के बाद मैं कुछ शान्त हुई। उसके बाद सुधाकर को बिना बताये हुए फूलमती को लेकर हम लोग यहाँ आए है। वह कल से बिना कुछ खाये बैठी है। "मुझे विष दे दीजिए मैं मरना चाहती हूँ " कह रही है।

सुधा की बात सुनकर मैंने शान्त स्वर में कहा- देखो सुधा, हम लोग पत्रिका में पढ़ते थे कि घर में काम करने वाली लड़कियाँ अपने मालिक द्वारा बलात्कार का शिकार होती है। फूलमती बहुत सीधी है इसलिए ऐसी घटना हुई। उसे दोष देकर या सजा देकर कोई फायदा नहीं है। बेइमान तो सुधाकर है। अब फूलमती को बली का बकरा बनाने से अच्छा उसका उद्धार कराना चाहिए हमें। ऐसा तरकीब निकलना चाहिए कि साँप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे।

"कैसै ? " सुधा मेरे चेहरे के तरफ देखते हुए बोली। मेरा एक दोस्त स्त्री रोग विशेषज्ञ है। चुपचाप गर्भपतन करवा देते हैं, सुधाकर को बिना जानकारी दिए फलमती को उसके गाँव भेज देतें है और जितनी जल्दी हो सके उसकी शादी करा देतें है। इस काम की जिम्मेदारी मैं लेती हूँ। मेरे इतना कहने के बाद दीदी मेरी बातों से सहमत हुई । उसी योजना के तहत मैंने फूलमती के गर्भपतन में सक्रिय भूमिका निभाई। गर्भ दो महीने का ही था इसलिए ज़्यादा खतरे की बात नहीं थी। कुछ दिन घर में रखकर उसे पौष्टिक आहार दिया और फ़िर मैंने उसे उसके गाँव पहुँचा दिया। सुधा ने उसको तन्खाह में कुछ बढ़ाकर दस हजार रूपया भी दिया था। वह पैसा मैंने फूलमती के पिताजी के हाथ में रख दिया और जल्दी ही मैं उसको गाँव से वापस आ गई। उसके बाद जैसा कि हमने सल्लाह दिया था ठीक उसी तरह एक लाहुरे के साथ उसकी शादी हुई और वह मलाया के तरफ चली गई। यह बात फूलमती के पिताजी ने मुझे बताया।

बात अगर इतने में ही खत्म हो जाती तो ठीक थी लेकिन घटनाक्रम कुछ इस तरह आगे बढ़ा कि फूलमती के घर से गायब होने के बाद सुधाकर ने उसकी बहुत तलाश की। घर में काफी समस्या खडा किया। सुधा के साथ बहुत पूछताछ की। सुधा कहती थी उसे क्या पता वह तो माँ के घर गई थी, ऐसा व्यवहार दिखाया मानो उसको कुछ पता ही नहीं। फ़िर वह पुलिस के शरण में भी गया। लेकिन फूलमती का गाँव और पता कुछ भी मालूम नहीं होने के कारण वह चुप तो हो गया लेकिन सुधा को वह शंका की नजर से देखने लगा। इतना ही नहीं इसके बाद उसके व्यवहार में एकाएक बहुत बड़ा परिवर्तन आया। अब उसने सुधा और अपने नवजात शिशु से वास्ता करना भी छोड़ दिया। हमेशा आफिस से लौटने के बाद घर नहीं आकर इधर-उधर भटकता था, रात को देर से घर आता था और झगड़ा करने लगता था। वह एकाएक कठोर पति में परिणित हो गया। सुधा के शरीर पर वह जहाँ तहाँ आक्रमण करता था और अप्राकृतिक यौन सम्पर्क रखने लगा। इस तरह सुधा के जीवन को उसने नर्क बना दिया।

जब यह सब बात सुधा ने मुझे बताई तो मुझे बहुत दुःख हुआ।

एक दिन मैं घुमते हुए सुधा के घर गई थी। सुधाकर भी घर में ही था। प्रसंगवश फूलमती की बात निकली। "फूलमती को किसी ने गायबकर दिया, नहीं तो इतनी सिधी लड़की ऐसे ही गायब हो जाएगी ? " सुधारकर ने अपनी शंकालु दृष्टि सुधा की ओर देखकर गुस्साते हुए कहा।

"बच्ची थोड़े ही है, जो कोई गुमकर दे और लापता हो जाए। जवान थी, मन में उमंग था किसी के साथ चली गई होगी।" सुधा ने इतना कहा ही था कि सुधाकर चिल्लाकर बोला-

"वो इतनी आसनी से बहकने वाली लड़की नहीं ... समझी। ऐसे ही किसी को बिना कुछ कहे वह जाने वाली नहीं थी। किसी ने घात किया है। जिस दिन मुझे पता चलेगा देखना मैं क्या करता हूँ।"

हाँ, अब किसी के साथ जाने वाली लड़की भी सबको पूछकर जाएगी। पक्का वह किसी के साथ चली गई। नहीं तो चुपचाप क्यों भागती ? सुधा सरासर झूठ बोली।

"कैसे जाएगी किसी के साथ ? किसी के साथ जाने की अवस्था में ही नहीं थी वह" सुधाकर ठोककर बोला।

"कैसी अवस्था ? किसी के साथ भागने वाले को कोई रोक सकता है। अपनी बेटी किसी के साथ चली जाए तो चुप रहना पड़ता है, एक काम करने वाली लड़की के लिए इतना महाभारत क्यों मचा रहें है ? " अब सुधा भी गुस्से से बोली।

वह किसी के साथ नहीं गई । या तो कोई बहलाकर ले गया या फ़िर किसी दुर्घटना का शिकार हुई फूलमती। सुधाकर थोड़ा विचलित होते हुए बोला।

मैंने सुधा को बात आगे नहीं बढ़ाने का संकेत किया और फ़िर वह चुप हो गई।

उन दोनों के वाकयुद्ध का मैं चुपचाप प्रत्यक्षदर्शी बन वहाँ बैठी रही । डरते हुए धीरे से मैंने मुँह खोला-

"जिस बात को कुरेदकर किसी को फायदा होने वाला नहीं है उसे कुरेदकर क्यों लड़ाई झगड़ा कर रहे है आपलोग ? ठीक है किसी के साथ भागी नहीं होगी, हो सकता है अपनी स्वेच्छा से ही घर से चली गई हो। किसी के बहकावे में आकर तो निश्चित ही नहीं गई होगी। फूलमती की उम्र हो गई थी, गई होगी कहीं।"

मेरे इतने कहने पर एक बार मेरे तरफ क्रोधित नजरों से देखा और बिना कुछ कहे सुधाकर वहाँ से चला गया।

उसके बाद सुधा चिन्तित होते हुए बोली- "मुझे लगता है सुधाकर ने फूलमती को सिर्फ अपनी यौनतृष्णा मिटाने के लिए प्रयोग नहीं किया था, वह उसे घर वाली बनाकर रखना चाहता था। नहीं तो इतनी खोजखबर इतना क्रोधाग्नि क्यो ..? "

शायद हमने समय में ही बुद्धि प्रयोग किया। मैंने इतना कहा ही था कि सुधा बोली- "समय में बुद्धि प्रयोग नहीं किया होता तो मैं तो न घर की न घाट की हो कर रह जाती।" वैसे तो मैं उसके घर में पत्नी की तरह रह रही हूँ लेकिन पत्नी का सम्मान मुझे सुधाकर ने नहीं दिया। न तो उसकी पत्नी हो कर रहने में मुझे सन्तोष है। विश्वासघात का चोट अपने दिल में लिए जबरदस्ती उसके साथ रह रही हूँ। इस नवजात शिशु के भविष्य की चिन्ता न होती तो मैं कब के घर से निकल चुकी होती।

काश कि अपने पैरों पर मैं खड़ी हो सकती तो, कही नौकरीकर बेटे को पाल लेती लेकिन अच्छा लड़का कहकर मौसी की बातों में आकर माँ पिताजी ने कम उम्र में ही शादीकर दी। उस समय मैं कक्षा दस में पढ़ रही थी।"सुधा जब अपनी वेदना सुना रही थी तो पहली बार मुझे पता चला कि आर्थिक निर्भरता महिला को विवश और कमज़ोर ही नहीं बनाती उसे आँसू पीने को बाध्य भीकर देती है। मुझे लगा- ये कहानी सिर्फ सुधा की नहीं, आम नेपाली महिला की है।

सब अपनी भुगताई की बात है। मन छोटा मत करो। परिस्थिति का डटकर सामना करो। सुधा को शांत्वना देकर मैं घर लौटी। उसके बाद सुधा और सुधाकर के बीच का संबंध बस औपचारिकता में सीमित हो कर रह गया। सुधाकर सुधा के ऊपर मनमानी करता था, सुधा चुप हो कर रह जाती थी। जब वह बहुत विचलित हो जाती थी मेरे यहाँ आती मेरे कंधो पर सर रखकर रोती थी।

ये सब बात अब सामान्य सी हो चुकी है। उसने अपने जीवन को अपने बच्चे के स्वास्थ्य और विकास में बंधक रखकर, वह जीवन रूपी नाव को मझधार में रखकर बह रही थी। अचानक फूलमती को जब मैंने कल देखा तो मेरा मन अपराध बोध से भर गया।

मैंने अपने दोस्त के गृहस्थी को बचाने के लिए कही फूलमती के साथ घात तो नहीं किया। उसके मातृत्व और स्त्रीत्व को उपहास करने में मैंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह किया था। उसने गर्भपतन से पहले कितनी मानसिक पीड़ा सही होगी, गर्भपतन के बाद अपने कोख को कितनी बार धिक्कारा होगा, ये तो उसी को पता होगा ..। मगर उसके लिए दोषी तो मैं भी हूँ। मुझसे एक अवमाननीय काम तो हुआ ही है। दूसरे को ठगा जा सकता है लेकिन अपनी आत्मा को नहीं। मन में अपराध बोध घर कर रहा था, लेकिन दूसरे मन ने कहा-

हो सकता है, मैंने जो किया उसने फूलमती को संकट से उबार दिया हो ? सुधाकर की रखौटी होने से

अच्छा किसी की अर्धांगिनी बनकर सम्मानपूर्वक जीवन बिता रही हो..। अगर ऐसा हुआ होगा तो मेरे से उपकार और उद्धार का कार्य हुआ है, मानना ही पड़ेगा।

मुझे एक बार फूलमती के वर्तमान के बारे में जानने की जिज्ञासा हुई। कल जब मैंने उसे देखा तो वह तो अच्छी लग रही थी, ऐसा लग रहा था जैसे खाते पीते परिवार से ताल्लुक रखती हो। पहनावा भी अच्छा ही था। दुख हुआ होता और मेरे से ईर्ष्या होती तो मुझसे बोलने को उत्सुक क्यों होती ? जब मन में यह बात आई तो थोड़ी शान्ति की अनुभूति हुई।

सुबह होते ही मैंने सुधा को फोन किया और उसे बताया कि फूलमती को मैंने असन में देखा था। वह फोन पर धीरे से बोली-" ए धीरे से बोलो, सुधाकर उठ चुका है। वह सुनेगा तो तमाशा खड़ा करने लगेगा।"यह कह उसने झट से फोन रख दिया।

दस वर्ष बीत जाने के बाद भी सुधा अभी भी अपने आपको फूलमती से असुरक्षित अनुभव कर रही है। उसके फोन वार्तालाप से यह स्पष्ट था।

दिन में जब सुधाकर आफिस गया तो सुधा मेरे घर आई।वह फूलमती के साथ कैसे और कहाँ मुलाकात हुई, विस्तार से बताने को कहा।

जब मैंने उसको सब बातें बताई तो वह चिन्तित हो गई और बोली- "अगर सुधाकर और फूलमती की मुलाकात फ़िर से हो जाती है तो मुझे बड़ी दिक्कत होगी। मुझे मारने में भी देर नहीं लगायेगा सुधाकर। एक बार उसके साथ मिलकर बात करनी ही होगी।"

"इसका मतलब मुझे फ़िर से एक बार उसके गाँव जाना होगा ? " उसकी मनसा समझकर मैंने बोला।

"हाँ, एक बार फ़िर मेरे लिए जाओ।" सुधा के बात को मैं टाल न सकी और कहा "ठीक है।"

हमारे बीच बातें हो ही रही थी कि दरवाजे का डोरबेल बजा।दरवाज़ा खोलते ही फूलमती को अपने आगे देखकर जिन खोजा तिन पाइया जैसे लगा।

फूलमती बड़े प्रसन्न मुद्रा में घर भीतर आई।। हम दोनों को एक ही साथ देखकर दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन किया। ऊपर से निचे तक गहनों से लदी हुई थी। उसको इस हालत में देखकर हमारे चेहरे पर खुशी छा गई।

फूलमती तुम खुश तो हो ना ? उसने होठों पर मुस्कान लाते हुए कहा - "मैं आप दोनों की बहुत अभारी हूँ।अगर उस समय गर्भपतन में आप लोगों ने सहयोग नहीं किया होता और मेरे पिताजी के हाथ में शादी का खर्च नहीं दिया होता तो मेरा जीवन कितना भयावह होता मैं कल्पना भी नहींकर सकती। खासकर शुभेच्छा मेडम की तो मैं ऋणी हूँ । उनकी अंतरदृष्टि ने मेरे जीवन को नरक होने से बचा लिया । फ़िर एक माँ की तरह मेरी सेवा की और मुझे घर भेजा। "उसकी आँखों से आँसू निकलने लगे।

"वह एक दुर्घटना थी तुम्हारे जीवन की। पुरानी बातो को यादकर अपना मन छोटा मत करो, वरन यह बताओ कि तुम्हारी जिन्दगी कैसी चल रही है ?"

"बहुत सुख के साथ जिंदगी चल रही है। पति तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि आँख में रख ले। फूल जैसे दो बेटे हैं। कुछ दिन के लिए माँ के घर आई थी कल मलाया वापस चली जाउगी । कल आप को यहाँ देखा तो अपने आप को रोक न सकी और मिलने के लिए आ गई।"

फूलमती की बातों को सुनने के बाद हम दोनों ने चैन की साँस ली। फूलमती की बातों से कभी कभी जब उसके गर्भपतन की बात मन में आती थी तो अपराध बोध होता था । वह अपराध बोध मन से निकल गया। मैं अपने आप को बहुत हल्का महसूस कर रही थी।

चाय और नाश्ता करने के बाद सुधा और फूलमती दोनों अपने अपने घर के लिए चल दिए, और मैं मन में अनेको ताना बाना बुनने लगी।

"जीवन कितना रहस्यमय ? किस क्षण क्या हो जाए कोई नहीं कह सकता ...? जैसा भी घटना या दुर्घटना हो जाए जीवन बिना रोक टोक के आगे बढ़ता रहता है। जीवन में आने वाली घटना जिन्दगी भर पीछा नहीं छोड़ती। फूलमती और सुधा के जीवन में मैं कैसे जुड़ गई। सोचते हुए भी आश्चर्य लगता है।

सुधा और फूलमती के जीवन में मेरी भूमिका सकारात्मक या नकारात्मक जो भी हो लेकिन मेरी भूमिका दोनों के जीवन में महत्वपूर्ण है। इस बात में मैं विश्वस्त हूँ।

अनुवादक : कंचना झा

कहानी

घर नं. ६

परशु प्रधान

अब आकर मुझे समझ में आया कि हमारे संबंध की नींव बहुत ही कमज़ोर और विरोधाभाषपूर्ण था। तकरीबन बीस वर्ष का सस्ता संबंध, पीड़ादायी और भयानक समय मैंने कैसे बिताया ?

मैं हमेशा आगे बढ़ना चाहती थी एक दृढ संकल्प था मुझमें कि अपने कदम कभी भी पीछे नहीं हटाना चाहिए, अपने जीवन में अर्धविराम और पूर्णविराम का चिह्न मैंने कभी नहीं चाहा या कहें कि मुझे अच्छा ही नहीं लगा। जिसे आजकल अग्रगामी सोच या परिवर्तनकारी दृष्टिकोण कहके परिभाषित किया जाता है, उसका पूर्ण परिभाषा जाने बगैर मेरे भीतर बचपन से ही विद्रोह की ज्वालामुखी थी जो समय समय पर फटता है और हम विभाजित होते हैं।

किसी विपन्न और गरीब राष्ट्र के सुन्दर पहाड़ की कुरूप बस्ती में, हमेशा जंगली आग के चपेट में रहे गाँव के एक विपन्न परिवार में जन्म लेना ही मेरा अपराध था। अपनी बाल्यावस्था में ही मेरे मन के किसी कोने में स्पष्ट निशान लगा था तुम्हारा परिवार इस गाँव के गरीब परिवार में से एक है। तुम्हारे पास धान के लिए एक टुकडा ज़मीन नहीं। तुम्हारे पहाडी बारी में मकई के अलावा और कुछ नहीं उपजता। पूर्व जन्म के किसी पाप के कारण तुम्हें इस नरक में छोड़ दिया गया है। जब कभी किताब और कापी की ज़रूरत होती - मैं सिर्फ रोती थी। मैं घर में नहीं कह सकती थी कि - माँ मुझे किताब खरीद दो कापी खरीद दो। कई महीने फी नहीं देने के कारण नाम कटने की सूचना जब सर देते थे तो मैं मुर्दातुल्य हो जाती थी। मैं प्रत्येक दिन सर से आग्रह करती थी - सर मैं कल ज़रूर फी दे दूँगी। मेरा नाम मत काटिए और वह कल कभी नहीं आता था । तीन चार महीने के बाद माँ गाँव से बोहनी करके पैसा लाती थी जिससे मुश्किल से एक महीना का फी दे पाती थी। लेकिन फ़िर तीन महिना का फी बाकी रह जाता था। सुबह शाम पहाड के नीचे पहुँचकर घास काटना, गाई चराना और तरकारी के लिए टाँकी का पत्ता खोजना मेरी दैनिकी होती थी। पढ़ाई के लिए समय कम होता था फ़िर भी देर रात तक रट्टा लगाती थी। कभी कभी रेडियो में आई क्रान्तिकारी गीत मुझे आकर्षित करती थी और मैं स्कूल में अपने साथी सबको सुनाकर ताली और शाबाशी बटोरती थी। जंगल किनार जाकर सोचती थी- घास काटने वाले इस हसिया को विद्रोह और क्रान्ति के प्रतीक में अनुवाद करना होगा।

इसी बीच एक शाम माँ मुझे एकान्त में बुलाकर बहुत देर रोई। भाई बहन सब सो चुके थे। पिताजी शायद कहीं दूर गए थे। अत्यन्त ठंड की उस रात में मैंने माँ को पूछा- क्या बात है माँ, आप क्यों रो रही हैं ? कहिये कोई संकट तो नहीं आया है ?

"मैं नहीं कह सकती मीना ! कैसे कहुँ....." थोड़ी देर वह रोती रही। घर पर या तो कोई बड़ा संकट आया है या हम किसी षडयन्त्र के शिकार हो गए हैं, इसी तरह की बात मैं सोचने लगी।

"हम लोग तुम्हें छोटी बच्ची सोच रहे थे। लेकिन और लोग तुम्हें बड़ा समझने लगे हैं। तुम्हें बड़े घर से मांगने के लिए आए हैं....." माँ धीरे से बोली।

"आया तो क्या ? मुझे अभी शादी नहीं करनी है। मुझे बहुत पढ़ना है। उन्हें मनाकर दीजिए" मैंने सामान्य रूप से कह दिया।

तुम्हें दे दिया जाए तो हमारे भाग्य ही बदल जाएँगे। बहुत धनी घर से रिश्ता आया है। हमें पहाड की इस दुख कष्ट भरे जीवन से मुक्ति मिल जाएगी। वे लोग झापा में चार पाँच विघा ज़मीन भी देने वाले हैं। वहाँ हम लोग जा सकते हैं और रह भी सकते हैं।

"तो इसमें चिन्ता की क्या बात है, माँ। यदि आपका कहना सच है तो माँ बाप, भाई बहन के लिए

मैं अपना सर्वस्व त्याग करने को तैयार हूँ। आपने और पिताजी ने मुझे कितने दुख से पाला है ? मुझे पता है। मैं इतनी स्वार्थी नहीं हो सकती।"- मैं भावुक हुई - "जैसा करने से आप लोगों का अच्छा होगा वैसा कीजिए। मेरे लिए कोई चिन्ता नहीं करें "

इस तरह मेरी शादी हुई कुलीन घर के धनी लड़के के साथ। संगी साथी, भाई बहन सभी कहते थे बड़े घर में शादी हुई, तुम तो बहुत भाग्यशाली हो। बधाईयाँ दे रहे थे और मैं भी हँस के उन बधाइयों का स्वागत कर रही थी। लेकिन मेरे अन्दर की बाध्यता, विवशता, दुःख और पीडा समाज को क्या पता ? लेकिन मैंने अपने दुख और पीड़ा को शक्ति में बदलकर जिन्दगी में संघर्ष करने का प्रण अपने अन्दर ले लिया था।

नया घर, नया परिवार, नए परिवेश और वातावरण को समझने में निश्चित ही कुछ महीने लग गए। बड़ा और भव्य महल, सौ विघा ज़मीन और विशाल खेती पाती, हमेशा लेनदेन और पैसा का कारोवार देखकर कोई भी कह सकता था कि ये मुखिया या सामन्त का घर है। मुझे भी यह बात समझने में समय नहीं लगा। घर परिवार के एक अभिन्न सदस्य से भी घर धन्दा के सहयोगी या ईमानदार नोकरानी के लिए मुझे दुल्हन बनाकर यहाँ लाया गया इस बात को समझने में मुझे बहुत समय लगा। बाल्यकाल से परम्परागत समाज, रुढीवादी संस्कार, शोषण और गरीबी के दुष्चक्र के कारण मेरे अंदर अंकुरित विद्रोह का कली अब धीरे धीरे फूल बनने लगा था। पति सास, ससुर और अन्य संबन्धियों की आँखों को मैंने खुब ठीक से पढ़ा - तुम गरीब की बेटी हो, माँगचाँग करने वाली। तुम्हें इस घर में दुल्हन बनाकर हम लोगों ने तुम पर उपकार किया है या हमने तुम्हारा उद्धार किया है ये सोच सबमे थी।

मैं किसी के दया, कृपा या हेय का पात्र बनना नहीं चाहती थी। अपने को जंगल में उपजा नोकिला काँटा समझती थी- जो परम्परा के चेहरे पर बड़ा घावकर दे लेकिन परम्परा और विश्वास को टूटने न दे लेकिन इन दोनों के बीच में मैं पिसती चली गई। चाहकर या न चाहते हुए तीन बच्चें की माँ बनी और गुफा में कैद हो कर रह गई। सोचा - इसी का नाम है - जिन्दगी।

एक दिन की बात है। मध्यरात को मेरी नींद खुली। मैंने देखा कि मेरे पति मोबाइल पर किसी के साथ लम्बी बातचीत कर रहे थे, एक महिला की स्पष्ट आवाज़- स्पष्ट आवाज़ लगा जैसे मैं कोई स्वप्न देख रही हूँ। रोने की स्पष्ट आवाज़ के साथ अचानक एक छोटा सा वाक्य मेरे कानो में सुनाई दिया- आपने मुझे न घर का रखा न घाट का, मुझे आपने बर्बादकर दिया।

दूसरे दिन डर डर के मैंने उनसे पूछा-रात में किससे बात कर रहे थे ? किसी महिला के रोने की आवाज़ आ रही थी।

"किसी के साथ नहीं। तुमने सपना देखा होगा।" वह ऐसे बोले जैसे उनको कुछ भी पता नहीं।

"मैं जगी हुई थी और पूरे होशो हवाश में थी। आप मुझे सच क्यों नहीं बता रहें हैं ? " मैंने पूरे आक्रोस में स्वर निकला।

"तुम कौन हो जिसे मुझे जवाब देना होगा ? इस तरह की बात पूछने की हिम्मत कैसे हुई ? " और गुस्साते हुए वह बाहर निकल गए।

उसी सुबह मैंने निर्णय लिया कि इस तरह की उपेक्षा और अन्याय सहना किसीको प्रोत्साहन देना है। इसके विरुद्ध जैसे भी हो मुझे लड़ना होगा और मैं अपनी लड़ाई घर-परिवार से ही शुरू करूँगी। अन्याय सहन करना और भी बड़ा अन्याय है। कुछ दिन के बाद गाँव में ही जैसे शहर में स्थित बोर्डिङ स्कूल होता है उसी तरह गाँव के उस बोर्डिग सकूल में अभिभावक दिवस का एक कार्यक्रम था जहाँ से हम दोनों को भी निमन्त्रण आया था। जहाँ बहुत बड़े बड़े भाषण और बातें भी हुए। सच कहूँ तो खयाली पुलाव पकाया गया । इन्होंने भी कुछ बाते रखी। मुझे भी महिला की और से कुछ कहने का आग्रह किया गया। विद्यार्थी काल में गाँव के स्कूल में कुछ कविता और गीत मैंने गाया था। मेरे स्वर की सभी प्रशंसा किया करते थे लेकिन किसी के सामने मैंने कभी कुछ बोला नहीं था। न बोलूं तो प्रतिष्ठा का विषय था। पता नहीं भीतर का सोया हुआ ज्वालामुखी अचानक से कैसे फट गया। मैंने धारा प्रवाह बोलना शुरू कर दिया कि महिला सब बहुत उत्पीडित और शोषित हैं। इसी स्कूल की बात करें तो बालिकाओं की संख्या कम है। कारण वे चुल्हा चक्की और घर के अन्दर सीमित है। आज २१ वीं शताब्दी में पुरुष समाज के शोषण के विरुद्ध हमें लड़ना होगा -आदि आदि।

सभा में ताली की गड़गड़ाहट गूँजने लगी। मेरा उत्साह और बढ़ गया। उसके बाद भी परिवर्तन,

क्रान्ति, महिला मुक्ति और आन्दोलन की बातें ही मेरे मूँह से निकली। मेरे पति को मेरी बातें अच्छी नहीं लगी और वह सभास्थल से निकल गए। मुझे मालूम हो गया था कि घर पहुँचते ही मुझे किसी अप्रत्यासित दुर्घटना का सामना करना पड़ेगा।

जो सोचा था वही हुआ- जिसके लिए मैं तैयार थी। इतने लम्बे अरसे से दबकर ज़मीन के नीचे गड़े हुए मेरे नारी मन की भावना आज बाहर आने के लिए आतुर थी। मेरा लहु उबल रहा था। आज आकाश से ठंका अवश्य गिरेगा यह आशंका मुझे पहले ही हो गया था। सभी आक्षेप, गाली और धमकी की संभावना मेरे अन्दर खलबला रहे थे।

रात के घोर अंधकार के बीच वह आए। मैं खाना खाकर बच्चों के साथ सो गई थी। पूरे बेहोश थे। हाथ में बेंत की लाठी लिए घर के भीतर घुसते ही मेरे ऊपर अन्धाधुन्ध प्रहार करना शुरूकर दिया। थोड़ी देर तो मैं कुछ समझी नहीं- ये स्वप्न है या हकीकत ? .लेकिन मेरे ऊपर बहुत प्रहार होने के बाद सहने की शक्ति खो गई। मैंने उनके हाथ से लाठी छीन लिया और जितना हो सकता है उतना प्रहार किया उनके ऊपर। कुछ ही देर में वह गिर गए। कुछ ही क्षणों में ये सभी धटनाएँ हुई। घर के और लोग आए। स्थिति स्पष्ट थी। उनके मुँह और मेरे माथे से लहू टपक रहा था। सभी उन्हें लेकर गए, पता नहीं क्या-क्या किया ? मैंने कोई परवाह नहीं की।

जब सुबह हुई मैंने देखा आँगन में पड़ोसी जमा हुए थे। मेरे सास ससुर उनके स्वागत सत्कार में लगे हुए थे। मैं अपने कमरे में ही थी। सास का स्पष्ट आदेश आया- तुरंत नीचे आ। उनकी आवाज़ सुन मैं भी आँगन में निकली। पड़ोसी, कुछ बुजुर्ग और तथाकथित भले लोग भी उपस्थित थे।

"आप लोग क्यों आए हैं और मुझे क्यों बुलाया गया है ? " पहले मैंने ही पूछा।

दुल्हन, हमने सुना है कि तुमने अपने पति को मारा है। क्या यह बात सही है ....किसी वृद्धा का स्वर था।

मैंने स्पष्ट जवाब दिया- "एकदम सत्य है। वह रात को कोठली में आकर मुझे अन्धाधुन्द पीटने लगे। आप देखिये मेरे पूरे शरीर में निशान है। मैंने उसका प्रतीकार किया। हमसे भी जितना हो सका उतना पीटा - बात यही है।"

"पति कुछ करे इसका मतलब ये तो नहीं पत्नी भी हाथ उठाए । तुम्हें पाप का डर थोड़ा सा भी नहीं।" दूसरे किसी वृद्ध की आवाज़ आई-रामराम।

"मैं धर्म और पाप नहीं जानती। जो मुझे मारेगा उसे मैं भी मारुंगी। असहाय, गरीब और विपन्न के प्रति हेय भाव रखना मेरे हिसाब से पाप है।" किसी पहाड़ी झरना की तरह मैंने अपनी बात को रखा।

मैं ऐसी बात को नहीं मानता। ऐसा शहर इस घर को नहीं चाहिए। तुम अपने रास्ते जा सकती हो। आज के बाद तुम्हार रास्ता अलग....ये मेरे ससुर की आज्ञा थी।

सासु ने जोडा- ऐसी नेता महिला का हमारे घर में क्या काम ? तुम्हें इस घर में रहने का अधिकार नहीं- तुम जा सकती हो।

"मुझे पूरा अधिकार है इस घर में रहने का। यहाँ की सम्पति भोग करने का। पति का अंश लेने का। दबने और दबाने का जमाना अब चला गया"- मैं कठोर बन गई।

बाहर कौआ कांव कांव कर रहा था बड़े उँचे स्वर में। मैं बिना किसी को पूछे उस भीड से निकलकर अपने कोठली में आई। मन में नए पुराने बहुत से दृश्य आए। बहुत तरह की बातें आई दिमाग में। आज के दिन को याद किया। छोटे छोटे बच्चे को याद किया। माँ पिताजी को याद किया। मन भारी हो गया। लेकिन उसी क्षण मन का दूसरा क्षितिज खुला। तुम अपने आँसू को शक्ति और सामर्थ्य में बदलो। इस दुष्ट समाज को बदल डालो- परिवर्तन करो।

आज जीवन के इस उत्तरार्ध में लगता है- कि मैंने जो निर्णय, विद्रोह और क्रान्ति का बीज बोया था। मेरे समाज और राष्ट्र को उनकी ज़रूरत थी। किसी क्रान्तिकारी संगठन में रहके, ये जिन्दगी बिताना भी महान धर्म है- कम से कम इतना करके इस जन्म को शोषित नारी के पक्ष में समर्पित होने में मुझे गर्व और प्रतिष्ठा करनी चाहिए।

बाहर फ़िर कौआ काँव काँव करने लगा। बाहर फ़िर सूर्य की किरणें दिखाई देने लगीं। बाहर फ़िर नया क्षितिज खुला- यही होना चाहिए मेरा और हमारा चक्रव्यूह।

अनुवादक : कंचना झा

कहानी

काजोल खातुन

फूलमान बल

उस दिन हैदरावाद में सुवह के आठ बजे तक घना कोहरा छाया रहा। सुवह सवेरे उठकर ठंडी-ठंडी हवा के साथ लुकाछिपी खेलने वालों की भीड़ हैदरावाद को पहली सुवह से ही व्यस्त बनाए रखती है। इसलिए पूस के महीने में भी शीतल और मोहक हवा के साथ सैर करना चाहने वालों के लिए सुवह से अच्छा कोई समय ही नहीं होता। या यों कहें, दोपहर की चरम उष्णता और शाम को नारियल व दाड़िम के पत्तों को हिलाती हुई दक्षिण दिशा से ज़ोर शोर के साथ आने वाली आसुरी समुद्री हवा की कशमकश के साथ लाचार समझौता करना ही जीवन की नियति होता है।

पिछले साल के ग्रीष्म में ही उष्ण लहर ने मुसलमान बहुल दक्षिण भारतीय इस प्रदेश में ग्यारह सौ छत्तीस लोगों की जानें ले लीं– प्रियंका राठी सुना रही थी। वह आंध्रप्रदेश राज्य सरकार की केंद्रीय सरकार के वकील की बेटी है। हैदरावाद में स्थित उस्मानिया यूनिवर्सिटी की स्नातक, इसके अलावा दो साल पहले से मेरी अच्छी दोस्त भी।

वहीं सुवह आठ बजे के बाद हैदरावाद के फुटपाथ चेहरे को बुर्का ढकी हुई मुस्लिम युवतियों से भर जाते हैं। उनमें से कुछ बाज़ार में सामान खरीदने के लिए तो कुछ हाथ में कॉलेज बैग थामे गाड़ी के इंतज़ार में चौक-चौक पर झुंड में खड़ी मिलतीं। दोपहर को थोड़ी देर समूचा शहर विश्रांत-सा होता। और नारियल व दाड़िम के पेड़-पौधे भी शांत मुद्रा में खड़े हो जाते हैं। सफ़ेद ऊँचे गगनचुंबी भवन, चिकनी सड़कें और व्यवस्थित बाज़ार व युवा-युवतियों के बनाए गए पार्क भी, मानो उन्हें भी थकान ने पस्त कर दिया हो और वे भी सुस्ताना चाहते हैं। पर दोपहर के तीन बजते न बजते ही बढ़ती जाने वाली शहर की व्यस्तता के साथ ही हुसैन सागर, लुंबिनी पार्क और पब्लिक गार्डन में आने वाले युवा-युवतियों की चहलपहल समूचे हैदरावाद को रोमांचित कर देती है।

उस दिन मैं श्याम मंदिर होते हुए काँचीगुड़ा स्थित पुराने रेलवे स्टेशन तक मॉर्निंग वॉक जाकर होटल एलोरा की तरफ़ लौट रहा था। सुवह के धुंध को चीरकर मुस्कुराती हुई धूप की आँखें बिड़ला मंदिर के कोप्चे से हुसैन सागर को चूमने की कोशिश कर रही थी। सागर के बीच में अचल खड़े बुद्ध की आँखें इस कदर चमक रही थीं मानो उस तिलस्मी तेज से शहर के बासिंदे पूरी तरह जाग चुके हैं और तब तक शहर में चहलपहल शुरू हो चुकी थी।

"माफ़ कीजिएगा, क्या मैं आपसे थोड़ी मदद के लिए अनुरोध कर सकती हूँ?"

अचानक ठीक मेरे सामने मुझे ही लक्षित कर थोड़ी-सी उठी हुई एक किशोरी के सुकोमल सुंदर हाथ ने मुझे रुकने को बाध्य किया। मैं आहिस्ता अपने चलने की गति को कम करता हुआ किशोरी के नज़दीक पहुँचा। काली लंबी कुर्ती, काली सलवार और काले रंग के हिज़ाब से अपने दोनों कान ढँकी हुई करीब सोलह साल की मुस्लिम किशोरी का शरीर मेरे सामने खड़ा था। गोरे चिट्टे अंडाकार चेहरे की दोनों आँखें काले चश्मे से बेशक ढके हुए थे, पर उसका मलिन चेहरा मुझसे सदाशयता की याचना करता हुआ स्पष्ट दिख रहा था।

"अल्लाह के लिए...."

मेरी किंकर्तव्यविमूढता को भंग करती हुई उसने मुझसे याचना करनी चाही। लेकिन अचानक उसके होठ काँपने लगे और पता नहीं क्यों, वह आगे बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। बल्कि ज़मीन पर एकटक देखती हुई पैर की उँगलियों से चप्पल को बेवजह

दबाने लगी। यह विचित्र-सी आकस्मिकता थी मेरे लिए। क्या करना चाहिए, कुछ तय न हो पाने के कारण मैं चुपचाप खड़ा रहा। हैरानी तो यह थी कि उसका सर नीचे की तरफ़ झुका हुआ ज़रूर था पर चेहरे पर शर्मिंदगी का भाव बिल्कुल भी न था। उम्र के साथ मेल न खाने वाली यह कैसी अस्वाभाविक गंभीरता ? मुझे लगा कि वह एक जून खाने के लिए मुझसे कुछ रुपए माँगना चाह रही है।

"बेफ़िक्र होकर बोलो।"– उसके झुके हुए चेहरे को देखते हुए मैंने कहा।

उसने आहिस्ता चेहरे को उठाया और कहा– "अल्लाह के लिए क्या आप मुझे निजाम कॉलेज जाने का रास्ता बता देंगे ?" मैं फ़िर बुरी तरह हैरान हुआ। अपेक्षा से बिल्कुल अलग तरह की स्थिति के कारण मेरे भीतर शंका घर कर गई। मुझे लगा कि यह लड़की मेरे साथ बुरी नीयत से व्यवहार करना चाहती है। सोच रहा था, अब एक ही पल में थोड़े नखरे के साथ कहेगी निजाम कॉलेज के ग्राउंड तक ही पहुँचा दीजिए, फ़िर दूसरा नखरा..., फ़िर ये, फ़िर वो.... वरना एक स्थानीय मुस्लिम लड़की का यों इस तरह मेरे साथ नाटक करने का मतलब क्या हो सकता था ?

"देखिए न, सभी दोस्त लोग मुझे होटल में अकेले छोड़कर चले गए।"– किशोरी के चेहरे पर स्पष्टीकरण का भाव घूम रहा था। अब मैं और भी हैरान हो गया। थोड़ी ही देर में उसके चेहरे पर जल्दी-जल्दी मायूसी छाई और बड़ी समस्या के पहाड़ से दबे होने के समान उसने मन ही मन बुदबुदाने का भाव प्रकट किया। अब अगर मैं उसे और उलझाता तो मेरी नैतिकता पर प्रश्न उठना निश्चित था। "तुम बिरासी नंबर की बस पकड़ लो।"– हठात् मैंने पिछले साल उस्मानिया यूनिवर्सिटी के साथियों के न्योते पर हैदराबाद में दो महीने बिताए हुए अनुभव का प्रयोग करते हुए कहा।

"पर तब तक तुम यहीं खड़ी इंतज़ार करो।"

उसके चेहरे पर मुस्कान फैल गई। चेहरा इस तरह चमक उठा कि चेहरे से सटीक मेल खाता हुआ और सूरत के कोमल आकर्षण को छिपाता हुआ चश्मा भी मानो स्वच्छंद हँसने लगा। वहीं समस्या के भँवर में तड़पकर थरथरा रहे उस निर्दोष चेहरे के प्रति मेरे भीतर नकारात्मक धारणा उत्पन्न होने को लेकर हुए ग्लानिबोध से मैं शर्मिंदा हो गया। और उसके बाद मैं उसके चेहरे पर नज़र ले जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। शायद काले चश्मे में छुपी उसकी आँखें और कमज़ोर होकर चमक रही थीं।

मेरी बात खत्म होने के साथ ही बिरासी नंबर की बस हमारे आगे आ खड़ी हुई। मैंने उसे हाथ से इशारा किया। चेहरे पर खिली धूप को और तेज़ बनाती हुई वह जल्दी-जल्दी बस में सवार हो गई।

"शुक्रिया ! अल्लाह आप पर मेहरबानी फ़रमाएँ।"– उनके चेहरे पर उत्कट आत्मीयता और सुखानुभूति की चमक जवान होकर चमकने लगी। उसने जल्दी-जल्दी खिड़की के शीशे को सरकारया और थोड़ा-सा सिर निकालकर मेरी ओर हाथ हिलाया। बस चलने लगी थी, सो मैंने भी प्रत्युत्तर में जल्दी-जल्दी हाथ हिलाया, लेकिन उसका हाथ मेरी आँखों में सम्मोहन जगाता हुआ जोड़-तोड़ के साथ तब तक हिलता हुआ दिखा, जब तक बस दायीं ओर मुड़कर ओझल न हो गई।

मॉर्निंग वॉक से होटल एलोरा तक आने तक सुबह के नौ बज चुके थे। क्यों आज मुझे अधिक समय लग गया। मेरे पास उत्तर नहीं था। मैंने पहली बार अपने पैरों के प्रति अविश्वास जताया। पर मेरे ऐसा करने के पीछे कोई मजबूत तर्क नहीं था। वह इसलिए कि पता नहीं क्यों, मुझे उस किशोरी का व्यवहार और हाव-भाव बड़ा ही प्यारा लगा था और अपने चेहरे को प्रेमिल बनाते हुए खिड़की से हाथ हिलाने का सम्मोहक दृश्य मेरे मानसपटल का पीछा करता रहा। ऐसा लगा जैसे दो साल पहले घर से काठमांडू आते वक्त नीचे चबूतरे से अपनी ही बहन बकरी के कान सहलाते हुए मेरे लिए प्रेमपूर्वक हाथ हिला रही हो।

मैं सरासर ऊपर छत पर आ गया। दायीं तरफ़ हुसैन सागर में सुबह की धूप तैर रही थी। और ठीक उस पार चारमिनार टावर निर्भीकता के साथ मक्का मस्जिद को निहार रहा था।

"प्रशांत सर, आपके लिए खाना तैयार हो चुका है।"

अचानक पीछे से आई एक बेयरा की नरम और तीखी आवाज़ ने मुझे चौंका दिया। उस वक्त मैं

हुसैन सागर में तैरकर क्रमशः प्रौढ़ा होती हुई धूप के प्रतिबिंब को एकटक निहार रहा था। क्यों मेरा मन इस तरह मलिन हो रहा है ? मैं नहीं जान पाया। घर की याद ने मुझे बुरी तरह झकझोरा। संकटकाल के बाद से मैं दशहरा नहीं मना पाया हूँ।

दोपहर को आंबेडकर भवन में एक सेमिनार था। मुझे सेमिनार की अवधि भर काले चश्मे से ढकी हुई कोमल अंडाकार मुखड़े की दो आँखों वाला खूबसूरत चेहरा खींचता रहा। यहाँ तक कि सेमिनार के मध्यांतर में नाश्ते की किश्ती थामे मेरे सामने आने वाली मुसलमानी चेहरे वाली हर युवती को मैं वही काला चश्मा वाली किशोरी समझ लेता। और उनके हाथ से नाश्ता लेने से पहले अचानक से खो जाता। दायीं बगल में बैठी हुई प्रियंका राठी के चिकोटते हुए यह याद दिलाने पर कि मुस्लिम युवती को इस तरह देखना अपराध होता है, मेरा ध्यान भंग होता और मैं हड़बड़ाकर नाश्ते की किश्ती उठाता।

शाम तक मेरी स्थिति नाजुक हो गई थी। मैंने प्रियंका को कुछ नहीं बताया। शाम को देर तक मैं होटल की छत पर टहलता रहा। हुसैन सागर में टिमटिमाते हुए जलती हुई असंख्य बत्तियों की मधुर टिमटिमाहट शायद अब कभी भी मुलाकात न हो पाने वाली उस किशोरी की याद को और गहरा कर रही थी। मैंने उस रात कुछ नहीं खाया। पता नहीं क्यों, मुझे लगा उस किशोरी की तसवीर अज्ञात आकर्षण लेकर मानो मेरे पास, और पास आ रही है। उसका अबोध, निश्छल और निर्दोष आकर्षण ही वह आकर्षण था, जो उसकी उम्र की तुलना में बिल्कुल अस्वाभाविक और गंभीर था। इसलिए कि गंभीरता के भीतर जीवन के बहुत-से दार्शनिक उत्तर छिपे होते हैं।

कुछ दिन और बीते। मेरी दिनचर्या में खास फर्क नहीं हुआ। सुबह मॉर्निंग वॉक, दोपहर को सेमिनार और शाम के वक्त होटल की छत पर हुसैन सागर की ओर मुड़कर कुछ देर टहलना ही मेरी दिनचर्या बन चुकी थी। शाम को यादों के प्रहार से मेरे मानसपटल को विचलित करने वाले उस किशोरी के चेहरे को अब मुझे भूलना था। प्रियंका कह रही थी कि उसके साथ मुलाकात अब संभव नहीं है और बहुत महत्व के साथ सर दुखाते रहने का विषय भी यह नहीं है। एक महीना लंबा सेमिनार और कार्यशाला मुझे झंझटीले लगने लगे थे। इस दरमियान प्रियंका चार बार मुझे अपने घर ले गई। उसके पिता और दादाजी चाहते थे कि मैं होटल एलोरा की बुकिंग रद्द करवाकर एक महीने तक उन्हीं के साथ रहूँ। लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। वे बताते कि हैदराबाद के लड़के लड़कियों के मुकाबले कम पढ़ते लिखते हैं और बेटियों की शादी के लिए लड़के ढूँढ़ने महाराष्ट्र तक जाना पड़ जाता है।

एक दिन शाम के समय 'युद्ध और आतंकवाद' शीर्षक के सेमिनार में शिरकत कर पब्लिक गार्डन स्थित स्मृति हॉल से जल्दी-जल्दी मैं बाहर निकल रहा था। वह मेरा अंतिम सेमिनार था। घर लौटने के विषय में मैं अधिक सोचमग्न होकर आगे बढ़ रहा था। अचानक मेरे कंधे पर एक मुलायम हाथ का कोमल धक्का लगा। मैं हठात् पीछे मुड़ा ही था कि सामने खड़ी एक वनिता की आकृति ने मुझे बुरी तरह चौंका दिया।

"आप यहाँ ?" वह उतावलेपन से बोली– "कैसे मुमकिन हुआ, या अल्ला ?" मेरे सामने उसी काले चश्मे वाली किशोरी का शरीर चौंकता हुआ खड़ा था। मैं अचानक कोई शब्द न पाकर असमंज में खड़ा रहा। क्या मुझे खुशी के खुमार में उसे गले लगा लेना चाहिए था ? नहीं, यह संभव नहीं था। वह न तो लंबे समय से खोई हुई प्रेमिका थी और न ही किसी हादसे में असोचनीय और आश्चर्यजनक तौर पर पुनर्जीवन पाई हुई हितैषी ही। मैं पशोपेश में पड़ गया क्योंकि मेरा उसके साथ कोई रिश्ता ही नहीं था।

"मैं तो मेरे बेदर्द दोस्तों की तलाश में थी।"– अपने बिखरे हुए बालों को पीछे सहेजते हुए और जल्दी-जल्दी हिज़ाब से अपने दोनों कानों को ढकते हुए उसने कहा– "लेकिन यह तो और भी अच्छा हुआ। मैं आपको ही याद कर रही थी। आपसे दुबारा मुलाकात हुए बिना ही मुझे काबुल लौटना पड़ेगा सोचकर मैं फ़िक्रमंद थी।

काबुल.....! विस्फारित नेत्रों से मैंने उसे देखा।

"आइए न, बैठकर बातें करते हैं।"

उसने दोनों हाथों से मेरी बाईं बाँह को पकड़े हुए अपना सर मेरे कंधे पर रखने की कोशिश करते हुए इमारत के बाहर के पार्क की तरफ़ खींचकर ले गई। मुझे उसका वह बरताव ज़रा अस्वाभाविक लगा।

और सेमिनार के पहले दिन नाश्ता लेकर आने वाली मुस्लिम युवती को देखकर खोने के दौरान प्रियंका की मुझे चिकोटी काटते हुए कही हुई बात से मुझे तमाचा-सा लगा हुआ महसूस हुआ। मुझे लग रहा था जैसे पार्क के सभी लोग एकटक मुझे ही देख रहे हों। दूब से आच्छादित छोटे-छोटे सुंदर और वातानुकूलित चौकोर चौर के अगल-बगल खिले हुए असंख्य फूल, नारियल के पेड़ पार्क को शोभायमान बना रहे थे।

"मेरा नाम काजोल खातुन है।"– पार्क में पहुँचकर कालीन की तरह बिछी हुई दूब पर बैठते ही उसने बातचीत शुरू की– "और मैं दक्षिण काबुल स्थित शरणार्थी शिविर के सेक्टर नंबर तीन से हूँ।"

तब तक मैं कुछ नहीं बोला था और मेरी चुप्पी पर उसने ध्यान भी दिया हो, ऐसा मुझे लगा नहीं। इसलिए कि उसकी जिस गंभीरता से मुझे मन ही मन प्रेम था, वह अब पूरी तरह गुम हो चुकी थी और उसके चेहरे पर एक अपरिपक्व किशोरी की बालसुलभ अधीरता फैली हुई थी। हुसैन सागर में तैरती हुई धूप पीली पड़कर क्षितिज में खोने ही वाली उस संध्याकाल में वह उतावली-सी हड़बड़ाकर बोली जा रही थी मानो सारी बातें वह खुद बताना चाह रही हो।

"यह देखिए..." पास ही खिले भूचंपा का एक फूल तोड़कर बच्ची की तरह खेलने की कोशिश करती हुई उसने कहा– "मुझे आपकी यह जगह पसंद आई। अगर फ़िर से लौटकर यहाँ आने का मौका मिले तो मैं अल्लाह का शुक्रिया अदा करूँगी।

"मगर..."– मैं बोलना चाहा।

"हाँ हाँ, बताईए न, क्या ?– उसकी बोली में अधीरता थी और चेहरे पर पुलिस के बयान लेते वक्त उत्पन्न होने वाला भाव। अचानक चौंक-सी गई और झटपट काले हिज़ाब से दोनों कानों को ढकने की कोशिश करती हुई मेरे मुँह के नज़दीक अपने चेहरे को लाने की कोशिश की। ऐसा करने पर उसके कान के मुलायम निचले हिस्से का स्पर्श मेरी ठोड़ी में हुआ। मुझे उसका यह व्यवहार अच्छा नहीं लगा।

"और मैं काठमांडू से... ।"– मैंने सपाट जवाब दिया।

"काठमांडू से ?"– उसके माथे पर शिकन पड़ गई और धीरे-धीरे वह शिकन आँखों, गालों और ठोड़ी से गुज़रते हुए एक विचित्र गंभीरता में परिणत हो गई।

"मुझे लगता है तुम कुछ सोच रही हो।"– परिस्थिति को सहज बनाने की कोशिश करते हुए मैंने कहा।

"बिल्कुल नहीं।"– स्पष्टीकरण-सा देती हुई वह फुसफुसाई।

"लेकिन तुम्हारा चेहरा तो.... ।"

उसके चेहरे पर गंभीरता के घने बादल छाए हुए थे। वहीं मैं थोड़े पशोपेश में पड़कर भावशून्य हो गया। अचानक उसके हाथ से भूचंपा फूल नीचे गिर गया और रुँधे हुए गले से हल्की और मधुर आवाज़ में उसने कहा– "क्या हर जगह काजोलों को ही मरना होगा सर ?"

"यह तुम क्या कह रही हो ?"– मैंने हैरानी से पूछा। मैंने उसके प्रश्न का अपने मस्तिष्क में मंथन कर समझने की कोशिश की लेकिन कुछ समझ न सका।

"द इंडिया टाइम्स कहता है कि काठमांडू से ईद मनाने के लिए वीरगंज जाती हुई सात वर्षीया काजोल खातुन जलकर मर गई।"– काँपती आवाज़ में उसने कहा।

सुबह मॉर्निंग वॉक से लौटकर आराम करता उससे पहले ही होटल की रिसेप्सनिस्ट ने 'द इंडिया टाइम्स' दिखाते हुए चितवन के भंडारा में काजोल खातुन समेत पाँच लोगों के जलकर मरने की खबर सुनाई थी। वह खबर मेरे लिए याद का तीर बनकर दिल में चुभ गई थी। और काठमांडू की याद मुझमें हैदराबाद की रिहाइश के प्रति एक निस्पृहता उत्पन्न कर गई थी। यह हादसा मुझसे भी ज़्यादा एक अफगान किशोरी को भला इस तरह क्यों खींच रहा है ?

"इस खबर को लेकर तुम..... ?"

"मैं भी इसी कदर मरी हुई काजोल खातुन हूँ।"– इससे पहले कि मेरी बात पूरी होती, वह बुदबुदाई।

"तुम्हारा दिमाग तो ठीक है ?"– मैंने अपने लहजे को थोड़ा कठोर बनाया। मुझे उसके तमाम हाव-भाव एक पेशेवर अभिनेत्री के-से लगे। नहीं तो पल में ही बालसुलभ अधीरता और अगले ही पल

गहरी पीड़ा से तरवतर और उम्र से मेल न खाने वाली अस्वाभाविक गंभीरता का मतलव क्या था ? कैसा रहस्यमय नाटक चल रहा था ?

अचानक आभास हुआ कि मेरी कठोरता उसे छू गई। शायद मेरा निर्दयी प्रहार उसके किशोर मन को तीर-सा चुभ गया। काले चश्मे को पार करते हुए गालों से गुज़रकर गिरी हुई उसके आँसू की बूंद का स्पर्श मेरे हाथ को होने पर मैं सन्न-सा हो गया। झटपट मैंने उसके चेहरे की ओर देखा। उसके चेहरे पर नमी छाई हुई थी। एक बार फ़िर पश्चाताप ने मुझे अपने आगोश में ले लिया।

"मेरी एक कहानी है सर।"– बैग से रुमाल निकालकर आँसू पोंछते हुए उसने कहा– "अल्लाह के लिए क्या आप मेरी कहानी सुनना चाहेंगे ?"

"क्या रोना ज़रूरी था पगली ?"– मैंने उसके आँसू पोंछ दिए।

"असल में मेरा घर दक्षिणी काबुल के मूहरेम गाँव में है।"

सूरज अस्त होने वाला था और पब्लिक गार्डेन में क्रमशः लाल, नीली, पीली बत्तियाँ अपनी-अपनी चमक के साथ जलने लगी थीं। लोग धीरे-धीरे बढ़ने लगे। शायद वे लोग नारियल और दाड़िम के पत्ते हिलाते हुए शाम की वेला में मंद-मंद चलने वाली ठंडी हवा के साथ सैर करके जीवन का आनंद उठाना चाहते थे। लेकिन काजोल के चेहरे को उस ठंडी और रमणीय हवा ने स्पर्श नहीं किया। उसका चेहरा क्रमशः मुरझा रहा था, मानो बारूद के छर्रे से आहत गुराँस के घायल पौधे हवा से जीवन की याचनापूर्वक सिर सिर करते हुए आहें भर रहे हों।

"जिस दौरान काबुल में हमला हुआ, उसके तीन दिन बाद हमारे गाँव के नज़दीक ही एक शक्शिाली बम गिरा। और उस बम ने मेरे भाईजान के लिए जोड़ी तय हो चुकी रब्बानी, जो मेरी बचपन की सहेली थी, उसके समूचे परिवार को राख बना डाला। कितनी भली लड़की थी रब्बानी। हम पानी भरने के लिए कुएँ के पास साथ जाती थीं और कंचन पानी में एक दूसरे की सूरत देखकर चिढ़ाती थीं। उसका निकाह रमज़ान के खत्म होते ही मेरे भाईजान के साथ होने वाला था।"

काजोल अपने चेहरे को भरसक कठोर बनाना चाह रही थी। धूप समाप्त हो जाने से काला चश्मा आहिस्ता सफ़ेद होकर पलकें जल्दी-जल्दी झपकती हुई दिखने पर भी हर तरफ़ चमकली बत्तियों की वजह से उसकी आँखों के भाव को मैं ठीक से भाँप नहीं पा रहा था। पर उसका चेहरा पीड़ा को छिपाकर कठोरता का भाव जता रहा था।

"उसके बाद गाँव में दहशत फैल गई। गाँव के तकरीबन सभी युवा-युवती और कुछ बुज़ुर्ग भी गाँव छोड़कर जाने लगे और हज़ारों का हुजूम शहर से दूर शरणार्थी शिविर की कतार में खड़ा होने लगा। वहीं गाँव के कुछ बड़े-बुज़ुर्ग ये कहते हुए कि गाँव छोड़ना अल्लाह को धोखा देना है, गाँव छोड़ने को तैयार नहीं हुए।

काबुल में सबसे बड़ा हमला होने के दूसरे दिन सुबह ही हमारे घर में भी बारुद का काला धुआँ जीवन लीला समाप्त करने वाली भयानक मौत बनकर आया। अगले दिन काबुल में शक्तिशाली हमला होने के बाद अब्बू, भाईजान, दीदी, शबनम और मैंने मिलकर कल सुबह ही घर छोड़ने के लिए बूढ़े अब्बा-अम्मी को समझाने की योजना बनाई। उस दिन काबुल में ऐसा हमला हुआ कि देर शाम तक बम का काला और ज़हरीला धुआँ आसमान में मँडराता रहा। और उस दिन हमें धूप दिखाई नहीं दी।

तीखी और अजीब बदबू की वजह से अब्बा खाना तक नहीं खा सके।

हम अब्बा-अम्मी को समझा नही सके। घर छोड़कर वे लोग अल्लाह को धोखा नहीं देना चाहते थे।"

"तुम लोग जाओ और लड़ाई रुकने बाद लौटकर आ जाना। यहाँ हमें कुछ नहीं होगा।"

"हमारे घर छोड़ने से पहले पहली सुबह अम्मी कह रही थीं कि ईद आने से पहले ही हमारे लिए कपड़े सिल जाने चाहिए कहकर उन्होंने अब्बा पर. दबाव डाला था।

मगर बदकिस्मती का सबसे तकलीफदेह आलम यह रहा कि उसके बाद हम कभी ईद नहीं मना सके। जब हमने घर छोड़ा, अचानक बड़े धमाके की आवाज़ आई। मुझे बस इतना याद है कि घर के ढहकर बिखरने की ज़ोरदार आवाज़ के साथ ही अम्मी की दर्दनाक आह खो गई। और मेरे साथ-साथ दीदी

शबनम भी बेहोश होकर आँगन में गिर गई। होश आने पर दीदी और मैं उत्तरी काबुल के शरणार्थी शिविर में पड़ी हुई थीं और रेडक्रॉस के लोग जल्दी-जल्दी हमारा इलाज कर रहे थे। तब तक हम अम्मी-अब्बा और भाईजान को गँवाकर यतीम हो चुके थे।"

अचान वह मेरी गोद में लुढ़क-सी गई। उसकी आँखों से निकली आँसू की धारा गालों से गुज़रकर बहने लगी, मानो पीड़ा से कसमसा रही उसकी आँखों से आँसू का बाँध टूट गया हो। मैंने खुद को ज़बरदस्ती संभालने की कोशिश की लेकिन संभाल न सका। एक अनाथ किशोरी की दिल पिघला देने वाली अभिशप्त जीवन कथा ने मेरी आँखों को विक्षिप्त बना डाला और मेरे गालों के बारीक छिद्रों से गुज़रकर बही हुई सांत्वना की बूँदों ने उसके बालों को सराबोर कर दिया। वह काफ़ी देर तक मेरी गोद में सिकुड़कर रोती रही, मानो मेरे अलावा उसका सब कुछ खत्म हो गया है।

मैंने प्यार से उसके आँसू पोंछ दिए। इसके बाद वह आहिस्ता उठी।

"और, मेरी दीदी और मुझे हमेशा के लिए यतीम बनाने वाले उस बेदर्द हादसे ने मेरे दाएँ कान और दाईं आँख की शक्ति छीन ली।"– पीड़ा से घुटी हुई छाती से निकली हिचकी के साथ लंबी निच्छ्वास छोड़ती हुई उसने कहा।

नारियल और दाड़िम के पत्तों को हिलाते हुए बह रही हवा के झोंके ने एकाएक काजोल के गीले चेहरे पर प्रहार किया और मेरी गोद में औंधे मुँह रो रही काजोल के बिखरे बालों को उड़ाने की कोशिश की। वह जल्दी-जल्दी फ़िर से पहले की ही तरह हिज़ाब से अपने कानों को ढकने लगी। पार्क में लोगों की तादाद धीरे-धीरे कम होती गई। कुछ दूरी पर एकरसता से हिल रहे नारियल और दाड़िम के पत्ते की तरफ़ एकटक देख रही काजोल के चेहरे पर धीरे-धीरे गंभीरता छा गई और ज़िंदगी के रूमानी झरोखे से संसार को देखने को मजबूर सोलह साल की उस किशोरी के अंडाकार चेहरे पर मोहकता छाई रही।

"अब तुम कहाँ जाओगी ?"– मैंने उसे रोकते हुए पूछा।

उसने अपने आँसू पोंछे और चेहरे को दृढ़ बनाया।

"वहाँ तुम ..... ?"

"मैं वहाँ इंसानियत और प्यार की खोज करूँगी।"

मुझे उसका चेहरा और भी अधिक मोहक लगने लगा।

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

कहानी

हजाम और बूढा

भाउपंथी

अभी मधेश में बहुत ही गर्मी होगी, नहीं ? यहाँ तो ऐसी है ।

बूढ़ा बाल कटवाने के लिए कुर्सी पर बैठा हुआ है । रामविलास ने गरदन से नीचे सफेद कपड़ा से ढक दिया है । बूढ़ा थोड़ी कठिनाई महसूस कर रहा है । कुर्सी पर बैठने से पहले उसने कहा था– ओ भइया ! इस तरह से बाल काटो कि नहाना न पड़े । वैसे तो दुकान का मालिक रामविलास बूढ़े के पोते की उम्र का है लेकिन बूढ़े ने एक तरह से खुशामद की स्निग्धता लाने के लिए भैया कहकर सम्बोधन किया । बूढ़ा की यह व्यक्तिगत आदत है । काम निकल आया तो बहुत विनम्र हो जाता है । नदी पार किया और लाठी भूल गया जैसा करता है बूढ़ा ।

पानी का हाहाकार वाली इस राजधानी में भी रोज़ सुबह बूढ़ा स्नान करता है । शैम्पू भी करता है और साबुन भी शरीर पर मल-मल के स्नान करता है । बूढ़े के शरीर पर मैल भी कितनी होगी ? लेकिन सन की तरह सफेद बाल शैम्पू से ही नरम हुआ है । आज सुबह भी स्नान किया है । फ़िर नहाना न पड़े इस तरह से बाल काटने के लिए आग्रह करने का कारण भी वही था । नहाने से पहले उसने बाल कटवाने के लिए सोचा तो था लेकिन रामविलास की दुकान सुबह खुली भी तो नहीं होती है ।

सुबह देर से सोकर उठते हो क्या रामविलास ? नशा पानी तो नहीं करते हो तुम ? सुबह जल्दी न उठने का कारण एक यह भी हो सकता है । रामविलास झल्लाया क्यों नशा पानी करूँ ? करूँगा भी तो क्या ? बूढ़ा बाल कटवाने के लिए आया है कि मेरे ऊपर तहकीकात करने ?

बूढ़ा खाना खाने के बाद दिन भर सोता है । सोचता है अब इस बुढापे में दुनिया-संसार भटकने किधर-किधर जाऊँ । एकदिन अनन्त निद्रा में तो सोना ही है । इस बीच के समय को सोकर ही क्यों न बीताएँ ? नींद भी कितनी आती है बूढ़े के स्वयं भी आश्चर्य में पड़ जाता है । जन आन्दोलन के बाद भी बाहर उतना ही राजनैतिक कोलाहल है लेकिन वह निद्रा में मग्न है यह सोचकर बूढ़ा थोड़ा लज्जित भी है लेकिन 'अपना तो समय ही बीत गया' कहकर अपने मन को समझाता है और तुरन्त सोने का प्रयास करता है । आज एक दिन निद्रा को छलकर बाल कटवाने के लिए आया है । तीन-चार दिन से वह बाल कटवाने के कार्यक्रम को स्थगित करते हुए आ रहा है । तीस-पैंतीस लगेगा । महँगा है लेकिन उस दिन सुबह बूढ़े ने कहा बाल कटवाने के लिए जाना है । हजाम की दुकान की काठ की कुर्सी उँची है और घूमने वाला भी नहीं है । बूढ़े के आसन में काठ चुभता है । नीचे फोम भी नहीं है लेकिन यह जानते हुए भी बूढ़ा इसी हजाम की दुकान में जाता है । पहले भी दो-तीन बार आ चुका है । थोडे सस्ते में काम हो जाता है यहाँ । दुकान का मालिक रामविलास है और उससे कुछ छूट पाने की आस में बूढ़ा बातचीत भी करता हैं ।

रामविलास पाँच रूपए भी कम कर देगा इसी आस में बूढ़ा बहुत मीठी–मीठी बातें भी करता है । चापलूसी भी करता है । यह बात रामविलास को पता है । बूढ़ा क्या-क्या बोलता है । अभी गर्मी की बात कर रहा है । बूढ़े के बाल कटवाना होता है तो यहाँ आता है, वह नियमित ग्राहक भी है, और भी जगह होगी यह वह सोच भी नहीं सका । वैसे भी वह बूढ़े के बक बक करने की आदत से ऊबा हुआ है । बूढ़ा बोल रहा है और बूढ़े के सर पर रामविलास की कैंची चल रही है खच-खच ।

बूढ़ा द्वारा गर्मी का प्रसंग चलाने पर बूढ़े के सर पर दो बार जल्दी-जल्दी कैंची घुमाई। खच-खच ! खच खच उसने बूढ़े के गर्मी वाले प्रसंग पर कोई उत्तर नहीं दिया। कैंची चलाकर ही संकेत दे दिया। खबरदार ! कहीं बूढ़े के कान फट से न काट डाले। कान वैसे भी नरम ही होता है। कैंची से खच से काट डालेगा तो भी पता नहीं चलेगा। बूढ़ा बात नहीं करे वह चाहता है, पर बोल नहीं सकता। बात चीत के सुर में उसका कान कट सकता है। बूढ़े की बक-बक वह सुन नहीं सकता। हाथ तेज़ गति में चल रहा है। मधेश में गर्मी में गर्मी नहीं होगी तो क्या बर्फ गिरेगा ? वह इस तरह से कहना चाहता था। घर में उसका बाप भी इसी तरह से बोलता रहता है। बेटा सब पैसा नहीं कमा रहा है। झुपडी हिलने वाली खाँसी होती है उसे रातभर। आजकल समय ठीक नहीं है। रातभर नहीं खाँसो, कहने पर झगड़ने ही बैठ जाता है, खाँसी को कैसे रोकूँ ? किसको कब घरसे बाहर धक्का दे कर निकाल डालेगा, यह मालूम नहीं है। पहाड़ी और मधेशी का विवाद होते रहता है। राजधानी में ऐसा नहीं हुआ है। सब हैरान हैं। लड़ाई-झगड़ा मारपीट और हत्या-हिँसा बहुत हुआ रामविलास सोचता है। घर लौटने में अब उसे डर लग रहा है।

इस बार तुम घर नहीं गए ? बूढ़ा अब गर्मी के प्रसंग को छोड़कर घर जाने वाली बात पर प्रश्न किया। घर जाता है न आदमी क्यों नहीं जाएगा ? लेकिन घर छोड़कर रोज़ी रोटी के लिए राजधानी में प्रवेश किया है रामविलास ने। अब कितनी बार घर जाओगे रामविलास ? लेकिन क्यों जाओगे ? घर जाना अब निरापद नहीं है। एक न एक आदमी की मौत की खबर रोज़ पढ़ने को मिलती है।

सैलून का काम ठीक चल रहा है। रामविलास अपनी दुकान को सैलून बोलता है। बूढ़ा भी रामविलास से बातचीत के दौरान दुकान को सैलून ही बोलता है। पहले बूढ़ा दुकान के अंदर जाने पर पीछली बार की तरह रामविलास अपनी कैंची खचा-खच करते हुए बाल काटता हुआ ग्राहक का सर इधर और उधर घुमाता हुआ मिलता था। अपनी बारी के लिए रुकना पड़ता था। दुकान इधर की भीतर की गली में है। इधर-उधर के व्यक्ति सब रोज़ बासी दाढ़ी और चेहरा लेकर रामविलास की दुकान में दैनिक अखबार के पन्ने बाँटकर पढ़ रहा होता है। आज दुकान खाली है। मंगलवार है कि इसलिए, वैसे तो मंगलवार बाल नहीं कटवाना चाहिए लेकिन उस में उसे विश्वास ही नहीं है। किसी रोज़ नाखून नहीं काटो, किसी रोज़ बाल नहीं काटो, इसका क्या मतलब ? किसी रोज़ यह नहीं करो, किसी रोज़ वह नहीं करो यह सब ब्राह्मणवाद का नखरा है। बूढ़ा भी ब्राह्मण ही है। हाँ आजकल ब्राह्मणों को ब्राह्मणवाद के प्रर्वतक कहकर खूब निंदा की जाती है। अभी के समय में अल्पसंख्यक और वहिष्कृत जनजाति दलित और सूचीकृत न हो सके यानी बाहरी समुदाय में है ब्राह्मण। वह भी तो ब्राह्मण ही है लेकिन उससे क्या लेना ? क्रान्ति के मुखिया भी तो ब्राह्मण ही हैं। यह सोचकर वह ब्राह्मण होने पर थोड़ा तृप्त होता है और आत्म बल भी मिलता है।

रामविलास मधेश क्षेत्र का लड़का है। वह अविवाहित है बताता है लेकिन बूढ़े के इस बात पर विश्वास नहीं है। अविवाहित ही नहीं बाल बच्चा भी होगा। मधेश में तो और कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है उसे इस बात से क्या मतलब ? लेकिन परिवार की बात करके आदमी को नरम बनाया जा सकता है। परिवार की बात से आदमी के अंदर संवेदनशीलता जागृत होती है।

रामविलास विशुद्ध काठमांडू वासी नहीं है। उसके संबंध में यह कहना उपयुक्त नहीं होगा क्योंकि बूढ़ा भी काठमांडू का नहीं है। राजधानी ऐसे ही बाहर के लोगों से भरा है। दो सौ पचास वर्ष से व उससे भी अधिक से ही तो होगा इधर बाहर के लोगों का आगमन हुआ है। सिर्फ़ इन दोनों का क्या हिसाब ? दोनों के बाहर से यहाँ आकर लड़ने का क्या मतलब ?

"तो फ़िर कब जाओगे घर ?" रामविलास के सर पर पानी छिड़ककर बालों को मसलने लगा।

बाल छोटे-छोटे काटने के लिए बोला है बूढा ने। कम से कम एक डेढ़ महिना तो चले। घर में बुढ़िया कर-कर करने लगती है। यह क्या सिर्फ़ कनपट्टी के बाल छाँटकर आ गए हो ? बाल जैसे का तैसा ही है। पैसा देकर आने पर थोड़ा छोटा बाल नहीं बनवाना चाहिए ? इस बूढ़ापे में अब मेरा बूढ़ा क्यों इतना अच्छा बनना चाहते हैं।

बूढ़े ने कुर्सी पर बैढ़ने से पहले ही बोला है -

"छोटे-छोटे करना।" रामविलास उसके बाल छोटे-छोटे काटता है। बूढ़ा एक दो बार आ चुका है उसकी दुकान पर। बोलता है-"नियमित ग्राहक है पैसा कम करवाने के लिए सब ऐसा ही बोलते हैं।"

"जाना पड़ेगा" रामविलास ने आलस दिखाते हुए बोला वह घर नहीं गया तो बूढ़े कैन सा दुखी हो जाएगा। जब भी बाल कटवाने के लिए आता है बूढ़ा यही बात पूछता है ? 'घर गए ?' मधेश में रामविलास का घर और उसका घर एक ही जगह अगल-बगल में हो जैसा पूछता है।

"घर में कौन-कौन है ?" " माँ-बाप, भाइ-बहन सब है ?" रामविलास

खच-खच की ज़ोर की आवाज़ के साथ रामविलास कैंची से आवाज़ निकाल रहा है अपनी अनिच्छा व्यक्त करते हुए। पानी से बूढ़े के सर पर मालिश करने के बाद कैंची चलाने लगा।

"कितने भाई-बहन हो तुम लोग ?"

"चार भाई।"

वह बूढ़े के दायीं तरफ़ थोड़ा किया। खच-खच कैंची की तरह बूढ़ा ज़बान चलाता है।

"तुम्हारा कौन सा नम्बर ?"

"मैं बड़ा"

"खच-खच" कैंची से बूढ़े के बाल नहीं काटते हुए सिर्फ़ खिंच गया। बूढ़े के थोड़ा-सा दर्द हुआ फ़िर भी सहना ही पड़ा। प्रतिवाद में बूढ़ा बोल नहीं रहा है।

"खेत कितना है ?"

"होगा आठ-दस बीघा के करीब।"

जितना भी बोल दोगे होगा। कौन जाता है देखने के लिए। खच्-खच्।

अभी आम थोड़ा सस्ता हुआ है। बोलता है नहीं।

बूढ़े ने आईना में अपने झुर्रियों वाले चेहरे के प्रतिबिम्ब के साथ साथ आम से लदी हुई साइकिल को जाते हुए देखा तो पूछ बैठा। बाल कितनी आसानी से काटे रामविलास ने। ऐसे सन जैसे नरम बाल काटने पर भी वही रेट लेता है रामविलास।

आम के विषय में रामविलास की तरफ़ से कोई जवाब नहीं आया।

"तुम्हारे पास आम का बगीचा है ?"

"है।" रामविलास हाथ जल्दी चला रहा है।

बूढ़े के बाल बहुत नरम हैं। बूढ़ापे में बाल बहुत घना नहीं होता है इसलिए काट्ने में मज़ा नहीं आता है। कैंची फिसल भी सकती है।

"कौन-कौन-सी जात का आम है ?" आम का स्वाद जीभ पर लाते हुए बूढ़े ने कहा। आम है। एक किलो में पाँच-सात आ जाएँगे। पैसा ४०-५० देना पड़ेगा। रक्तचंदन की तस्करी करते तो मुँह माँगी किमत देते, कि बैंक लूटता, कुछ भी नहीं कर सका। जीवन ऐसे ही बीत गया। एक किलो आम खरीदने के लिए इतनी परेशानी। असफलता का स्वाद आम के स्वाद को फीका कर बूढ़ा की जीभ पर बैठ गया है। पचास-साठ पेड़ हैं। लङ्गड़ा, मालदह, दसहरी, कलकतिया रामविलास बोलता गया। बूढ़े के आम के नाम पता होते तो।

भेज देता होगा, तुम्हें ?

मैं आषाढ़ में जाता हूँ घर, तब तक के लिए एक दो पेड़ छोड़ देता है। अगर नहीं जा सका तो एक दो बोरी भेज देता है।

खच-खच। रामविलास ने कैंची रखी, उस्तुरा हात में रखा और टूटा हुआ आधा ब्लेड उसमें फिट किया। एड्स के कारण से पुराना उस्तुरा प्रयोग में नहीं लाता। ब्लेड फिट करने वाला उस्तुरा। रामविलास ने बूढ़े के बाल के बिट सबको और गाल के ऊपर के बालों को खुरदकर चिकना और नरम बना दिया।

'साहब का घर है यहाँ ?' रामविलास ने पूछा, सारी बातें मेरी ही क्यूं की जाये कुछ आपकी भी हो जाए न कहने के अंदाज में।

घर है। इधर भी है, उधर पश्चिम में भी है किराए का घर सोचकर बूढ़ा हड़बड़ा गया लेकिन है कह देने पर रामविलास प्रभावित हो जाएगा। मधेश में इसकी ज़मीन-जायदाद है और आम का बगीचा भी है तो सिर्फ़ खुद को क्यों फूटपाथी बताए। कहने के लिए तो घर है कह डाला लेकिन डर भी गया। कहीं रामविलास ने काठमांडू में घर बनाकर रहने वाला धनी आदमी समझकर डबल पैसा तो नहीं लेगा ? उधर पश्चिम में भी जा चुका है, लहान सिरहा और बहुत जगह।

विदेश तो नहीं है वह जगह। दोनों कुवैत, सउदी अरब वह जा चुका है बन्धु सब। मारे भी जा

चुके हैं। रामविलास ने खूबसूरत-सा जवाब दिया।

अच्छा ! मैं काठमांडू में सैलून सबसे अधिक चलने वाला एरिया कौन सा है ? बूढ़े ने रामविलास से अध्ययन अनुसंधान के अंदाज़ में सवाल किया।

"क्या पता ? जिधर भी चलता है। काठमांडू में सिर्फ़ नेपाल के ही आदमी नहीं है न।"

रामविलास ने बूढ़े के सर पर ऊँगली बजाते हुए मालिश करने लगा। इसने मालिश करना नहीं सिखा है। इतना पैसा देकर बाल कटवाएगा तो खसी बजार के सैलून में फस्ट क्लास की मालिश कर देगा। रामविलास कच्चा अनुभव वाला है कि आलसी है ?

बूढ़ा अब समाप्ति की ओर आ-चुका है जानकर बताया।

"विदेशी सब भी है। दुकान खोलना चाहो तो जहाँ भी चलेगी।"

'तुम्हारी दुकान में विदेशी आता है ?'

'नहीं मैं अपनी दुकान की बात नहीं कर रहा हूँ। एक बात बताया उधर किंग्स वे की तरफ़ दरबार एरिया।'

किंग्स वे कहने से बूढ़े ने दरबार समझा, पूछा, 'दरबार को गणतन्त्र भवन घोषणा करने की बात कह रहा है क्या विचार है तुम्हारा ?"

रामविलास ने बूढ़े के सवाल का जवाब नहीं दिया।

अच्छा उधर तुम लोगों की तरफ़ प्रतिमा को तोड़कर तो। वह ऐसी विमूर्तियाँ की मूर्ति।

'मूर्ति की क्या पहचान है ? मधेशियों द्वारा पहचानने वाली वह मूर्ति नहीं है न ?

थोड़ी देर बूढ़ा रुका। गमरा लेकिन जो हो--

मधेशी सब भी इसी देश का नागरीक है। एक बार उसने कैंची चलाई। खच्-खच्। उसकी बातों में रोष और आवेश प्रकट होने जैसा महसूस किया बूढ़े ने। वह कहीं आवेश में कैंची चलाते समय खच् से कान ही न काट डाले। देश का नाक तो कटा ही हुआ है। पहले राजा ने काटा फ़िर नेताओं ने।

'अब उन लोगों की पहचान की चिंता करनी पड़ेगी की नहीं करनी पड़ेगी खच् खच्।

राजा-महाराजाओं की मूर्ति तो नहीं बची। वह कैंची चलाना रोककर थोड़ी देर रुककर बोला।

कैंची की खच्-खच् थोड़ी देर के लिए रुक गई। अच्छा यही तो है। बातें सिर्फ़ सही-सही ही नहीं, पूरी सही है जैसे बूढ़े के लगा।

बूढ़े ने वह प्रसंग फ़िर नहीं चलाया। प्रसंग का निराकरण तो वह नहीं कर पाएगा लेकिन बोला इस बुढ़ापे में देश की ऐसी दुर्गति देखकर मरना पड़ेगा।

फ़िर उस तरफ़ ही मुड़ा, दुकान चलने और नहीं चलने की तरफ़।

'झोंछे की तरफ़ चलेगा की ठमेल की तरफ़।'

टुरिस्ट एरिया तो हुआ लेकिन अभी तो लटें बनाना और कान में टप लगाने की वजह से व्यवसाय कम चलता है, नहीं ?

रामविलास को लगा बोल दें, देश तो चल नहीं रहा है, दुकान की क्या बात ?

रामविलास ने जवाब नहीं दिया। इतनी देर में और कोई ग्राहक आया भी नहीं। कभी काम से हाथ खाली नहीं होता। लोग कतार में खड़े रहते थे। आज ऐसा हुआ।

बूढ़ा की आँख रेटलिस्ट की तरफ़ गया। बाल कटाई ३५ रूपए। पैतिस रूपया अंक में लिखा हुआ है। दूर से ही बूढ़े ने देख लिया। पास के लिए रिडिङ्ग चश्मा लगाना पड़ता है। बूढ़ा की दूर दृष्टि अच्छी है। आँख इधर-उधर घुमाने की आदत है बूढ़ा की दूर की दृष्टि अच्छी है इसलिए सुविधा है।

दुकान बहुत अच्छी तरह नहीं चल रही है आजकल है न ? बूढ़े ने रामविलास पर सहानुभूति दिखाते हुए बोला।

नहीं, ठीक ही चल रही है, ऐसी बात नहीं है। रामविलास ने बूढ़े के सहानुभूति स्राव को रोकने का प्रयास करते हुए बोला।

'किराया कितना देते हो ?' देह पर से रामविलास सफेद चादर उतार रहा था, उसी पल बूढ़े ने सवाल किया। रामविलास ने इस बात का जवाब नहीं देना चाहा। उसने बूढ़े की गर्दन नीचे करते हुए, छोटे-छोटे गर्दन के ऊपर के पतले बाल को खुरचकर निकाल डाला। अंतिम क्रिया। बूढ़े ने अपने कान के ऊपर के लंबे-लंबे बाल को साफ़ करने के लिए बोला। कान के ऊपर के बाल को देखकर के बूढ़े के पड़ोसी उससे 'कान जुँगे' बूढ़ा बुलाता है। उसे साफ़ करने का काम भी रामविलास ने सम्पन्न कर दिया। और गंदे तौलिए से बूढ़े के गर्दन और शरीर पर पड़े बाल को झाड़

दिया। उसके बाद तौलिया को दुकान के बाहर दो-तीन बार ज़ोर से झाड़ा।

'पैसा देने का समय आया।'

'कितना ?' कुर्सी से नीचे उतरते हुए बूढ़े ने रामविलास को बहलाने के अंदाज में पूछा। "रेट तो है, पैंतीस" उसने सीधा बोला। "यह तो बहुत ज़्यादा हुआ यार। पैंतीस। 'इतना नरम बांल काटने का भी पैंतीस।' 'इतनी देर तक तुमसे बातें की, और कोई है इस तरह। इतना प्रेम से तुमसे बातें करेगा।

और लोगों के पास फुर्सत नहीं होती है। फटाफट बाल काटो बोलता है और कमरे की तरफ़ चला जाता है। कान के बाल भी काट दिए हैं मैंने।

ऐसा कहा जाए तो बातें करने का चार्ज सहित पैंतीस नहीं ? बूढ़े ने मज़ाकिया अंदाज में कहा, रामविलास ने कुछ नहीं बोला। उसके भावह में परिवर्तन आया। बूढ़ा थोड़ा उदास हुआ। कैसा आदमी है ? मज़ाक भी नहीं समझता है। रामविलास भाव शून्य खड़ा रहा। पहले से ही पता था उसको बूढ़ा पैसा देने के समय में झिक-झिक करेगा। कुर्सी पर बैठते हुए , जब बोलना शुरू किया तो, बोलता ही रह गया। समय ठीक नहीं है। जेब से तीस रूपिया निकाला और बोला,"पहले तो पच्चीस लेता था, नहीं ?"

"उस समय वही रेट था।" रामविलास ने तौलिए सें कैंची को पोछते हुए कहा।

"लो तो ऐसी बात है तो ले लो न।" बूढ़े ने एक बीस और एक दस का नोट उसकी तरफ़ बढ़ाते हुए बोला। ऐसे नरम बाल काटने के लिए तो १५ मिनट भी नहीं चाहिए। तीस रूपए में भी नहीं मानोगे। तीस में भी नहीं माना तो ५ और बढ़ा देंगे। लिखकर ही टाँग दिया है, इन लोगों के संघ ने रेट लिस्ट पर जो लिखा हुआ है, वह हो नहीं रहा है आजकल। पहले दिन ही संसद ने क्या-क्या घोषणा नहीं किया लिखित रूप में, लेकिन कहाँ है वह ? सिर्फ़ लिखित में ही सीमित है। मल्लिक ने कहा, रायमाझी ने कहा, लिखित प्रतिवेदन सारे जमा है। जो भी हो, देना ही पड़ेगा ५ रूपए बढ़ाकर। कौन बक-बक करे।

तो रामविलास ने बूढ़े के दिए हुए तीस रूपए लिए और दराज में रखे।

कुछ नहीं बोला।

बूढ़ा दुकान से बाहर चला गया और पास के फलफूल की दुकान को अच्छी तरह से देखा। अच्छा ही है संसार। बूढ़े ने जेब टटोला। कुछ रूपए हैं। केला खाने का मन हो रहा है। लेकिन सुगर का खतरा है। जो भी हो, खाते रहेंगे। खाया भी। रामविलास बाहर निकलना चाहता था। पर बूढ़े को देखकर अंदर ही रुक गया। बूढ़े ने सर के बाल को खुजलाया। छोटा कर दिया है। बूढ़ा तृप्त और विजयी भाव से कमरे की तरफ़ गया।

अनुवादक : मौसमी सिंह (तिवारी)

कहानी

रूपांतरण

भागीरथी श्रेष्ठ

अचानक रात में फोन की घंटी बजी। वह आवाज़ मेरे दिल और कान को छेद गई। अशुभ समाचार है इस सोच के डर से बहुत देर तक फोन की घंटी बजने पर भी झट् से फोन उठाने की हिम्मत नहीं आई। लगा, मानो स्वयं फोन सेट ही अलंकारी होकर उपस्थित हुआ है, मेरे सम्मुख। जैसे-तैसे फोन उठाकर 'हैलो' ही सिर्फ़ बोल पाया था कि उधर से किसी महिला के रोने की आवाज़ सुनकर विस्मित हो गया मैं। यह सपना है कि यथार्थ ? जितना भी वह रोने की आवाज़ सुनता हूँ उतना वह चिर परिचित स्वर लगा, न मैं 'कौन रो रहा है' पूछ ही पाया और न ही मैं फोन काट सका लेकिन उस स्वर ने ... मेरे सर्वाङ्ग में।

उसके बाद उस आवाज़ का स्पर्श मेरे कानो में गुञ्जायमान हुआ। उस आवाज़ को सुनकर मैं दुख के संसार में भी नहीं डूबा। सुख के संसार में भी नहीं पहुँचा लेकिन मैं अपने नितान्त, रोमाञ्चक और आश्चर्यजनक संसार में पहुँचने लगा उस आवाज़ की सिढ़ीयाँ चढ़ते हुए।

"मैं अलका बोलरही हूँ। हालाकि मैं अपने उन्माद और चंचल हृदय के प्रवाह में बहकर आप जैसा ज्ञानी, ईमानदार पति और हीरा-मोती के जैसे संतान को छोड़कर पतन के रास्ते मैं लग गई। मैंने आप लोगों के साथ जघन्य अपराध किया है। वैसे तो मैं क्षमा के लायक नहीं हूँ लेकिन मैं आप और बच्चौ के मोह में बंधी लौटी हूँ और इस तरह से आपसे बातें करने की साहस जुटा पाई हूँ।" उस वक्त हालात ने मुझे क्यों अपराधी बनाया। आज फ़िर वे ही हालात मुझे पश्चाताप की अग्निकुण्ड में डुबो रहे हैं। मैं समझ नहीं सकी। यदि मुझे इस तरह से आलाप-विलाप करना होता तो किस सुख की खोज में निकलती ऐसा सुखी और खुशनुमा संसार को छोड़कर। दो महीने से अशांति की ज्वाला में जल रही हूँ मैं। कहीं भी शांति और सुख नहीं मिला। पश्चाताप की अग्नि में पल-पल जलते हुए लौटी हूँ मैं। मैं तो सिर्फ़ अपना शरीर लेकर गई थी, अपना दिल तो आप लोगों के पास ही छोड़ आई थी। इस शरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्ग में आपके और संतान के अस्तित्व के अलावा और कुछ भी नहीं है, मुझे माफ़ कीजिएगा।

मैं फ़िर से आपके और बच्चों के साथ नई ज़िंदगी की शुरूआत करना चाहती हूँ। मैं पूर्ण रूपसे रूपांतरित होकर लौटी हूँ, मुझे एक बार अवसर दीजियेगा। जिस लड़का के साथ मैं भागकर गई थी, वह मेरी आँखों से अनवरत आँसू झड़ते हुए देखकर उसने अनुमति देते हुए कहा- "तुम मेरे साथ सुखी नहीं रह सकती। तुम अपने पहले के ही पति और बच्चों के पास लौट जाओ। मुझे विश्वास है- तुम्हारा सज्जन पति नरेन्द्र अवश्य तुम्हें माफ़ कर देगा।" मुझे स्वयं विश्वास है कि आप मुझे ज़रूर स्वीकार करेंगे। वैसे तो मैं आपको बाध्य नहीं करूँगी लेकिन यह मेरा अंतर-हृदय की सत्य पुकार है। अनुनय-विनय है। मैं अत्यन्त व्याकुल और और पीडित हूँ। मैं अत्यन्त व्याकुल हूँ आप लोगों से मिलने और देखने के लिए। मुझे विश्वास है कि समय मुझे अवश्य आशीर्वाद देगा लेकिन फ़िर भी अपनी अंतर-आत्मा से पूछिये। मैं कल सुर्योदय से पहले ही घर लौट आऊँगी।" इतना विलाप करते हुए अलका ने मेरे जवाब का इंतज़ार किए बगैर ही फोन काट दिया।

यह क्या ? क्या हुआ ऐसा ? ऐसा भी होता है क्या ? होता होगा। थोड़ी देर तक कुछ नहीं दिखाई दिया। अंधा के समान हो गई आँख और मन। कुछ सोच ही नहीं सका मानो सोच का प्रवाह ही रुक गया हो।

साथ में पलंग पर मस्त से सोए हुए बच्चों को देखा। दो महीने से जिस दिन से अलका भाभी उसी दिन से ये दोनों बच्चे अलका की साड़ी और ब्लाउज पकड़कर सोते हैं। कितना मार्मिक दृष्य। माँ के होते हुए भी अनाथ के समान मेरा बेटा-बेटी।

यह कैसी दुष्कर परीक्षा है मेरे लिए।

अलका से अधिक यह समय मेरे लिए अत्यन्त चुनौती का समय है। मैं अभी समय के भार से दबता जा रहा हूँ। इस समय के भार को मैं कैसे बरदाश्त कर पाऊँगा।

पता नहीं क्यों अलका के प्रति मेरे अंदर न तो गुस्सा का भाव जागृत हुआ और न ही घृणा ने कर्ण उठाया और न ही मैंने उसे डाँटने का प्रयास ही किया।

वह कल आ रही है। यह सोचने में लगा। यह सत्य है कि असत्य ? क्या सच में वह आ रही है ? कैसे उसने धृष्टता की ? शरीर भर काँटे उग गए, लगा मैं स्वयं काँटो से भरा– भरा हूँ -मैं कैसे इन काँटो से निकल सकता हूँ।

वह मेरे लिए सुख बनकर आई है, या दुख बनकर आई है ?

उसने कहा मेरे आँसू और पश्चाताप ही मेरे रूपांतरित होने का प्रमाण है। क्या यही है सुबूत ?

दो महीना पहले अपने घर में किराए में रहने वाला योगेश गुरूङ्ग, जिस युवक के साथ भाग गई थी अलका अब फ़िर से इसी घर में लौटने की हिम्मत कैसे की ?

लेकिन वह जो कर रही थी, इससे मैं रोमांचित था। आश्चर्यजनक खुशी और उत्साह छलांगे लगा रहा था। चाहकर भी गुस्सा कर न सका उस पर क्योंकि उसे घृणा करने के लिए कोई भी अवगुण उसमें नहीं देखा जितना ढूँढ़ने पर भी। व्यक्ति को याद करने के लिए भी उसका गुण है और भूलने के लिए भी उसका अवगुण ही होता है। अलका इस घर की जान थी। एक विश्वासी और प्रियात्मा पत्नी और प्यारे बच्चों की मम्मी थी। घर का सारा व्यवहार उसी के सलाह अनुसार होता था। जहाँ तक लगता है उसे मैंने हर बात से सन्तुष्ट किया था। पता नहीं कहाँ भूल हो गई मेरी ? मेरी एक ही भूल थी कि मैं सुबह से शाम तक अपने काम में व्यस्त रहता और घर परिवार पर ध्यान नहीं दे पाता था। वह एक अवारा लड़का के साथ कौन से सुख की खोज में कैसे उजालों की चाहत में इतने सुंदर संसार को लात मारकर गई। कौन सी तृष्णा थी, जो उसके वशीभूत हो गई ? कितनी निर्दयी बन गई वह। आदमी का मन का संसार कब, किस कारण से परिवर्तन होता है ? किस समय दिल क्या चाहता है ? किस समय दिल दुखता है। उसकी कोई सीमा नहीं है। अलका के जाने पर दुनिया ने बदनाम किया, द्वेष के राक्षसों ने ताली पीटी। सबने अपमान किया उसकी बुद्धि और कर्म को धिक्कारा। मैं भी उसके साथ बहुत नफरत करना चाहता था कितना भला-बुरा कहना चाहता था लेकिन नहीं हो पाया। उसके गुणों ने मुझे नतमस्तक कर दिया। बल्कि कितनी रातें आँखे भीगी और ऐसे ही बीती उसकी कमी और अभाव में। उसके रहते समय घर का बातावरण सुबह की किरणों जैसा होता था। उसके बिना घर ढले हुए पेड़ की तरह, टूटा हुआ डाल से झरे हुए पत्ते की तरह। घर का सारा सुख चैन हरण कर के चली गई थी। सोचता था, अंतर्मन से अलका घर लौट आए उसके द्वारा किया गया गलत कार्य कर्म, मेरा और सबके मन से विस्मृति हो। फ़िर से गृहस्थी का नया संगीत शुरू हो। मृत मेरी गृहस्थी फ़िर से संगीतमय हो। इस घर का मुख्य दीप फ़िर से प्रज्वलित हो। अलका के फोन के बाद आश्चर्य चकित होकर सोचने लगा। उसके अंदर की चाहत का सूत्र और मेरी चाहत का सूत्र कैसे जुड़ गया ?

आठ वर्ष का बेटा नीरज और सात वर्ष की बेटी नीता हरवक्त पूछती थी "पापा मम्मी कहाँ चली गई ? कब आएँगी ?" मैं विश्वास के साथ कहता था-"तुम लोगों की मम्मी दो-तीन महीने के बाद तुम लोगों के लिए ढेरों उपहार लेकर आएँगी।"

इस तरह से झूठ बोलकर बच्चों को अश्वासन देता था। मुझे लगता था झूठ बोलने से कोई पाप नहीं लगता। अगर एक झूठ बहुतों का अहित करता है तो बोलना पाप है। इसलिए झूठ बोलकर बेटा-बेटी के मन में अपनी मम्मी के प्रति आशा के दीप जला देता था। उन लोगों के सामने सत्य बोलकर अपनी मम्मी के प्रति घृणा, का भाव जगाने की कोशिश मैंने कभी नहीं की। सोचता था आखिर बच्चों की जननी है। जीवन की इस यात्रा में कहीं और कभी

इन लोगों की अपनी मम्मी से मुलाकात भी हो सकती है।

जब अलका आज परिमार्जित और परिष्कृत होकर छाँव बनकर भरिपूर्ण कारण और धूप की जैसी गर्मी, चन्द्रमा जैसी शीतलता बनकर लौटी है तो क्यों स्वीकार न किया जाए। उसके लिए इस घर का दरवाज़ा सदा के लिए खुला है। हम लोगों के जैसे कितने पुरुष इसी समाज में दो-तीन शादियाँ करके ठाट से रहते हैं तो अलका की एक गलती को क्यों माफ़ नहीं किया जा सकता ?

लगा किसी समय के कैदी बनकर रास्ता भटककर गई अलका फ़िर रास्ता याद करके लौटी है।

जीवन है, इस जीवन में कौन गलती नहीं करता ? माफ़ करना पड़ता है ? करुणा, सहृदयता और उदारता ही मानवीय उच्च भावना है। मुझे अलका को प्रेम और सम्मानपूर्वक स्वीकारना पड़ता है क्योंकि वह शरणागत और समर्पित लौटी है। अनन्य भाव लेकर।

लगा मैं तो खुशी की उतान तरंग में तैरने लगा हूँ। खुशी के नैसर्गिक हलचल के अंदर चलने लगा।

सोचा मैं फ़िर से कुशल और प्रेयसी पत्नी की प्राप्ति करने वाला हूँ।

मेरे बच्चों को फ़िर से ममता का छाँव मिलने वाला है।

इस घर को एक ईमानदार मालिक मिलने वाला है।

जीवन फ़िर से अधोगामी से उर्ध्वगामी होकर चलने लगेगा।

मैं सभी निरूपाय स्थितियों और यन्त्रणा से मुक्ति पा लूँगा।

अनेक सोच के संसार में विचरण करते-करते सुबह होने का पता ही नहीं चला। एक ही बार द्वार की घंटी बजने पर चौंक गया। पता नहीं कौन सा उत्साह और उल्लास के साथ गेट खोलने को गया तो हात में बड़ा सा बैग उठाई हुई अश्रुपूर्ण नयन से संकोचपूर्वक मेरी ओर देख रही थी। कितनी हृष्ट-पुष्ट थी वह। दो महीने में ही कितनी दुर्बल हो गई है। मैंने पूरा द्वार खोल दिया लेकिन एक मौनता हमारे बीच पसरी हुई थी। ऐसा लगा उसका समग्र व्यक्तित्व देखने पर इस दुबली अलका की काया से मातृत्व का प्रकाश चमक रहा है। पश्चाताप का आँसू झर रहा है। मानो वह कहीं दूर परदेस से लौट रही हो। मन में गाँठ पड़ा था लेकिन मैं दिल खोलकर उसको आगोश में नहीं ले सका।

वह चुपचाप धीरे-धीरे मेरे पीछे-पीछे आई। खुलके न तो मैं बोल सका, न वह बोल सकी। यद्यपि मेरे मन में उसके प्रति कोई दुर्भावना नहीं थी। एक संवेदना वह रही थी मेरे अंदर।

उसके फटाफट मेरे कमरे में आने से बच्चे झटपट उठ गए। दुबली मम्मी को देखकर थोड़ी देर ठिठक गए। रोते हुए दोनों एक साथ चिल्लाते हुए बोले-"मम्मी कहाँ आप गई थीं हमें छोड़कर ? मम्मी क्या लाया आपने हमारे लिए ?"

मम्मी के बाहुपाश से छिटककर वे लोग बैग से खोजतलाश करके समान सब निकालने लगे।

ज़मीनपर बिखरा-बिस्कुट, चकलेट, चिजवल, लेज और अनेक खेलौना सब।

बेटा-बेटी खुशी से उछलने लगे। ऐसा लगा मुझे इस समय आकाश से खुशी और उत्सव का फूल सब बरस रहा है। कमरे का बातावरण अत्यन्त करुण हो गया था।

चुपचाप एकटक देखरहा था वह करुण दृश्य सब। लगा वह बीता प्रिय और हार्दिक दिन सवरे फ़िर लौटकर आ गया हो। भिन्न अनुभूति, नया स्वाद और आकर्षक रङ्ग लेकर। अलका को सिर्फ़ मैंने ही नहीं, यह घर और घर का सारा बातावरण ने भी माफ़ कर दिया हो। बेटा-बेटी का प्रेम और अधिक संभल गई हो वह।

बाहर उजाला हो चुका था। सदा की तरह आज भी अलका उठकर बाहर ही चली गई। शायद घर के काम-काज की तरफ़ होगा। मन से बहुत-बहुत कशमकश और पीड़ा का बोझ हटा हुआ महसूस किया।

अनुवादक : मौसमी सिंह (तिवारी)

कहानी

मुझे भी नींद नहीं आई

मातृका पोखरेल

मोबाइल फोन से अभी-अभी मिली हुई खबर मेरे लिए कोई खास अप्रत्याशित नहीं थी। सरकार द्वारा बनाई जा रही सुकुमवासी बस्ती में डोजर चलवाने की योजना की जानकारी मुझे आधिकारिक स्थान से ही मिल चुकी थी।

"यह कदम हमारी पार्टी के लिए अत्यंत घातक होगा।"– सूचना मिलते ही मैंने प्रतिक्रिया दी थी।

"अब यह पार्टी हमारी नहीं रही। जनता की नहीं रही।"– पार्टी के नेताओं को चुनौती देते हुए कहा था मैंने।

ज़िम्मेदार कॉमरेड भी मेरी बातें प्रतिक्रियाविहीन होकर सुनते रहे।

दो दिन पहले तक मैंने कार्की चाचा को 'यह तो हो ही नहीं सकता' कहकर फ़िर से विश्वास दिलाने की कोशिश की थी। लेकिन अपनी बात पर मैं स्वयं भी विश्वस्त नहीं था।

मोबाइल की घंटी लगातार बजने लगी। रजमान गुर्मछान, सरला कार्की, हरिदेव चौधरी, सुवास आले समेत कई दोस्तों के फोन से आई घंटी बजती की बजती ही रही। लगातार घंटी बजने पर मैंने मोबाइल को साइलेंट कर लिया।

रेडियो खोला। एफएम स्टेशनों से 'वाग्मती के सुकुमवासी बस्ती को सरकार डोजर लगाकर हटा रही है' समाचार आ रहे थे।

फ़िर मैं बिस्तर पर जाकर लेट गया। बस लेटना ही तो था। कल तक नरम लगने वाला बिस्तर भी काँटे की तरह चुभता हुआ-सा लगा। बदन पसीने से लथपथ-सा हो रहा था। फ़िर उठा। मोबाइल के स्क्रिन को देखा। सुकुमवासी टोल के कॉमरेडों के आए कॉल्स की लंबी लिस्ट थी।

पार्टी के शांति प्रक्रिया में आने के बाद सुकुमवासियों का व्यवस्थापन बड़ी चुनौती के रूप में हमारे सामने खड़ा हुआ था। देश भर में ही यह समस्या थी। काठमांडू के भीतर के सुकुमवासियों का व्यवस्थापन करने की ज़िम्मेदारी के साथ पार्टी ने मेरे नेतृत्व में एक टीम बना दी। हमारे लिए यह काम कम चुनौती भरा नहीं था। पार्टी में संगठित हुए कुछ सुकुमवासी कॉमरेडों के सहयोग में हम ने वास्तविक सुकुमवासियों की लिस्ट बनाना शुरू किया। सुकुमवासियों की अवस्था बड़ी विकराल थी। काठमांडू की बहुत सारी ज़मीनों पर सुकुमवासी के ही नाम पर अमीर लोग कब्ज़ा जमाकर बैठे हुए थे। उच्च ओहदे के सरकारी मुलाज़िम ही नहीं, बल्कि उच्च राजनीतिक प्रभाव के बल पर सरकारी ज़मीन हड़पकर बसे हुए गैर सुकुमवासियों की तादाद भी बड़ी थी।

पार्टी द्वारा हमें सौंपी गई ज़िम्मेदारी में सहयोग देने वाले साथी भी बहुत थे। वास्तविक सुकुमवासियों के समूह में प्रवेश करने के बाद लगा जैसे हम एक अलग ही संसार में आ गए हैं।

सुकुमवासी टोल के भीतर ही सुकुमवासी और गैर सुकुमवासियों के बीच एक ध्रुवीकरण था। वास्तविक सुकुमवासियों का साथ हम अच्छी तरह ही दे रहे थे। उन्हें भी हमारे ऊपर यकीन और भरोसा था। सुकुमवासी टोल के गैर सुकुमवासियों के हमारे विरुद्ध विविध षड्यंत्र करने की सूचना हमें मिलने लगी थी। वास्तविक सुकुमवासियों की एकता के आगे गैर सुकुमवासी कमज़ोर पड़ रहे थे।

लोगों के सुकुमवासी जीवन में रूपांतरित होने के पीछे बहुत सारे कारण होते थे। अच्छी तरह पेट भर सकने वाले भी पारिवारिक दुर्घटना के कारण यहाँ आ जाते थे। वाग्मती किनार के सुकुमवासियों के सहकार्य के कारण देश भर बिखरे हुए सुकुमवासियों के

साथ संपर्क बढ़ता गया। एक तरह से कहा जाए तो वास्तविक सुकुमवासियों का नेतृत्व लेने में हमारी पार्टी सफल थी। इस बात को लेकर ही हमें गर्व था।

**

जब मैं वाग्मती पुल पर पहुँचा तो पुलिस और सुकुमवासियों के बीच झड़प हो रही थी। पुलिस की ज़्यादती सीमा पार कर रही थी। दूर से ही देखा– कॉमरेड सरला का छोटा-सा बेटा बच्चों का एक समूह बनाकर डोजर पर पत्थर मार रहा था। पुलिस वाले क्या बच्चा, क्या बुजुर्ग, सब पर लाठी बरसा रहे थे और क्रूरतापूर्वक झोपड़ियों के सामानों को वाग्मती नदी में फेंक रहे थे।

एक ही निमेष में देखते-ही-देखते लोगों की बड़ी संख्या बेघर हो गई। मेरे साथ अंतर्संबंध वाले सभी कॉमरेड बेघर हो चुके थे। भीतर से ही मन जुड़े हुए लोगों के ऊपर पड़ी चोट से कितना दर्द होता है, इसका अनुभव मैंने आज पहली बार किया। अपनी ही पार्टी सरकार में है। इस विषय में उनकी मेरे साथ होने वाली बातचीत से पीड़ा और बढ़ी हुई महसूस होती है।

"मैं आप लोगों के साथ हूँ और रहूँगा।" इतना मात्र उत्तर देकर उनकी गहरी पीड़ा पर मरहम लगाने की कोशिश कर रहा हूँ।

समर्थ लोगों ने थोड़ा-थोड़ा करके अपने सामान उठाए, असमर्थ लोग वह भी नहीं कर सके। पार्टी और सरकार ने भयंकर गलत फैसला लिया था। इस वारदात से जनता और हमारी पार्टी की दूरी काफ़ी बढ़ गई है।

"वास्तविक सुकुमवासियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करके ही वाग्मती किनारे के सुकुमवासियों को हटाना जायज होगा।" पार्टी कमिटी की तरफ़ से हमने बारंबार पार्टी नेतृत्व और सरकार से आग्रह किया था।

उजाड़ दी गई झोपड़ी में छूटा-फूटा कुछ मिलने की आशा में अपने बेटे को लेकर गई हुई सरला दुपट्टे से आँसू पोंछती हुई वाग्मती पुल की तरफ़ आ रही थीं। इसी तरह अपने-अपने बच्चों के साथ मोटरी-गठरी थामे आ रहे थे– कार्की चाचा, रजमान गुर्मछान, हरिदेव चौधरी, सुवास आले लगायत कॉमरेड लोग। इन साथियों को किस मुँह से क्या बोलूँ, अब दूसरे पहाड़ से दबा हुआ-सा महसूस होने लगा।

पुल ऊपर के लोगों को पुलिस तितर-बितर कर रही थी। मैं कॉमरेडों से मुलाकात कर पुल के उत्तरी हिस्से की तरफ़ बढ़ गया। मैं उनकी पीड़ा को सहलाने के लिए उपयुक्त शब्द खोज रहा था। इतना ही नहीं, मैं खुद भी निराश था। ऐसा लग रहा था मानो मेरे आगे मुश्किलों का पहाड़ खड़ा हो।

कैसा सपना सँजोए चला था। अपनी यात्रा पर कितना विश्वास था। लेकिन अपने ही सामने चकनाचूर होकर टूट रहे शीशे के समान सपना टूट रहा था।

मुझे पता है सरला के रहने का अब कोई आसरा नहीं है। रामेछाप में ही पली बढ़ी हुई, माँ-बाप का चेहरा तक न देख पाई अनाथ। छोटी उम्र में ही चाचा-चाची ने सौतन वाले घर में अधेड़ पति का साथ लगा दिया। विवाह करके गई हुई ससुराल किसी यातनागृह से कम न थी। कालीन के कारखाने में काम करेंगे कहकर कुछ साल पहले उनका पति काठमांडू लेकर आ गया। साथ में दो छोटे-छोटे बच्चे थे। एक दिन पहली सुबह ही उनका पति उन्हें छोड़कर लापता हो गया। उन्होंने कुछ दिनों तक अपनी क्षमता के मुताबिक अपने पति को ढूँढ़ने की कोशिश की। बाद में वह समझ पाईं कि खुद से दूर करने के लिए ही उनके पति ने ये सब नाटक किया था।

कुछ दिनों तक तो काठमांडू की सड़कों पर, गलियों में वह भीख माँगती फ़िरीं। एक दिन भीख माँगने दौरान गाँव की एक दीदी से उनकी मुलाकात हुई, जिन्होंने उन्हें अपनी ही तरह पत्थर तोड़कर गुज़ारा चलाने की सलाह दी। माँगकर खाने की इच्छा उन्हें भी बिल्कुल न थी। सो वह भी दीदी के पीछे-पीछे बल्खु नदी के किनारे काम की तलाश में गईं।

उसी साल बड़ा लड़का नदी में डूबकर मर गया। उसके बाद उन्हें वहाँ रहना अच्छा नहीं लगा। पर करतीं क्या? मजबूरी से बँधी हुई ज़िंदगी के उनकी मर्ज़ी से चलने का सवाल ही नहीं था। करीब दो साल बल्खु नदी के किनारे पत्थर तोड़ने के दौरान उन्होंने कहीं से सुना कि वाग्मती के किनार में झोपड़ी बनाकर रहा जा सकता है।

पत्थर फोड़ने वाले साथियों के पीछे लगकर

सरला वाग्मती किनार वाली सुकुमवासी बस्ती में आई थीं।

कॉमरेड सरला बेटे का हाथ पकड़े मेरे पास आईं और एकटक मुझे देखती रहीं। सरला और मैंने थापाथली पुल पर खड़े होकर फ़िर से एक बार सुकुमवासी बस्ती की ओर देखा। उधर देखकर शायद उन्होंने अपने पुराने घाव को कुरेदा होगा। पपड़ी पड़ चुके घाव से वापस खून बहने लगा होगा। उनके चेहरे को पढ़कर ऐसा ही कुछ आभास हो रहा था।

बेआसरे कॉमरेड कुछ नज़दीक के और कुछ दूर के रिश्तेदारों के यहाँ जाने की बात कर रहे थे। मोटरी लादे हुए कार्की चाचा ऐसे मुँह लटकाए मुझे देख रहे थे, मानो बस अब रोने ही वाले हैं।

"सरला कॉमरेड, चलिए मेरे ही यहाँ चलते हैं।"– सरला को आश्रय लेने की यहाँ कोई जगह नहीं है, यह मुझे पता था।

मैंने सरला की ओर देखा। वाग्मती के पानी में उनके आँसू की बूँदें गिरकर कहीं खो गई थीं।

"मैं कभी भी न रोने वाले इंसानों में से हूँ कॉमरेड, पर आज... !"– हथेली से आँसू पोंछती हुई बोलीं वह।

सरला की खुशी और दुख दोनों स्थितियों को मैंने नज़दीक से देखा था। जब पहली बार वह पार्टी के संपर्क में आई थीं, तब बेहद खुश थीं।

"ऐसा लग रहा है, आज से मुझे नई ज़िंदगी मिली है।"– पार्टी सदस्यता प्राप्त होने के दिन उत्साहित होते हुए कहा था उन्होंने।

वही इंसान इतनी छोटी अवधि में आज कह रही है– "कॉमरेड, अब मैं सच में हारी हुई महसूस कर रही हूँ।"

मैं निरुत्तर उसकी बातें सुनता हुआ रास्ते पर चल रहा था और खुद चल रहे रास्ते से खुद को ही अविश्वास पैदा हो रहा था।

**

सरला और उनका सात साल का बेटा शिवहरि रसोई घर के रूप में प्रयोग किए जा रहे बगल के कमरे में सोए थे। बीच में प्लाइवुड का छेका लगा हुआ था। इधर के कमरे में हमारा परिवार सोया हुआ है।

"आप कह रही थीं कि अब हमें पहले की तरह अन्याय नहीं सहना पड़ेगा!" शिवहरि के अपनी माँ से पूछे हुए शब्द रात के सन्नाटे को चीरते हुए हम तक आ पहुँचे। मेरी पत्नी सरिता उस आवाज़ को सुनने के लिए मुझे टोक रही थी।

"मैं भी सोया नहीं हूँ।" मैंने धीरे से उसके कान में कहा।

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

कहानी

प्रियंवदा

माया ठकुरी

'आपके मस्तिष्क की नसें थोड़ी कमज़ोर हुई दिखाई देती है। अधिकतर लोगों में उम्र वृद्धि होने के साथ-साथ शरीर के अवयव भी थोड़े दुर्बल होते जाना स्वभाविक ही है, पर किसी-किसी में ऐसे लक्षण थोड़ी जल्दी ही दिखाई पड़ने लगते हैं। आपके सम्बन्ध में कहा जाए तो आप अपने मस्तिष्क को हमेशा सक्रिय रखने हेतु कोई नवीन वात जैसे, खुद से अनजान भाषा सीखने लगेंगी तो मस्तिष्क सक्रिय रहेगा और उससे आपको लाभ होगा।'– प्रियंवदा के सर की सि.टी. स्कैनिंग रिर्पोट देखकर डॉक्टर ने उनसे कहा।

"आप क्या बात करते हैं डॉक्टर साहब ? अब इस उम्र में आकर नई भाषा सीखकर मुझे क्या करना है ? रोग भी कैसी लगी है भाषा सीखने की ? हल्की हँसी हँसती हुई बोली प्रियंवदा।

'देखिये आप अपने रोग को साधारण मत समझिए। मेरी कही बातें मानिए ! जितनी जल्दी हो सके एक नवीन भाषा सीखना शुरू कर दीजिए !' डॉक्टर ने तटस्थ होकर कहा।

'मुझे ऐसा क्या रोग लग गया है डॉक्टर साहब ?' प्रियंवदा ने पूछा।

'आपको विस्मृति होने का रोग लग चुका है। समय पर ही इसे ध्यान देकर सावधानी नहीं अपनाई गई तो मनुष्य पूर्ण रुप से विस्मृति के गर्भ में चला जाता है, और वह अपना अतीत, वर्तमान सबकुछ भूल जाता है। आपके विषय में बहुत से बहुत ८-१० वर्ष वैसा बड़ा प्रभाव न पड़े, पर निश्चित नहीं कह सकते।' डॉक्टर ने खुलकर कहा।

'ओ, इसी से तो आज-कल मैं बहुत बातें भूलने लगी हूँ। कभी-कभी तो खुद को हमेशा मिलते रहे, देखते रहे लोगों का नाम तक भूल जाती हूँ। एक काम करना शुरू किया, आदमी थोड़ी देर में क्या हो जाता है क्या पता, बीच ही में उस काम को चट से भूलकर दूसरा ही काम प्रारम्भ कर देती हूँ। कितनी बार तो मैं घर से एक निर्दिष्ट स्थान पर जाने हेतु निकली, भूलकर दूसरी ही रुट में चलने वाली गाड़ी पकड़कर अन्यत्र किसी नई जगह पर पहुँची होती हूँ। अब जा के पता चला मुझे भूलने का रोग पकड़ लिया है।' डॉक्टर की बातें सुनकर मन के अंदर उमड़ती हुई वहदना की लहरों को दबाने का प्रयास करती हुई प्रियंवदा ने कहा।

'हाँ आपका सिर बहुत ही दुखे तो यह दवा खाएँ पर यह दवा बेहोश कर देती है और झपकी आने लगती है।' डॉक्टर ने प्रियंवदा के लिए दवा का नाम लिखने का उपक्रम करते हुए कहा।

'उस तरह बेहोश करने वाली दवा मत लिख दीजिए डॉक्टर साहब। बेटे-बेटी सभी बाहर हैं। दमा रोग के कारण वह कई सालों से बिस्तर पर पड़े हैं इसलिए घर का सब कुछ मुझे ही देखना होगा, ऐसी अवस्था में मैं ही बेहोश रही तो कैसे चलेगा... ? हां, कोई सामान्य प्रकार की दवा लिख दीजिए।' प्रियंवदा ने कहा।

ठीक है, मैं यहाँ एक सामान्य दवा लिख देता हूँ, सर दुखने के समय खा लें पर देखिए, ! विस्मृति के लिए आज तक ऐसी कोई दवा बनी नही है। इससे बचने हेतु आपको मस्तिष्क को सक्रिय रखने की कोशिश करनी पड़ेगी।' डॉक्टर ने फ़िर वही बात दोहराई।

'अच्छा तो डॉक्टर साहब नमस्कार ! प्रियंवदा ने डॉक्टर की दी हुई परची हाथ में लेती हुई बोलीं।

उस दिन डॉक्टर साहब के यहाँ से घर लौटने के क्रम में प्रियंवदा के हृदय में वहदना की आंधी-तूफान उठे थे। वह बार-बार आँखों की पुतलियों तक आए आँसू के प्रवाह को हाथों से पोंछती हुई कदम

बढ़ा रही थीं।

घर पहुँचने पर प्रियंवदा के पति गोविन्दराज ने उनसे डॉक्टर की प्रतिक्रिया के बारे में जिज्ञासा रखी थी।

'वैसी खास चिन्ता करने की कोई बात नहीं है। अधिक टेन्शन न लें, तथा मस्तिष्क को सक्रिय रखें कहा। दवा भी सामान्य दिए हैं।' प्रियंवदा ने असलियत को छुपाते हुए कहा।

'यही बात तो मैं भी तुमसे कहता आया हूँ। तुम बिना मतलब जाने-अनजाने बातों की चिन्ता करती हो।' गोविन्दराज ने कहा।

समय-समय पर असहनीय तरीके से सिर दुःखते रहने के कारण उसके समाधान हेतु डॉक्टर के यहाँ पहुँची प्रियंवदा ने जब अपने रोग के बारे में मुख्य बातें जान पाईं तो उसी क्षण से उनकी छाती में पीड़ा का धुँवा उठकर उन्हें छटपटाने लगा थी।

प्रियंवदा ने बाद के दिनों में स्वयं को जितना हो सके सचेत रखने का प्रयत्न करने लगी। नई भाषा सीखने के निमित्त वह बाज़ार से एक पुस्तक लाईं जिसमें सरल ढंग से जापानी भाषा सीखने के लिए पाठों को तैयार किया गया था।

वैसे तो प्रियंवदा अपनी ओर से बहुत ही सचेतता अपना रही थीं, फ़िर भी कभी-कभार उन्हें अकस्मात् किसी अदृश्य छाया ने ढक लिया जैसा होता और क्षण भर के लिए वह विस्मृति अवस्था में पहुँच जातीं।

वैसी ही विस्मृत अवस्था में जाने के किसी क्षण में उनसे हुई गलत बातों के कारण कभी-कभी घर में कुछ क्षति भी हुआ करती। बाद में होश में आने पर खुद से हुई गलती के कारण आमन्त्रित हानि को याद कर अंदर ही अंदर अत्यन्त ही लज्जा बोध करतीं प्रियंवदा। पर क्या करें, निरुपाय थीं वह। उनके वश में कुछ भी नहीं था।

एक दिन की बात है उस दिन लोडशेडिंग होने से शाम ६ बजे से बिजली नहीं जली थी। कमरे में अन्धेरे का प्रवेश होने पर बैठक-कक्ष में रखने हेतु प्रियंवदा ने मोमबत्ती जलाई। बत्ती लेकर बैठक-कक्ष में जाते-जाते वह अपनी सुध खो बैठीं तथा बैठक कक्ष में रखने चली मोमबत्ती शयन कक्ष में लाकर बिस्तर पर रख दी थी। गनीमत हुई कि उस वक्त गोविन्दराज की दृष्टि उस पर पड़ गई वरना महा अनर्थ हो जाता।

पिछले कुछ समय से प्रियंवदा की मानसिक स्थिति सामान्य होने से वह स्वयं को बहुत स्वस्थ अनुभूत करने लगी थीं।

पिछले हफ्ते गोविन्दराज की बड़ी दीदी नर्मदा ने अपनी छोटी बेटी कृपा की शादी के उपलक्ष्य में भाई गोविन्दराज और बहू प्रियंवदा को कुछ दिन के लिए कृष्ण नगर आमंत्रित की थीं। गोविन्दराज चाहकर भी स्वास्थ्य के कारण भांजी की शादी में नहीं जा सके। इस प्रकार प्रियंवदा अकेली ही कृष्ण नगर गईं।

विवाह में कृष्ण नगर पहुँचे सभी आमंत्रित लोगों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था नर्मदा ने अपने ही घर पर ही की थी और सोने की व्यवस्था घर के नजदीक ही एक होटल में कर दी।

कृष्ण नगर पहुँचने पर अपनी बड़ी ननद नर्मदा तथा अन्य सगे-सम्बन्धियों से भेंट होने पर प्रियंवदा को बहुत ही खुशी हुई थी। कतिपय सगे-सम्बन्धियों के साथ प्रियंवदा की मुलाकात न हुए बहुत समय हो चुके थे। इस कारण भी भांजी की शादी के अवसर पर उनलोगों से भेंट-घाट हो पाने पर वह अत्यन्त उत्साहित हुई थीं।

प्रियंवदा कृष्ण नगर पहुँचने के अगले दिन दुल्हन की ओर से शाम के समय भोज का आयोजन किया गया था। इस प्रकार दिन में प्रायः सभी निमन्त्रित लोग कोई आराम करने, कोई बातें करने में लगे थे।

प्रियंवदा को दिन में-थोड़ी देर के लिए भी बढ़नी बाज़ार तक जाकर खरीदारी करके आने का मन था। बढ़नी बाज़ार और कृष्ण नगर के बीच दस गज का मात्र अन्तर होने से अधिकतर प्रायः नेपाली लोग दस गज पर करके भारतीय भूमि पर अवस्थित बढ़नी में जाकर खरीद फरोख्त किया करते थे।

"प्रियंवदा ने बढ़नी जाने से पहले दूर की एक महिला नातेदार से "मेरे साथ बढ़नी तक चलोगी क्या.....?" कहकर पूछी थीं पर विवाह वाले घर की चहल-पहल वाले माहौल छोड़कर बढ़नी जाने के लिए वह राज़ी नहीं हुईं। इस प्रकार और किसी को भी अपने साथ जाने के लिए जोर दिए बिना प्रियंवदा ने रिक्शा लिया और बढ़नी की ओर चल दिया।

बढ़नी पहुँचकर रिक्शा से उतरने के बाद रिक्शेवाले को पैसे देने के लिए प्रियंवदा ने अपने कंधे

पर टंगे हुए बड़े झोले के अंदर से एक दूसरा छोटा बैग निकालने के क्रम में एक छोटा कागज का टुकड़ा ज़मीन पर गिर पड़ा।

"माताजी, यह आपका कागज ? उठाकर किसी ने प्रियंवदा को दिया। प्रियंवदा ने देखा उस कागज के टुकड़े पर प्रियंवदा का तथा उसके पति का नाम, उपनाम, उम्र एवम् टेलिफोन नं. लिखा था।

कागज में लिखे विवरण को पढ़कर प्रियंवदा के होंठ पर अनायास ही मृदु मुस्कान बिखर गई, तब वह गोविन्दराज के ममता भरे चेहरे को याद करती हुई वह वो कागज बैग के अंदर रखीं और रिक्शेवाले को भाड़ा देने के बाद बढ़नी स्थित विभिन्न दुकानों में खरीद-फरोख्त करने लगीं।

डेढ़ घण्टे तक प्रियंवदा ने खरीद-फरोख्तकिया। इसके पश्चात् अपना खरीदा हुआ सामान रखकर झोला लिए वह कृष्णनगर लौटने के लिए रिक्शा ढूँढ़ने लगीं।

कुछ दूर हट के एक खाली रिक्शा देखने पर प्रियंवदा ने हाथ के इशारे से रिक्शा बुलाया और रास्ते के किनारे पर खड़ी रहीं।

उसी वक्त क्या जाने किधर से, एक आठ-दस साल का बालक बर्तन में कुछ लेकर आया और प्रियंवदा के आगे आकर टकराया और फ़िर उसके हाथ में रखे वर्तन उछटकर प्रियंवदा के पाँव में लगा।

'हे भगवान यह क्या किया..... ! पूरी सब्जी मेरे पूरे पाँव भर लग गई। कैसे बिना आँख देखे ही दौड़ा ? पाँव भर रसदार सब्जी गिरकर साड़ी में समेत लगे देखकर अनायास ही क्षुब्ध होकर प्रियंवदा ने कहा था।

'हरे ! अब यह कैसे साफ करें....' कहते हुए प्रियंवदा के अपने कदम और साड़ी झाड़ते वक्त वह बालक नीचे गिरे बर्तन झट से उठाया और एक गली की ओर दौड़ पड़ा।

'अरे.... भाई ! इधर कहीं नल है पानी का ? प्रियंवदा ने नजदीक के दुकानदार से पूछा।

'है उधर थोड़ी दूर पर एक पानी की टंकी है। वहीं नल भी है।' दुकानदार ने आगे की ओर इंगित करते हुए कहा।

दुकानदार के दिखाए दिशा की ओर बढ़ते जाने पर प्रियंवदा ने वहाँ एक पानी टंकी और नल को देखा। धारा पर पहले ही एक महिला बाल्टी में पानी भर रही थी। बाल्टी भर जाने के बाद वह महिला बाल्टी उठाकर चली गई।

प्रियंवदा ने हाथ में लटकाया हुआ झोला नल के नजदीक रखा फ़िर कंधे पर लटकाये बैग को बगल में दबाया।

इसके पश्चात प्रियंवदा ने पाँव धोया और साड़ी में लगे दाग रगड़ रगड़कर साफ़ करने लगीं।

बहुत देर लगाकर पाँव और साड़ी के किनारों को खंगालने के बाद बगल में दबाया हुआ बैग हाथ में लिया तथा बैग का चेन खोलकर बैग को धारा के नीचे रखीं। कुछ देर तक इस प्रकार बैग रखने पर प्रियंवदा ने बैग के अंदर हाथ डाला और बैग भीतर के सभी सामानों को धोने लगीं।

कुछ देर बाद बैग के अंदर के सभी सामानों को धो लेने के बाद वह बैग को उल्टा करके धोने लगीं। बैग के अंदर का सभी सामान ज़मीन पर फैल गया, पर प्रियंवदा उन सामानों की परवाह किए बिना एक सुर से बैग धोती रहीं। इसके पश्चात् प्रियंवदा ने बैग सीधा किया और उसमें पानी डाला, फ़िर पानी से भरे बैग कंधे पर लटकाकर अपना सामान रखा हुआ झोला वहीं छोड़कर आहिस्ता-आहिस्ता कदम बढ़ाती हुई वह दक्षिण की ओर बढ़ीं।

अनुवादक : पूनम झा

कहानी

छल का दूसरा रूप

राधा कार्की

जब ठंड का समय आता है तो मन में अनेक कशमकश उभरने लगती हैं। कुछ समय पहले 'जमी हुई हवा को रज़ाई से निकालती हूँ' कहने पर रज़ाई को उठाने तक न देने वाले, 'हवा के झोंके को रोक दूँगा, तुम्हारे और मेरे बीच नहीं आने दूँगा' कहने वाले इंसान ने कितनी जल्दी खाई खोद दी और नामोनिशान तक न छोड़ते हुए उस खाई को भर भी दिया। सालाना आने वाली ठंड यही कहानी दोहराती है। 'गैस भी ठंडे को गर्म बना देती है, तुम रज़ाई मत उठाओ।' आज सिर्फ़ उस बेतुके इंसान की बातें ही कान में गूँजती रहती हैं। मैं टालने की कोशिश करती हूँ उसके काले चेहरे को, फ़िर भी जाड़ों के साथ चिपककर पास आता रहता है।

तराई के पूर्वी हिस्से के किसी गाँव में बद्रीमाया नाम की युवती रहती थी। वह बड़ी ही शालीन थी। कभी किसी पर कड़ककर बोले होने या गुस्सा होकर कोई काम करने में मुश्किल माने होने की याद नहीं है घर के लोगों या समाज को। उसकी शादी उस पार के गाँव के राकेश नाम के युवक के साथ हुई थी।

समय बीतते भी देर नहीं लगती। उसके और राकेश के विवाह के बंधन में बँधे हुए भी पाँच साल बीत चुके हैं। उनका दांपत्य भी अच्छी तरह ही बीत रहा था, लेकिन बाल-बच्चे नहीं थे। राकेश की माँ गाँव भर में– "बद्रीमाया बच्चे पैदा नहीं कर सकी, अब राकेश की दूसरी शादी कराए बिना नहीं होगा।" कहकर हल्ला मचाने लगीं। बद्रीमाया सास की ऐसी बातें सुनकर रोती हुई राकेश को कहती– "मैं कितनी अभागन हूँ, आपको एक भी खुशी नहीं दे सकी।" राकेश बद्रीमाया को समझाता– "माँ के कहने से क्या होता है ? मैं तुम्हारा हूँ और तुम्हारा ही रहूँगा। बच्चे नहीं हुए तो क्या हुआ ? जिनके बच्चे हैं, उन्होंने ने ही क्या हासिल कर लिया है ? वैसे भी हमारी शादी हुए दिन ही कितने हुए हैं ? बाद में हो भी सकता है, अगर नहीं भी हुआ तो मैं दुखी नहीं होऊँगा, हाँ, अगर तुम दुखी हुई तो ज़रूर दुख होगा मुझे।"

बद्रीमाया राकेश की बातों से खुद को भाग्यशाली समझते हुए घर के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाने में जुट जाती थी। समय बीतता जा रहा था। बद्रीमाया आशावादी थी। वह सोचती कि बोया हुआ धान एक दिन ज़रूर फलेगा।

अंधेरा जवान हो चला था, बद्रीमाया आसमान में तारों को निहार रही थी। अचानक जिस तारे को वह देख रही थी, उसे बादल ने ढक दिया।

राकेश– "क्या देख रही हो ?"

"मेरे तारे को बादल ने ढक दिया।"

"लो, तुम्हारे तारे ने बादल को खदेड़ दिया।"

"कहाँ ? मुझे भी दिखाइए न।"

बद्रीमाया आसमान को गौर से देखने लगी, वहाँ तारे विजय जुलूस निकाले हुए चल रहे थे। बद्रीमाया ने लंबी निच्छ्वास के साथ कहा– "आप ने उस बादल को खदेड़ा, मैं बहुत खुश हूँ।"

राकेश ने बद्रीमाया को प्यार से सहलाते हुए कहा– "उफ्! अब गाँव में कितना रहा जाए ? फ़िर तुम्हें तरह-तरह की तानाकशी चुभती रहेगी। चलो, शहर चलते हैं, काठमांडू, वहीं कोई काम करके रह लेंगे।"

राकेश की बातों से बद्रीमाया फूले न समाई।

कल होकर मन भर खुशी और आकांक्षाओं की गठरी बाँधे हुए बद्रीमाया राकेश के पीछे लग गई। काठमांडू आने के कुछ दिनों में ही राकेश को ट्रेवल एजेंसी में काम मिल गया। बद्रीमाया भी गार्मेंट में काम करने लगी। उनके दिन अच्छी तरह गुज़रने

लगे। दोनों की कमाई में से बद्रीमाया की आमदनी से घर का खर्च चलता था और राकेश के कमाए पैसे बैंक में जमा होते थे। चूँकि राकेश ट्रेवल्स में काम करता था, इसलिए बद्रीमाया उसके कपड़े धोकर इस्त्री करके बखूबी सजाकर रख देती थी। कुछ महीने बिताकर नए कपड़े भी खरीद देती थी। बद्रीमाया के प्यार और देखभाल की वजह से राकेश बहुत हैंडसम और छैल-छबीला दिखने लगा था। राकेश के रूप और कद-काठी की तारीफ़ सभी करने लगे।

वैसे ऑफ़िस में काम करने वाले बहुत-से दोस्त थे लेकिन राकेश की सबसे अच्छी दोस्त थी अंजना। बहुत कम समय में ही उनकी आपस में बढ़िया बनने लगी थी। साथ-साथ काम करना, साथ-साथ लंच के लिए जाना और कहीं कोई खरीददारी करनी हुई तो राकेश अंजना को साथ लेकर जाता था। अंजना की हर पसंद उसे अच्छी लगने लगी थी।

बद्रीमाया पैसे कमाने के लिए दिन-रात मेहनत करती थी। सुबह नौ बजे काम पर निकलने के बाद शाम को घर लौटते वक्त भी काम हाथ में लेकर आती थी। रात के दस-ग्यारह बजे तक वह काम में व्यस्त रहती थी। वहीं राकेश आजकल समय मिलते ही सोच में डूबने लग जाता।

'बद्रीमाया गाँव की सामान्य पढ़ी-लिखी हुई लड़की, अंजना शहर में पैदा होकर बड़ी हुई। महँगे स्कूल में पढ़ी हुई, वह मुझसे ज़्यादा जानकार है फ़िर भी मुझे इतना पसंद करती है। उस दिन सर दर्द की वजह से ऑफ़िस न जाने पर कितनी उदास हुई थी! कह रही थी– आपके न होने पर तो दिन बिताना मुश्किल हो जाता है! मुझे भी कितनी प्यारी लगी थी वह बात! जब देखो तब वही बात कानों में गूँजती रहती है।

दूसरे दोस्त के यह कहने पर कि 'ऐ राकेश! क्या सोच रहे हो?' वह चौंक गया।

अंजना की नज़दीकी बद्रीमाया को दूर करती जा रही थी राकेश के मन से। अंजना उसके मन के भीतर बैठ चुकी थी।

'आखिर मुझे घर में भी तो दूसरी शादी करने के लिए कहा ही गया है। पोते को देखने की माँ की कितनी तमन्ना है। अंजना को अपने घर ले आया तो पूरा परिवार ही खुश हो जाएगा। मैं क्यों चुप बैठूँ? ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलता। ऐसी ही बातें मन में सँजोए राकेश अंजना के और करीब होता गया।

आजकल राकेश रात को भी देर से घर लौटने लगा। आकर मुँह लटकाए बिस्तर पर लेट जाता।

बद्रीमाया– "क्या आपकी तबीयत ठीक नहीं है?– कहकर उसका माथा छूने जाती लेकिन वह बद्रीमाया के प्यार से और चिढ़ जाता। वह एकांत चाहता था ताकि दिन भर अंजना के साथ हुई बातों को याद कर करके मन ही मन आनंदित हो सके। बेचारी बद्रीमाया को क्या पता? वह कभी दूध में हॉर्लिक्स मिलाकर राकेश से पीने का अनुरोध करती तो कभी तौलिए से उसका माथा पोंछती।

"आपको काम को छोड़कर और किसी बात की फ़िक्र करने की ज़रूरत नहीं है! अपनी सेहत का भी खयाल तो रखना पड़ता है न। उतना मस्तमौला शरीर देखो तो कितना गल गया है। बस आँखें ही बाकी हैं। आज के बाद सुबह एक ग्लास दूध पीने के बाद ही उठने दूँगी।"

राकेश हाथ झकझोर देता है, बद्रीमाया के हाथ का दूध और हॉर्लिक्स की शीशी नीचे ज़मीन पर गिर जाते हैं। राकेश का यह बरताव देखकर बद्रीमाया का दिल भर आता है। गले में अटकी हुई साँस को रोकती हुई छत की तरफ़ देखने लगती है।

उफ्! इंसान कितनी जल्दी बदल जाता है! कल तक उतना ज़्यादा प्यार करने वाला पति आज उसकी बोल नहीं सुनना चाहता, चिढ़ जाता है। इतने साल बिताए हुए पल कितनी जल्दी भूल गया वह! कल-परसों पहचान हुई अंजना को याद करके बद्रीमाया से चिढ़ता है। स्वार्थी पति! मर्ज़ी हुई तो चाटने लगते हैं, गुस्सा आया तो दुत्कारने लगते हैं। बहाना ढूँढ़ते हैं बाहर निकलने का और नए आकार में रमने का।

राकेश अंजना को किस तरह खुश किया जा सकता है, इस ताक में रहने लगा। अंजना के कहे हुए हर एक शब्द का खयाल रखता। अंजना भी राकेश का साथ पाकर बहुत खुश थी। अब वह बस अंजना के सामने विवाह का प्रस्ताव रखने के मौके की तलाश में था।

अंजना जब छोटी थी तभी उसके माता-पिता एक हादसे में गुज़र चुके थे। माँ-बाप के गुज़रने के बाद वह खुद काम-काज करके गुज़ारा चलाती थी।

अंजना को पता नहीं था कि राकेश शादीशुदा है। राकेश ने भी नहीं बताया था।

राकेश किस तरह अंजना को अपना बनाया जाए और प्रस्ताव किया जाए, इस सोच में डूबने लगा। एक दिन मौका पाकर–

"अंजना, मैं तुम्हारे बारे में बहुत सोचने लगा हूँ।"

"क्या सोचने लगे हो ?"

"मैं तुम्हारे बिना जी नहीं सकता।"

"धत् ! क्या बच्चों की तरह बात कर रहे हो।"– कहकर अंजना ने मुस्कुरा दिया।

अंजना की मुस्कान को वह उसके प्रस्ताव को मिली स्वीकृति समझने लगा। एक ही पल में उसके मन में शहनाई गूँज उठी, ख्वाब में वह अंजना को डोली में चढ़ाकर अपने घर ले आया और अगले ही पल उसकी माँ नन्हे-से पोते को अपनी गोद में खिलाने लगी। तभी उसके दिमाग में एक शैतानी सूझ उपजी– 'इस सपने को पूरा करने के लिए एक खेल खेलना ही होगा।'

एक दिन राकेश ने बद्रीमाया से कहा– "कल अपने मैनेजर को खाने पर बुलाओ न, मैं भी उनसे परिचय कर लूँगा।"

अपने पति के वचन को न टाल सकने वाली बद्रीमाया ने मैनेजर को घर में खाने का न्योता दिया। मैनेजर भी अपनी स्टाफ़ के अनुरोध को स्वीकार कर बद्रीमाया के घर आए। बद्रीमाया ने शाकाहारी खाना बनाया। वे लोग कुछ घंटे राकेश का इंतज़ार करते रहे। नौ बजे तक भी राकेश के न आने पर– "बाद में कभी खाएँगे खाना, आज मैं चलता हूँ, आपके पति भी नहीं आए।" कहते हुए मैनेजर जाने लगे। बद्रीमाया ने मैनेजर को रोकती हुई– "सर आप खाइए न, उन्हें ऑफ़िस में काम से फुर्सत नहीं हुई होगी।"– कहकर मैनेजर के लिए खाना परोसा। मैनेजर ने एक-दो निवाले ही खाए होंगे कि राकेश दरवाज़े पर आकर कड़कने लगा– "तुम लोगों का यह क्या तरीका है। इतनी रात गए क्या गुल खिलाया जा रहा है ?"

बद्रीमाया– "खाना तो सात बजे ही तैयार हो गया था। सर ने आपका भी बहुत इंतज़ार किया। घर जाने में देरी होगी बोलकर हड़बड़ाने लगे थे तो मेरे ही अनुरोध पर अभी तुरंत खाने को बैठे हैं।"

वह और चिल्लाने लगा– "मैं सारी कहानी समझ गया। सिर्फ़ ऑफ़िस में ही रंगरलियाँ मनाना कम पड़ रहा था तो अब घर में भी शुरू हो गया ?"

राकेश की बातें सुनकर मैनेजर झट् से उठते हुए– "कैसे लोग हैं यार ? पागल !" कहकर चुपचाप चले गए। बद्रीमाया अवाक् रह गई। 'खुद खाने के लिए बुलाने को कहा था और खुद ऐसे अनावश्यक शब्द ! कैसे ऐसी गंदी सोच आई होगी ! इतने सालों तक एक शब्द भी बुरा न कहने वाले ने यह सब कैसे कह दिया ?'

राकेश का हाथ पकड़कर फ़िर से समझाने की कोशिश की बद्रीमाया ने लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार न था। राकेश के इस व्यवहार ने उसका मन, दिल सब तोड़कर रख दिया। वह अपने वश में नहीं थी। रात भर बहुत सारी बातें सोचती रही। इतना ज़्यादा प्यार करने वाले से इस तरह विश्वासघात होगा, उसे यकीन ही नहीं हो रहा था। 'कुछ ही दिनों में तो राकेश का गुस्सा खत्म हो ही जाएगा। मैं कुछ दिन मायके से हो आती हूँ।' सोचकर वह निकल गई।

अपने नाटक के सफल होने पर खुश होते हुए राकेश ने बद्रीमाया के मायके जाने के दूसरे ही दिन अंजना को ब्याहकर ले आया।

अनुवादक : हिना झा

कहानी

एक सच्ची कहानी

राधेश्याम लेकाली

दादा हो दादा ....., माई हो माई .....।

दिल पिघला देने वाले रुदन और विलाप की आवाज़ से मेरी नींद खुल जाती है। वेदना से ओतप्रोत रुदन का चीत्कार और अधिक कर्कश होकर आता है। मैं खुद को रोक नहीं पाता और उठता हूँ, एक बार अपने बीमार दोस्त पर नज़र दौड़ाता हूँ, उसे सोया हुआ पाकर उस आवाज़ की तरफ़ दौड़ता हूँ।

करुण चीख बच्चों के वार्ड से आ रही है, इसलिए उसी वार्ड में प्रवेश करता हूँ। वहाँ बहुत-से बच्चे हैं। बीमार बच्चे, हाथ-पैर में पट्टी बँधे हुए, रुआँसे चेहरे वाले बच्चे। उन बच्चों के बीच एक लड़के को खोया-सा पड़ा हुआ देखता हूँ। ऐसा लगा मानो उसका चेहरा शिकायतों भरा पड़ा है। उस लड़के की बगल में बैठे हुए एक स्त्री और दूसरे पुरुष (संभवतः दंपति) एक-दूसरे का गला पकड़कर विरह से छटपटाते और ममतामय अश्रुबिंदु बिखेरते हुए छाती पीट पीटकर विलाप कर रहे थे।

"इकलौते बेटे को भला कैसे ले जा सके हे भगवान !"– कहकर विलाप कर रहे थे। मैं तो कुछ देर तक यों ही भौंचक्का बना रहा, समझाने के बहुत-से तरीके अपनाए मगर वहाँ ममता की ज्वारभाटा फूट पड़ी थी। बुढ़ापे में कदम रख चुके माँ-बाप की लाठी टूट चुकी थी। बेटे के लिए सँजोई हुई ममता टूटकर बिखर चुकी थी। सजाए हुए सपनों का महल ढह चुका था। कलेजे का टुकड़ा जीवन का इकलौता सहारा बेटा मरा था। और यही वजह है कि उनका करुण विलाप थमने का नाम नहीं ले रहा था।

नर्स मृतक बच्चे की बगल में खड़े उसके माँ-बाप को बाहर निकालने का विफल प्रयत्न कर रही थी। उसी वक्त गले में साँप की तरह स्टेथेस्कोप लटकाए भगवान शिव के अंदाज़ में एक डॉक्टर साहब प्रवेश करते हैं। मौन डॉक्टर साहब लाश और नर्स के दिए हुए कागज़ को देखते हैं, कुछ लिखते हैं और चुपचाप निकल जाते हैं। उसके बाद नर्स बड़ी बेपरवाही के साथ लाश को ढक देती है। मुझे डॉक्टर पर बड़ा गुस्सा आता है– मरीज के मर जाने के बाद क्या वह कफ़न देने आया था ?

वार्ड मैन आकर उस बेसहारे बूढ़े को पकड़कर ज़बरदस्ती बाहर ले जाता है। बेबस बूढ़ा प्रतिकार नहीं कर पाता और न ही इसकी हिम्मत ही जुटा पाता है। मैं लाचार उस मृतक बच्चे के पिता को समझाने की कोशिश करता हूँ। मैं उन्हें किसी तरह उनकी पत्नी के पास ले आता हूँ जहाँ वह छाती पीट पीटकर फूट फूटकर रो रही है। वहाँ उन्हें समझाने और भी मरीजों के परिजन पहुँच जाते हैं। मेरा मन नहीं मानता और मैं वापस मृतक बच्चे के पास पहुँचता हूँ सफ़ेद कपड़े से ढकी हुई बच्चे की लाश को देखता हूँ और नर्स के कमरे की तरफ़ जाता हूँ। दो नर्सों को आपस में बातें करते हुए पाकर मैं थोड़ा बगल हो जाता हूँ। वे कह रही थीं– "मैंने पहले ही कहा था कि अगर ऑपरेशन नहीं किया गया तो बच्चा मर जाएगा।"

"आखिर सब कुछ तो था ही, अगर डॉक्टर ने एक-दो घंटे न सोकर ऑपरेशन कर दिया होता तो बच्चा नहीं मरता।"

"असल में बच्चा तो डॉक्टर की लापरवाही से ही मरा है। रात की ड्यूटी ले ली और घर जाकर बीवी के साथ सो गए, उफ् !"

"आए दिन मरीज मरते रहते हैं। इस वजह से हॉस्पिटल की ही बदनामी होती है। भई, हम नर्स भला क्या कर सकती हैं, जब डॉक्टर ही कोई मतलब नहीं रखता।"

उन नर्सों को यह पता नहीं था कि मैं उनकी

बातें सुन रहा हूँ। और असलियत जान लेने के बाद मैं अपने मरीज दोस्त के कमरे में आ गया। इस घटना से तकलीफ़ तो हुई मगर क्या करूँ ? मुझमें वह ताकत नहीं जो डॉक्टर पर लगाम लगा सके। मैं बस देश की चिकित्सा व्यवस्था के व्यावहारिक पक्ष से चिढ़ता हूँ और अफ़सोस जताते हुए लंबी निच्छ्वास छोड़ता हूँ।

बाहर से वही करुण विलाप सुनाई दे रहा है– 'दादा हो दादा....., माई हो माई.....!'

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

कहानी

रनियाँ की पंचायती

राप्रउ पोखरेल

सिर्फ तरह वर्ष की रनियाँ को दोंगा कराकर देवा ने लखौरी से अपने घर लाया। छोटी उम्र में टुअर हुए देवा को उसकी माँ लेउराली ने धनी-मनी गृहस्थों के घरों में चुल्हा-चौका-बरतन और मेहनत-मजदूरी करके बड़े ही दुःख-तकलीफ से पाला था। देवा के पास जोतने के लिए कोई जग्गा-जमीन नहीं थी। लगभग नौ कट्ठा के बराबर बटैया में जोता हुआ है। खेत की आधी बाली वह मालिक को देता है। लगभग चार महीने का घर-खर्च उससे चल पाता है। बाकी के आठ महीने तो माँ बेटे दोनों की मेहनज मजदूरी से कटते थे। अब जब रनियाँ भी आ गई, तो खानेवाला एक आदमी का और इजाफा हो गया।

नहीं, यह ठीक नहीं है। ऐसा नहीं होना चाहिए। कनियाँ (पत्नी) शारीरिक दृष्टि से अभी पूरी तरह ठीक-ठाक नहीं है। अभी तो उसके खाने-पीने और मौज-मस्ती करने की उम्र है। उसने तीन-चार वर्ष तक आसाम की ओर जाकर काम करने का विचार किया और इसके बारे में अपनी माँ से कहा। देवा की बातें सुनकर माँ घबड़ा-सी गई। उसने मन ही मन विचार किया-'अभी-अभी खिली हुई कली-सी अपनी जवान बीवी को छोड़कर इस तरह परदेश जाना क्या ठीक होगा ?' माँ ने फिर दूसरे तरीके सोचा,-' क्या फर्क पड़ता है,.....घर तो चलेगा। गाँव के और लोग भी तो आसाम और कोहिमा की ओर जा ही रहे हैं। उसने मन बना लिया है, जाए। यहाँ चाहे जितना भी मर-खप लो, बस पेटवे कि लोटवे.... आदि बातों पर उसने विचार किया और अपने बेटे को नहीं जाने के लिए जोर नहीं किया।

पत्नी को घर में आए चार-पाँच महीने हो गए थे लेकिन वह उससे ठीक ढंग से बोल-बतिया भी नहीं पाया था देवा ने, साथ उठने-बैठने की बात तो बहुत दूर की है। पत्नी के साथ सोने का वक्त तो जल्दी मिलता ही नहीं ...कहाँ मिलना ! आधी रात में चोर पाँव चुपके से पत्नी के पास जाना होता था। बाकी के समय अपने मालिक के बैठक घर (जो खुला होता था) में सोता था। मुहल्ले के दो चार विवाहित लड़के भी वहाँ सोया करते थे। वह बैठक घर गृहस्थ मालिक के होने के बाद भी वह पड़ोस के सामाजिक जीवन से जुड़ा हुआ था, एक तरह से साझा रूप से।

देवा का बाहर जाने का तय किया हुआ दिन भी आ गया। माँ ने अपने बेटे को गले लगाया और रो-धोकर विदा किया। उस वक्त देवा ने अपनी बीवी रनियाँ का घूँघट की ओट में सिसकने का अनुभव किया। उसका मन था कि वह अपनी बीवी रनियाँ को बाँहों में भरकर प्यार करे लेकिन वह ऐसा कर नहीं सका। बड़े बुजुर्गों के सामने ऐसा करना मर्यादा के खिलाफ था। एक बार बीवी की ओर देखा। 'तुम लोग ठीक से रहना, अपना देखभाल करना।' हालाँकि इतने शब्द उसने अपनी माँ की ओर देखकर कहा था, लेकिन वास्तविकता यह थी कि यह उसने अपनी बीवी के लिए कहा था। वह घर से विदा होकर रेल चढ़ने के लिए परवाहा स्टेशन की ओर चला।

देवा के जाने के बाद रनियाँ उदास रहने लगी। वह उस दिन उदास रही। धूप पश्चिम दिशा की ओर ढलने के बाद वह घास-पात करने के लिए छैंटी लेकर धीरे-धीरे वन की ओर (आम, सिसो इत्यादि का वगीचा) चली। वहाँ उसका मन खोया-खोया-सा रहा। लगा, कुछ खो गया है। वह कभी-कभी एकांत और मौका पाकर देवा के साथ घूँघट हटाकर थोड़ा बहुत बात कर लिया करती थी। लेकिन पति-पत्नी होने के बावजूद व्यवहारिक सह जीवन का संबंध नहीं कायम हो सका था। लेकिन इतना से ही देवा के प्रति

उसका मोह और दिल की गहराई से लगाव हो गया था। यह बात उसे भी आज ही पता चली थी। आज ही उसका दिल ने इस बात का एहसास किया था।

दिन बीतने लगे। देवा की स्मृति की वेदना भी धीरे-धीरे कम होने लगी। देवा की माँ मालिक के यहाँ चुल्हा-चौका करती थी। खेतीपाती के मौसम में रोपनी कटनी जैसे कामों में लगती थी और उसके बनिहारी से दो चार महीने का घर खर्च गरज टल जाता था।

रनियाँ अगन पुस के धान और चैत वैशाख के गहुँ के कटनी में जाती थी। बाकी का समय चुल्हा-चौका, लीप-पोत, नादी-पानी, गोहड़ा-चिपड़ी, घर-पतवार करते बीत जाता था। एक बकरी और दो खसी बटैया में पाल रखा था।

गत वर्ष इसी कात्तिक में देवा आसाम गया था, एक वर्ष हो गया है। रनियाँ का शरीर भी गदराने लगा है। कभी–कभी उसके शरीर के अन्दर कुछ न कुछ होने जैसा एहसास भी होने लगा है। एक बार महिंदर वन की ओर अपनी बहन फुलो अर्थात् फुलेसरी को बुलाने के लिए गया था। उसने उसी वक्त पहली बार रनियाँ को ढंग से देखा था। पड़ोस में ही उसका घर था, फिर भी वह रनियाँ को इस तरह नहीं देख पाता था। क्योंकि वह हर वक्त घूँघट में ही रहा करती थी। साँवला रंग होने के बावजूद उसकी बड़ी-बड़ी आँखें, गठा हुआ बदन ....बहुत सुन्दर और आकर्षक लगी। आँखें चार हुईं। अचानक रनियाँ को जाने क्या याद हो आया, उसने अपना चेहरा घूँघट में छुपा लिया। महिन्दर कुछ देर के लिए अवाक् रह गया। मगर अन्दर ही अन्दर उसे अच्छा लगा। लेकिन शायद जल्दीबाजी में था। उसकी बहन फुलो दो-चार सौ गज की दूरी पर सुखे हुए पत्ते बिटोर रही थी। उसकी माँ ने घर जल्द बुला लाने को कहा था। महिन्दर फुलो को लेकर घर लौट गया।

महिन्दर की पत्नी बच्चा जनने के कम में पीड़ा बर्दाश्त न कर पाने से दो दिन की प्रसव वेदना की वजह से मर गई थी। दाई बच्चा नहीं निकाल पाई थी। वैसे भी वह पीली हो चुकी थी, मानो शरीर में खून ही नहीं था। एक दो दिनों तक रोना-धोना चला, उसके बाद धीरे-धीरे महिन्दर की गृहस्थी सामान्य हो गई।

महिन्दर की पत्नी कटैयावाली का मरा हुआ २०-२५ दिन हो गए थे। एक दिन दोपहर में वह फुलो को ढूँढ़ने के बहाने फुलवारी में पहुँचा। फुलो न जाने क्यों आज वहाँ नहीं आई थी। रनियाँ अपनी ही धुन में थी। बाँस के फाटा में लकसी लगाकर सुखी हुई डालियाँ तोड़कर नीचे गिरा रही थी। एक डाली थोड़ी ऊपर थी, इसलिए उसकी लकसी पहुँच नहीं पाई। वह एक छोटा झटहा चलाकर नीचे गिराने की कूद-कूदकर करती थी लेकिन फिर भी वह सफल नहीं हो पाती थी। पसीना-पसीना हो गई थी। सर से आँचल कब का न गिरकर बदन पर लटक रहा था। सर और गर्दन खुली नजर आ रही थी। छाती भी चोली के अन्दर नजर आ रही थी। महिन्दर कुछ देर यूँ ही चोर नजर से देखता रहा और रनियाँ को ताड़ता रहा। रनियाँ को यह पता ही न था कि वहाँ कोई पुरुष है।

शायद महिन्दर को खुद ही अच्छा नहीं लगा होगा। गाँवों में मर्यादा का बहुत ज्यादा ख्याल रखा जाता है। वैसे भी वह किसी महिला के साथ छेड़कानी वगैरह नहीं करता था। उसने एकाध बार खाँसा। जबकि उसे खाँसी नहीं आई थी। लेकिन पर्दा में रही महिलाओं को यह संकेत करने का प्रचलन था कि कोई पुरुष आ रहा है।

रनियाँ जब मर्दानी खाँसी सुनी तो वैसे ही सर्तक हो गई जैसे किसी बिच्छी के काटने पर आदमी छिलमिलाकर सर्तक हो जाता है। उसने यह विचार किए बिना कि कौन आया है, फटाफट लटकी हुई साड़ी से अपना सिर ढका और चेहरे को थोड़ा उघार ही रखा। उसके बाद उस पुरुष की ओर देखा। हालाँकि कोई खास परिचय नहीं था, लेकिन वह उसे पहचानती जरूर थी। उसको यह याद भी हो आया कि देवा ने कभी कहा था कि वह उसके घर की रखवाली कर दिया करता है। एक पल के लिए दोनों की आँखें चार हुईं। महिन्दर ने यह पूछते हुए उसे टटोला कि इधर फुलो नहीं आई है क्या ? रनियाँ ने थोड़ी देर तो ऐसा व्यवहार किया मानो उसने कुछ सुना ही न हो। कभी भी नहीं बोलनेवाले पुरुष से बातें करने पर बहुओं के ऊपर छिनाल होने का आरोप लगने की सम्भावना हो सकती थी। यह भी डर था कि अगर किसी ने देख ले तो जाने क्या कहे। रनियाँ का मन आशंकित हुआ।

जब महिन्दर ने दोबारा फुलो के उधर आने के बारे में पूछा तो उसने अपने को थोड़ा संयत किया।

उसने खुद को हिरन की तरह चौकना करते हुए अपनी नजरें चारो तरफ दौड़ाई। जब उसने देखा कि वहाँ तीसरा कोई व्यक्ति नहीं है तो अपना सिर 'ना' में हिलाकार कहा कि उसने फुलो को नहीं देखा। महिन्दर ने एकांत देखकर कहा,-' लाओ, मैं सुखी डालियाँ नीचे तोड़ गिरा देता हूँ।' और उसकी प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा किए वगैर आम के पेड़ पर चढ़ गया और सुखी हुई कई डालियों को तोड़कर नीचे गिरा दिया।

रनियाँ मन ही मन प्रसन्न हुई। जब तक महिन्दर सुखी हुई डालियाँ गिराया, वह वहीं खड़ी रही। आज तो आसानी से और समय रहते और दिनों के अपेक्षा ज्यादा लकड़ियाँ एकत्रित हो गई थीं। महिन्दर पेड़ से नीचाा उतरा। कुछ देर वह जलावन एकट्ठा करने के हाव-भाव देखता रहा। उसके बाद -' अच्छा तो मैं चलता हूँ ' कहकर उसकी प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा किए वगैर जिधर से आया था, उधर चला गया। सच बात तो यह थी कि वह जानता था कि वहाँ फुलो नहीं है, केवल रनियाँ है और वह जलावन, खर पतवार बिटोर रही है। वह जानबूझकर रनियाँ से भेंट करने और बातें करने के लिए आया था।

महिन्दर के घर में उसकी माँ और और बहन फुलो थी। उसके विधुर होने का तीन चार महीने हो गए थे। इस बीच में उसकी दूसरी शादी की बात एकाध जगह चली भी थी। लेकिन उसका मन इस बात को लेकर नहीं माना था कि जब वह खुद पच्चीस वर्ष का है तो किसी ६-७ वर्ष की कन्या के साथ कैसे शादी कर ले। शादी करने के बाद भी ६-७ वर्ष यानि कि उसके वय होने तक दोंगा के लिए इन्तजार करना ही होगा। अपनी जात बयादर की लड़कियाँ तो १० वर्ष की उम्र होते होते शादी कर चुकी होती हैं। उमरदराज और विधुर को या तो छोटी उम्र की बालिका के साथ शादी करनी पड़ती है या फिर किसी विधवा या पति से पीड़ित होकर मायके में रह रही किसी औरत को बहला फुसलाकर भगाकर ले आना पड़ता है। उसके बदले में उसे उसके पहले पति को शादी का खर्च देकर समझा-बूझा देना पड़ता है। वरना जात समाज में सजा भोगनी पड़ सकती है। अब कोई गूँगी, बहरी, लंगड़ी या शारीरिक खोट हुई , बिन व्याही लड़की मिल जाय तो बात कुछ और है। इन सारी परिस्थितियों पर विचार करने पर परदेश गये किसी मर्द के जवान पत्नी के ऊपर आँखें लगाना स्वाभाविक था।

और फिर देवा ने तो परदेश जाने के पहले महिन्दर को अपने घर की रखवाली करने के लिए कहा भी था। वह इस वक्त यह बात भी याद करने लगा। इसलिए देवा की माँ से मिलने, उन लोगों की हाल खबर और दुःख तकलीफ के बारे में जानने-बुझने के लिए महिन्दर का उस घर में आना- जाना थोड़ा ज्यादा ही बढ़ गया। रनियाँ से मिलने के लिए वह फुलवारी की ओर दो तीन दिनों के अन्तराल में जाया ही करता था। पहले-पहले दुबली-पतली बालिका-सी नजर आनेवाली रनियाँ अब तो पूरी मस्त जवान नजर आती है। रनियाँ और महिन्दर दोनों को ऐसा महसूस होने लगा कि उन लागों के बीच गहरा प्रेम हो गया है। गाँव-घर में इस तरह की बातें ज्यादा देर छिपी नहीं रहती। पलक झपकते जंगली आग की तरह फैल जाती है। क्योंकि गाँव-घर में ध्यान देनेवालों की कमी नहीं होती। गाँव के लोग उन लोगों के छिनालपन की बातें करने लगे। गाँव में यह बात भी धीरे-धीरे की जाने लगी कि रनियाँ पेट से है। गाँव के बड़े बुजुर्ग टिप्पणियाँ करने लगे,- ' क्या जमाना आ गया है ,पूरा कलियुग ही आ गया है। बेटी बहुएँ अब सुरक्षित नहीं रह गईं। पूरा अँधेर छा गया है। क्या हुआ तो ? बेचारी दो वर्ष से अपनी गदराई जवानी और उम्र को लेकर पति की राह देख रही है। उसके पति का कुछ अता-पता नहीं है। तो ऐसे आखिर कब तक रहे ? महिन्दर की बीवी भगवान को प्यारी हो चुकी है। बेचारा भला आदमी है, कमाता भी है। और अकेला है, आखिर क्या करे ? जैसी टिप्पणियाँ करनेवालों में युवाएँ भी थे।

आसाम के कोचवाड़ी, एक गाँव के धनी-मनी किसान के यहाँ देवा गाय के गोठ में काम करता था। खेतीपाती में भी खटना पड़ता था। एक तरह से उसे फुर्सद नहीं थी। सुबह पौ फटते ही वह काम में जुटता तो दिन भर कमरतोड़ काम करता रहता। शाम के वक्त खानपान हो जाने के बाद गोठ में ही बना काठ का मचाननुमा कमरे में आता था। उस वक्त जब कभी नींद नहीं लगती, तो अपने गाँव और अपनों के बारे में याद करने लगता था।

आज भी रात बहुत हो चुकी है। ग्यारह बज चुका है। नींद आँखों से कोसो दूर है। नींद और आँखों

में कोई सम्बन्ध नहीं जुट पाया है। घर की ओर की बातें ही मन में उठने लगीं। इधर आया हुआ दो-चार वर्ष हो गये। अब तो रनियाँ भी गदरा गई होगी। थोड़ा बहुत पैसा बचाकर रखा है। उससे लगभग पाँच कट्ठा जग्गा तो हो ही जाएगा। अब घर चलना चाहिए....! इस तरह का विचार मन में आने लगा।

रनियाँ वास्तव में गर्भवती हो गई है। महिन्दर ने अपनी माँ से सलाह की। करीब के चाचा से भी इस बारे में बात हुई, पूरी कहानी सुनाई गई। थोड़े दिन के बाद उसने रनियाँ को अपने घर ले आया। इधर देवा की माँ दो-चार दिनों तक रोई, चिल्लाई, महिन्दर को जाने क्या-क्या कही, भँडुवा, गंदा आदि कही, उसकी माँ को डायन कही। रनियाँ को भी उढ़री, वेश्या और इसी तरह की गालियाँ दी, गीत की धुन में सभी को सरापी। पाँच-सात दिनों के बाद धीरे-धीरे सबकुछ सामान्य होने लगा।

रनियाँ और महिन्दर के इस कांड के ६-७ महीनों के बाद देवा गाँव वापस लौटा। रेलवे स्टेशन से सरासर घर पहुँचा। उसने वहाँ किसी को भी नहीं देखा। फुस से बने हुए एक दो छोटे-छोटे घर निर्जन उजाड़-से दीख रहे थे। दो कुत्ते ओसारा में इस तरह सुते हुए थे मानो वे घर की रखवाली कर रहे हों। देवा को देखते ही फटाक से उठे और जोर-जो से अपनी पूँछ हिलाने और भोंकने लगे।

देवा ने उन कुत्तों का डाँटा। कुत्ते कुछ पल के लिए थथम जरूर गये, मगर भोंकना नहीं छोड़ा। घर की हालत देखकर वह अचम्भित हुआ और दुःखी भी। रनियाँ कहाँ चली गई ? माँ को तो होना चाहिए ? वह भी कहाँ चली गई ? ऐसा लग रहा था कि वहाँ बहुत दिनों से कोई नहीं रहता वगैरह नहीं है। बाँस के फाटक में अन्दर से किली लगाकर छोड़ा गया था। उसने उँगलियाँ घुसाकर फाटक को उघारा। अन्दर नीचे की जमीन भीगी-भीगी-सी नजर आ रही थी, चारो तरफ सफेदी नजर आ रही थी। टाट भी सिमसिमा चुका था,कहीं-कहीं। मिट्टी की हाँड़ी और आल्मुनियम के बरतन वगैर माजे काले पड़े हुए थे। एकदम कुचली मैली चादर साबे की डोरी से बनी खटिया पर सिकेड़ी पड़ी हुई थी। देवा का मन यह सब देखते ही रोने को हुआ।

जब महिन्दर ने रनियाँ को अपने घर ले गया तो देवा की माँ भी अपने मायके भाई के शरण में चली गई। देवा वहाँ से हवा की तरह दौड़ता हुआ महिन्दर के घर पहुँचा। ओसारा में बैठी रनिया लगभग सात महिने की एक बच्ची को दूध पिला रही थी। यह देखते ही देवा सबकुछ समझ गया। कुछ पल के लिए तो उसका दम भी फुल गया। लंबी सांस ली उसने। उस वक्त उस घर में कोई नहीं था। उसने रनियाँ को अनाप-सनाप कहा, गाली दी। रनियाँ अपना सिर घूँघट में छुपाई मगर उसे देखती हुई सब सुनती रही। देवा अचानक मूड़कर वहाँ से चला भी गया। गुस्से की आग में वह जल रहा था, थर-थर काँप रहा था।

जब वह आसाम से घर लौट रहा था तो रेल की यात्रा में वह ज्यादातर रनियाँ के बारे में ही सोचता आया था। वैसे गाँव, घर, दोस्त यार भी उसे याद आते थे। सुनहरे भविष्य की अनेक तरह की कल्पना करते हुए वह दो दिन और दो रात की यात्रा तय करके घर आया हुआ था। लेकिन वहाँ पहुँचे और घर की हालत देखते ही कटे हुए पेड़ की तरह गिर गया था। ऐसा लग रहा था कि उसके शरीर में खून ही नहीं है।

वह सोचता है कि 'अब क्या किया जाय ?' कुछ देर सोचता है, फिर हकीकत की दुनिया में लौटता है। उसे कुछ समझ में नहीं आता। उसका माथा चक्कराता है। आँखों के सामने अँधेरा छा जाता है। देवा मन ही मन विचार करता है, खुद से बातें करता है,-'जिसके ऊपर भरोसा करके माँ और अबोध पत्नी के साथ-साथ घर द्वार छोड़कर गया हुआ था, उसी दोस्त महिन्दर ने पीठ में छुरा घोंप दिया। वह छिनाल भी उसी के पीछे हो ली। थोड़ा भी धैर्य नहीं रखा। गलती अपनी ही है। दुनिया के व्यवहार से अनजान एक जवान यौवना कैसे अकेली रह सकती है ? एकदम जिगरी दोस्त महिन्दर के ऊपर भरोसा किया, और वही चोट्टा निकल गया। केवल मुँह में राम-राम, बगल में तो छुरी ही रखी है उसने।

कहा जाता है कि सयम हर मर्ज की दवा है, सभी घाव समय से भर जाते हैं। लेकिन देवा के साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ- मन की बेचैनी और बढ़ती गई। उसने सोचा कि नहीं ऐसा नहीं होना चाहिए। अगर खामोश रहा तो अपना जहाज ही डूब जाएगा। गाँव के जात, समाज और भर भले आदमी से सलाह मशवरा किया और ८-१० लोगों का एक पंचायत

बुलाया। गाँव में कभी कोई छोटा-मोटा झगड़ा होता था या कोई पारिवारिक समस्याएँ आती थीं; तो यही जात समाज के पंचायत में उसका फैसला होता था और पंचायत का फैसला पक्ष और विपक्ष दोनों को मंजूर होता था। केवल हत्या, डकैती जैसे बड़े अपराध ही अदालत तक पहुँचते थे। अड्डा अदालत की दौड़ दगाने का अर्थ पूर्व जन्म के पाप की सजा समझी जाती थी, इसी तरह का विश्वास था।

गाँव के प्रायः पंचायती में बुधन ठाकुर और अयोधी मण्डल सर्वसम्मत पंच हुआ करते थे। दोनों प्रौढ़, धीर, गंभीर और वजदार बातें करते थे। उनकी राय और तर्क गाँव के लोग बड़े ध्यान देकर सुनते थे। आज देवा ने यह पंचायत बुलाई थी। पंचायत करने की जगह वही धनी गृहस्थ मालिक का बैठक बंगला थी। वैसे गाँव के २०-२५ लोग थे, लेकिन वास्तविक पंच वही ६-७ लोग थे।

बुधन ने देवा से कहा,-' चलो ! बताओ , तुमने हमें यहाँ क्यो बुलाया है ? अपनी पीर समस्या जो कुछ भी है, खुलकर बताओ ? देवा की समस्या तो वहाँ उपस्थित सारे पंचों को पता थी। लेकिन पंच उसके मुँह से सुनना चाहते थे। सिर झुकाकर बैठा हुआ देवा ने बुधन ठाकुर की बात सुनी। कुछ पल कुछ सोचा। सिर थोड़े ऊपर की ओर उठाया , एक दो बार हलका खाँसा और गले को साफ किया। कुछ गंभीर हुआ और बोलना शुरु किया। लेकिन उसने अपनी घटना का विवरण नहीं सुनाया। उसने पंचों को जो बातें कही थी, वह कुछ इस तरह थी,-'मैंने अपने आँगन में एक सहजन की लत्ती लगाई थी। काम की वजह से विदेश जाने के समय अपने एक भरोसेमंद दोस्त को उसकी देखभाल करने को कहा और विदेश चला गया। जब मैं परदेश से लौटा तो देखता क्या हूँ कि मेरे लगाई हुई सहजन की लत्ती पड़ोसी के आँगन में चली गई है। उसमें सुहजन लगा हुआ है। पड़ोसी का कहना है कि वह सहजन की लत्ती और सहजन उसी का है। आप पंच माई बाप, अब यह इन्साफ कर दें कि वह लत्ती और उसका फल किसका हुआ ? मेरा है या पड़ोसी का ?

उसकी इस घुमावरेदार भाषा के विषयवस्तु को वहाँ जितने लोगों ने सुना, सभी समझ गए। गाँव जवार की जगह में हर कोई एक दूसरे के बारे में जानता-समझता रहता है। आज किसके घर में चुल्हा नहीं जला, या किसके घर में आज क्या सब्जी बनी, या आलू के चोखा से काम चला लिया गया जैसी छोटी-मोटी बातों की खबर पड़ोसियों को रहा करती थी। रनियाँ और महिन्दर की बात तो वैसे भी जग जाहिर हो चुकी थी।

देवा की बातें सभी ने सुना। पंचों ने भी ध्यान देकर सुना। कुछ देर कोई किसी से बात नहीं की। कुछ पल तो वातावरण निस्तब्ध हो गया। पंचों में से ही लखना ने ठाकुर की ओर देखते हुए कहा,-' चलिए मौसाजी ! आप सभी की बात समझते हैं, किसी का भी दिल न दुखे, इस बात का फैसला कर दीजिए। आपके फैसले सभी को मंजूर हुआ करते हैं। किसी को कोई शिकायत नहीं होती। आज भी कोई आपके फैसले के खिलाफ नहीं जाएगा।

वहाँ जितने लोग उपस्थित थे, सभी के दिल में यही बात उमड़-धुमड़ कर रही थी कि जिसके ऊपर देवा ने विश्वास किया था उसी व्यक्ति महिन्दर ने उसकी बीवी को बहला-फुसलाकर अपनी बीवी बना लिया। देवा के साथ अन्याय तो हुआ ही है।

हालाँकि लखना ने बुधन को बोलने को कहा था, फिर भी वह चुप ही था। वहाँ जितने लोग हाजिर थे, उन सभी में अयोधी मण्डल सबसे ज्यादा उम्रदराज और परिपक्व था। उसने एक बार खाँस कर गला साफ किया। उसके ऐसा करने के बाद सभी ने यह अंदाज लगाया कि आज का फैसला अयोधी काका ही करेंगे।

अयोधी देवा की ओर घूमकर उसी से कहा,-' तुम्हारे कथन के अनुसार तुम ने अपने घर में सहजन की लत्ती लगाई। वह लत्ती बड़ी होकर दूसरे के आँगन में चली गई। उसमें फल भी लगा। अब तुमने यह पूछा है कि वह फल किसका होगा। मैंने जो जाना समझा वह यह है कि तुमने लत्ती तो अपने घर में ही लगाई। मगर जब तुम नहीं थे, वह लत्ती पड़ोसी के आँगन में चली गई जहाँ फल लगा। ऐसी स्थिति में तुम अपनी लत्ती अपनी ओर खींचो। फल अगर उधर गिर गया तो, उसी का होगा। लेकिन फल उधर नहीं गिरा और लत्ती के साथ आ गया तो तेरा होगा। कहिए इसमें किसी को कुछ कहना है ? ' इतना कहकर अयोधी ने एक बार चारो तरफ देखा और चुप हो गया।

कुछ देर वहाँ एक आपस में कानाफुसी हुई , मगर किसी ने उसमें कुछ जोड़ घटाव नहीं किया, पूछताछ नहीं की। बल्कि बहुतों ने ध्वनि मत में अपनी सहमति जताकर उस फैसले का समर्थन किया। हाँ, यह अलग बात है कि दो चार लोग गंभीर नजर आये। शायद उनका दिल ने इस फैसले को नामंजूर किया हो। एक एक करके सारे पंच और अन्य लोग वहाँ से चले गए, बैठक घर पूरा खाली हो गया।

देवा वहाँ से सीधे महिन्दर के घर गया। कुछ देर ओसारा में ही खड़ा रहा। एक दो बार खाँसा। शायद घर में महिन्दर नहीं था, वरना वह बाहर निकल कर देखता ही। हिम्मत करके देवा आँगन में गया। इसी बीच किसी औरत की आवाज सुनाई दी ,-' घर में कोई मर्द नहीं है, कौन है वहाँ ? 'यह आवाज रनिया की ही होनी चाहिए।' देवा ने अंदाज किया।

आँगन के ओसारा में रनियाँ ही थी बचिया को दूध पिला रही। कुछ देर तो वह अवाक् वहीं खड़े होकर उसे देखता रहा। और एक बारगी रनियाँ के करीब पहुँचकर उसकी बाँह पकड़ा। बचिया को छीनकर एक हाथ से अपनी छाती से चिपका लिया। उसके बाद रनियाँ की बाँह पकड़कर घसीटकर अपने साथ ले गया। बच्ची डर गई। अँकमाल पाने के बाद भी नया आदमी देखकर डर होगी शायद। लेकिन उसने इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया। उसका सारा ध्यान तो किसी तरह रनियाँ को घर लाने की ओर था। यह वह कर पाया। बाद में उसने बचिया को रनियाँ की गोद में डाल दिया।

रनियाँ डरकर कुछ नहीं बोल पा रही थी। अन्दर प्रवेश करके उसने रनियाँ को बड़े प्यार और शान्ति से समझाते हुए कहा,-'देखो रनियाँ ! यह घर तेरा ही है, तुम अपनी गृहस्थी सम्भालो। यह बनिया भी हमारी ही होगी। मैं तो तेरा पहला पति, अग्नि को साक्षी मानकर पंडित ने मंत्र पढ़कर हमें पति-पत्नी बनाया। यह बंधन वैसे ही कैसे टूट जाएगा ? यदि टूटता है तो भगवान हमें माफ नहीं करेंगे, सीधे नर्क मिलेगा।' और आगे कहा,-'बचिया का क्या नाम रखा है तुमने ? मैं तेरी खातिर ही कमाने के लिए दूर देश गया। वहाँ बहुत ही दुःख तकलीफ सहा और मेहनत करके रहा। यहाँ तुम्हे भी अकेले रहने में मन नहीं लगा होगा। मेरा भी तो वहाँ अकेले रहने में कहाँ मन लग रहा था। अब जो हुआ सो हुआ, भूल जा। मैं भी अपने मन में कोई मैल नहीं रखूँगा। चार-पाँच कट्ठा जग्गा खरीदेंगे , मैंने कुछ रकम बचाकर रखी है। अपने ही जोत की खेतीपाती होगी।' उसने ऐसे ही कह सुनकर रनियाँ का मन जीतना चाहा।

सूर्य डूबने के समय महिन्दर घर आ पहुँचा। उसने अपने दोस्त बेचना से दोपहर में ही पंच के फैसला सुन लिया था। उसको इस बात पर थोड़ा भी विश्वास नहीं था कि रनियाँ देवा के साथ चली जाएगी। लेकिन बेचना की बात पर विश्वास नहीं कर पाना भी संभव नहीं था। जब वह घर में आया तो देखा कि उसकी माँ रो रही थी।

महिन्दर दिन भर काम करने की वजह से बहुत थक चुका था। दोपहर में किसी ने कलेवा भी नहीं पहुँचाया था। दोपहर में खा भी नहीं पाया था। उसके ऊपर वज्रपात ही हुआ था। ऐसे में खाने का मन भी कैसे करे भला ? बिना खाए-पिए ही उसकी रात जैसे-तैसे कटी। मन में अनेक विचार आते-जाते रहे। जैसे रनियाँ क्या कर रही होगी ? कहीं ऐसा तो नहीं कि वह देवा की बाँहों में मस्त होकर सो रही हो। मनटुटिया (छोटी बच्ची) कितना रोई होगी। वह राँड भी उसके साथ फटाफट पीछे चल दी ... तिरिया चरित्तर इसी को कहते हैं ... इसी तरह की सोच और चिंता में रात कट गई।

महिन्दर पौ फटते ही लोटा लेकर मैदान की ओर गया और कुछ दूर ही गया। उमगाँव वाले मेहमान का बैल पगहा तूड़ाकर धनौजीवाला के खेसारी में पहुँचा हुआ था। उसे भगाने के बारे में भी नहीं सोच। उसके ऊपर तो वैसे ही बड़ी समस्या आ पड़ी थी। उसने यह सपने में भी नहीं सोचा था कि देवा इतनी जल्दी आसाम से लौट आएगा। उसने तो देवा की चिट्ठी के जवाब में यही लिखकर भुटना के हाथों भेजा था कि रनियाँ अभी पूरी तरह से खिली नहीं है, कुछ दिन धिरज रखो। लेकिन वह चोट्टा देवा तो इस तरह अचानक ही आ गया।

वह यही सोचते-सोचते, भाँट के दातुन करते-करते हुए मैदान से दायें हाथ में लोटा लेकर लौटा गया। मालिक के कल पर हाथ मुँह धोया, काँध के गमछे से मुँह पोंछा। उसके बाद वह अपने एक दोस्त झोटेला के यहाँ चला गया। वैसे नाम तो उसका

फुलगेन है लेकिन बचपन में उसके बाल झोटिला होने से वह झोटेला नाम से ही परिचित हुआ। उसी से उसने सलाह माँगी।

उसे तो ऐसा लग रहा था कि उसकी जिन्दगी का जहाज ही डूब गया है। झोटेला ने उसे यह सलाह देते हुए कहा,-' तुम भी पंचायत बुलाओ।' उसे यह बात जची। थोड़ी-सी आशा भी हुई कि शायद कुछ हो जाए।

महिन्दर ने भी पंचायत बुलाई। पहले के ही पंच थे - एकाध जोड़ घटाव के अतिरिक्त। जब पंचों ने उसे बोलने को कहा तो उसने कुछ इस तरह अपनी बात रखी,-' पड़ोसी के आँगन से मेरे यहाँ कोंहड़ा की लत्ती आई। मैंने उसे पोसा-पाला। समय पर लत्ती खिल गई और उसमें फल भी लगा। लेकिन पड़ोसी ने उसपर अपना हक दावी किया। उसने कहा कि चूँकि लत्ती उसने लगाई थी इसलिए लत्ती उसकी है और उसमे लगा फल भी उसका है। हाँ मैं मानता हूँ कि लत्ती उसी ने लगाई। लेकिन जब लत्ती मेरे यहाँ आ गई और मैंने उसमे फल लगाया तो वह फल मेरा न होकर उसका कैसे हुआ ? आप लोग इसका फैसला कर दें।' इतना कहकर उसने अपनी बात को विराम दिया।

पंचों ने उसकी बात अच्छी तरह सुनी। कुछ देर विचार किया। राम सुबोध ने अयोधी के साथ राय-सलाह भी की। अयोधी ने सहमति में सिर हिलाया। उसको बाद राम सुबोध ने एक बार खकारकर खुद बोलने का संकेत दिया। उसने चारो तरफ नजरें दौड़ाईं। पंचायती सुनने के लिए वहाँ उपस्थित हुए सभी उसका फैसला सुनने का इन्तजार कर रहे थे।

राम सुबोध ने मुँह खोला,-'पड़ोसी की लगाई हुई कोंहड़े की लत्ती तेरे यहाँ आई, तुमने उसकी देखभाल की, उसमें कोंहड़ा फला। तुम्हारे आँगन में फला हुआ कोंहड़ा किसी दूसरे का नहीं हो सकता, वह तुम्हारा ही होगा, तुम्हारा ही है। यदि पड़ोसी ने ले भी गया है तो तुम अपना फल ला सकते हो।' इस तरह राम सुबोध ने अपना फैसला सुना दिया।

कुछ देर सभी चुप रहे। वहाँ उपस्थित लोगों में से एक ने फैसला ठीक है कहकर अपना समर्थन भी जताया। किसी और ने कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की। यह अर्थ लगाया गया कि फैसला में सभी की मंजूरी है। और इस तरह पंचायत उठ गई।

महिन्दर पंचायत का फैसला सुनते ही देवा के घर दौड़ते हुए गया। खर के टाट से घेरे हुए आँगन में कुछ देर खड़े होकर एक बार खाँसा और सीधे अन्दर चला गया। वहाँ देवा दिखाई दिया, लेकिन उसने देवा की परवाह नहीं की। ओसारा में रनियाँ खेसारी का साग चुन-विन रही थी। महिन्दर ने ऐसे-वैसे कुछ नहीं किया, ओसारा में गिरा हुए पानी में छप-छप करके खेल रही मनटुरिया को उठाया और सनसनाता हुआ बाहर निकल गया। बच्ची एक बार रोई, छटपटाई लेकिन महिन्दर के पास होने के चलते चुप हो गई।

महिन्दर अपनी बेटी मनटुरिया को बहुत लाढ़ करता था। उसने उसी के लिए खरीद कर लाये हुए मिट्टी के खिलौने खेलने को दिया ,-वह चुप हो गई। दादी अर्थात् महिन्दर की माँ ने उसे अपनी गोद में लेकर एक छोटा-सा गूड़ का टुकड़ा उसके नरम हाथ में रख दिया। महिन्दर ने सोचा था कि मैंने बचिया को उससे छीनकर लाया हूँ। अपने बछड़े के पीछे-पीछे आनेवाली गाय की तरह रनिया भी कैसे नहीं चली आएगी। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ, रनिया पीछे-पीछे नहीं आई।

अपनी गोद में रही बेटी मनटुरिया को उसके ही सामने चितुवा की तरह झपट कर ले जाते हुए देखकर वह अवाक् हो गई थी। कुछ देर रोई-धोई और अपने भाग्य को धिक्कारने लगी। उसे चारो तरफ अंधेरा नजर आने लगा। बेटी ही थी, मगर थी तो उसकी ही कोख से जन्मी, उसके ही खून से बनी। फिर कैसे नेह न लगे, प्यार न उमड़े। बहुत ही बेचैनी हुई।

रनियाँ उस दिन भर रोई-चिल्लाई, बेचैनी में ही दिन बीता। रात में भी सो न सकी, जागती रही। देवा ने बार-बार सम्झाया, बहलाया-फुसलाया, सन्तान तो फिर जन्म लेगी, यह बात भी कहकर शान्त करने की कोशिश की। लेकिन वह अपने मन को समझा नहीं पाई। देवा के प्रति आक्रोश था। गाँव की बहू, घूँघट में रही नारी भला कर ही क्या सकती थी ? लेकिन यहाँ तो उसके दिल के टुकड़े को उससे अलग किया गया था।

अगले दिन पौ फटते ही वह उठी। उसने भी पंचायत कराने की हिम्मत की। देवा के साथ कल दिन भर बात नहीं की थी। सुबह होते ही रनियाँ ने देवा को गंभीर होकर कहा,-' मैं भी पंचायत बुलाऊँगी,

आज ही दोपहर में। तुम सभी को खबर कर दो, मैं बुधन काका के यहाँ जाऊँगी। वह चल भी दी।

किसी जवान बहू के द्वारा पंचायत का बुलाना इस गाँव में पहली बार हुआ था। लेकिन इस वक्त उसके बहू होने के शिष्टाचार के ऊपर मातृत्व के रसायन भारी पड़ा था। वह अनपढ़ थी लेकिन माँ थी और मातृत्व का आवेग तो ईश्वरीय गुण है। यही भावना उसको अभिप्रेरित कर रही थी।

देवा बहुत कम दुःखी नहीं था। लेकिन वह अपने कर्तव्य का निर्धारण नहीं कर पा रहा था। उसने रनियाँ के कहने के मुताबिक सभी के यहाँ जाकर पंचायत में आने के लिए आग्रह किया। घर में ही आ जाने के लिए आग्रह कर आया।

उधर रनियाँ सीधे बुधन काका के यहाँ पहुँची। उसने उससे अपनी सारी पीड़ा और समस्या सुनाई। बुधन की पत्नी से भी मुलाकात कर रो-रोकर अपनी सारी गाथा सुनाई। अपनी ही कोख से अपनी ही संतान को छीनकर ले जाने की बात कैसे सहे वह। अब ले जानेवाला उसका पिता ही क्यों न हो ! इस बात का रोना रोया। बुधन की पत्नी उसे प्यार करती थी। उसने यह कहकर कि 'सबकुछ ठीक हो जाएगा, अभी तुम जाओ, चिंता मत करो ' उसे आश्वस्त किया। बुधन ने भी हिम्मत दी। इतना सुनकर रनियाँ घर वापस लौटी और चुल्हा चौकी करने की लग गई।

जिन जिन लोगों को पंचायती करने के लिए बुलाया गया था, वे दोपहर के भोजन के बाद गुहस्थ के बैठक घर में एकत्रित हुए। अन्य दिनों की तूलना में आज कुछ ज्यादा ही लोग जम्मा हुए थे। रनियाँ घूँघट में खड़ी थी, बस उसके नाक और मुँह नजर आ रहा था। कुछ काँप भी रही थी। लोग अनेक तर्क कर रहे थे। माहौल अशान्त ही था। अयोधी और बुधन आगे रखी हुई एक चौकी पर बैठे हुए थे। रामलखन और भवना गोसाईं भी साथ ही में बैठे हुए थे। भवना ने सभी को चुप होकर बैठने के लिए कहा।

आँगन के बगल के कटहल के पेड़ की छाँव में मुहल्ले की काफी औरतें खड़ी हुई थीं। लगभग सभी के अन्दर कुतुहल था ,-' जाने पंच क्या पैसला सुनाए ?' उमगाँव वाला भी आया था, उसका यह ससुराल का गाँव था। वह मुगलनिया (भारतीय) होने के बावजूद यही इसी गाँव में घर बनाकर रह रहा था।

भवना ने बात शुरू की, -' आज हमें रनियाँ ने पंचायती करने के लिए बुलाया है। चलो रनियाँ, तुम अपनी पीड़ा, समस्या जो कुछ भी है , एकदम सही-सही, वगैर डरे, बिना कुछ छुपाए, बुधन काका, अयोधी मौसा और हम सभी के सामने बताओ, चलो पतोहू, बताओ।' अयोधी ने भी रनियाँ को अपनी बात कहने के लिए उत्साहित किया।

रनियाँ एक तरह से डरी हुई थी। दिल धक-धक जोर-जोर से धड़क रहा था। सांसे भी तेज हो गई थीं। वह समझ नहीं पा रही थी कि कैसे अपनी बात शुरू करे। लेकिन फिर भी बोलने का साहस किया। लेकिन यह क्या ? आवाज ही नहीं फूटी। राम लखन ने भी उसे उत्साहित किया। सभी की नजरें रनियाँ के ऊपर ही टिकी हुई थीं। देवा वही बगल में एक खम्भा की आड़ में इस तरह बैठा था कि भरसक कोई न देखे।

उस वक्त रनियाँ को अपनी बेटी मनटुरिया की याद आई। मातृत्व का वेग ने उसे साहस दिया। मन ही मन माँ दुर्गा की प्रार्थना की। अब वह पहले की रनियाँ नहीं रह गई थी। होठ और गला कँपाते हुए मगर दृढ़ होकर बोली,-' सभी मान्यजनों को मेरा करजोरी प्रणाम।' अपना घूँघट थोड़ा ऊपर की ओर सरकाई, ताकि मुँह और कपाल थोड़ा नजर आ जाए। उसके बाद रनियाँ ने अपनी बात कही,-'हे मान्यजन ! मेरे साथ बहुत ज्यादा अन्याय हुआ है। बात ऐसी है कि दूध मेरा,नदिया (मिट्टी की हाँड़ी) भी मेरी ही थी। मुझे दही जमाना था, लेकिन घर में जोरन नहीं था। मैंने पड़ोस से जोरन माँगकर दही जमाया। अब जोरन देनेवाला कहता है कि दही उसका है। क्या वह दही उसका होगा ? मेरा कोई हक नहीं है ? आप पंच महानुभाव ईमान से कहें, मैं न्याय की भीख माँगती हूँ। मुझे न्याय चाहिए।' इतना कहकर वह दोनों हाथ जोड़कर वही खड़ी रही।

रनियाँ की बात सभी ने ध्यान देकर सुना। कितने तो अवाक् से दिख रहे थे। आँगन के पेड़ के तले खड़ी औरतें रनियाँ का साहस देखकर दाँतों तले उँगलियाँ काट रही थीं। रनियाँ ने एक बार फिर शिष्ट स्वर में कहा,-' मुझे न्याय चाहिए, आप लोग पंच परमेश्वर हैं, इस समय मुझे न्याय दीजिए।'

बुधन ने ऐसे जोर से खाँसा मानो उसके गले में कोई चीज अटक गई हो। लोग बुधन का फैसला सुनने के लिए व्यग्र हो रहे थे। बुधन ने चारो तरफ नजरें दौड़ाकर देखा। उसने अपना विचार ऐसे रखा,- ' रनियाँ बहूँ ! तुम जरा शान्त हो जाओ। हम पंच जरूर तुम्हें न्याय देंगे। तुम्हारे कथनानुसार दूध तुम्हारा अपना ही है। तुम्हें दही जमाने के लिए जोरन चाहिए था जो उस वक्त तुम्हारे पास नहीं था। पड़ोसी से माँगकर तुमने दही जमाया। ऐसी सूरत में वह दही तुम्हारा ही होगा। कोई सिर्फ इस बात पर कि उसने जोरन दिया है, तुम्हारे दही पर अपना हक दावी नहीं कर सकता। बल्कि यह हो सकता है कि वह जोरन के बदले थोड़ा बहुत दही माँग सकता है। लेकिन दही तो तुम्हारा ही है। मेरा ब्रह्म ने तो ऐसा ही देखा और कहा, इसमें अन्य पंचों की कोई राय है ? तो कहिए। ' इतना कहकर बुधन चुप हो गया।

चारो तरफ से कानाफूसी की आवाज सुनाई देने लगी। कुछ देर के बाद अयोधी ने मुँह खोला,- 'बुधन ठाकुर की बात एकदम सही है। मैं भी उनका फैसला मानता हूँ।' जब अयोधी ने बुधन की बात पर मुहर लगा दी तो वहाँ उपस्थित लोगों में दो-चार को छोड़कर बाकी के सभी दही में सही करने लगे। बुधन के फैसले पर मुहर लगाने लगे। हो सकता है, वहाँ इस फैसले के खिलाफ भी कुछ आवाजें हों मगर उसकी खनक सुनाई नहीं दी। किसी ने बोलने की हिम्मत नहीं दिखाई।

पंचायत उठ गई। लोग धीरे-धीरे टिप्पणियाँ करते हुए अपने काम-धाम में जाने लगे। रनियाँ वहाँ से धीरे से चल दी। उसके ही पीछे-पीछे देवा भी चल दिया। वह महिन्दर के आँगन में सीधे गई। ओसारा में महिन्दर की माँ अपनी पोती को अपनी गोद में इस तरह चिपका कर रखी हुई थी, मानो उसे कोई झपटकर ले जानेवाला है। वह बहुत डरी-डरी-सी लग रही थी। अपनी माँ को आते देखकर बचिया बहुत खुश हुई। वह दादी की गोद से अलग होकर अपनी माँ की गोद में जाना चाहती थी, और माँ का प्यार में डूब जाना चाहती थी।

रनियाँ ने अपनी बेटी मनटुरिया को झपट कर ही उठाया और अपनी छाती से लगा लिया। उसकी आँखों और गालों को प्यार से बार-बार चूमने लगी। उसका मन ही नहीं भरता था। वह चुमती जा रही थी, बस चुमती जा रही थी। मानो जैसे पागल हो गई है। इसके बाद वह जैसी आई थी, वैसे ही चली गई। दायाँ बायाँ कुछ न देखा, सीधे देवा के आँगन में जाकर ही दम लिया, खड़ी हुई। उसकी सांसें फुल गई थीं। देवा उसके पीछे-पीछे ही आ रहा था। रनियाँ के चेहरे पर देवा एक तरह की चमक और विजयभाव देखा रहा था।

रनियाँ सोच रही थी, -'अब इसमें कोई फर्क नहीं पड़ता कि पिता महिन्दर हो या देवा ! क्या हुआ ? कुछ भी तो नहीं हुआ। बेटी तो मेरी कोख से जन्मी है, बेटी तो मेरा खून है। सन्तान पर पहला हक माँ का न होकर किसका होगा ? इसे कौन छिन सकता है ? पंच तो परमेश्व होते हैं। उनमें देवताओं का वास होता है और पंचों के फैसले सभी मानते हैं, कोई नहीं काटता। माँ बाबूजे समाज के सामने मुझे देवा के साथ पति-पत्नी के बंधन में बाँध दिया। धर्म के बंधन में बंधा मेरा पति जब दूर, बहुत दूर चला गया तो मुझे सहारे की जरूरत थी। वह सहारा मुझे महिन्दर ने दिया। मुझे अच्छा लगा, देवा को तो मैंने ही महिन्दर से कहकर चिट्ठी भेजवाई थी। लेकिन महिन्दर ने वो बात मुझ से छुपाई थी। वह छली निकला। कपटी दिखा। छली और कपटी आदमी मुझे पसंद नहीं। देवा भला आदमी है, उसने बेइमानी नहीं की है। उसने मनटुरिया को अपनी ही बेटी माना है , मुझे भी अच्छा से ही रखेगा। पति तो पति ही है, भगवान ने दिया है मुझे।

कल से ही बचिया को दूध नहीं पिलाने की वजह से मेरी छाती भी भर गई है, दुखने लगी है। मनटुरिया भी कल से ही माँ का दूध नहीं पी पाई है। बेचारी को माँ की गोद और ममता से अलग रखा गया है।

देवा की ओर घूमकर रनियाँ ने कहा,-' चलो,मुँह क्या देखते हो ? गोदी में रखो बेटी को।' इतना कहते हुए रनियाँ ने मनटुरिया को देवा की गोद में रख दिया। देवा ने भी मन ही मन भगवान को धन्यवाद दिया, याद किया। दोनों हाथ से बेटी को उठाया और चुमने लगा, फिर गले से लगाया। मन ही मन कहा,-' ईश्वर की वरदान है ये हमारी बेटी।

अनुवादक : गोपाल अश्क

कहानी

सलीम

डा. रामभक्त ठाकुर

हर शाम की तरह एक दिन मैं उषा के साथ इज़िप्ट की नील नदी के किनारे घूमने निकला था। नील की हवा, मनमोहक वातावरण, नील में झाँकती चाँदनी सब कुछ बहुत अच्छा लग रहा था। शाम के जवान होते होते नील के इर्द-गिर्द आई काफ़ी सुंदर जोड़ियाँ घूमती नज़र आ रही थीं। मिस्र की सुंदरता का बयान तो सुना ही था। वहाँ लग रहा था मानो सुंदरता यहीं आकर ठहर-सी गई है। लहलहाते खजूर के पेड़ और उनसे लटके खजूर हमें पुराने-पुराने दास्तानों में पहुँचा जाते थे। काले बुर्कों में भी जैसे हूर इधर-उधर मचल रही हो। नील की शाम का क्या कहना! हम विभोर हुए, वाक्य सून्य हुए बस निरंतर बढ़ते जा रहे थे। किसी को भी फुर्सत नहीं कि किसी को कोई देखे। सब अपने आप में खोए हुए थे। हम दोनों एक जगह एक बेंच पर बैठ गए। वहाँ खूबसूरत-सा नज़ारा था। बगल में दो बड़ खजूर के पेड़ और सामने चाँदनी में नहाती नील। वातावरण इतना शांत था कि नील की लहरों के संगीत कानों में जैसे अमृत घोल रहा हो। इस तरह शाम को नील का सफ़र हमारा रोज़ का कार्यक्रम था। जैसे हम भी नील के दीवाने हो गए हों। रात के करीब दस बज गए होंगे। हर जोड़ी अपने आप में खोए नील की रेलिंग पर बैठे या फ़िर एक दूसरे को पकड़े हुए धीरे-धीरे फूटपाथ पर सरक रहे थे।

ऐसे समय में 'कालकादी' चाय की काफ़ी बिक्री होती है। यह लाल चाय है और मिस्री इसे काफ़ी पसंद करते हैं। हमारे आसपास बैठने का काफ़ी इंतज़ाम था। करीब अस्सी से सौ के आसपास लोग इधर-उधर बैठे चाय पी रहे थे। हम अकसर देखते थे, आसपास बैठे सारे लोगों को चाय या हल्का ठंडा पेय पिलाने का काम एक व्यक्ति करता था। तेज़ी से वह आधे किलोमीटर की दूरी इधर से उधर तय करता था। सबसे ऑर्डर लेने और उन्हें उनका पेय पदार्थ पहुँचाने का काम वह फुरती के साथ करता था। हम करीब एक घंटा या दो घंटे तक बैठा करते थे। तब तक वह व्यक्ति पचास-साठ बार इधर से उधर सेवा करता रहता था। हम आपस में बातें भी करते कि यह व्यक्ति कैसे नहीं थकता है? कैसे इतनी दौड़ लगाता है? कभी रात के ग्यारह-बारह बजे भी जब हम वहाँ पहुँचते थे तो वह इसी तरह दौड़ लगाता नज़र आता था। पचास की उम्र होगी उसकी, हट्टाकट्टा इंसान था। एक बार हम लोगों से भी पूछा– "क्या पिएँगे आप?" हमने 'शुक्रान' कहा अर्थात धन्यवाद। वह समझ गया हम परदेसी हैं और रोज़ शाम को टहलने वहाँ आते हैं। उसका नाम सलीम था। हमें देखता था और आदर से मुस्कुराते हुए बिजली की तरह दौड़ लगाता रहता था। हमने आपस में बातें की, आखिर इतना दौड़ लगाना आसान नहीं। किस वजह से यह इतना काम करता है?

"हो सकता है रात को बारह बजे के बाद घर जाता होगा। इसके बच्चे होंगे। सबके लिए थोड़ा-थोड़ा कुछ खरीदकर ले जाता होगा। गरीबी में किसी तरह परिवार को भरण-पोषण कर रहा होगा। इतनी कड़ी मेहनत बच्चों के लिए!" मेरा मन दुखी हो गया यह सब सोचकर क्योंकि हम भी बच्चों के लिए इसी तरह दुख उठाया करते थे।

"हाँ! यही बात है। घर चलाना आसान नहीं। यहाँ भी परिवार के लिए लोग हमारी तरह ही भावना रखते हैं।"– उषा ने गंभीर होते हुए भाव प्रकट किए।

एक शाम तकरीबन रात के ग्यारह बज गए होंगे। एक पार्टी से आते हुए नील के पास हमने अपनी गाड़ी छोड़ दी थी। फ़िर नील के पास धीरे-धीरे

टहलने लगे थे। कुछ समय में ही ज़ोर से रेगिस्तानी आँधी आई। अचानक ठंड बढ़ गई। लोग जल्दी-जल्दी इधर-उधर भागने लगे। नील के लंबे किनारे में जगह-जगह लकड़ी का हल्का मदिर-सा पड़ाव था। सब लोग वहीं छुप रहे थे। हम भी आसपास एक पड़ाव में घुस गए। ठंड बढ़ गई थी। सलीम दौड़ दौड़ के सबको चाय पिला रहा था। जो पैसा मिलता, रख रहा था। यह उसकी चाय की दुकान नहीं थी, मालिक और था। वह तो सिर्फ़ चाय बेच देता था। सलीम हमारे पड़ाव में ठंड की वजह से आ घुसा। थरथर काँप रहा था। उसके बदन पर अच्छे कपड़े भी नहीं थे। कैसे पहन भी पाता बेचारा। काँपते हाथों से उसने चाय के दो ग्लास हमारी ओर बढ़ाए– "आज आप लोग भी पी लीजिए, ठंड काफ़ी ज़्यादा है, रेगिस्तानी ठंड बहुत नुकसान करती है। यह 'कालकादी' है, सेहत को अच्छा रखता है।" चाय हमारी ओर बढ़ाते हुए मानो वह हमारी खैरियत चाह रहा हो। उस वक्त उसे इनकार करना मुनासिब नहीं था, फ़िर हमने चाय ली और दस गिनी का नोट उसे दिया। वह अत्यंत ही खुश हुआ। शायद हमने ज़्यादा दिया था। बाज़ार में यह चाय आम जगहों पर एक-दो गिनी में मिलती है। कुछ समय के बाद हम जैसे-तैसे अपने निवास को चले गए। हमारा निवास वहाँ से ज़्यादा दूर नहीं था। हम गीजा ओरमान में रहते थे और नील नदी हमारे सामने से बहती हुई मानो हमेशा हमें बुलाती रहती थी। उस रात सचमुच ठंड बहुत ज़्यादा बढ़ गई। गरीबों पर उसका बहुत बुरा असर पड़ा।

अगले रोज़ शुक्रवार था। सुबह हम दोनों फ़िर नील के सफ़र पर निकले। घर से निकलने के दो मिनट के बाद उससे साक्षात्कार हो जाता था। धीरे-धीरे घूमते, नील की स्वच्छ और सुवासित हवा का आनंद उठाते हुए हम सौ मीटर आगे पहुँचे तो देखा उस मंदिर-से पड़ाव में काफ़ी भीड़ लगी हुई थी। भीड़ तो काहिरा का अभिन्न अंग है। हर हमेशा भीड़। पर शुक्रवार सुबह भीड़ होना स्वाभाविक नहीं था। ज़रूर कोई बड़ी बात है सोचकर हम भी वहाँ ठहर गए। मैंने कोशिश की भीड़ के पीछे से झाँककर देखने की। लगता था कुछ बुरा हो गया था क्योंकि सारे लोग दुखी एवं शोकाकुल नज़र आ रहे थे।

"क्या कोई हादसा हुआ है ?"– मैंने अपनी टूटी-फूटी अरबी में पूछा।

एक सीधा-सादा इंसान जो गलवैहा (एक अरबी लिबास जो गले से पैर तक रहता है) पहना था, उसने कहा– "शायद मर गया है।"

"कौन ?"– मैं विस्मित हुआ। कौन बड़ा इंसान इस तरह मर गया है जहाँ आम लोग भी आँसू बहाने पहुँचे हैं मन में धैर्य नहीं रहा। मैं आगे बढ़ नहीं सका। उषा को भी वहीं रोक लिया।

"देखूँ क्या हुआ है ?" हम दोनों वहीं ठिठक गए। एक आदमी ज़ोर से रोता हुआ भीतर से बाहर निकला।

"अल्लाह उसे जन्नत बख्शे !"– कहता हुआ वह बगल में बैठकर रोने लगा। धीरे-धीरे भीड़ छँटने लगी तो मैंने उस मृतक को देखने की कोशिश की। जब उस पर मेरी दृष्टि पड़ी तो लगा जैसे एक साथ एक हज़ार बिच्छुओं ने डंक मार दिया हो। बिजली से तेज़ी से झटका लगा। मैं तो मानो शून्य हो गया।

"ओह !"– मैं कराह उठा।

"क्या हुआ ?"– उषा मेरे पास आई और विस्मय से मुझे देखा।

"वह सलीम है, मर गया बेचारा ! बदन पर पतले कपड़े हैं बस। शायद ठंड बरदाश्त नहीं कर सका।" पता नहीं क्यों मन ज़्यादा दुखी हो गया। जो इंसान अपने बच्चे, परिवार के लिए इतनी मेहनत करता था, आज मृत, लकड़ी के बेंच पर पड़ा है। सब लोग जा चुके थे। वह एक इंसान जो रो रहा था, अब भी वहीं था। मैंने उसके पास जाकर पूछा– "सलीम तुम्हारा भाई था ?"

रोता हुआ वह इंसान और ज़ोर से रोने लगा। मैंने फ़िर वही सवाल दोहराया तो उसने सुबकते हुए कहा– "वह मेरा सब कुछ था। वह नहीं होता तो मैं भी नहीं होता।" उसने अपने आँसू पोंछते हुए अपने पर काबू पाने की कोशिश की। "मेरी यहाँ चाय की दुकान है, वह रात भर मेरी चाय बेचता था। शुरू-शुरू में मेरे पास कुछ भी नहीं था पर उसने ही कड़ी मेहनत से सारी चाय दौड़ दौड़के बेचकर मुझे अमीर बनाया। आज मेरे पास घर, परिवार, खेत है।" उसने और बताया– "सलीम के दो बच्चे लड़ाई में मारे

गए। घर कच्चा था, वह नष्ट हो गया, पत्नी बीमारी से मर गई और छोटा बच्चा भूख से मर गया। यह तब से पागल-सा हो गया और अपना जीवन दूसरों की सेवा में लगा दिया। मेरी चाय बेचता था और मुझसे ज़्यादा पैसे भी नहीं लेता था। कहता था कि क्या करेंगे। खाने को थोड़ा दे दो। रात इसी लकड़ी के बेंच पर सोकर काटता था। इस तरह से उकी ज़िंदगी चलती थी। मेरे दिए हुए थोड़े से पैसे के बदले ही बेहतर काम और सेवा करता था।"

इतनी बातें बताकर वह चला गया। मुझे अब कुछ नहीं सूझ रहा था क्या करूँ। हम भी आगे घूमने के लिए बढ़ गए पर मन एकदम अशांत था। घूमना पता नहीं क्यों, अच्छा नहीं लग रहा था। हम दोनों खामोश आगे बढ़ते रहे।

कुछ समय आगे बढ़कर फ़िर लौट आए क्योंकि आगे जाने का मन नहीं हो रहा था। याद आ रही थी कि कल रात को ही इसने हमें बचाने के लिए दो ग्लास चाय दी थी।

"कल इसने हमें चाय पिलाई थी।"– उषा ने अपने मन की बात कही।

"हाँ, मैं भी यही सोच रहा हूँ।"

"बेचारा ! ठंड बरदाश्त नहीं कर सका।"

"लेकिन यह अपने पैसे से कपड़े तो खरीद सकता था फ़िर भी इसने अपनी ज़िदगी असहाय की तरह बिताई। लगता है, घर-परिवार के समाप्त होने से अपने जीवन से निराश हो गया था।"

ऐसी ही बातें सोचते सोचते हम फ़िर उसी पड़ाव तक आ पहुँचे और देखा कि एक लड़का झोला में कुछ सामान और हाथों में कुछ गिनी लिए सलीम के मृत शरीर के पास सर रखे ज़ोर-ज़ोर से रो रहा था।

"अब यह कौन है ?"

अनायास हम वहाँ फ़िर रुक गए। वह लड़का चुप होने का नाम ही नहीं ले रहा था। हमे बहुत आश्चर्य हुआ। सलीम का तो सारा परिवार खत्म हो चुका है फ़िर यह लड़का कौन है ? क्यों इस तरह रो रहा है ? लगता है कोई गहरा संबंध रहा है इसका सलीम के साथ।

हम वहाँ काफ़ी देर तक नदी की रेलिंग पर बैठे रहे। जब वह लड़का चुप हुआ तो मैंने पूछा– "क्या यह तुम्हारा पिता है ?"

"नहीं, मगर पिता से भी बढ़कर।"– सुबकते हुए उसने कहा।

"क्यों रो रहे हो ?"– मैंने पूछा।

"मैं उसका पैसा लौटाने आया हूँ, जो उसने मुझे दिया था। मैं एक अनाथ हूँ। सड़क पर चोरी करता था और कचरे में से खाने की चीज़ें निकालकर खाता था। इसने मुझे पैसे दिए और सामान खरीद दिए, वह मैं रोज़ बेचता और हिसाब देता था उसे। अब मैं उसका हिसाब किसे दूँ और उसका पैसा किसे लौटाऊँ ? उसने मेरे जैसे आठ लड़कों को पाला है। सारे पैसे हमें देता था ताकि हम काम कर सकें और चोरी न करें और कचरे से जूठन निकालकर न खाएँ। आज यह चला गया, मेरा सब कुछ चला गया। मैं फ़िर अनाथ हो गया।"

अनायास हम दोनों की आँखों में आँसू आ गए। अल्लाह इसपर करम करना ! मन में यही खयाल आया।

अनुवादक : लेखक स्वयं

कहानी

ब्रेक अप

लक्ष्मी उप्रेती

"सरिना, जीवन में कितने दोस्त मिले, अलग हुए लेकिन जिसके साथ दिल मिले, वैसे दोस्त से तो ऊपर वाला ही मिलवाता है, है न ?"– ऊँचाई चढ़ते हुए सरिना को अपने आगोश में भरकर प्रणय बहक गया।

"प्रणय तुम कितने उतावले हो रहे हो, आसपास के लोग देखेंगे तो क्या कहेंगे ? कुछ तो लिहाज करो।"– उसकी उच्छृंखलता से असहज महसूस कर प्रणय को धकेलते हुए सरिना थोड़ी दूर हट गई।

"सॉरी ! तुम्हें यों देखकर खुद पर काबू न रख सका, प्लीज नाराज़ मत होना।"– प्रणय ने अपनी गलती मान ली।

"अब कुछ समय खुद को कंट्रोल करना होगा प्रणय, तो ही हमारा प्यार पवित्र और सुंदर होगा।"– थोड़ी असहज महसूस करते हुए सरिना ने कहा। दोनों हाँफते हुए ऊँचाई चढ़ रहे थे।

सरिना और प्रणय एक ही गाँव में पैदा हुए और पले बढ़े थे। पढ़ाई के साथ ही उनके बीच दोस्ती बढ़ती गई और यही दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में तब्दील हो गई। उनकी प्रेम यात्रा ने भी पाँच साल पूरे कर लिए हैं।

प्यार के सुंदर रंगों में रंगते हुए दोनों ने एमए कर लिया और नौकरी की तलाश में जुट गए। संयोग से प्रणय ने बैंक के शाखा अधिकारी की परीक्षा पास कर बैंक में नौकरी कर ली और सरिना कॉलेज में पढ़ाने लगी। काम अलग, पारिवारिक माहौल अलग, अपनी-अपनी ज़िम्मेदारी भी अलग-अलग होते हुए भी बचपन की ही दोस्ती से ऊपर उठकर दोनों का मन पिछले पाँच सालों से एक हो चुका है। इस दरमियान दोनों के परिवार वाले भी उनकी भावनाओं को समझते हुए सहमति भी जता चुके हैं। अब तो बस शुभ मुहूर्त देखकर दोनों का गठबंधन ही बाकी रह गया है। इसके लिए वे दोनों तैयार भी हैं।

शनिवार को दोनों की छुट्टी का दिन। लगभग हर शनिवार को यह प्रेम जोड़ी अनुशासित होकर कोई न कोई नई जगह घूमने के लिए जाती है। आज शनिवार ये लोग सुंदरीजल में हैं। सुंदरी जल की ऊँचाई चढ़ते हुए प्रणय की उतावली हरकत को देखकर सरिना थोड़ी असहज हो गई। रास्ते में कुछ उतावली जोड़ियों को देखकर भी शायद प्रणय बहक गया होगा। सरिना यही सोचती है।

ऊँचाई पर चढ़ते हुए साँस की गति बढ़ जाने से सरिना को ज़रा मुश्किल हो रही है। वहीं प्रणय को ऊँचाई चढ़ने की आदत होने के कारण वह सरिना को हौसला देते हुए आगे बढ़ रहा है। प्रणय थकान से सरिना का ध्यान बँटाने के लिए हरी-भरी मनमोहक वादियों के बारे में बताए जा रहा है। सरिना भी उसकी बातों से रोमांचित हो रही है।

इस समय वह सपना के क्षितिज में पहुँचने का मार्गचित्र खींच रही है। सारी बातों को भूलकर हृदय भर उल्लास की सप्तरंगी भरकर वसंत खिला रही है। इसीलिए इस नई जगह की यात्रा में थककर भी प्रणय के साथ-साथ सरिना भी आनंद का अनुभव कर रही है। इस समय वे लोग ऊँचाई के तीन घुमाव पार कर रास्ते के किनारे तख्ते से बनाए गए एक आराम बेंच पर बैठे हुए हैं।

दोपहर के तीन बज चुके हैं। चैत का महीना, हवा के झोंके रह-रहकर उनकी एकाग्रता को भंग किए जा रहे हैं। काठमांडू की प्यास मिटाने के लिए बड़ी-बड़ी लोहे की पाइप बिछी हुई है, चढ़ाईदार रास्ते के किनारे। पैदल यात्रियों को ऊँचाई चढ़ने में मुश्किल बेशक हो रही है पर फ़िर भी प्रकृति के

मनोरम दृश्य उन्हें आह्लादित बनाए हुए है। वे थकान को भूल-से गए हैं। चढ़ाईदार जंगल को चीरकर बने हुए रास्ते और प्रकृति के मनोरम नज़ारे की बात ही अलग। हरियाली से सँवरी हुई पहाड़ी श्रृंखला की गोद में पानी के मनमोहक झरना को देखकर सरिना अनायास मोहित हो उठी। उस खूबसूरत नज़ारे को नज़दीक से देखने की ख्वाहिश से सरिना प्रणय का हाथ खींचकर पास की मेंड़ पर बैठ गई। पहाड़ी चोटी से बह रहे झरने की स्निग्धता के साथ-साथ हवा के साथ मिलकर सिमसिम उड़ रहे पानी की बारीक बूँदों के स्पर्श से वे दोनों आनंद विभोर हो रहे हैं। इस अनुभव के साथ सरिना कल्पना के आकाश में प्रणय के साथ ही खो जाती है। तभी– "सरिना, अपना मोबाइल देना ज़रा।"– कहते हुए प्रणय ने सरिना को पीछे से पीठ पर हल्का-सा धप्पा देकर उसकी रूमानी एकाग्रता को भंग किया। झरने की मोहकता में डूबी हुई सरिना ने अपने हाथ का मोबाइल प्रणय को देती हुई वापस झरने में खोकर अनेक कल्पनाएँ सँजोने लगी। सरिना का मन बेशक झरने के स्निग्ध पानी की तरह है लेकिन प्रणय के मन में एकाएक कलुषित भावनाएँ उमड़ने लगीं, जिसके कारण वह सरिना के मोबाइल के मैसेज बॉक्स में झाँकने लगा। मोबाइल में विवेक के नाम से भेजे गए कई सारे मैसेज हैं, जो कि रात दिन अलग-अलग समय में भेजे गए हैं। जवाब में सरिना ने भी कई मैसेज भेजे हैं रात दिन किसी भी समय। उसमें अनेक विषय हैं– काम, घर-परिवार और जीवन के विविध हास-परिहास। कई शब्दों का तो समझकर भी अर्थ लगाना मुश्किल-सा है। कई अंदाज़े की बदौलत ही अनुमान करने लायक। पर यह बात प्रणय बिल्कुल न समझ सका। मोबाइल के ही इनबॉक्स और आउटबॉक्स के शब्दों को पढ़कर उसके मन में शंका की ज्वारभाटा हिलकोरने लगी।

विवेक सरिना के कॉलेज में एक ही विषय पढ़ाने वाला दोस्त है। दोनों ने एक ही साथ पढ़ाना शुरू किया था। विवेक के सहयोग, सद्भाव और सहानुभूति से सरिना हमेशा खुश रहा करती। प्रणय के सामने भी वह विवेक की तारीफ़ करके थकती न थी। एक असल दोस्त के दायरे में रहकर ही विवेक के साथ सरिना का व्यवहार था। लेकिन यह बिल्कुल सच है कि विवेक के साथ सरिना की जितनी ही नज़दीकी हो, हँसी-मज़ाक हों, वह प्यार प्रणय से ही करती थी। विवेक की अच्छी दोस्त होते हुए भी सरिना उसके साथ प्यार को लेकर कभी संजीदा नहीं हुई। लेकिन मैसेज को देखकर प्रणय के मन में विवेक और सरिना के प्रति शंका ने डरावना रूप ले लिया। शक की आग में प्रणय बुरी तरह झुलस गया। इसी वजह से वह घर लौटने को आतुर हो गया। दाएँ-बाएँ कुछ देखे बगैर वह रूखेपन के साथ कहने लगा– "चलो घर चलते हैं।" सरिना को मोबाइल वापस करते हुए वह उठ खड़ा हुआ।

"क्या हुआ ?"– उसके बरताव को हल्के में लेते हुए सरिना ने उतना ध्यान नहीं दिया। "तुम चलोगी या नहीं ? अगर तुम्हें नहीं जाना है तो बेशक तुम रहो, मैं चलता हूँ। तुम्हें तो मोबाइल में मैसेज करने में मज़ा आ रहा होगा न ?"

विवेक की रूखी बोली को ताड़कर भी सरिना उसकी शंका के रहस्य को समझ नहीं पाई। वह कहने लगी– "बिल्कुल, इतने सुहाने माहौल के तानेबाने कल्पना में बुनकर मैसेज करने का तो मज़ा ही अलग है।"

सरिना के भाव का और भी गलत मतलब निकालकर– "मैं चला, तुम्हें जो मर्ज़ी हो करो।"– कहकर प्रणय तमतमाए हुए चल दिया।

प्रणय मज़ाक कर रहा है सोचकर उसकी तरफ़ देखे बिना ही वह बैठी रही। पर उसे तब हैरानी हुई जब उसने देखा कि सचमुच प्रणय नीचे उतरा जा रहा है। उसे लगा कि कुछ देर पहले उसने प्रणय को अपने से अलग किया था, शायद उसी बात का बुरा मान गया हो, या हो सकता है कि अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई हो। वह जल्दी-जल्दी उठी और कपड़े संभालती हुई– "क्या हुआ प्रणय, क्या तुम्हारी तबीयत ठीक नहीं है ?" हैरान होती हुई प्रणय के पीछे-पीछे जल्दी-जल्दी नीचे उतरी सरिना भी।

सरिना के सवाल को नज़रअंदाज करते हुए प्रणय जल्दी-जल्दी नीचे उतरकर मोटरसाइकिल पर कपड़े मारने लगा। प्रणय के पीछे-पीछे आई सरिना ने फ़िर पूछा– "प्रणय, आखिर हुआ क्या है ?"

इतने में मोटरसाइकिल स्टार्ट कर चुके प्रणय ने कहा– "कुछ नहीं, मुझे एक ज़रूरी काम याद आ

गया, जल्दी जाना होगा, चलो।"– सरिना की तरफ़ देखे बिना ही उसने फ़िर बेरुखी दिखाई। उसके इस अस्वाभाविक व्यवहार से सरिना को और आश्चर्य हुआ, अचानक इस आदमी को हो क्या गया ? फ़िर भी प्रणय की बात पर यकीन कर सरिना बिना कुछ बोले स्टार्ट की हुई मोटरसाइकिल पर बैठ गई। निःशब्द प्रणय ने तेज़ गति से मोटरसाइकिल चलाते हुए कुछ देर में ही सरिना के घर के आगे रोक दिया।

रुकी हुई मोटरसाइकिल से सरिना के उतरते ही– "ठीक है, मैं चलता हूँ मुझे जल्दी है।"– कहकर उसके जवाब का भी इंतज़ार किए बिना प्रणय निकल गया। सरिना हैरत के साथ उसके बदले हुए बरताव को देखती ही रह गई। बात क्या है, वह बिल्कुल भी समझ न सकी।

उस दिन के बाद कई दिनों तक तो व्यस्तता का अभिनय करके प्रणय सरिना के साथ फोन पर भी ठीक से बात नहीं की। सरिना के ही फोन करने पर होने वाली बातचीत के कुछ अंश में भी विवेक का प्रसंग आते ही शक से चूर होकर प्रणय अंदर ही अंदर तड़प उठता। फ़िर भी सरिना यही समझती रही कि प्रणय व्यस्त होगा।

इसी तरह हफ्ता गुज़र गया। हमेशा की तरह इस शनिवार को भी कहीं घूमने जाने की सोच बनाए बैठी सरिना को निराश होना पड़ा। व्यस्तता का स्वांग रचाकर प्रणय सरिना के साथ घूमने न जाकर घर में पूरा दिन बिताया। इस बात को स्वाभाविक समझकर सरिना कॉलेज के दोस्तों के साथ पिकनिक पर चली गई। पिकनिक में मस्ती, नाच-गाने का प्रोग्राम हुआ। नाच-गाने की कई तसवीरों को दोस्तों ने टैग भी किया। इस घटना ने प्रणय के मन में और भी कलह की आग में घी डालने का काम किया। विवेक के साथ नाचती हुई सरिना की तसवीर को देखकर प्रणय के मन में अग्नि ज्वाला धधक उठी।

सरिना पर अपने मन की भड़ास उँडेलकर मन की आग को ठंडा करने की मंशा से प्रणय ने अब के शनिवार को बाहर जाने का प्लान बनाया। उधर सरिना शनिवार के इंतज़ार में मीठे-मीठे ख्वाब सजाने लगी।

आज शनिवार थोड़ी देर करके प्रणय मोटरसाइकिल लेकर सरिना के घर के पास आया। पहले से ही तैयार होकर बेसब्री से प्रणय का इंतज़ार कर रही सरिना खुश होकर झट से मोटरसाइकिल पर बैठ गई। सरिना की व्याकुलता पर बिना कोई प्रतिक्रिया जताए प्रणय ने मोटरसाइकिल आगे बढ़ाई।

चलती मोटरसाइकिल पर सरिना की एकतरफ़ा बातचीत चलती रही। प्रणय निःशब्द मोटरसाइकिल चलाता रहा। काफ़ी देर तक प्रणय के कुछ न बोलने पर– "आज क्यों कुछ बोल नहीं रहे हो, तुम्हें क्या हुआ है प्रणय ?"– सरिना ने बड़े ही प्यार से पूछा।

"आज कहाँ चलना है ? तुम्हारी ही पसंद की जगह पर चलेंगे बोलो।"– सरिना के सवाल का जवाब न देकर रूखे लहजे में प्रणय ने प्रतिप्रश्न किया।

"ओ ! ऐसा है, तो फ़िर शंख पार्क चलते हैं, वह जगह काफ़ी अच्छी है, गेट तक ही मोटरसाइकिल ले जाई जा सकती है।"– उत्साह के पंख फैलाती हुई सरिना खुश हो गई।

वहीं कड़वाहट की कशमकश में डूबे हुए प्रणय के खुश होने का कोई सवाल ही नहीं था। कहीं जाकर भी उसे ज़हर ही तो उगलना था। इसीलिए "ठीक है।" कहकर छोटी-सी प्रतिक्रिया देते हुए मोटरसाइकिल को उसने शंख पार्क के रास्ते की तरफ़ मोड़ लिया। कुछ ही देर में शंख पार्क के गेट के पास पहुँचकर उसने सरिना से उतरने को कहा और मोटरसाइकिल को पार्किंग में खड़ा कर दिया। सरिना हमेशा की तरह अपनी ही धुन में आगे बढ़ी और प्रणय पीछे-पीछे।

शंख पार्क के भीतर जाकर दोनों एक खाली बेंच पर बैठे। "उस दिन हम लोग विवेक के कहने पर यहाँ पिकनिक के लिए आए थे। उसी वक्त मैंने सोचा था कि एक बार तुम्हारे साथ यहाँ आती तो कितना मज़ेदार होता।" सरिना के बातचीत के पहले प्रसंग से ही प्रणय खौल उठा। लेकिन सरिना से मोबाइल माँगकर फ़िर से मैसेज पढ़ने की ताक में वह गुस्से को दबाकर चुपचाप बैठा रहा। थोड़ी देर बाद सरिना से मोबाइल माँगकर मैसेज इनबॉक्स में भरे हुए और सेंट बॉक्स के संदेशों को पढ़ा। ज़्यादातर विवेक के भेजे हुए और अलग-अलग समय में विवेक के साथ आदान-प्रदान किए गए संदेशों को पढ़ लेने के बाद प्रणय ने आव देखा न ताव और अचानकर उत्तेजित होकर बोलने लगा– "प्रेमी-प्रेमिका के नाम पर तुम कलंक

हो। मेरे साथ प्यार का नाटक करके डेटिंग पर विवेक के साथ गुलछर्रे उड़ाती फ़िरती हो। प्यार का नाटक करके मेरे जज़्बात के साथ खिलवाड़ करने वाली तेरे जैसी जूठी के साथ आगे बढ़ने की बात मैं सोच भी नहीं सकता। इसलिए आज से तेरे साथ मेरा कोई रिश्ता नहीं है।– गुस्से में आपे से बाहर हो चुका था वह।

प्रणय की बात से कुछ देर तो सरिना सन्न रह गई। जिससे उसने प्यार किया है, उस आदमी के मुँह से अचानक कभी न सोची हुई लांछना सुनकर वह मौन होकर प्रणय को विस्फारित नज़रों से देखती रह गई। लेकिन एकाएक वह भी अपना आपा खो बैठी। बरदाश्त की हद नाँघने पर सरिना भी आवेग में आई और झट से उठ खड़ी हुई और अपनी तर्जनी दिखाते हुए कहने लगी– "तुझ जैसे ओछे इंसान को समझने में मैंने थोड़ी देर कर दी। लेकिन समय रहते तूने अपनी औकात दिखा दी और मैं बरबाद होने से बच गई। एक सच्चे दोस्त के साथ पवित्र संबंध को गलत समझने वाले तुम्हारे मन में अभी इतनी खोट है तो शादी के बाद और क्या होता ? मैं भी शक कर सकती थी जब तुम अपने ऑफ़िस की लड़कियों को अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाकर घूमते थे। लेकिन मैंने शक नहीं किया क्योंकि मैंने तुमसे प्यार किया था और तुम्हें ही अपना जीवनसाथी बनाने की सोची थी। अपनी पत्नी बनने जा रही प्रेमिका पर मोबाइल के मैसेज की वजह से बात समझने की कोशिश किए बिना ही महज शक के बिना पर तूने इतना संगीन आरोप लगाया, तूने मेरे साथ विश्वासघात किया है। इतना हो चुकने के बाद तू क्या, मैं ही तुझे छोड़ती हूँ, अभी इसी वक्त से। अब कभी भी मुझसे संपर्क करने की कोशिश भी मत करना, गुड बाई।" काली का रूप धारण की हुई सरिना प्रणय के हाथ से अपना मोबाइल झपटती हुई फटाफट वहाँ से निकल गई।

इससे पहले कभी भी सरिना के इस रूप को नहीं देखा हुआ प्रणय अवाक् होकर सरिना को जाते हुए देखता रहा।

पार्क में घूमने आई कुछ जोड़ियाँ चुपचाप उन्हें देखती रहीं। थोड़ा हटकर पिकनिक में आए हुए लोगों में से कुछ अल्हड़ नौजवानों के आपस में खुसफुसाने की आवाज़ प्रणय के कानों तक पहुँची– "बाप रे ! इतनी मेच्योर्ड जोड़ी का भी ब्रेक अप हो गया यार।" प्रणय मूर्तिवत् खड़ा रहा। वह कुछ न बोल सका। उसने देखा कि आगबबूला हुई सरिना काफ़ी दूर निकल चुकी थी।

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

कहानी

यह मन

विन्दु सुवेदी

१

वैशाख महीने की गर्मी। सूर्य की तप्त राप से साँस लेने में भी कठिनाई महसूस कर रही हूँ। हाल ही में बुल्डोजर से कुरेद कर छोड़ा गया मध्य पहाडी लोकमार्ग ऐसा लगता है जैसे अजगर अपना आहार निगलकर आराम कर रहा हो। पेड़, पौधे, खेत बारी, बाँस का जंगल, नदी तालाब सब निगलकर पसरा हुआ। मध्याह्न होने के कारण से शायद रास्ते में पैदल यात्री नहीं। चलते चलते मैं रुक जाती हूँ। गर्दन से गरम पसीने की धारा तीव्र गति से निकलती है, गुदगुदी लगाते हुए। कुछ पल आँख बंद कर तपे हुए संसार में अपने आपको समर्पण करती हूँ। उपाय ही नहीं है।

कुछ समय के लिए गर्मी से ध्यान को भंग करती हूँ और फ़िर लोकमार्ग के बाईं तरफ़ से छोड़ते हुए घर की ओर जाने वाली नदी के ओर चलती हूँ। बड़ी-बड़ी चट्टानों के बीच से निकला हुआ एक रास्ता एक नदी की ओर उतरता है। ये नदी पहाड़ी नदी है। कुछ वर्ष पहले तक पानी अमला, निगुरो, लहरे झाड़ आदी इत्यादी झारपात से ढकी नदी से संगीत की तरंग जैसी उठती कलकल - कलकल की आवाज़ से मिलनी वाली शीतलता की कल्पना करती हूँ। ऊपर की तरफ़ मोटर चलने वाला रास्ता बनने के बाद पानी का स्रोत शायद बिगड़ गया। अभी नदी शिशिर ऋतु की नई नवेली चिड़िया की तरह चुपचाप है। बाँस के खपटे और सूखे पत्ते नदी में जमा हो गए हैं। फ़िर भी रक्त कोशिका सूखकर कृषकाय शरीर जैसे एक मक्खी को भी नहीं भगा सकता वैसे ही नदी आपनी छाती पर लदे वे पत्ते हटा नहीं सकते। मैं नदी के उस बहते हुए रूप को याद करती हूँ और खुद ही आश्चर्यचकित होती हूँ।

नदी के किनारे नीचे गाँव तक पहुँचने के इस छोटे से रास्ते का यह पत्थर अब पहले के जैसा सजीव नहीं। विकास के चपेट में पड़ा है। वर्षों तक मानव कदम पड़ने के कारण इन पत्थरों ने भी सीढ़ियों का रूप ले लिया है। कोई भी वस्तु सजीव हो या निर्जीव, परस्पर के संसर्ग से रूप परिवर्तन कर लेता है। जंगली जानवर भी आदमी के साथ रहते हुए घरेलु बन जाता है। झाड़ पात और जंगल भी मानवीय हाथ के संसर्ग में आने से उपवन बन जाते हैं।

सुधरा हुआ एक बाँस जितनी लंबी चट्टान पार कर मैं रुकती हूँ। शीतलता पाने के लिए यह एक अच्छा स्थान है। बड़े-बड़े सदाबहार पेड़ों से ढकी हुई, थोड़ी झुकी हुई और समतल आकार की चट्टानों वाले इस पड़ाव पर पहुँचने के बाद गर्म शरीर शीतल अनुभव करता है। दाईं तरफ़ आधा दर्जन मजदूर कोशिश करने बाद भी नहीं हटा सके एक चट्टान को। एक समय बरसात की बात है, ऊपर के जंगल से बहकर आए हुए पानी का वेग इस चट्टान पर गिरता था तो नीचे गाँव के लोग आतंकित हो जाते थे। उस समय इस पहाड़ी नदी ने जो प्रलय लाया था अभी भी उजाड़ देखकर अनुमान लगाया जा सकता है। अभी देखती हूँ, चट्टान में लगी काई सूखकर निकल गई है। अचानक देखती हूँ चट्टान के बगल से चींटियों का एक लाइन यात्रा पर निकल रहा है। शायद बारिश होगी। गर्मी भी बहुत ज्यादा है। मन में आशा लिए बहुत देर तक चींटियो का लाइन देखती रहती हूँ। ओह, गिनना ही भूल गई।

पास ही में रहे गाँव में प्रवेश करने वाली गली से बड़ी दिदी अचानक निकलती है। गोरी, हंसता हुआ चेहरा, माथे पर सिक्का जितनी बड़ी बिंदी, नाक में नथिया, सुरीली और लयात्मक बोली वाली बड़ी

दीदी गाँव में सबको अच्छी लगती है। मैं भी जब गाँव जाती हूँ तो उनसे मिले बगैर वापस आने को मन नहीं करता। लेकिन इस समय मुझे देखकर उसने न तो स्वागत किया न तो मैं भी मन खोलकर कुछ कह सकी। मेरे मन में अचानक सभी शब्द खेलने लगे।

२

उनसे किस लय में बात करु मैं असमंजस में हूँ। इस समय उनके दुख के घाव कुरेदना अच्छा होगा या नहीं कहूँ तो बेगाने होने का परिस्थिति बनी है। पता तो है ही। धन कमाकर माँ बाप को सुख देने की इच्छा से विदेश गया बेटा एक वर्ष न बितते ही बक्से में बन्द होकर लौटा था। देखती हूँ, पहाड़ी नदी और बड़ी दीदी दोनों की आँखों में उजाड़ है। उनकी सुंदर आँखें पीड़ा के काले तालाब में डूबी है। पहाड़ी नदी की आँख को भी तो झारपात ने ढक कर रखा है। एकाएक हम दोनों की आँखें भर आती हैं। अपनी पीड़ा को आँसू में निकालते हुए बड़ी दीदी एकाएक बोलना शुरू कर देती है। और फ़िर एक ही साँस में एक युग का वर्णन कर शांत हो जाती है। उसके बाद सामान लेने के लिए वह चौराहे की दुकान की ओर जाती है। आँख से ओझल नहीं होने तक मैं उनको देखती रहती हूँ।

शहर का जीवन तो वैसे भी व्यस्त रहता है। काम हो तो नहीं हो तो भी। घर टूट जाने की खबर कुछ पहले ही आई थी। अभी समय मिलाकर टूटा हुआ घर देखने के लिए आई हूँ। जितना नजदीक पहुँचती हूँ, टूटा हुआ घर देखना पड़ेगा सोचकर अच्छा नहीं लग रहा है।

घर किस तरह से टूटा होगा, कितना टूटा होगा रहने लायक ही नहीं होगा या थोड़ा बहुत मरम्मत करने के बाद होगा या सिर्फ ऊपर का भाग ही टूटा होगा या किसी एक साइड से टूटा होगा। कुछ वर्ष बिल्कुल ठीक घर अचानक ऐसे कैसे टूट गया या बनाकर भी नहीं बनने के अवस्था में पहुँच गया है। खाली भी तो नहीं था फ़िर भी कैसे टूट गया घर। जिस घर को हराभरा छोड़कर निकली थी कैसे टूटा हुआ देख सकती हूँ। जो हो मन को थामकर रखना है मुझे। ऐसे बहुत तर्क मन में आ जा रहे हैं। जल्दी से उठकर चलने का मन भी तो नहीं करता है टूटा हुआ घर देखने के लिए।

शहर में जन्मी, वहीं पली बढ़ी, अभी भी शहर में ही रहती हूँ। ऐसे में यह गाँव के घर के बारे में इतना क्यों सोचना ? ऐसा भी लगता है कभी कभी। लेकिन पता नहीं क्यों यथार्थ और भावना भी अजीब होती है। यथार्थ तो यथार्थ है। अकाट्य होता है। आदमी अपने यथार्थ से दूर जाकर, यथार्थ को भूलकर या यथार्थ को महत्व नहीं दूंगा, ऐसा कह सकता है लेकिन वह यथार्थ से भाग नहीं सकता। वैसे ही भावना शब्द की तरंग जब मन में उठने लगती है तो पहाड़ी से निकलने वाले बादल की तरह घनी होती जाती है। आकार, प्रकार, आयतन, तौल कुछ भी न हो लेकिन मन के तालाब को वह ढक देता है। भावना नामधारी वह चेतना का तरल स्वरूप है जो एक महीन सी लकीर की याद में बड़ा होकर पेड़ और वटवृक्ष की तरह हृदय में खड़ा हो जाता है। मेरे लिए अभी यथार्थ ऐसा ही है। ये घर भावना के हिसाब से जीवन स्पन्दन जैसा है।

ये मेरा कर्मघर। एक आधार स्तम्भ जिससे मैं अपना अस्तित्व प्रकट कर सकती हूँ, अपना अधिकार छीनकर ले सकने वाली जगह। अपने वंश को पहचान लेने वाली मेरी गली।

जीवन में पहली बार इस घर के आंगन में कदम रखते हुए मुझे एक अजीब सा उन्माद पुलकित बना रहा था और लाल, सफेद और काले पहनावे में शृंगार किया हुआ, घर के ऊपर में त्रिशूल, चन्द्र और सुई, काठ का कलात्मक बारामदा, धुरी में टंगा हुआ मक्के का घोगा और धुरी में गर्दन निकालती हुई कबूतर की जोड़ी। छोटी तितली की तरह शृंगारित सुंदर घर को देखकर मैं चकित थी।

३

आंगन से कुछ ही दूर पर बँधी हुई गाई-भैंस, उसके गोबर की गन्ध, कभी इधर उधर कुदती हुई बकरियाँ, तरह तरह के फूलों से लदा बगीचा, अम्लिसो का हरा वृक्ष, बाँस और निगालो का जंगल, दूसरी तरफ़ बड़ा बरगद का पेड़ और उसके नीचे जैसे आँख की पुतली चमक रही हो। ये सभी परिदृश्य एक ही आँख में आने पर मुझे लगा जैसे कण्व ऋषि का आश्रम ऐसा ही रहा होगा।

बहुत देर तक ठंडे पत्थर पर बैठ कर अतीत के पन्ने उलटने के बाद मैं घर की ओर मुड़ती हूँ। रास्ते

पर खड़ा चिलाउने (एक जंगली वृक्ष) के पेड़ में अडेस लगकर घर को निहारती हूँ। घर तो ठीक ही है। आश्चर्य ! ये भ्रम तो नहीं, मेरा मन जिस चीज़ को देखना नहीं चाहता, यथार्थ को भ्रम के जाल ने ढक तो नहीं दिया है सोचकर फ़िर से निहारती हूँ। उखड़ा हुआ रंग, कहीं कहीं दीवार पर दीमक की लाइन। नीचे से ही देखती जाती हूँ। आँख से खिंची हुई लकीर उर्ध्व होते हुए घर की धुरी पर रुकती है। दक्षिण पश्चिम सुर की धुरी के एक खण्ड में बड़ा सा छेद देखती हूँ। और देखती हूँ, सबसे ऊपर में रखे टायल पर निर्मित चिड़िया तीन टुकड़ों में बँट चुकी है। एक लंबी साँस नाभि से नासिका होते हुए हवा में मिल जाती है। शहर से लेकर आई कठिनाई और खिन्नता को बड़ी आसानी से भूल जाती हूँ। कल्पना और यथार्थ में फर्क बोध करती हूँ। खबर देने वालों ने जब 'घर टूट कर खत्म हो गया और तुमलोगों को कोई मतलब नहीं है' कहा था तो मन बहुत दुखी हुआ था। लेकिन एक टुकड़ा मात्र टूटा हुआ देखकर मन आश्वस्त होता है।

अब पैरों में फुरती सी आ गई है। जल्दी जल्दी अपने घर के आंगन में कदम रखती हूँ। आंगन के तीन दिशाओं में तीन तरह के घर हैं। मूल घर पूर्वी मोहडा में है जिसकी धुरी का एक भाग अभी टुटा हुआ है और घर अपाँग हो गया है। दक्षिण मोहड़ा पर धनसार है, जहाँ मेहमान के लिए कोठली और अनाज रखने का भण्डार है। पश्चिम मोहडा वाले घर के नीचे गाई भैंस बांधने वाला जगह, ऊपर के खण्ड जलावन, और घास रखनेके लिए प्रयोग होता है।

घर के मुख्य सदस्य सास ससुर के जीवन काल के उस घर के वातावरण को स्मरण करने को मन अभी भी ललायित है।उस समय इस घर के लिए मैं अनोखी थी। अभी ये घर मुझे अनोखा लग रहा है। पूरे आंगन में घास हो गया है। बरामदा भी खाली। धुरी में कही कही डोरी बँधी हुई है। जगह जगह पर काठ गिर जाने से ऐसा लगता है जैसे बिन दाँत का थोता बूढ़ा हँस रहा हो। घर के पीछे निरंतर बहने वाली नदी सुख चुकी है। बरगद के नीचे झिलमिल झिलमिल करते हुए आँख नचाने वाला जोर मकरे के जाल से भरा गया है। गाई भैंस बांधने वाले जगह में चूहों का राज हो गया है। अम्लिसो, ईलायची, कफी, निम्बु, तिमुर जैसे बहुत सारे वृक्षों का नामो निशान नहीं। संतरे का बगीचा भी सुखकर देखने लायक नहीं है। नासपाती, दाडिम, अमरुद, आँवला जैसे फलों के पेड़ भी उचित देखभाल न होने के कारण अब फल देना बंद कर चुके हैं। मैं चुपचाप यह दृश्य देखती हूँ। किसी को दोष नहीं दिया जा सकता है।

ठीक उसी समय अपने टोपी से पसीना पोछते हुए साइला आता है। मुझे देखकर वह आश्चर्य के साथ खुश हो जाता है। उसकी ही जिम्मेबारी में है घर आजकल। घर जल्द नहीं बनाया तो बरसात में किसी रोज एक ही बार गिर जाएगा इस बात को विश्वस्त बनाने के लिए वह बहुत बार कहता है। फ़िर वह घर भीतर से पानी लेकर आता है। मैं पानी पीती हूँ। वह भी एक लोटा पानी एक ही साँस में पी लेता है। घर की मरम्मत फ़िर से होगी इस बात से वह खुश है। लेकिन बारी पहचानते ही वह वापस आता है और कहता है- एक चीज़ मांगनी थी।

क्या चीज़, बोलो।

पिताजी और माँ बूढ़े हो गए हैं। हमने तो प्रणामी धर्म को अपना लिया, मृत्यु के बाद समाधी बनाना पड़ता है। इस बारी का एक छोटा सा टुकड़ा मिल जता तो समाधी बनाता।

उसकी बात सुनकर मैं आश्चर्य में पर जाती हुँ। सामने वाले गाँव में उसका अपना पैत्रिक स्थान है। उसका धर्म यदि समाधी बनाने को कहता है तो अपनी ही जमीन का एक टुकड़ा क्यों नहीं उपयोग करता। कितनी असानी से कह गया कि समाधी के लिए जमीन का एक टुकड़ा दे दीजिए, कैसी मानसिकता है ये ?

४

देखो सभ्फले। तुम्हारा धर्म क्या कहता है मैं नहीं जानती। ऐसी बात मानने को मैं बिल्कुल तैयार नहीं। मेरा उत्तर सुनकर वह थोड़ा हिचकिचाया और अपना रास्ता पकड़ लिया।

उसकी बातों से मेरे मन में दूसरा प्रसंग जन्म लेता है। कुछ वर्ष पहले गाँव को सरकार ने खुला शौच मुक्त क्षेत्र घोषणा करने की तैयारी की थी। सरकार ने शौचालय बनने के लिए आवश्यक सामग्री निःशुल्क उपलब्ध भी कराई थी। उस समय उसने शौचालय बनाने के लिए ध्यान ही नहीं दिया। वह

चाहता था कि सब व्यवस्था हम लोग ही कर दें।

बाहर रखे खटिया पर बैठकर बरगद के पेड़ को निहारने लगती हूँ। मंद मंद सी हवा चलने लगी है। बरगद के पत्ते से निकली आवाज़ मेरे मन को आनन्द के तरंग में धकेल देता है। इस समय प्रकृती के सामिप्य में अपने आपको अकेले पाकर इतना आनन्द मिल रहा है जैसे अथाह जलराशि में डुबकी मारने से मिलता है। अपने मन के साथ एकल संवाद में मग्न होकर समय कितना बीत गया पता ही नहीं चला।

अचानक आई आवाज़ से ध्यान भंग होता है। मैं घर के पीछे जाती हूँ। सुखी नदी अपने बांध को तोड़कर बह रही है। शून्यता को चिरते कितनी जल्दी मौसम परिवर्तन हो गया। कोलाहल पूर्ण आँसू की नदी जल्द ही किसी परिवेश में ठंडा हो गया जैसे लगता है। आँखें विस्मय के साथ फैल जाती है।

थोड़ा काला, बड़ी बड़ी आँखें, सुडौल शरीर, काले लंबे बाल, आत्मविश्वास और चरित्र से भी निडर तुलसा सिर से पैर तक निर्झर आँखें भीगी हुई है।

इसी घर के परिवेश में जन्मी, पली बढ़ी दुख और ताप के छाया से दूर रही तुलसा। इसी घर से विवाह कर अपने घर भेजी हुई तुलसा। सुना था तुलसा घर छोड़कर कर मायके आई है अपने बच्चों के साथ। इधर ही काम करके रह रही है। सुख कर काटा हुई तुलसा को सुखे नदी में अचानक क्षणिक वर्षा के कारण बाढ़ की तरह आँसू बहाते हुए देखा तो मैं आश्चर्य में पड़ गई।

मैं चुपचाप उसके अश्रु धारा को देखती हूँ। फ़िर कहती हूँ - हो गया, अब मत रो। भाग्य का लिखा कोन बांट सकता है। धरान तक पहुँच कर, सुट सिलकर आनेवाला लडका ढूंढा था तुम्हारे लिए। बाज़ार में कपड़े सिने वाली मशीन रखकर कमाई कर जिन्दगी चलाओगी ऐसा सोचा था। लेकिन तुम घर थाम न सकी।

मेरा वाक्य पूरा हुआ भी नहीं था कि तुलसा ने मिट्टी वाली अपनी हाथों से आँसू पोछा और गुस्साये हुए अन्दाज में बोली।

एक वक्त भर पेट खाना नहीं खाया। बच्चे लोग भूख से रोते हैं। दिनभर खेत में काम करती हूँ। घर में आकर पानी जैसा खोले खाना परता है। उल्टे मुझे कहता है कि मैंने कुछ नहीं किया, मर क्यों नहीं जाता है वह। जिसने एक वक्त चावल खाने नहीं दिया उस गजेडी का मुँह देखकर मैं बैठती। चूहे भी घर छोड़कर निकल गए। मैं क्यों रहती ? मशीन खरीदने के लिए कान का मुन्द्रा खोलकर दिया लेकिन वह दारु पीके खत्म कर दिया, दिनभर तास खेलता रहता है.....

वह फ़िर बोलने लगी। मैं थोड़ी सहमी। कुछ ही देर पहले वह ऐसे आँसू बहा रही थी जैसे नदी बह रही हो और अभी जैसे आग हो गई हो। कुछ देर पहले जब वह रो रही थी तो मैं अपने आपको असहज महसूस कर रही थी। सोच रही थी कि उसका जीवन बर्बाद हो गया, कुछ शिकायत कर रही होगी, कुछ आक्रोस भी। लेकिन उसे मुभसे कोई शिकायत न थी, न तो सौतन लाने वाले पति और न सौतन से ईर्ष्या ही है।

कितनी शक्तिशाली होती है भूख। जन्म से ही खानपीन और दूध दही में पली थी तुलसा। सत्य है। लेकिन अभी दो सन्तान की माँ होने के बावजूद खाना न मिलने के बहाने उसने अपने पति को छोड़ दिया ये सोचकर मैं आश्चर्य में हूँ। चावल के अभाव में प्रेम, कर्तव्य का क्या लेखाजोखा ? पेट की भूख अन्य बातों को गौण बना देती है। ऐसी बातों में कौन और कैसे तर्क करे। जिसने भुगता है वही समझता है।

पति से प्रेम नहीं है तो क्यो रोती हो, मैने थोड़ा मजाक करते हुए पूछा।

५

अरे ! मैं उसके प्रेम के कारण थोड़े ही रो रही हूँ। उस बेवकूफ की याद में क्यों आँसू बहाऊँ ? अपने बच्चों को पालने का दम है मुझमें। मुझे तो दो वक्त खिला नहीं सका वो बदमाश, और अब दूसरी को ले आया है, कहाँ से खिलायेगा। निकम्मा आदमी है वह।

तो फ़िर ऐसे क्यों रो रही हो ? थोड़े जोर से मैंने जब पूछा, वह शांत हो गई। उदास होकर बोलने लगी - अपने मन की बात किसको कहूँ ? किसके आगे जाकर आँसू बहाऊँ ? अपनी समस्या किसे बताऊँ ? आप आईं। अब पता चलेगा आपको मेरी समस्या। रहने के लिए कोई जगह नहीं। चौतारी साइली के मवेशीखाने के ऊपर रह रही हूँ। एक गाय

है जो कल बच्चा देने वाली है उसको दूसरे की बारी में रख रही हूँ। रात-बिरात क्या होगा सोचती रहती हूँ। आँधी तूफान आ जाए तो रात भर सो नहीं पाती। साहस कितना भी हो, बाजुओं में कितना भी दम क्यों न हो व्यवहार ठीक नहीं तो कुछ नहीं किया जा सकता। आगे जाकर बच्चे शाप देंगे सोचकर मन घबराता रहता है।

इसी घर के आंगन में बचपन बिता था तुलसा का यहीं पली बढी, अभी वह माँ बनकर बच्चों के भविष्य की चिंता कर रही है। इस घर के परिवेश और पालन पोषण ने उसको इतनी स्वाभिमानी बना दिया देखकर मुझे खुशी हुई। तुलसा के बोली में अभी भी पूर्ण विराम नहीं।आँखभर आँसू लिए वह लगातार अपने मन की पीडा बाहर निकाल रही थी लेकिन मैं उलझन में परती जा रही थी।

संयोग कहूँ या विधि का विधान, मेरी आँखें सीधे आगे के चदरे की छत वाले एक घर पर जाकर रुकती है, कुछ देर मैं अपने आप में खोई रही। फ़िर अचानक एक निर्णय लिया। बिना कुछ सोचे समझे मैंने तुलसा को कहा- अब तुम निश्चिन्त हो जाओ। ये घर आज के बाद तुम्हारे जिम्मे। ऊपर में रहना और नीचे गाय बांधना। चौतारा की तरफ़ जो खेत है वह भी तुम ही उपयोग करना। खेत से आनेवाली थोड़ी बहुत कमाई से तुम्हारे परिवार का खाना हो जाएगा। बेटा-बेटी को स्कूल भेजना। मैं जब दूसरी बार आऊँगी तो तुम्हारा साहस परीक्षण करूँगी।

मेरी अप्रत्याशित बात सुनकर तुलसा जो अभी तक लगातार बोले जा रही थी अचानक रुक जाती है। वह विस्मित और निशब्द होकर कुछ देर मुझे देखती रही। और फ़िर घूमते हुए घर को निहारने लगती है। पश्चिम से तीर जैसे गिरती सूरज के किरणों की प्रकाशित आवास तुलसा को वैसे ही छोड़कर मैं अपने वास गन्तव्य की ओर निकलती हूँ।

कुछ दिन के बाद घर व्यवहार, भेंटघाट, टूटे हुए घर की मरम्मत कर मैं लौटने की तैयारी करती हूँ। सोचती हूँ घर की एक फोटो ले लूँ।

घर का मुख्य दरवाजा बंद है। धनसार घर के प्रवेश द्वार की भी मरम्मत करवा दी गई है। लोग काम पर गए हैं स्पष्ट दिख रहा था। नज़र तुलसा को दिए घर की तरफ़ जाती है। ऊपर का तला जहाँ जलावन और फूस रखे जाते थे, उसमें बड़ा छेद था लेकिन वह और मिट्टी से पोत दिया गया है। भीतर प्रवेश करने वाले दरवाजे पर नया ताला लटक रहा है। नीचे शरीर भर सफेद बूंद वाली कैली गाय आराम कर रही थी। गोबर की सुगन्ध हवा में मिलकर वातावरण को जीवंत बना रही है। ऊपर बाँस के खम्बे में एक काला कुत्ता बाँधा गया है। बाँस के लठ से बनाई गई दीवार, आराम कर रही गाय, लाल मिट्टी से पुता हुआ आंगन मन में आत्म संतुष्टि का अनुभव दे रहा है।

घर टूटने की सूचना ने मन को भारी बना दिया था। लेकिन अभी घर टूटने से भी अलग घर बना इस अनुभूति से अभिभूत है मेरा मन।

अनुवादक : कंचना झा

कहानी

पुस्तक

विश्वेश्वरप्रसाद कोइराला

संपूर्ण गाँव ही कोसी नदी की बाढ़ की चपेट में आ गया। गाँव के गाँव बाढ़ की तेज धार में बह गए। कई लोग अकाल मृत्यु के शिकार हुए तो कई भूख के कारण मर गए। रोग-व्याधि ने जो विभीषिका फैलाई वह अलग। सरकार की ओर से वहाँ के असहायों के लिए पहुँचाई गई सहायता के अतिरिक्त अन्य संघ-संस्था भी अपने-अपने स्वयंसेवक भेजने में आगे आ रहे थे। मैं भी स्वयंसेवकों की टोली के साथ कुनैन, क्लोरोडाइन, पोटाश पर्मेगनेट जैसी दवाईयाँ लेकर एक गाँव में पहुँचा।

बनारस से चलते समय ही हम लोगों ने सारी योजनाओं के ऊपर विचार-विमर्श कर लिया था। एक इलाके में पहुँचकर वहाँ के विभिन्न गाँवों में जाते हुए दवाइयाँ बाँटने और प्रत्येक स्वयंसेवक के आवश्यकता की सामग्री लेकर जाने की योजना बनी। मैंने दवाइयाँ रख ली, मच्छरदानी भी ले ली। पर दुर्भाग्यवश पुस्तक रखना भूल गया।

जब हम बाढ़ग्रस्त इलाके में पहुँचे तो हर ओर पानी ही पानी था। कुछ झाड़ियाँ पानी के ऊपर सिर उठाए खड़ी थी, जो कीड़े-मकोड़े, चीटियों और अन्य परजीवियों के लिए आश्रय-स्थल बना था। एक-दो टीले, जो पानी में डूबने से बच गए थे, के ऊपर महिला-पुरुष, बालक-बालिकाएँ चीटियों की तरह झुण्ड में उपस्थित थे। रोग और भूख से आकुल-व्याकुल वे लोग इधर-उधर इस तरह गिरे पड़े थे मानों चिता पर लिटा दिए गए हों। इन लोगों में से कई तो सुसुप्तावस्था में ही भगवान को प्यारे हो गए थे, पर पड़ोस में ही चिपककर लेटे हुए अन्य जीवित लोगों को इस बात की सुध कहाँ ? एक व्यक्ति तो उल्टी करते-करते ही पानी में गोता खा गया। बीच-बीच में कुछ लोगों के विलापने की आवाज़ें कानों में पड़ती थीं। यह तो मैंने उस जगह का वृत्तांत बताया जहाँ बाढ़ का अत्यंत प्रकोप था। सरकारी विज्ञप्ति से प्राप्त सूचना के अनुसार उस स्थान पर लगभग दश हजार लोगों की मृत्यु हुई थी।

हम लोगों ने यहीं पर काम करना उपयुक्त समझा। ज़ोर-तोड़ के साथ काम करने लग गए। हम लोगों का काम था मृतकों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था करना, भूखे लोगों को भोजन उपलब्ध कराना और रोगियों को दवा एवं पथ्य प्रदान करना। हम लोगों ने सबसे पहले मृतकों को निकालने का काम किया। इसके बाद जीवित लोगों में से रोगी और निरोगियों का पहचान करने का काम पूरा करने में लग गए। जिन्हें ढोकर निकट के गाँव तक पहुँचाया जा सकता था उन्हें वहाँ पहुँचाया गया और उनके लिए भोजन एवं दवा की व्यवस्था की। अन्य लोगों को बाँध पर ही भोजन पहुँचाने लगे। इस प्रकार अनेक लोगों के प्राण की रक्षा कर पाने पर आश्वस्त होते हुए हम लोग भूख-प्यास की परवाह किए बगैर अथक रूप से दिन-रात काम करते रहे। बाँध पर एकत्रित लोगों को हटाने का हमारा काम तब तक जारी रहा जब तक अंतिम व्यक्ति को वहाँ से निकाल न लिया। इधर बाढ़ का पानी भी घटने लगा। पानी में वह तीव्रता भी नहीं रही, मानों वह भी थककर गतिहीन हो गया हो। जल प्रवाह के पहले का वेग और उधम की तुलना में वर्तमान दृश्य कोई ताल-तलैया की भाँति सुखद दिख रहा था।

हम लोगों का काम पूरा हो जाने के कारण यहाँ से रवाना होने का समय हो चुका था। विगत की दौड़धूप के बाद जो शांति व्याप्त हुई थी, वह हमें उद्विग्न करने लग गई थी, क्योंकि अब कोई काम बाकी नहीं था। बिना किसी काम के रहना असाध्य होता है। मेरे कई सहयोगी लौट चुके थे। कुछ अन्य दूसरे गाँवों में चलायमान थे।

अभी मैं अकेले एक छोटे से गाँव में हूँ। दो-तीन दिन बाद जब सभी उपस्थित होंगे, तभी एक

साथ लौटने की बात हुई है। मैं गाँव में बेकार बैठा हूँ। गाँव में एक प्रकार की शांति होती है, जो हम लोग जैसे शहरी बाबुओं के मन-मस्तिष्क पर एक दवाब का सृजन करती है। एक चिड़िया फुदकते हुए इस डाल से उस डाल पर जाती है। पर यह दृश्य भी दिमाग में एकाकीपन की उग्रता उत्पन्न करता।

मैं एक बूढ़े किसान का अतिथि बना बैठा था। एक जामुन के पेड़ के नीचे खटिया डाल दी गई थी। उसी पर लेटकर मैं दिन बिता रहा था। अपनी कृतज्ञता प्रकट करने हेतु वह मेरे सामने आ खड़ा हुआ और हाथ जोड़कर कहने लगा- 'मैं आप लोगों के लिए कुछ भी नहीं कर पाया बाबू। गाय-भैंस जो भी थी, वह बाढ़ बहाकर ले गई। दूध-दही कुछ भी नहीं है।'

उसके भोलेपन और आतिथ्य भाव से मैं गदगद होकर कहने लगा-'बाबा, आपने अपने आतिथ्य से हमें सदा के लिए ऋणी बना लिया है। मुझे किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं है।'

पर वह भला मेरी बातों को क्यों मानता। कहने लगा- 'यह कोई निर्धन गाँव नहीं है बाबू। यहाँ आने जाने-जाने वालों को भर पेट खिला सकने की हैसियत रखता है। मेरी दो दुधारु गाएँ बाढ़ में बह गईं। मुझ बूढ़े को अपने लिए भला क्या चाहिए ? अब तो ऊपर जाने के दिन भी आ गए हैं। आने-जाने वालों को कुछ न कर पाने पर दुख पहुँचता है। जब तक वह थी, सब कुछ था, पर अब तो वह भी चल बसी।'

इतना कहते-कहते बूढ़ा बाबा चुप हो गया। मैं कोहनी के सहारे सिर उठाकर उसकी ओर देखता रहा। बूढ़ा बाबा अपनी झोपड़ी की ओर चल पड़ा और कुछ देर बाद झोपड़ी की दहलीज के पास बैठ गया।

मैं फ़िर आकाश को निहारते हुए जामुन के पेड़ के पत्तों को गिनने लगा। आलस्य महसूस हो रहा था। जम्हाई आ रही थी। शाम तक एक-दो मित्रों के आ पहुँचने की भी संभावना है। दूर-दूर तक जहाँ तक नज़र पहुँचती, पानी ही पानी था। उस पर सूरज की रोशनी झिलमिल कर रही थी। विरक्तिपूर्ण वातावरण था। मैं पुस्तक लाना भूल गया था। पुस्तक होती तो समय बीतने का अहसास ही न होता। कभी-कभी घर की याद आती। उधर वह बूढ़ा झोपड़ी के दरवाज़े पर बैठकर एकटक से एक ओर देख रहा था।

कहीं जाने पर भी एक-दो पुस्तक ले चलने की मेरी आदत है। पर इस बार भूल गया। रोमाँ रोला का जीन क्राइष्टोफर पढ़ने की इच्छा थी। एक-दो अध्याय पढ़ भी चुका था। आजकल उस किताब की काफ़ी चर्चा है। पुस्तक की याद आने पर तो मैं और अधिक विचलित होने लगा। समय बिताना अब और अधिक मुश्किल होने लगा। पुस्तक होती तो पन्ने पलटते हुए समय बिताना कठिन नहीं होता। पर इस निरक्षर गाँव में पुस्तक कहाँ मिलती ? मैं कभी उठकर बैठता तो कभी लेटकर आँखें मूँद लेता। बूढ़ा काफ़ी देर तक मुझे देखता रहा और मेरी बेचैनी समझकर फ़िर मेरे पास आया। मैंने कहा- 'बाबा, दिन काटना कठिन हो रहा है।'

बूढ़ा ने कहा- 'हाँ बाबू, अब तो कुछ काम भी रहा नहीं। कहीं घूमने निकलने की सोचें तो हर ओर अभी भी पानी ही पानी है, नहीं तो यहाँ सैर करने के लिए बहुत ही बढ़िया जगह है। वो जो सखुआ का पेड़ है न, उसके पास एक तालाब है।'

मैंने कहा-'पुस्तक होती तो बैठकर पढ़ता रहता।'

मेरी बातों से उसका चेहरा खिल उठा। कहने लगा-'हाँ, एक पुस्तक तो मेरे पास भी है। हरिहर जिस साल वह पुस्तक लाया था, उसी साल वह चल बसा।'

इतना कहते हुए वह पुस्तक लेने के लिए झोपड़ी के अंदर घुसा। मेरी जिज्ञासा बढ़ने लगी। उत्साह का भी संचार होने लगा। मैंने किसी अच्छी पुस्तक की कल्पना तो नहीं की थी, पर साधारण कहानी की पुस्तक होने पर भी उसके अक्षरों पर नज़र तो दौड़ा ही सकता था। शायद शाम तक कोई न कोई मित्र भी आ जाए।

काली स्याह से पुती पुस्तकाकार एक वस्तु लेकर बूढ़ा मेरे पास आया और मुझे देते हुए कहने लगा- 'हरिहर यह पुस्तक ले आया था, लेकिन उसी वर्ष उसकी मौत हो गई। वह बड़ा ही होशियार लड़का था, हमेशा पुस्तक पढ़ता रहता और इसे देखता रहता। मुझे उससे बहुत उम्मीदें थीं। पर ऊपर वाले ने उसे मुझसे छीन लिया। उसकी याद में मैंने यह पुस्तक छज्जे के नीचे दबाकर रख दी थी। आज मेरे बेटे द्वारा लाई गई पुस्तक काम आ ही गई।'

बूढ़ा हाथ जोड़कर यह सब बखान कर रहा था। मैं सिर झुकाते हुए पुस्तक पर नज़र दौड़ा रहा था। डॉ. एस.के. बर्मन (डाबर) के द्वारा तैयार की गई वह १९२६ साल का सूचीपत्र था। दम के लिए श्वासारी, मलेरिया के लिए जूड़ीताप.....।

अनुवादक : प्रकाश प्रसाद उपाध्याय

कहानी

संझली भाभी

शशी चालिसे

छोटा परिवार सिर्फ़ दो घरवाला-घरवाली भैया हमेशा अपने समय पर ऑफिस जाते। बच्चे-बच्ची नहीं थे। सझली भाभी का दैनन्दिन घर का काम काज करना और माल-मवेशी की देखभाल करना मात्र था। भैया तो थोड़ा-बहुत अक्षर भी पहचानते थे पर भाभी तो बहुत ही भोली और निरक्षर थीं। भोलेपन का लाभ आहिस्ता-आहिस्ता औरों ने भी उठाना शुरू कर दिया। बेचारी सझली भाभी के दुख के दिन शुरू होने लगे। सुबह जल्दी ही उठकर घर का काम-काज पूरा करके पति को खिला-पिलाकर घर के काम समापन पश्चात् खेती-बारी के काम में जाना, गाय-मवेशी के लिए घास-पात की जुगाड़ करना उनकी दैनिकी थी। दिन बीतता गया। भैया के अन्दर क्रमिक रूप से परिवर्तन आने लगा। वे पहले-पहले सज्जन थे। सझली भाभी को बहुत प्यार करते थे। आहिस्ता वे नशे की लत में पड़ने लगे। बेवजह शाम के वक्त ऑफिस से घर लौटने पर भाभी को बेधड़क गाली-गलौज करना मारना-पीटना उनकी दैनिकी जैसी थी।

समाज जलती हुई आग ही सेंकती है। उस पर भी पितृसत्तात्मक समाज में तो महिला को और भी समाज के सभी की अवहेलना सहनी ही पड़ती है। उस पर भी पति द्वारा अवहेलित पत्नियां सझली भाभी की दिनचर्या कठिनाईपूर्ण बीतने लगी। उस घर से उन्हीं की देवरानी, जेठानी उन्हें निकालने का प्रपंच रचने लगी। सझली भाभी की मझली जेठानी किस प्रकार उन्हें वहाँ से निकाला जा सकता है, ऐसे बहाने ढूँढ़ने में एकदम सिद्धहस्त थीं। वही मझली जेठानी ने अपने मामा की बेटी को सौतन के रूप में अपने देवर के साथ गांठ बांधी। जब एक महिला सौतन के रूप में प्रवेश करती है, वह अपना चरित्र घर के अन्दर प्रवेश करते ही दिखाना शुरू कर देती है। उस हँसते-खेलते शांतिमय घर के अन्दर दैनिक अकारण झगड़ा होने लगा। भैया का पहली पत्नी को बेवजह पीटना चोटी खींचना, दूसरी पत्नी की बातें सुनकर मनमाने तौर पर गाली-गलौज करने पर नजदीक की ही एक दयालु माँ का मन बहुत ही व्यथित हुआ। वे उस निष्ठुर बने भैया को कितना समझाने की कोशिश की। पर भैया सिर्फ़ दूसरी पत्नी के सिवा किसी की भी बातें सुनने के ही पक्ष में नहीं हुए। दूसरी पत्नी का पहले पति से एक बेटी है और यहाँ पर भी एक बेटी को जन्म देती है। बिना संतान के घर में संतान जन्माने का मूल्य ही अलग होता है। उस पर भी छोटी अब तो भैया को कौन छू सकता है। वे दिन-प्रतिदिन सझली भाभी को जंगली व्यवहार दिखाने से पीछे नहीं पड़ते। रात-दिन उस शान्त घर में होने वाले कलह की असहनीय चर्चा-परिचर्चा गाँव में शुरू होती है। फ़िर भी भैया को उसकी परवाह नहीं है। हमेशा शाम हुई नहीं कि कोलाहल, रोना-धोना, गुहार आदि शुरू हो जाते। बेचारी सझली भाभी, उन्हें तो घर में टिकना ही मुश्किल हुआ। फ़िर वे सभी दुखों-कष्टों को सहकर भूखे-प्यासे खुद ब्याहकर आए हुए घर में खाने-लगाने तक की किल्लत के बावजूद दिन काट रही थीं।

एक दिन की बात है शाम को भैया ऑफिस से घर आए। सौतन की बातें सुनकर निर्दयी बने हुए भैया सझली भाभी के प्रति और क्रूर होते जा रहे थे। उसी दिन की शाम सझली भाभी की सौतन ने भैया को सझली भाभी की नाना प्रकार की कही-अनकही बातें लगाकर पहने हुए कपड़ों को चिथड़ा-चिथड़ा कर नंगा करके उन्हें उस घर से निकालने के लिए कहा। वे पहली पत्नी को पीटने पर गर्व करने लगे उस पर भी घर से ही घर निकाला कराने पर पास-

पड़ोस, इष्ट-मित्र को बुलाकर दावत देने की योजना बनाई। कहते हैं– 'पाप छप्पर फाड़कर बोलता है' सो दूसरी पत्नी की कोख से दूसरी संतान का जन्म हुआ। लेकिन वह बच्चा अपांग निकला। पहले बड़ी को पीटने वाले भैया नशे में धुत्त छोटी को भी पीटने से बाकी नहीं रखा। उसने दिन-दहाड़े शराब-दारु पीकर गाँव-घर, आस-पड़ोस सभी को सताने लगा। आखिर उसे सभी गाँव वालों ने मिलकर पुलिस के हवाले कर दिया। एक को खाने वाला बाघ दूसरे को भी खाता है। न खाकर भी क्यों छोड़े। सझली भाभी को जिस प्रकार घर से निकलना पड़ा भैया की भी वही गति हुई।

अनुवादक : पूनम झा

कहानी

सोलह साल बाद

संध्या पहाडी

'बाढ़ में सब कुछ बहा जा रहा है, बचाओ..... बचाओ..... कोई तो मदद करो !'

रात के बारह बजे चिनीमाया अचानक नींद में चिल्लाई। नौ साल की उमर में कदम रखने के समय से ही वह घर और उसी मंदिर के भीतर बसने वाले उनके देवता– घर से ही जुड़ा हुआ मवेशीखाना, उसके अंदर के मवेशी, थोड़ा-सा हटकर मुट्ठी बोकर ढकिया उपजने वाला गोरहा खेत, सब कुछ पल में बहाकर बाढ़ ने रेतीला मैदान बना दिया। उनके सपने के समान कुछ बाकी न रहा, सब समाप्त।

चिनीमाया के साथ ऐसा अकसर होता है। उनके गाँव छोड़कर इस शहर में आए हुए पिछले फागुन में पंद्रह साल पूरे हो गए। इस बीच में उन्होंने उस गाँव और वहाँ के सगे-संबंधियों को जागती आँखों से अगर याद किया है तो बस नफ़रत से। अपने अंदर की श्रद्धा, प्रेम, ममता सब कुछ उन्होंने बहा दिया अपने आँसू की धारा के साथ। अब तो वे यादें बस पुराने घाव की तरह ही बाकी हैं। मगर सपना क्यों अपने वश में नहीं है ? जिन्हें जागते हुए कभी भी याद न करने और न देखने की सोची, वे ही क्यों आ जाते हैं सपने में सताने के लिए ? क्यों वही गाँव और रिश्तेदार, जो किसी समय दिल के टुकड़े की तरह थे, सपना बनकर छलावा करने आ जाते हैं ? क्यों देखती हूँ मैं ऐसा सपना ? चाहे कुछ भी हो जाए, उनकी और उस गाँव की मुझे कोई परवाह नहीं है– चिनीमाया उठकर एस सुर में बड़बड़ाती हैं।

"चिनी दीदी, क्या हुआ ? फ़िर कोई बुरा सपना देखा क्या ?"– बड़बड़ाने की आवाज़ सुनकर बगल के कमरे से आवाज़ देती हुई झटपट सम्झना चिनीमाया के कमरे में पहुँची।

"सीने में तकलीफ़-सी है सम्झना।"– आँखों से बहते हुए आँसू पोंछती हुई चिनीमाया ने कहा– "बहन मुझे यहाँ सुकून है, मैं उन पापियों और उनके गाँव को याद तक नहीं करना चाहती, फ़िर क्यों इस कदर वे सपना बनकर.... ?"

टेबल पर रखे लोटे से चिनीमाया को पानी पिलाते हुए सम्झना कहती है– "दीदी, आप चाहे जितना भूलने की कोशिश कीजिए, वह गाँव और वहाँ के लोग आप के अपने हैं, आपकी नातेदारी है उनके साथ, संयोग यही है। इसीलिए चाहे जितना भुलाने की कोशिश कर लीजिए, घृणा कर लीजिए, आपके अवचेतन मन में वे चिपककर बैठे हुए हैं, यह मन 'वहाँ क्या हो रहा है, कुछ बुरा तो नहीं हो रहा ?' यही सब सोचता है, इसीलिए बार-बार ऐसा सपना आपको दिखाई देता है और आप डर जाती हैं। इसी हफ़्ते मेरा पश्चिम विज़िट का कार्यक्रम है, आपको भी लेकर जाऊँगी। आपका गाँव भी रास्ते में ही है। वहीं जाकर एक बार अपनी आँखों से सब कुछ देख लेने पर ज़रूर आपको राहत मिलेगी।"

"लेकिन सम्झना, मुझे नहीं देखना उन पापियों का मुँह....।"– इससे पहले कि चिनीमाया अपनी बात पूरी करती, सम्झना ने ज़ोर देते हुए कहा– "मैंने कई बार कहा लेकिन आपने नहीं माना, इस बार आप ना नहीं कर सकतीं। चलिए रात बहुत हो चुकी है, अब सो जाइए। फ़िर कोई मुश्किल हुई तो मुझे बुलाइएगा।"– कहती हुई सम्झना अपने कमरे में आकर पलंग पर लेट गई और आँख बंद करके सोने की कोशिश करने लगी लेकिन १६ साल पुरानी यादें सिनेमा के दृश्य की तरह उसकी बंद आँखों के इर्दगिर्द घूमने लगे।

उस दौरान सम्झना और सरोज का ब्याह हुए ४ साल बीत चुके थे और इस दरमियान सम्झना के

दो बच्चे हो चुके थे– एक बेटा और एक बेटी। काठमांडू का शिक्षित, सुसंस्कृत परिवार। एक स्त्री को विवाह के बाद ससुराल में प्राप्त होने वाले सभी सुख-सुविधा सम्भ्रना को प्राप्त थे। कोई कमी नहीं थी। लेकिन इन सब के बावजूद उसके भीतर एक उदासी ने जड़ें जमा रखी थीं और धीरे-धीरे वह डिप्रेशन का शिकार हुए जा रही थी। पति, सास, ससुर, ननद, माँजी सबका प्यार, बच्चों का सुख, इन सब चीज़ों को ही सुख माने जाने वाले समाज में उसे अलग ही सुख की खोज थी, प्यास थी, जीवन में कुछ करने की, अपना अस्तित्व स्थापित करने की।

ऑस्ट्रेलिया से सोशल सर्विस में मास्टर्स करके नेपाल लौटने पर सम्भ्रना ने बहुत सारे सपने सँजोए थे। बचपन से ही कुछ अलग और खास करने की सोच वाली सम्भ्रना ने समाज सेवा में खुद को समर्पित करने का मन बना रखा था लेकिन उसके माता-पिता दूसरे माँ-बाप की तरह ही वयस्क हो चुकी बेटी के बोझ को हटाकर निश्चिंत हो जाना चाहते थे। "अच्छा लड़का है, शिक्षित परिवार है, शादी के बाद भी तुम्हारे मन मुताबिक काम करने में कोई रोक-टोक नहीं करेंगे, उन्होंने खुद कहा है। आखिर शादी एक दिन करनी ही है तो इतना बढ़िया मौका भला क्यों चूकना ?– माता-पिता के मनुहार के आगे सम्भ्रना का पालक की तरह गल जाना भी अस्वाभाविक न था।

विवाह के बाद सब कुछ अच्छा ही चल रहा था। किसी बात का बंधेज तो नहीं था मगर एक बात सास ने शुरू में ही साफ़ कर दी थी – "हम पोते-पोती का मुँह देखकर ही मरना चाहते हैं और इसलिए तुम लोगों को हमारी इच्छा पूरी करनी होगी।" ससुर ब्लडप्रेशर और शुगर की चपेट में थे और सास आस्थमा की। बावजूद इसके भरसक दूसरों को तकलीफ़ न देने का स्वभाव था दोनों का। पति सरोज शर्मा सरकारी दफ़्तर में इंजीनियर, कभी पूरब तो कभी पश्चिम, काठमांडू में रहने पर भी सुबह ८ बजे से रात के ८ बजे तक दफ़्तर के कामों में ही व्यस्त। सम्भ्रना को घर की देखभाल न करते बनता न छोड़ते बनता। कशमकश के हालात बने हुए थे। फ़िर भी उसने 'चेतना' नाम से एक सामाजिक संस्था अपने ही नाम पर दर्ज कराकर समाज सेवा के क्षेत्र में काम करना शुरू किया था। लेकिन अपने अंदर की सृजन शक्ति ने उसे ममता के सरोवर में सराबोर कर दिया। वह बेटी की माँ बन चुकी थी। 'सिर्फ़ बेटी से नहीं होगा, बेटा भी चाहिए'– सास का कथन, 'जो भी हो एक साथी तो चाहिए न'– ससुर का विचार और पति भी इसी पर सहमत थे। आखिरकार दूसरी संतान के रूप में बेटे का भी आगमन हुआ। सबकी मुरादें पूरी हुईं। लेकिन घरायसी कामों में सम्भ्रना की व्यस्तता और बढ़ गई। बीमार सास-ससुर, छोटे-छोटे बच्चे सब उसी के ज़िम्मे थे। भले ही सास-ससुर कुछ बोलते नहीं थे मगर उनके मन की इच्छाओं को वह बखूबी समझ लेती। मायके में बार-बार खुद सम्भ्रना की माँ भी उसे समझाती– "देखो बेटा, घरायसी ज़िम्मेदारियों को छोड़कर समाज सेवा करता फ़िरना ठीक नहीं होगा, नौकरों के भरोसे छोड़ना सही नहीं है, कुछ सालों के लिए अपने करियर को भूल जाओ, दो-चार साल के बाद अपना काम भी कर लेना। इस तरह सम्भ्रना के लिए कोई रोक-टोक न होने पर भी वातावरण खुद-ब-खुद प्रतिकूल बनता जा रहा था।

एक मन कहता कि वह कुछ साल घर-परिवार को ही दे लेकिन समय के साथ न चल पाने की फ़िक्र से वह अंदर ही अंदर चिढ़ती रहती, सुलगती रहती। धीरे-धीरे वह खोई-खोई-सी रहने लगी, कम बोलने लगी। सम्भ्रना में आए बदलाव से सरोज भी कुछ दिनों से चिंतित था। इस बार गुल्मी जाते वक्त सम्भ्रना को भी साथ लेकर गया ताकि वह थोड़ी ताज़ा हो जाए। दो दिन गुल्मी में रहने के बाद काठमांडू लौटते वक्त रास्ते में एक महिला मिलीं, जिन्होंने सम्भ्रना के असहज जीवन को सहज बना दिया, वही महिला हैं चिनीमाया दीदी। रुरु क्षेत्र का बखान सम्भ्रना ने सिर्फ़ किताबों में पढ़ा था और उसी क्षेत्र में खुद को पाकर सम्भ्रना का मन थोड़ा आनंदित हुआ। कालीगंडकी में नहाकर ..... के दर्शन कर सरोज के साथ सम्भ्रना पाल्पा होते हुए काठमांडू की यात्रा में थी। अनायास उनकी कार के आगे एक महिला रोती-चिल्लाती हुई आ पहुँची। उनके आगे-पीछे लोगों की भीड़ खदेड़ती हुई आ रही थी। ड्राइवर झुंझलाया– "कैसी पागल औरत है, अभी गाड़ी ने नीचे आ जाती, मैंने झटपट ब्रेक लगा दी इसलिए, वरना....।"

"मुझे मत मारो, मुझे जीनें दो, मैंने किसी का कुछ नहीं विगाड़ा है। मैं डायन नहीं हूँ, मैंने किसी को नहीं मारा। मुझे वचा लीजिए, ये लोग मुझे मार डालेंगे।"– सम्झना जल्दी-जल्दी कार से वाहर निकली और उस महिला को आगोश में भर लिया। इतने में ही लोगों की भीड़ वहाँ आ पहुँची और ईंट-पत्थर वरसाने लगी। "इसे गाँव से निकालना ही होगा, मल-मूत्र खिलाना होगा ऐसी पापिन को।" दूसरी चिल्लाई– "शक तो पहले से ही था इस औरत पर लेकिन आज उस ओझा ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। अपनी ही बहू को मारने की साज़िश कर रही थी यह बीमार बना बनाकर। मुझसे ही तो बकवाया था ओझा ने। मुझे काँपते हुए खुद इसके बेटे ने देखा था, यकीन न हो तो पूछ लीजिए।"

बातों से ही साफ़ हो रहा था कि चिल्लाने वाली औरत उसकी बहू थी और पास खड़े होकर यह सब देख रहा करीब तीस-बत्तीस साल का युवक उसका बेटा, जो मूक दर्शक बने सब देख रहा था। उसे देखकर ऐसा लगता था कि माँ ने ऐसा क्यों किया सोचकर दुखी था लेकिन ओझा पर उसका गहरा विश्वास भी था। "चलो इसे विष्ठा खिलाकर गाँव से निकाल दो।"– कहती हुई एक औरत आगे बढ़ी। सम्झना कार से निकलकर उस पीड़िता को बाजुओं में जकड़ लिया। कितना दर्दनाक दृश्य ! इंसान का इंसान पर यह कैसा बरताव !

"कोई आगे बढ़के दिखाए, मैं काटकर रख दूँगी।" कहते हुए सम्झना ने अपने बैग से छोटी-सी छुरी निकाली और गरजने लगी– "किस आधार पर आप लोग इनपर इतना संगीन इल्ज़ाम लगा रहे हैं, क्या सुबूत है ? एक कथित ओझा पैसे के लिए कुछ भी बोल सकता है। कोई बिना प्रमाण कुछ कह दे तो क्या मान लिया जाएगा ?"– सम्झना आपे से बाहर हो गई।"

"मैं इसकी बहू हूँ, मेरे ही शरीर पर सवार होकर यह बकी है। प्रमाण यही है"– वही महिला चिल्लाई।

"आपके मन में यह बात घर कर गई है कि आपकी सास डायन है और ये ही आपकी बीमारी की वजह हैं, इसीलिए आप खुद यह बात बोलीं।"– सम्झना समझाने की कोशिश करती है।"

"रहने दीजिए, इतनी रहम खाती हैं तो अपने ही घर ले जाकर क्यों नहीं पालतीं इस डायन को। हम तो इसे किसी भी हालत में अपने घर में नहीं रहने देंगे।"

उसके बाद सम्झना ने उस महिला को अपनी कार में बिठाया और ड्राइवर से चलने के लिए कहा। सरोज यह सब कुछ चुपचाप देख रहा था। ऑस्ट्रेलिया में ही स्कूल के बाद की पढ़ाई पूरी कर नेपाल लौटी हुई सम्झना को नेपाल में समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने की इच्छा थी। दुखी, पीड़ितों के लिए कुछ करने का मन तो था लेकिन इतनी पीड़ित महिलाएँ नेपाल में मौजूद हैं, इस बात का तो उसे खयाल तक न था। उसी दिन उसने अपनी इच्छा को संकल्प में बदला, महिला हिंसा के विरुद्ध दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने की ठान ली।

डायन के आरोप में कई दिनों से भूखे पेट तड़पती रही चिनीमाया सम्झना की देखभाल और पालन-पोषण की बदौलत एक महीने में ही कुछ और ही दिखने लगी। वह बेचारी बस भूख और शोक के कारण ही वास्तविकता से अधिक बूढ़ी दिख रही थी। हाल ही में ५० की उम्र को पार किए हुए चिनीमाया धीरे-धीरे सम्झना के घर के काफ़ी सारे काम-काज संभालने लगीं। सम्झना के बीमार सास-ससुर और बच्चों की देखभाल से लेकर घर के बाकी कामों में भी चिनीमाया के आने से सम्झना ने राहत की साँस ली।

"दीदी, मैं यहाँ आपको घर में काम करने के लिए नहीं लाई हूँ। इतना ज़्यादा काम मत कीजिए। इसकी बजाए बारहखरी की किताब मैंने आपको दी है, उसे पढ़ा कीजिए।" सम्झना खुद उन्हें फ़ुर्सत में बारहखरी पढ़ाया करती थी।

सम्झना बहन तुम्हारी वजह से मुझे पुनर्जन्म मिला है, ऐसी दरिया दिल इंसान के घर में मैं अगर थोड़ा-बहुत हाथ बँटाती हूँ और उस इंसान को उसके अपने कामों में आसानी होती है तो भला मैं क्यों न करूँ ? तुम इसे गलत न समझो, बल्कि मेरे ही जैसी हज़ारों पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए आगे बढ़ो। और उस समाज सेवा के लिए अगर घर में मैं तुम्हारी थोड़ी-बहुत मदद कर लूँ तो उस सेवा में मेरा भी कुछ योगदान हो जाएगा।"

चिनीमाया की बातें सुनकर सम्झना हैरान रह गई। उसने सोचा, अनपढ़ और अजीब-से गाँव में पैदा होकर भी इतना भला विचार पालना ही बहुत

बड़ी बात है।

उसके बाद से सम्झना को कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ा। सम्झना शर्मा और उसकी संस्था 'चेतना' ने दुनिया भर में शोहरत हासिल की। काफ़ी सम्मान दिलाया। अपनी इस कामयाबी के पीछे सम्झना जिस नाम को हमेशा याद करती रही, वह हैं चिनी दीदी। किसी वक्त मायूस होकर तनाव में आ चुकी सम्झना में और प्रसिद्धि का शिखर चूम रही आज की सम्झना में ज़मीन आसमान का फ़र्क था। उसकी सामाजिक संस्था चेतना की शाखाएँ नेपाल के सभी ज़िलों में हैं। ज़िलों के काम संबंधित ज़िलों की ही महिलाओं पर सौंप दिए गए हैं। ऐसा करने पर स्थानीय स्तर पर क्या हालात हैं और क्या किया जा सकता है, ये सारे विवरण आसानी से प्राप्त किए जा सकने का विश्वास है सम्झना को। उसे तो आजकल कभी अमरीका तो कभी यूरोप, कभी महिला से संबंधित सेमिनार में तो कभी क्लास लेने जाने से ही फुर्सत नहीं है। मगर इस बार सम्झना पश्चिमांचल की शाखा का निरीक्षण करने की यात्रा में चिनीमाया को भी साथ ले गई है।

'चिनी दीदी के बहू-बेटे, पोता-पोती सभी उसी गाँव में होंगे। उन्होंने एक बार भी क्यों इनकी खोज-तलाश नहीं की ? क्या अभी भी वे पहले की तरह ही बरताव करेंगे ? इतने सालों के बाद तो ज़रूर उनके मन से अंधविश्वास हट चुका होगा।' यात्रा भर चलती गाड़ी के साथ ऐसे ही सवाल सम्झना के मन में कौंधते रहे। रोशनी के घूँघट हटाने से पहले ही शुरू हुई यात्रा उसी भंज्यांग (चारों ओर पहाड़ उठे हुए स्थान) के पास जाकर रुकी, जहाँ सोलह साल पहले सम्झना को चिनीमाया मिली थीं। उनके वहाँ पहुँचने तक रात ने आहिस्ता अपना साम्राज्य फैलाना शुरू कर दिया था। रास्ते भर मौन साधी हुई चिनीमाया के शब्द सहसा फूटने लगे– "वहाँ, उस चबूतरे वाली जगह से ऊपर की तरफ़ जाना पड़ेगी, ऊपर तो गाड़ी जाएगी नहीं।"

ड्राइवर को उसी चबूतरे के पास गाड़ी साइड लगाने के लिए कहकर सम्झना चिनीमाया के साथ गाड़ी से उतरी। एक रस से आती हुई पतिंगे की आवाज़ के साथ धीरे-धीरे ससर रही रात की गति में दूर-दूर तक भी कोई अन्य ध्वनि सुनाई नहीं देती लेकिन चिनीमाया अपने भीतर के कोलाहल को थामे सम्झना के साथ उतराई पार करती रही। थोड़ा नीचे आने के बाद एक पनघट पर पहुँचकर वे कुछ महसूस करके अटक गए। पनघट से पानी की आवाज़ के साथ मिलकर एक और ध्वनि सुनाई दे रही थी, जो संभवतः किसी इंसान की सी लग रही थी।

"इस सुनसान पनघट पर इस समय भला कौन रो रहा है ? देखो तो रामु, वहाँ कोई इंसान है शायद।"– सम्झना ने ड्राइवर से कहा। सभी उस आकृति के समीप पहुँचे।

"कौन हो तुम, क्यों इस तरह रो रही हो ?" सम्झना के ऐसा पूछने पर वह और फूटफूटकर रोने लगी– "मुझे सबने मिलकर घर से निकाल दिया। अब मैं इस उम्र में कहाँ जाऊँ। बेटा मर गया, बहू ने डायन की लांछना लगाकर घर से निकाल दिया। गाँव वाले भी डायन कहकर मुझसे नफ़रत करते हैं। मेरा तो मायका भी नहीं है। कहाँ जाऊँ, क्या करूँ ?"

चिनीमाया चौंकी, उन्हें यह आवाज़ जानी-पहचानी-सी लगी। उन्होंने झट से बैग से छोटा-सा टॉर्च निकाला और उसके चेहरे पर रोशनी की।

"उई माँ ! रमा तुम ?"– चिनीमाया ने हैरत भरे लहजे में पूछा। वह महिला और कोई नहीं, बल्कि चिनीमाया की ही बहू थी, जिसने सोलह साल पहले चिनीमाया को ऐसी ही लांछना लगाकर गाँव से खदेड़ दिया था। मगर आज वह खुद .....।

"माँ जी !"– रमा भी सन्न रह गई।

"कैसे हुई तुम्हारी यह हालत, बहू ?"

"माँ जी, गाँव वालों ने मुझे डायन का आरोप लगाकर गाँव से भगा दिया।"– रमा बिलखती रही।

"क्या करोगी अब ? मुझे डायन कहकर तुमने ही मुझे गाँव से निकलवाया था और आज तुम्हें भी लोगों ने इसी कलंक के साथ खदेड़ दिया।"

"हे भगवान ! इतने साल बाद भी यहाँ का समाज वैसा का वैसा ही रह गया।"– सम्झना बोली।

उस महिला के रोने की मात्रा और बढ़ती गई। सम्झना एकटक देखती रही, कभी चिनीमाया को और कभी उनकी बहू को।

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

कहानी

गली की खिडकी

सुषमा मानंधर

"तू कितनी भाग्ईशाली है, काठमांडू में घर, इतनी सारी सम्पति, कमानेवाला पति और दो प्यारे प्यारे बच्चे। तुझे किस बात की चिंता है ?" तृष्णा की बहुत सी सहेलियाँ उसे ऐसा ही कहती हैं। देखने वालों की आँखों में उसे किसी बात का दुःख नहीं है। खाने पीने की कोई कमी नहीं। बड़े परिवार के झंझट भी उसे झेलना नहीं पड़ता है। काठमांडू के सीने में बना हुआ चार मंजिला आलिशान घर में आराम से रहती है वह। चार जनों का छोटा सा परिवार, किसी भी चीज़ की कोई कमी नहीं। फ़िर भी उसे लगता था, जैसे पीछे कुछ छूट रहा हो। भौतिक उपलब्धियों को ही सब कुछ मानने वालों की इस दुनियाँ में सभी चीज़ें प्राप्त होने पर भी आखिर उसे किस चीज़ की कमी है... बहुत कोशिश करने के बावजूद वह पता नहीं लगा पाई है।

वॉशिंग मशीन से लेकर डिशवॉशर तक, और बहुत सारे अत्याधुनिक सर-सामानों से घर भरा पड़ा है। उसे अपने घर में कोई भारी काम भी नहीं करना पड़ता है। सुबह शाम घर में अगर खाना भी नहीं बनाती तो करने को कुछ भी नहीं था। इसलिए रिश्तेदारों के बहुत कहने पर भी उसने अभी तक घर में काम वाली बाई नहीं रखी है।

उसका लड़ का दो साल से कनाडा में और लड़की यहीं पर बारहवीं में पढ़ रही थी।

पति बड़ा व्यापारी होने के कारण दिन भर अपने बिजनस फर्म पर व्यस्त रहता था। सुबह खाने के बाद, तृष्णा पूरी तरह से फुर्सत में रहती थी। सिर्फ़ घर के कामों से कितना दिल बहलता ? 'लोगों को सिर्फ़ पैसों से ही सबकुछ मिलता नहीं है', वह अकसर सोचती थी।

"कौन सी मुश्किल है। किसी क्लब, सामाजिक संस्था का सदस्य बन लेना, वक्त यूँ ही कट जाएगा। हम लोगों को यही दो घड़ी का वक्त न मिलने का रोना है।" कभी-कभी अपने दिल की बात कहने पर उसका पति उसे ऐसा ही कहता था। उसके कहे जैसा वक्त आसानी से कट जाएगा, यह सोचकर तृष्णा ने किसी संस्था में काम करने की भी सोची थी, लेकिन बाद में जब चाहा तब वक्त न निकाल पाने के डर से उसने काम नहीं किया। एनजीओ में काम करने वाली अपनी दो-चार सहेलियों को उसने देखा है, जिन्हें हर घड़ी जल्दबाज़ी रहती थी। हर हफ़्ते जैसे पिकी नक, पार्टी और वक्त बेवक्त की मीटिंग और सेमिनार.. जब कभी उन लोगों को आराम से बातें करने घर में बुलाती तो "मीटिंग में जाना है" कहकर भाग जाते थे। हरवक्त भागदौड़ की ज़िंदगी भी उसे अच्छी नहीं लगती थी।

घर में यूँ ही निठल्ली बैठने से अच्छा है कि कोई काम कर लें, यह ठानकर उसने नौकरी भी ढूँढ़नी चाही, "तुम्हें किस चीज़ की कमी है जो तुम नौकरी करना चाहती हो। मैं कमा ही तो रहा हूँ। जो जी में आए खाओ, पियो।" उसके पति का हमेशा यही जवाब होता था।

घर में कोई किराएदार भी नहीं था, जिससे बातें करके वक्त कटता। 'टीवी, पत्रपत्रिकाएँ, खरीददारी और ऐशोआराम...क्या सिर्फ़ यही जीवन है ?' ऐसे शौक की नीरस निरन्तरताओं से वह अब ऊब रही थी।

उसका पति काम से सवेरे ही निकला था, बेटी अभी कॉलेज से लौटकर नहीं आई थी। वह ज़्यादातर सड़क की ओर सटे कमरे में ही होती थी। कभी कभार बाल्कनी और कभी बगीचे में। आज पता नहीं क्या हुआ, वह रसोईघर की गली की तरफ़ खुलने वाली खिड़की साफ़ करने लगी।

पैदल चलने वाले दो-चार लोगों के अलावा वहाँ कभी कभार बाइक के चलने की आवाज़ सुनाई पड़ती

थी, नहीं तो ज़्यादातर उस गली में सन्नाटा ही छाया रहता था।

हाथों में हाथ डालकर घूमने वाले लैला-मजनुओं की जोड़ियाँ सन्नाटे का फायदा उठाकर अपनी माशूका का चुम्बन लेने की चाह में उस तंग गली की ओर आती रहती थीं। खिड़की साफ़ करके जम्हाई लेकर वह खिड़की के पास खड़ी हो गई। छोटी और तकरीबन सुनसान गली अकेली नीचे पसरी हुई थी। आजुबाजु बन रही बड़ी-बड़ी इमारतों के कारण, शहर की बहुत सी गलियाँ दिन के उजाले में भी ठंडी और अंधेरी होती गई हैं। उसके रसोईघर के नीचेवाली गली भी इसका अपवाद नहीं थी।

सच कहें तो, वह गली आगे वाली सड़क का विकल्प मात्र थी। वह गली को अपने जीवन से तुलना करने लगी.... ठंडी, अंधेरी और खुद में खोई हुई अकेली। घड़ी देखी, साढ़े नौ बज गए हैं। लम्बी साँस लेती हुई वह खिड़की से हटने ही वाली थी तब देखा, गली में दूर से कोई लगभग दौड़ता सा आ रहा था। उसने रुककर ध्यान से देखा तो पाया कि अकेला बैग लटकाकर आता हुआ वह युवक बार-बार अपनी घड़ी की तरफ़ देख रहा था। उसका चलने का रंग-ढंग और हड़बड़ाहट देखकर तृष्णा को हँसी आ गई। कम से कम घर से वक्तपर निकलता तो उसे ऐसी जल्दबाज़ी नहीं करनी पड़ती। वह उस नौजवान को तब तक देखती रही, जब तक वह उसकी आँखों से ओझल नहीं हो गई। बहुत दूर तक वह अब भी उसी तरह दौड़ता जा रहा था।

इस से पहले उसने उस युवक को कभी देखा ही नहीं था। 'आज पहली बार वह इस रास्ते से गुज़रा है या और दिन भी गुज़रा हो मगर उसकी नज़र न पड़ी हो '- वह सोचने लगी।

"व्यर्थ की बातें क्यों सोचने लगी हूँ," तृष्णा मन ही मन हँसी और सर झटककर खिड़की से दूर हो गई। बेटी कॉलेज से लौटी नहीं थी। वह उसके वापस लौटने पर साथ खाना खाने के इंतज़ार में बैठ गई। बेटी को घर आते-जाते साढ़े ग्ईारह-बारह तो बज ही जाते थे। अभी तो ग्ईारह भी नहीं बजा, और आगे का आधा दिन अभी और बाकी है। ऊपर से, करने को कोई खास काम भी बचा नहीं था।

क्या करूँ, क्या न करूँ की द्विविधा में उसने टीवी खोला, लेकिन सिरियलों में भी वह अपना दिल लगा नहीं पाई। वह टीवी को वैसे ही खुला छोड़कर बागिचे की तरफ़ चली गई।

"मम्मी खाना खा लिया ?" बेटी के अचानक पीछे से बुलाने पर वह चौंक सी गई। घड़ी की तरफ़ देखा तो पाया की बारह से ऊपर का समय हो चुका था। "नहीं तो, तुम्हारा ही इंतज़ार कर रही थी। आज तुमने आने में देर कर दी।" उसने बेटी से कहा।

"हाँ, कुछ देर के लिए लाइब्रेरी गई थी। मैंने तो कैंटिन में चाउमिन खा लिया है। आप भी खा लीजिए न।"

"कैंटिन का खाना ? अरे उस से क्या होगा ? चलो बैठकर साथ खाते हैं। जितना चाहो खा लेना।" वह बेटी के साथ खाने के लिए बैठ गई।

"खाना खाने के बाद, सुबह का काम भी खत्म हो गई। अब क्या करूँ ?' उसने सोचते हुए सहेली को फोन लगाया। बहुत देर तक रिङ्ग बजने के बाद भी दूसरी तरफ़ से फोन नहीं उठा तो तंग आकर दूसरी सहेली को फोन लगाया। उधर से फोन उठते ही वह शुरू हो गई "क्या बात है ? न फोन, न मुलाकात। तुम लोगों से बातें करने को भी तरस गई हूँ।"

दूसरी ओर से शायद उसकी सहेली फोन का मुँह ढककर आहिस्ता से बोल रही थी, "तृष्णा, अभी मैं एक छोटी सी मीटिंग में हूँ। थोड़ी देर बाद फोन करूँगी।"

फोन रखकर वह सोचने लगी 'सबसे बेकार तो मैं ही हूँ। सभी एक से एक व्यस्त, अपनी-अपनी दुनिया में भूली हुई हैं। किसी के पास भी दूसरे को सुनने के लिए वक्त बचता ही नहीं। पता नहीं आखिर सभी क्यों और किस बात के लिए ऐसी भागदौड़ में लगे हैं।' वह अपने आप से पूछती हैं।

जिस किसी को भी देखो, दौलत के पीछे भाग रहा है। खुद उसके पास दौलत तो है, लेकिन क्या सचमुच वह खुश है ? अपने ही सवाल का उसके पास जवाब नहीं है।

रात में बिस्तर पर बैठकर टीवी देख रहे अपने पति को सुनाते हुए वह बोली, "आज सुबह गली में एक आदमी जिस तरह सरपट भाग रहा था, उसे देखकर बड़ी हँसी आई।" टीवी चैनल में व्यस्त उसके पति को ऐसी बातों में कोई दिलचस्पी नहीं थी। बिस्तर पर दूसरी ओर मुँह फेरकर निँद न आने तक वह मनहीं मन हँसती रही।

उसके बाद हर दिन उसी समय उसका ध्यान अचानक खिड़की की ओर जाने लगा। ठीक साढ़े नौ के आसपास देर सवेर वह युवक उसी गली से गुज़रता था। किसी भी काम में कितना भी व्यस्त क्यों न हो, वह वक्त से थोड़े पहले ही खिड़की के पास खड़ी होना नहीं भूलती।

'यकीनन वह किसी दफ्तर में काम करने वाला होगा' उसका अन्दाजा था। क्योंकि सार्वजनिक छुट्टी के दिन वह उस गली में दिखाई नहीं पड़ता था। 'शक्ल-सूरत से तो मासूम और भले घर का दिखता है, पता नहीं शादीशुदा है या किसी के साथ प्यार-व्यार के चक्कर में फँसा है। कभी नज़र उठाकर तक नहीं देखता, न तो कभी किसी लड़की के साथ आता दिखाई पड़ा है।' तृष्णा उस युवक के बारे में तरह-तरह की कल्पना करने लगती।

अधेड़ हो चुकी तृष्णा के मन में भी आजकल मीठी-मीठी तरंगें उठने लगी हैं। अब उस युवक को दूर से गली की तरफ़ आता हुआ देखते ही उसकी भावनाएँ रंगीन होने लगती हैं। गालों पर गुलाबी रंग चढ़कर दिल की धड़कन अचानक बढ़ जाती है। उसे आजकल बेवजह यूँही सब कुछ अच्छा लगने लगा है। पहले उसका वक्त कटे नहीं कटता था, अब वक्त कैसे निकल जाता है, उसे पता ही नहीं चलता।

काम से वक्त निकालकर वह फुरसत के क्षणो में उस युवक के पहनावे और चेहरे को याद करकर के खयालों में खोई रहती है। तन्हाई में खुद के भीतर कल्पनाओं की उड़ान भरने को कोई मिल गई था उसे।

आज, दस बज चुके थे, लेकिन वह युवक दिखाई नहीं पड़ा है। कहीं आज छुट्टी का दिन तो नहीं, यह पता लगाने के लिए वह रसोई में लटके कैलेंडर को भी दो बार देख चुकी है। अब तो, साढ़े दस भी बज गए। पता नहीं, क्या हो गई।" वह घड़ी देखकर गली में दूरतक झाँकती है।

'कहीं आज कोई बन्द-वन्द तो नहीं, अगर बन्द होता तो बेटी कॉलेज से लौटकर आ चुकी होती, वह तो अभी तक लौटी नहीं है।' तृष्णा उलझन में पड़ गई। अपनी खुल्दुली मिटाने को वह बाहर निकलने को तैयार पति से पूछती है, "सुनिए तो, आज कोई हड़ताल या बन्द तो नहीं है न ?"

"क्या कहती हो, कब से बन्द और खुले का हिसाब रखने लगी तुम ? किस चीज़ का बन्द ? किस बात की हड़ताल ?" उसके सवाल से उसका पति भी अचरज में पड़ गई।

वह बहुत देर तक गली का रास्ता देखती रही...मगर वह युवक नहीं आई। बेटी ने कॉलेज से आकर खाने को पूछा। "आज खाने का दिल नहीं है।" वह डायनिंग टेबल से उठकर फ़िर उसी खिड़की की ओर एक उदास नज़र डालती है। अचानक उसका चेहरा चमक उठा। बाहर गली में वही युवक मोबाइल कान में लगाकर आता हुआ नज़र आई।

उसे देखने की जल्दबाज़ी में वह खिड़की के पल्ले से टकरा गई। "उई माँ..!" सिर को सहलाती हुई वह उस युवक की तरफ़देखने लगी। खिड़की के ठीक नीचे आ चुके युवक ने उसकी आवाज़ सुनी और सर उठाकर ऊपर उसकी तरफ़ देखा। तृष्णा का मन धक से रह गया। उसने दिलपर हाथ रखा तो पाया कि उसका सीना धौंकनी की तरह चल रहा था। उसे यूँ लगा जैसे युवक की पैनी नज़र उसे भेदकर दिल की गहराइ तक उतर गई हो। वह खिड़की से हट गई। मोबाइल पर बात करता हुआ युवक ने मोबाइल बन्द किया और जाते-जाते ऊपर की ओर देखा। 'कैसा भोला और मासूम दिखता है। कितने बरस का होगा।' वह युवक की उम्र का अन्दाजा लगाती हुई खुद को आईने के सामने खड़ी करती है। सोचते-सोचते वह खुद को युवक का हमउम्र कल्पना करने लगी। बारबार उसे युवक की नज़र पीछा करती-सी लगने लगी। पलटकर उसकी ओर देखता हुआ युवक का चेहरा उसकी आँखो के सामने नाचने लगा। वह रात भर सो नहीं पाई, करवटें बदलती रही। पति की बाहों में भी वह उसी युवक को देखने लगी। थोड़ी-बहुत नींद आई भी तो रंगीन और छेड़खानियोंसे भरे सपने... वह खुदबखुद लजा गई।

शनिवार का दिन याद करती है तो, उसका दिल डूबने लगता है। छुट्टी के दिन वह युवक उस रास्ते से नहीं आता था। अगर किसी दिन उसे देख नहीं पाती तो तृष्णा दिनभर बेचैन रहती। वह सोचती थी, कितना अच्छा होता अगर दफ्तरों में छुट्टियाँ नहीं होती...या वह भी उसी युवक के साथ उस दफ्तर में काम करती ...। तब उसकी आँखो के सामने बहुत सारी कामनाओं की रोशनियाँ झिलमलाने लगती थी।

तृष्णा के अंदर उसकी ढली हुई जवानी अंगड़ाइयाँ

लेने लगी। "लगता है, मम्मी को फ़िरसे जवानी चढ़ी है।" एक दिन तृष्णा के डाई किये हुए काले बालों को देखकर बेटी ने छेड़ते हुए कहा।

"ओहो ! बूढ़ी घोडी लाल लगाम, क्या बात है, फ़िर से जवान दिखने की चाह उमड़ आई है।" अपने पके हुए बालों को सहलाते उसके पति भी छेड़ने से बाज नहीं आए।

"अपनी खुशी के लिए क्या इतना भी न करूँ ?"उसने उसी दिन पार्लर जाकर बाल छोटा करवाया। चालिस पार कर चुकी तृष्णा स्टेपकट बाल और आधुनिक कपड़ोंमे अपनी उमर से आधी दिखने लगी।

अब गली की वह खिड़की उसे बहुत भाने लगी, खास कर सुबह जब वह युवक उस रास्ते से गुज़रता था। शाम को उसे वहाँ से गुज़रते हुए उसने कभी नहीं देखा। वह उस युवकसे बोलना चाहती थी, पर तृष्णा के पास उससे बोलने को कोई बहाना भी नहीं था, न ही वह युवक उससे बोलने की कोई कोशिश कर रहा था। वह नज़र भर देखता था बस और चुपचाप अपने रास्ते लग जाता था। तृष्णा हर दिन उसका इंतज़ार करती और उसे आते-जाते देखती रहती। इसी तरह दिन गुज़रते गए।

एक बार हफ़्ता दिन हो चुका था, मगर वह युवक उस गली से नहीं गुज़रा। राह देखते-देखते उसकी आँखे पथराने लगीं। वह कहीं चला गया हो, बिमार पड़ गया या किसी दुर्घटना का शिकार हो गया हो...। मन में अनेक आशंकाएँ एक के बाद एक घर करने लगीं। वह किसी से पूछ भी तो नहीं सकती। न ही घर में ऐसी बातें कर सकती है। घर के सारे काम करते हुए भी उसके भीतर एक खालीपन भरता जा रहा था। बेटी उसे अपनी बातें सुनाती रहती थी, मगर उसके कानों में कुछ भी घुसता नहीं था। पति के साथ निभाने वाले दायित्वों को भी वह केवल औपचारिकतावश पूरा कर रही थी। उसके अंदर आए इस बदलाव से उसका पति भी अंजान न था। उसका कुछ दिनों से मुरझाया चेहरा देखकर वह हैरान तो था, पर न जाने क्यूं इस बात को लेकर उसने टोकने की कोशिश कभी नहीं की।

आज भी वह घर में अकेली थी। पति अभी-अभी बाहर निकला था। बेटी आज कॉलेज में होने वाले प्रोग्राम की वजह से देरसे लौटने वाली थी। उसे भूख नहीं थी, इसलिए रसोईघर की खिड़की के सामने खड़ी होकर गली की तरफ़ देखने लगी। थोड़ा अन्धेरा लगने से गली में ज़्यादा ठंड महसूस होने लगी थी। धुँधले-से उजाले में उसने देखा, गली बिलकुल सुनसान थी। दूर-दूर तक कोई भी दिखाई नहीं दे रहा था। उसका मायूसी भरा दिल डूबने लगा, और आँखे भर आईं। धूमिल नज़रों में उसे लगा कि गली में कोई आ रहा है ... क्या, वही युवक ? उसे विश्वास ही नहीं हुआ। हाँ...वही था ! मगर उसके साथ आज एक और शक्ल भी नज़र आरही थी। वह आँखें फाड़कर देखने लगी। नई नईशादीशुदा जोड़ी की तरह, एक दूसरे का हाथ पकड़कर लाल बूटे वाली साड़ी पहनी वह लड़की कभी इतराती कभी शर्माती उस युवक के साथ आ रही थी। अचानक उसे सीने में जलन महसूस होने लगी। उसका गला भर आया और फूटफूटकर रोने का दिल करने लगा। वह तुरन्त थोड़ा पीछे हट गई और ऊपर से उन दोनों को छिपकर देखने लगी। खिड़की के ठीक नीचे से गुज़रता हुआ युवक अपनी पत्नी से कहरहा था, "डार्लिंग तुम्हें पता है ? इस घर की बुढ़िया मुझे हमेशा ऑफिस जाते वक्त ऐसे निहारती थी जैसे निगलना चाहती हो।" उसके बाद दोनों की हँसी गरम लावे की तरह उसके कानों में पड़ने लगी। उसे लगा जैसे किसी ने खौलता हुआ पानी उसपर उँडेल दिया हो। अचानक उसे अपने अंदर कुछ पिघलता सा महसूस हुआ। काँपते हाथ-पैरों में खड़े रहना भी उसे दुभर लगने लगा। बहुत देर तक वह खिड़की का पल्ला पकड़कर हवा में टकटकी लगाए शून्य में देखती रही। फ़िर न जाने किस भावना के वशीभूत होकर वह गली की उस खिड़ की के ऊपर पुराने अखबारों की परत चढ़ाने लगी। और फ़िर उसपर मोटा पर्दा भी टाँग दिया।

"क्यों, क्या हुआ ?" पति ने पूछा। "गली से काफी ठंड आने लगी है, इसलिए।" तृष्णा बन्द खिड़की को देखती हुई उदास मन से बोली। घड़ी पर नज़र डाली, साढ़े नौ बज गए थे।

उसने बाल रँगाने को एक दिन पहले वर्तन में तैयार रखी मेहन्दीउठायी और बेसीन में ले जाकर उँडेल दिया। न चाहते हुए भी उसकी आँखो के कोने फ़िर भर आए और आँसू लुढ़क पड़े।

अनुवादक : डा'. रामदयाल राकेश

कहानी

चतुरे बन गया नेता !

हिरण्य कुमारी पाठक

चतुरे ने आज फ़िर गोल-मटोल चूहे को चूँ-चूँ कर बुलाया। मोटे ने सोचा बाहर खेलने के लिए बुलाया होगा। बिल से ही चिल्लाया -"क्यों बुलाया चतुरे ? मुझे तो देखो न पढ़ रहा हूँ"।

"अच्छा आ जा न गोलू-मटोलू आ जा। आज फ़िर उस बड़े घर में भोज है क्या, मजे से हम भी भोज का लुत्फ उठाएँगे।"

भोज खाएँगे सुनकर गोलू-मटोलू भी अपना लघू शरीर अकड़ते हुए चतुरे के घर की ओर चल दिया। रास्ते में छोटे चूहे से उन लोगों की मुलाकात हुई और "हम तो आज उस घर में जहाँ बहुत सारे लोग हैं, भोज खाने जाएँगे।"

छोटे ने कहा -"हाँ, उस घर के पास बहुत सारी गाड़ियाँ हैं मैंने भी देखा मैं भी जाऊँगा हाँ।" "हाँ हाँ होगा, आ जाओ हम साथ ही चलेंगे आ जाओ।" तीनो जने भोज वाले घर में गए। अन्दर कमरे में सोफे और कुर्सीयाँ लोगों से खचाखच भरी थी। बीच-बीच में टेबल पर गिलास में लाल-लाल रस भरी थी। प्लेट में प्रचुर मात्रा में प्रकार-प्रकार का जायका पड़ोसा हुआ था।

चतुरे ने चारों ओर आँख घुमाई। उसे अच्छी-अच्छी खुश्बू भी आई। मोटू तो मांस की महक से कब खाने को मिलेगा कहकर छटपट करने लगा। पर छोटे ने "हल्ला मत करो हाँ, हमलोगों को देख लिया तो ये बड़े लोग झपट पडेंगे। चुप करो।" उसी वक्त चतुरे के बगल में बैठपे एक मोटे आदमी ने खाते-खाते मांस का एक टुकड़ा गिरा दिया।चतुरे आश्चर्यचकित होते हुए मित्रों के साथ मिलकर खाने लगा। मोटू ने आहिस्ता कहा- "किन-किन बातों में इस प्रकार विचार-विमर्श किए हुए हैं।" छोटे ने कहा- " सुनो तो ! ये लोग संविधान बनाएँगे कह रहे हैं। क्या है ? संविधान का मतलब मैं तो समझा नहीं न ?" क्या पता मुझे भी नहीं पता है। संविधान का मतलब मैं तो नहीं समझा न ?" क्या पता मुझे भी नहीं पता है। संविधान का मतलब क्या है ?" मोटू ले पूँछ हिलाई। "अच्छा तुम लोगों को जानकारी नहीं है संविधान का मतलब क्या है ?" चतुरे ने आँख घुमाई। "नहीं पता है, कहो तो क्या है संविधान ? हमें नहीं पता है।" दोनों ने कहा।

"अच्छा लो सुनो। इतने वर्षों से हमलोग कभी कहाँ-कभी कहाँ ऐसे भोजों में खाते आए। यह संविधान बनाने का ही तो विचार-विमर्श है न !"

"यह तो बहुत साल हो गया न ! है न चतुरे भैया। तो फ़िर क्या है तो ? तो कभी न खत्म होने वाला विचार-विमर्श ? मोटू ने मांस खाते हुए पूछा। " अच्छा जल्दी खत्म कर दिया तो इस प्रकार विचार-विमर्श कर कैसे पैसा खा पाएँगे तो ? इसीलिए ये लोग खुद ही मिलकर झगड़ने जैसा करते हैं जो कभी भी खत्म नहीं होगा। कहते हुए चतुरे ने दूसरा मांस का टुकड़ा उठाया।

"पर ऐसी बात क्या है तो चतुरे भैया ?"

"क्या है ? अब इन लोगों को अपनी-अपनी पहचान चाहिए।

इसके लिए सभी प्रकार की जोतियाँ जो आज तक मिलकर रहते आ रहे हैं उन्हें टुकड़ों में बाँटना पड़ा। सबको अलग-अलग जातीय पहचान चाहिए कहकर हल्ला कर रहे है।" कहकर चतुरे ने विचार-विमर्श की बातें सुनने लगा। छोटू भी विचार-विमर्श की बातें सुनते हुए निरन्तर डूबता रहा। मांस भी नहीं खाया। यह देखकर मोटू ने -" अरे ! छोटे क्यों मांस नहीं खाया, खाओ।" पर छोटे मुँह लटकाए मात्र विचार-विमर्श की बातों पर ध्यान दे रहा था फ़िर

चतुरे ने भी छोटे को मांस खाने को कहा। पर छोटे विचार-विमर्श में डूबा हुआ था। अचानक छोटे ने कहा -" अच्छा लो सुनो। इन लोगों की बातें सभी ब्राह्मण, क्षत्री, नेवार, मधेशी, लगायत सभी ने जुलूस निकाल लिया है। अपनी पहचान के लिए।"

"हाँ ये मात्र यही लोग हैं क्या, जंगल में रहने वाले राउटे तक अपनी पहचान मांग चुका, पता है तुम लोगों को ?" चतुरे ने मांस चबाते हुए कहा।

"अच्छा तो फ़िर केवल हम क्यों पीछे पड़े हैं तो ? हमें भी तो अपनी पहचान के लिए लड़ना पड़ा, है न चतुरे भैया।" छोटे ने धौंस जमाते हुए कहा।

चतुरे और मोटू ने कुछ ही क्षण के लिए छोटे की बातों पर ध्यान देकर कहा -"हाँ हाँ हम भी जुलूस निकालेंगे और नारा लगाएँगे।"

फ़िर छोटे, मोटू ने चतुरे को अपना नेता बनाकर सभी चूहों को एकत्रित कर अपनी पहचान के लिए संविधान सभा में आवाज़ उठाने का निर्णय किया।

अनुवादक : पूनम झा

कहानी

दुःस्वप्न

ज्ञानू पाण्डे

मन में भूचाल मचा हुआ है एक घटना की स्मृति को लेकर। एक अजीब-सा स्मृति बोध लिए सड़क पर चल रही थी मैं, चुपचाप। अगर स्पष्ट कहा जाए तो उस वक्त मैं सड़क पर नहीं, बल्कि अपने भीतर दौड़ रही थी। मेरे दाएँ-बाएँ, आगे-पीछे चल रहे असंख्य लोग मानो अदृश्य होते जा रहे थे और समूची सड़क पर मैं ही बस अकेली चली जा रही थी, बिल्कुल अकेली। मन-मस्तिष्क में गूँज रही थी एक अनूठी व विभीषिका भरी धुन, मैं चुपचाप उस धुन को निगल रही थी। घुटती हुई, सहमती हुई मैं आगे बढ़ रही थी। यों कहें, विडंबना की लपटों में लिपटते हुए निरर्थक मैं अपने ही भीतर एक विभीषिका का सृजन कर रही थी उस क्षण। इंसानों से भरे पड़े उस मार्ग में मैं स्वयं एकाकी बन रही थी। विभीषिका के उस सुरंग में मैं स्वेच्छा से प्रवेश कर रही थी। बिना लक्ष्य, बिना गंतव्य की एक विचित्र यात्रा में मैं आगे बढ़ रही थी। कहीं पहुँचने के लिए नहीं, बल्कि केवल चलने के लिए ही मैं चल रही थी शायद।

"अरे फलाँ ! सब कुशल मंगल ?"– कोई पूछता है मुझे। या कहें कि मैं ऐसा बोध करती हूँ कि इस अस्तित्व के प्रति भी जिज्ञासा है किसी को।

मेरी आंतरिक व्यस्तता (व्यर्थता) में लगा जैसे उसके इस निरर्थक प्रश्न ने व्यवधान सृजित कर दिया हो। फ़िर भी अनसुना नहीं कर सकती उसे। सामाजिक प्राणी जो ठहरा इंसान। सामाजिकता निर्वाह करने के लिए बेवजह भी दूसरों से पूछ बैठते हैं कभी-कभी। और उत्तर देने की बाध्यता भी बन ही जाती है, सामाजिकता निर्वाह करने लिए ही सही। मैं कुछ देर अपने ही भीतर तरंगित होती हुई लंबी निच्छ्वास छोड़ती हूँ और उसे कहती हूँ, कहने भर के लिए–

"हाँ सब ठीक ही कहना चाहिए, अपनी कहो।"

जवाब में वह कुछ नहीं बोलता, 'ठीक हूँ' के भाव में बस सर हिला देता है। वातावरण में पुनः मौनता व्याप्त होती है।

मेरे चेहरे पर छाई निराशा और अभिव्यक्ति की शैली में उभरे हुए उच्चाट की प्रतिध्वनि से शायद उसके भीतर जिज्ञासा उमड़ी होगी मेरे प्रति, यानी मेरे क्षण के प्रति– आखिर इस निराशा का कारण क्या होगा ? क्यों इस तरह का उच्चाट ?

वह मुझे एकटक घूरता है। मैं भी उसे उसी अंदाज़ में घूरती हूँ। मानो हम एक दूसरे के लिए अजनबी हों।

वातावरण में एक व्यर्थता प्रतिध्वनित होती है, और शून्यता आँखों से आँखों तक।

मुझे लगता है ये इंसान कहलाने वाली जात इतनी दरिद्र मानसिकता में जी रही है कि जीवन के नाम पर वह हमेशा प्रतीक्षा कर रही होती है लेकिन उसकी प्रतीक्षा कभी समाप्त नहीं होती। बस इंसान ही है कि प्रतीक्षा पर प्रतीक्षा कर रहा होता है। मगर प्राप्ति के नाम पर हाथ लगता है सिर्फ़ शून्य ही। रिक्त आँखों और रिक्त प्रतीक्षा के उच्छ्वास को झेलते हुए इंसान हमेशा खुद को धोखा दे रहा होता है।

जी हाँ, जीवन के उद्यान में हर व्यक्ति किसी पल यों ही जनम जाता है, बिना अपनी स्वीकृति के। पलता है, बढ़ता है और अनेक सपनों से घिर जाता है अनायास। सपनों के ही घरौंदों में निर्लिप्त होकर खोकर जीता है। फ़िर अचानक किसी पल से टकराता है, जहाँ से वह वापस सपनों में लौट नहीं पाता। जहाँ अंकुरित हुआ एक दिन वह उसी उद्यान में वह झड़ जाता है, मर जाता है। जन्म के बाद मरने की अनिवार्यता ! यह कैसी नियति है मनुष्य की ? जन्मो

और फ़िर मर जाओ ! क्या मरने के लिए ही जन्मा है इंसान ? मृत्यु नामक सत्य को जिताने के लिए हारना ही पड़ेगा, क्यों ? नियति की शक्ति के आगे कितना दुर्बल बेचारा इंसान ! नियति द्वारा तय किए गए साँचे से एक रोआँ बराबर भी इधर-उधर किए बिना जीना पड़ता है इसे। जीवन भर नियति के इशारे पर ही नाचना पड़ता है इसे। और उसी के आदेश पर एक दिन इस जीवन से हाथ धोना पड़ता है इसे। मगर आश्चर्य कि नियति के विरुद्ध कोई विद्रोह नहीं करता। कहीं नियति ने इंसानों को सम्मोहित तो नहीं कर रखा है ? वरना क्यों इसके जितना ही दुख पहुँचाने पर भी इंसान चूँ तक नहीं करता ? जीने के नाम पर कदम-कदम पर तमाम भूकंपों से टकराते हुए भी इंसान बढ़े जा रहा है, चले जा रहा है। नियति के निर्धारित आयु तक हर हाल में खुद को घसीटता जाता है। आयु से पहले खुद को मार भी नहीं पाता इंसान। किसी भी हालत में मनुष्य प्रकृति के विरुद्ध नहीं जा सकता।' सोचते सोचते बीच में ही अनायास भटक जाती हूँ मैं–

'लेकिन..... लेकिन...., उसने तो खुद को ही मिटा दिया न ! आत्महत्या कर ली न उसने तो ! खुदकुशी का फैसला इंसान की हार है या जीत ?'

जवाब में सवाल बरसाने लगता है वह मेरे ऊपर– "क्या बोल रही हो तुम ? किसने खुदकुशी कर ली ? क्यों तुम इतनी उदास हो जीवन के प्रति ? आखिर क्यों ?"

मुझे लगता है उसके सवालों का अंत नहीं है कोई। अंतहीन उसके प्रश्नों से ऊब जाती हूँ मैं। कहती हूँ– "रहने दो, रहने दो, बहुत हुआ। अब और सवाल खड़े न करो मेरे सामने। अपने ही अंदर के अनगिनत अनुत्तरित प्रश्नों से मैं पहले से ही गड़ी हुई हूँ। अपने ही मन के सवालों से बुरी तरह दबी हुई हूँ इस समय। ऊपर से और तुम भी मुझे न दबाओ सवालों के नीचे.... ।

मगर वह नहीं रुकता। मुझे आग्रह करता है वह, उसके आगे मैं खुद को उद्घाटित कर डालूँ ! मन की सभी गाँठें खोल दूँ और खुद को हल्का कर लूँ ! वह इतना ज़ोर देता है कि मैं टाल ही नहीं सकती उसे। टाल नहीं सकती उसके सवालों को। इसलिए असलियत को उसके आगे उँडेलते हुए कहती हूँ–

"मेरे घर के सामने की मंगली... ।" मैं थोड़ी देर स्तब्ध हो जाती हूँ। और फ़िर कहना शुरू करती हूँ– "उसने तो अपने ही बेडरूम में बीम से लटककर आत्महत्या कर ली। सुबह-सुबह बाहर खूब हल्ला हुआ। मैं भी बाहर निकली। मंगली जिस घर में रहती थी, उसके कंपाउंड में लोगों की भीड़ जमा थी। किसी तरह अंदर गई। उसके कमरे में गई। लेकिन उफ् ! कितना भयावह दृश्य था ! लगा जैसे आँखें ही चनककर फूट जाएँगी। कैसे बताऊँ मैं तुम्हें उस अप्रिय और भयानक दृश्य के बारे में। मंगली मर चुकी थी। बीम से झूल रहा था उसका मृत शरीर बीम की तरफ़ खुली हुई उसकी आँखों में स्पष्ट दिख रही थी– जीवन की व्यर्थता ! अस्तित्व के अभिमान की सीमा ! नियति की क्रूरता ! और मनुष्य की निरीहता ! और .....! और ..... ! ..... और..... !

इसके बाद मैं कुछ नहीं बोल नहीं पाती। मैं फटाफट आगे बढ़ती हूँ वहाँ से। मंगली की दोनों मृत आँखें मेरा पीछा करती रहती हैं। किसी तरह मैं घर आ पती हूँ। वह रात गहरी कशमकश और पशोपेश में गुज़रती है मेरी। देर से नींद तो आती है लेकिन साथ-साथ भयानक सपना भी साथ लेकर आती है–

मंगली का पार्थिव शरीर पिघलकर मुझ तक आ पहुँचता है और मेरे भीतर समा जाती है वह तरलता। मैं मंगली बन जाती हूँ। आत्महत्या से पहले की उसकी मनोदशा मुझे खसोटती है, चिथोड़ती है। जीवन के दोराहे पर खड़ी हो जाती हूँ। मैं कुछ महसूस नहीं कर पाती, सिवा विवशता बोध के। मुझमें घोर असमंजस छा जाती है क्रमशः। मेरे भीतर के समूचे आकाश में धुआँ और घना कोहरा मंडराने लगता है। कसकर आँखें मूँदती हूँ और उत्कटता की तीखी धार से धुएँ और कोहरे की सघनता को चीरने की कोशिश करती हुई अपने और भीतर, भीतर के भी भीतर घुसती जाती हूँ। वहाँ मैं पाती हूँ कि एक अजीब आकृति मुझे आगोश में भरने के लिए आगे बढ़ रही है। और बोल भी रही है– "मैं हूँ तुम्हारा असल नातेदार हूँ, अर्थात् जीवन का सन्नाटा। तुम लाख कोशिश कर लो मुझसे उबरने की, मगर तुम

सफल नहीं होगी। क्योंकि हर मनुष्य के जीवन का पहला और अंतिम परम सत्य मैं ही हूँ, मैं यानी सन्नाटा ! हर इंसान अकेला है जीवन में। वह ठगता है, धोखा देता है, भागने की लाख कोशिश करता है जीवन के एकाकीपन से। लेकिन किसी भी हालत में सफल नहीं होता वह अपनी कोशिश में। हर इंसान को यह समझ लेना चाहिए कि जीवन के सन्नाटे को छलने की कोशिश करना व्यर्थ में दुख को न्योता देना है, जिस तरह इतने समय तक तुमने दुख पाया मुझे छलने की कोशिश करके। अब सही जगह पहुँची हो तुम। आओ मेरे आगोश में आ जाओ। मैं उस तक पहुँचने में तुम्हारी मदद करूँगा। मैं तुम्हें जीवन के महासत्य यानी मृत्यु के दर्शन करा दूँगा। मृत्यु अर्थात् चिर आनंद ! जहाँ न छल है, न किसी कपट का खेल बस आनंद ही आनंद, केवल आनंद। आओ.... आओ मेरे आलिंगन में बँध जाओ।

मैं अनायास पीछे लग जाती हूँ सन्नाटे के और प्रविष्ट होती हूँ एक निष्कपट घनघोर अंधेरे सुरंग के भीतर उसके साथ ही। मन में एक अजीब-सा त्रास है। ऐसा लग रहा था जैसे बड़ी ऊँचाई से गिर चुकी हूँ मगर ज़मीन तक नहीं पहुँच पाई हूँ। मैं स्वयं को एक विभीषिकापूर्ण मनस्थिति में महसूस कर रही थी। चारों ओर घबराहट भरे दृश्य को देखकर मेरे दिल के ज़ोर-ज़ोर से धड़कने का आभास होता है। मगर हैरान करने वाली बात ये कि उस हालात में भी सवालों की एक कतार मेरा पीछा नहीं छोड़ती– 'मैं ज़िंदा हूँ या मर गई ? मैं अपने वश में हूँ या नियति के अंकुश में पड़ गई ? ..... ? ..... ? ..... ? मगर जवाब में उफ् ! वही सन्नाटा, वही एकाकीपन की विभीषिका। बस अर्थशून्य साँसों का कंपन।

अनायास मेरी नींद खुलती है। शरीर थरथर काँप रहा है। पसीने से तरबतर हो चुकी हूँ मैं। चारों ओर नज़रें दौड़ाती हूँ। कोई नहीं है यहाँ, बिलकुल अकेली हूँ। स्वयं को और अपने उस उच्चाटपूर्ण परिवेश को निहारने लगती हूँ–

बिस्तर पर अकेली मैं इतनी निरीह ! विशाल सागर के भीतर एक बूँद पानी की तरह मूल्यहीन ओस मैं ! मैं मन ही मन बुदबुदाती हूँ अनायास– ज़िंदगी ? कैसे भला संतुष्ट होकर स्वीकार किया जाए इसे ? उपाय नहीं है कोई ऐसा जो इसकी निरर्थकता वहन कर सके ! मैं फ़िर सपने के सन्नाटे को याद करती हूँ। लगता है मानो सन्नाटा मेरा प्रेमी है। मैं अलग नहीं होना चाहती उसके सम्मोहन से। वह भी मुझसे अलग नहीं होना चाहता शायद। हम दोनों एक दूसरे से अति निकट हो जाते हैं, बड़ी बेबाकी से मिल जाते हैं उस घड़ी में।

'उफ् कितनी लंबी रात !' अचानक मेरी कशमकश भंग होती है। मैं एक ग्लास ठंडा पानी पीती हूँ और फ़िर परिवेश का मुआयना करने लगती हूँ गहराई के साथ–

चारपाई, ऊपर से बिस्तर, तकिया, रजाई आदि।

फर्श, ऊपर से कालीन, सोफा, टी-टेबल आदि।

कुरसी और टेबल। टेबल के ऊपर डायरी, कलम और कुछ किताबें।

दीवार और उसके एक छोर पर कैलेंडर, दूसरे छोर पर आईना लटका हुआ।

आईने में मैं झाँकती हूँ–

एक तरफ़ नींद न आने से कसमसाती हुई मैं।

दूसरी तरफ़ कुरसी पर बैठकर टेबल की किताबों को सहेजती हुई मैं।

कुछ लिखने की कोशिश करती हुई मैं। लिखने में असमर्थ होकर खोई खोई-सी मैं।

और इन सभी 'मैं' को झाँकती हुई मैं।

मन में सवाल कौंधते हैं– उफ् ! मैं कौन ? मैं क्या ? मैं क्यों ? ..... ?

अंतर्उच्चाट में कसमसाते हुए अनायास मेरी नजरें बीम से टकराती हैं। तत्क्षण मुझे एक फीकी आस्था आकर्षित करती है। लगता है यह बीम मेरा सहयोगी हो सकता है। लगता है मानो वह बीम मेरा स्वागत कर रहा हो। मैं अनायास उठती हूँ बिस्तर से। हाथ अनायास ऊपर उठ जाते हैं। बीम को छूते हैं।

ओहो ! मैं बुरी तरह चौंक जाती हूँ। बदन भर पसीना उभर आता है। हाथ-पैर सुन्न हो जाते हैं। धम्म से ज़मीन पर बैठ जाती हूँ। मगर .... मगर.... ये आँखें बीम पर ही लटक रही हैं, जहाँ मुझे मंगली की गतिशीलता स्पष्ट होती महसूस होती है– मेरी साँसों से मंगली की स्मृति पुनः साकार होकर दृश्य में

उतर रही है। वह जीवन की चरम घड़ी में खड़ी है। उसके दोनों हाथ बीम में रस्सी बाँधने में तल्लीन हैं और साथ ही साथ वह बड़बड़ा भी रही है–

ज़िंदगी मुझे माफ़ कर दे। आज मैं तुझे खत्म कर रही हूँ। आखिर क्या दिया तूने मुझे सिवा दुख, सिवा तकलीफ़, सिवा धोखा के ? तेरा शास्त्र, तेरी दासता सब कुछ अंगीकार करके भी आखिर कौन-सी शाबाशी मिल गई मुझे ? जीने तक ऊब और बेचैनी ! और ऊपर से कदम कदम पर मृत्यु का संत्रास ! 'मैं' विलुप्त जीवन मुझे स्वीकार नहीं। तेरे नियमों के आगे कायरता स्वीकार कर भला क्यों जिऊँ मैं ? तूने अपनी हुकूमत के आगे मुझे जीने नहीं दिया, कोई बात नहीं। अब मैं मौत के लिए अपनी हुकूमत चलाना चाहती हूँ। मैं अपनी मरज़ी की मौत मरना चाहती हूँ। ज़िंदगी, मुझे माफ़ कर दे। आज मैं तुझे खत्म कर रही हूँ। मैं आत्महत्या कर रही हूँ ..... !

वह बीम से कसकर रस्सी बाँधती है, गाँठ लगाती है। रस्सी की गोलाई में अपनी गरदन प्रविष्ट कराती है। चारों ओर एक बार फ़िर आँखें घुमाती है और खुद चढ़ी हुई कुरसी को पैर से पीछे को धकेल देती है। और..... ! और ..... लटक जाती है।

ओहो ! मैं फ़िर ज़ोर से चौंक उठती हूँ। अपनी हथेलियों को उलटपलटकर देखती हूँ। हाथों को अनायास झटकती हूँ। खुद को कसकर दबोचती हूँ। अपनी गरदन को सहलाती हूँ। अपनी गरदन को गर्म और सुलगता हुआ पाती हूँ। मन में अपार ममता जागृत हो उठती है जीवन के प्रति। बेचारा यह जीवन ! कितना निरीह ! कितना विवश ! कितना निरर्थक ! कितना निस्सार !

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

कहानी

इतरा का पुत्र ऐतरेय

माधवप्रसाद लामिछाने

भक्ति के महान् आचार्य हारीत ऋषि के वंश में कालान्तर में एक ऋषि हुए जिनका नाम था माण्डूकि। उनकी पत्नी का नाम इतरा था। इतरा में वे सभी सद्‌गुण विद्यमान थे जो एक साध्वी में हुआ करते हैं। भक्ति के महान् आचार्य हारीत ऋषि के वंशपरम्परा में होनेके कारण माण्डूकि और इतरा दम्पति में सहज ही भक्ति की भावना लहराती रहती थी। पति एवं पत्नी दोनों अनुकूल और पावन जीवन बिता रहे थे। उनके जीवन में एक ही कमी थी, वह कमी थी संतान का न होना। साध्वी इतरा से कोई संतान नहीं हो रही थी। इसलिए संतानप्राप्तिके लिए ऋषि ने घोर तप का आश्रय लिया। फलस्वरूप उनके घर में एक पुत्र का जन्म हुआ। उस बालक को सब लोग उसकी माँ के नाम पर ऐतरेय कहकर पुकारते थे। स्वाभाविक ही था कि एक महान् वंश में महती तपस्या के प्रभाव से जिस शिशु ने जन्म लिया, वह भी महान् ही था। आगे चलकर ये बालक ऐतरेय ब्राह्मण का रचनाकार हुआ। इसके अतिरिक्त ऐतरेय में सारे वेद प्रतिभासित हो गए। ऐतरेय में बचपन से ही चमत्कारपूर्ण घटनाएँ घटने लगीं। जब बोलने का समय आया, तो उसके मुख से पहला शब्द निकला - 'वासुदेव'। उच्चारण बिलकुल स्पष्ट था और मिठास से भरा था। लोगों के लिए यह विस्मय की बात थी। लोगों में यह विस्मय तब और भी बढ़ गया, जब आठ वर्षों तक यह बालक निरन्तर 'वासुदेव-वासुदेव' नाम का कीर्तन करता रहता। आठ वर्षों तक 'वासुदेव' शब्द को छोड़कर और किसी शब्द का उच्चारण ऐतरेय ने नहीं किया।

ऐतरेय की इस स्थिति ने लोगों में कुतूहल भर दिया तो उन के माता-पिता के हृदय में आनंद। माता-पिता सोचते थे कि हमारे कुल में एक महाभागवत ने जन्म लिया है, जो अनेक पीढियों को तार देगा परंतु पीछे चलकर यही बात ऋषि माण्डूकि के लिए चिन्ता का विषय बन गया। जब बालक ऐतरेय आठ वर्ष का हुआ तब पिता ने उसका यज्ञोपवीत-संस्कार कराया और उसे वेद पढ़ाना चाहा परंतु वह बालक 'वासुदेव' नाम कीर्तन को छोड़कर न कुछ सुनता था और न बोलता ही था, वेद पढ़ना तो दूर की बात। उनके सारे उपाय व्यर्थ हुए। वे पढ़ाते पढ़ाते थक गए। अंत में वे अपने पुत्र से बहुत निराश हो गए।

विवशतावश उन्होंने दूसरा विवाह किया। विवाह के पश्चात् दूसरी पत्नी पिङ्गासे उन्हें कई संतानों की प्राप्ति हुई। ये सभी संतान वेद के पारङ्गत विद्वान हुए और कर्मकाण्ड में बहुत ही कुशल। ऋषि की इन संतानों की सर्वत्र पूजा होने लगी। साथ ही ऋषि माण्डूकि भी अपने उन पुत्रों और उनकी माँ को भरपूर प्यार और सम्मान देते थे। धीरे धीरे ऐतरेय और उनकी माँ इतरा दोनों उपेक्षित होते चले गए।

पति की उपेक्षा ने इतरा का जीना मुश्किल कर दिया। एक दिन बड़े निराश हृदय लेकर वह मंदिर में जा पहुँची और वहीं रहने लगी। इतरा का पुत्र ऐतरेय सारा समय मंदिर में ही व्यतीत करता था। उसका एक ही काम था वासुदेव का नाम संकीर्तन करना। एक दिन इतरा ने वासुदेव के नाम संकीर्तन में तल्लीन अपने पुत्र की तल्लीनता भंग करते हुए कहा –'तुम्हारे कारण हम उपेक्षित हैं और तुम तो उपेक्षित हो ही। अब तुम ही बताओ हमारे जीने का क्या प्रयोजन है ?'

ऐतरेय ने अपनी माँ को समझाते हुए कहा– 'माँ ! अब तुम संसार में आसक्त होती जा रही हो। संसार तो निःसार है, इस निःसार संसार में केवल भगवान का नाम ही सार है। मान और अपमान ये दोनों ही माया हैं, फ़िर भी मैं तुम्हारी अभिलाषा को पूर्ण करूँगा। तुम दुखी मत होओ। मैं तुम्हें उस पद

पर पहुँचाऊँगा, जहाँ शताधिक यज्ञ करके भी नहीं पहुँचा जा सकता।'

अपने पुत्र ऐतरेय का विवेकपूर्ण आश्वासन पाकर माँ इतरा का हृदय सन्तोष से प्लावित हुआ। इस बीच भगवान विष्णु अर्चा-विग्रह से साक्षात् प्रकट हो गए। भगवान के दर्शन पाकर इतरा भावविह्वल हो गई और अपना जन्म लेना सफल समझने लगी। विष्णु के दर्शन पाकर ऐतरेय की आँखों में आँसू छलक आए। उसका शरीर रोमाञ्च से भर गया। उसने गद्गद् हृदय से और सुरीले स्वर से भगवान की स्तुति की। भगवान ने ऐतरेय को अपने आशीर्वाद से प्रफुल्लित कर दिया। अंत में उसकी माता की इच्छा की पूर्ति भी करनी चाहिए, यह सोचकर भगवान ने ऐतरेय को आदेश दिया कि 'तुम अब वैदिक धर्मों का आचरण करो। सभी काम निष्काम-भाव से करो और मुझे समर्पित करते जाओ। माता की इच्छा की पूर्ति मे बाधक न बनो, विवाह करो, यज्ञों द्वारा भगवान की आराधना करो और माता की प्रसन्नता को बढ़ाओ। यद्यपि तुमने वेदों का अध्ययन नहीं किया है, फ़िर भी सम्पूर्ण वेद तुम्हें प्रतिभासित हो जाएँगे। अब तुम कोटितीर्थ में जाओ। वहाँ हरिमेधा का यज्ञ हो रहा है। वहाँ जाने पर तुम्हारी माता की सम्पूर्ण इच्छाएँ पूरी हो जाएँगी।'

भगवान के दर्शन और अपने ऊपर उनका स्नेह देखकर इतरा का हृदय गद्गद् हो गया। जिस पुत्रको वह जड मानती थी, उनका महान् प्रभाव देखकर वात्सल्य की जगह उसमें श्रद्धाका भाव भर गया।

भगवान के आदेश के अनुसार माता इतरा और पुत्र ऐतरेय हरिमेधा के यज्ञ में पहुँच गए। वहाँ ऐतरेय की विद्वत्ता देखकर हरिमेधा सहित उस यज्ञ में उपस्थित सारे विद्वान् चमत्कृत हो गए। सभी ने ऐतरेय को उँचे आसन पर बैठाकर उनकी विधिवत् पूजा की। ऐतरेय ने वेद के उस भाग को भी सुनाया, जो वहाँ के विद्वानों को ज्ञात था और वेद के उस भाग को भी सुनाया, जो अभी पृथ्वी पर उपलब्ध नहीं थे और वेद का वह भाग था– ऐतरेय ब्राह्मण। हरिमेधा ने ऐतरेय से अपनी पुत्री का विवाह कर दिया। तब ऋषि माण्डूकि ने यज्ञसभा के बीच में ऐतरेय का घोर अपमान किया। अपने पुत्र की इस अपमान को माता का हृदय सह न सका। इतरा भगवान को पृथ्वी माता के रूप में उपासना करती थी। अतः उसने अपनी उसी इष्टदेवी की स्मरण किया। पृथ्वीमाता दिव्यमूर्ति धारण कर उस सभा में उपस्थित हो गईं। स्वयं पृथ्वीमाता ने वहाँ एक ऐसा सिंहासन रखवाया, जिसे किसी ने कभी देखा न था। उसी दिव्य आसन पर पृथ्वी माता ने ऐतरेय को बिठाया और सबके सामने घोषित किया कि ऐतरेय के पाण्डित्य के समान किसी का पाण्डित्य नहीं है। पृथ्वी ने कहा– "इसको मैं वरदान देती हूँ कि यह वेद के किसी ब्राह्मणभाग का द्रष्टा हो जाए। वरदान देते ही ऐतरेय को ४० अध्यायों वाला ब्राह्मण प्रतिभासित हो गया जो 'ऐतरेयब्राह्मण' के नाम से जाना जाता है। शिवमस्तु।

अनुवादक : लेखक स्वयं

कहानी

दो गज जमीन के नीचे

शिव शंकर प्रसाद रौनियार

दो गज.....

हाँ, जी ! केवल दो ग़ज ज़मीन ..... ! जिसकी वजह से राम और लक्ष्मण जैसे भाईयों के बीच दरार पड़ गई । वैसे इस दुराव के लिए दो ग़ज ज़मीन की बात तो सिर्फ कहने भर की थी ...। वस्तविकता तो कुछ और ही थी । दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो औरों की उन्नति देख नहीं पाते हैं ,अब वो आदमी अपना ही क्यों न हो । ऐसे ही लोगों में उमाशंकर था जो 'मुख में राम, बगल में छूरी' वाले मुहावरे को चरितार्थ करता था । बात यह थी कि मोहन के बड़े भाई महेश ने, जो एक दयालु, और सीधे स्वभाव के व्यक्ति थे,मोहन की ग़ैरहाजिरी में अपने पड़ोसी को दो ग़ज ज़मीन देने का वचन दे डाला था । और इसके साथ ही साथ उसके लिए कुछ बैना भी ले लिया था । जिससे उसके पड़ोसी का मकान, जो ज़मीन के अभाव में खराब हो रहा था, बहुत अच्छा हो गया, सुन्दर हो गया । लेकिन उमा शंकर और उनके सहयोगियों को यह बात अच्छी नहीं लगी । इसलिए मोहन के आते ही उन लोगों ने उसका कान भर डाला,-'आज जो आदमी वगैर पूछे, दो गज ज़मीन दे डाली, वह कब सब हड़प कर जाय, इसका कोई ठिकाना नहीं । बुद्धि ही कितनी है .....! समझाने बुझाने वाला भी कोई नहीं .... एक भाभी थी, जिन्हें वह माँ की तरह मानता था , मायके चली गई थी । बस वह यही रट लगाने लगा कि मैं तुम्हारे साथ नहीं रहूँगा । उसके पास कोई उपाय ही नहीं बचा, मजबूर होकर अपना घर द्वार सबकुछ उसे देकर दूसरे घर में चला गया ।

अब मोहन उस बड़े घर में अकेला ही रहने लगा । गुस्से की विजह से दो चार दिन तो कुछ एहसास नहीं हुआ । मगर जब अकेलापन काटने लगा,तब उसे अपनी गलती का एहसास होने लगा । विवेक जाग उठा । वह सोचने लगा ,-' भैया तो ऐसे नहीं हैं जो मेरे साथ बेइमानी करेंगे । अगर ऐसा होता तो वे इस तरह वगैर कुछ कहे-सुने एकबारगी घर छोड़कर नहीं चले जाते । इसमे उनका क्या स्वार्थ है ? फिर उसके मन में दूसरी बात उत्पन्न हो गई,-' कहीं ऐसा तो नहीं कि भाभी के चले जाने से उनका दिमाग बदल गया हो । भाभी..... । वह दुःखी हो गया । 'आज ... आज वो भी बदल गई हैं , इसीलिए तो मायके चली गई हैं । काश ! भाभी पहले की जैसी होतीं , तो ऐसा कुछ नहीं होता । वो भैया को समझा-बुझा देतीं । आह ! भाभी कितनी स्नेहमयी थीं .....। घर में पाँव रखते ही उन्होंने घर का सारा बोझ अपने ऊपर उठा लिया था । खाने-पीने, पहनने-ओढ़ने से लेकर बाहर की चीजों की भी व्यवस्था वे ही देखा करतीं । ऐसे ही उसे कुछ याद आया और उसने अपना एक हाथ जेब में डाल दिया । हाथ निकालकर बाहर किया, देखा उसके हाथ में सोने की चमचम करती चूड़ी थी । चूड़ी देखते ही उसकी आँखों से आँसू बहने लगे । जब आँखों के आँसू ज़मीन पर पड़े, तो वह जगह आईने की तरह चमकने लगी, सबकुछ नज़र आने लगा । उसकी आँखों में पहले की एक घटना प्रतिविम्बित हो आई । उसे याद आया कि वह किस तरह टयूशन पढ़ा-पढ़ाकर अपनी भाभी के लिए इस चूड़ी को बनवाया था । बड़ी मुश्किल से इसके लिए रोयपे जोड़ सका था ।

००

उस शाम .....।

जब मोहन कोई किताब पढ़कर अपनी भाभी को सुना रहा था । अचानक दो चार ईंटें उसके सर पर गिरने लगीं । लेकिन वाह रे भाभी ! गिरती हुई उन ईंटों

को झट से अपने हाथों में ले लिया। वह उसे तो बचा ली, मगर उसका हाथ कलाई की चूड़ी फूटने से लहूलुहान हो गया। वह तो देखते ही रह गया। और वह पीड़ा को छूपाकर मुस्कुराने लगी .....।

वाह ! भाभी ! आज अगर आप नहीं होतीं, तो जाने मेरा क्या हाल होता ! उसने जब अपनी भाभी के रक्त से सने हाथों को देखा तो कराह उठा, -' हाय ! यह क्या भाभी ? यह क्या किया आपने ? ....इतना सारा खून और वह भी मुझे बचाने के लिए ....आह ! भाभी ! अरे ! आपके हाथों में तो चूड़ी के टूकड़ें गड़े पड़े हैं !

-'यह तो कुछ नहीं है, बाबू। मेरे होते अगर मेरे देवर को कुछ हो जाता, तो मैं कहाँ की रहती ? मै तो मर ही जाती ना ! सबकुछ विरान-सा हो जाता , चारों तरफ शून्यता फैल जाती , फिर मैं अपना चेहरा कैसे देख पाती ? फिर..कौन सुनाता मुझे कहानियाँ...किस्से ! उसकी भाभी बोलती जा रही थी। इतने में मोहन ने उसके हाथ पर एक पट्टी बाँध दी, लेकिन उसके चेहरे से उदासी की पट्टी नहीं हटी।

-' क्या हो गया है आपको बाबू ? इतनी अधीरता क्यों ? मर्द होकर बेचैन हो रहे हैं। मर्द तो हिम्मती होता है, तकलीफों में भी धैर्य नहीं खोने वाला। और वैसे भी आप मेरे देवर हैं। यह शोभा नहीं देती। ' उसकी भाभी ने कहा।

-देवर तो अपने भाभियों की रक्षा करते हैं न भाभी ? लक्ष्मण जी भी तो एक देवर ही थे, जो अपनी भाभी की रक्षा के लिए जंगल गए। अगर वे भी विपत्ति में अपना धैर्य खो देते, तो रामायण की रचना कैसे होती ? हाँ, एक बात और, प्रत्येक व्यक्ति लक्ष्मण नहीं हो सकता है न भाभी ! लक्ष्मण-रेखा को तो रावण भी नहीं पार सका था। और एक मैं हूँ, मैं कुछ नहीं कर सका। मेरे होते हुए आपकी यह हालत हो गई।'

-'इतना प्रेम करते हैं मुझे ? अगर यह काँच का टूकड़ा नहीं गड़ता, तो खून नहीं निकलता।' उसकी भाभी ने कहा।

-'ठीक कह रही हैं भाभी। अगर यह चूड़ी काँच की नहीं होती, तो आपकी यह दशा नहीं होती ....। '

-' कोई बात नहीं देवर बाबू, आप हैं न ! आप मेरे लिए सोने की चूड़ी बनवा दीजिएगा।' उसकी भाभी मुस्कुराती हुई बोली।

-'आप पहनेंगी न भाभी ? '

-'क्यों नहीं !'

-'तब तो मैं अवश्य बनवाऊँगा।' वह पूरे जोश में आकर बोला,-' और वह भी अपनी कमाई से।'

-'लेकिन आप काम कैसे करेंगे ? अभी तो आप पढ़ रहे हैं ! उसकी भाभी ने कहा।

-'बिल्कुल, आप देखेंगी, मेरे अन्दर कितने गुण भरे पड़े हैं।' उस दिन बस इतनी ही बात हुई।

००

उसकी भांभी ठीक हो गई। वह इन बातों को भूल भी गई। लेकिन उसने नहीं भूला। वह अपनी पढ़ाई के साथ-साथ ट्यूशन भी पढ़ाने लगा। उसके जेहन में यह बात घर कर गई थी, चाहे जिस तरह से भी हो, भाभी के लिए इक सोने की चूड़ी जरूर बनानी है। और उसका परिणाम आज उसके हाथ में चूड़ी की शक्ल-सूरत में हाजिर है। उसकी मित्र मंडली में इस बात को लेकर काफी बातें हुईं। कुछ मित्रों को तो शंका भी होने लगी थी। उसके मित्र यह सोचते कि जिस भैया भाभी को यह इतना मानता है, वो इसके हो पाएँगे भी कि नहीं ? जब वह यहाँ आया, उमाशंकर ने इसी बात को उसके मन में इस तरह बैठा दिया कि वह दिग्भ्रमित हो गया और उसके सर पर शैतान सवार हो गया। वह यह सोचने पर विवश हो गया कि जब भैया इतने बदल गये हैं, तो भाभी .... वो भी ...तो ...।

.... इस जमाने को क्या। जमाने को तो अपनी खुदगर्जी से मतलब है, अपने काम से काम ...केवल अपनी स्वार्थ से मतलब। अब कोई दुःखी हो, तो हो। इसकी कोई परवाह नहीं। अपने पड़ोसी महेश को उसने दो गज जमीन के लिए कई बार टोक दिया। महेश तो बस सत्य हरिश्चन्द्र। वह तो बस किसी भी तरह मोहन को राजी करके ज़मीन बेचना चाहता था। इसी वजह से वह एक पड़ोसी के साथ मोहन के घर गया, लेकिन मोहन घर पर नहीं था। मुलाकात नहीं हुई। पता चला कि वह कहीं गया हुआ है। इच्छा नहीं होने पर भी उसने कहा कि आप यहाँ से दो गज जमीन नाप लें। लेकिन हुआ यह कि अभी महेश की बात पूरी भी नहीं हो पाई थी, मोहन कहीं से आ गया।

-' एक इंच ज़मीन नहीं दूँगा , मैंने सारी बातें सुन ली । ' वह गरजते हुए बोला ।

-' मोहन ! ' महेश भी गरजकर बोला ।

-'अब आप ज्यादा कर रहे हैं भैया, अब मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता ।'

-'क्या ? ' वह चिल्ला पड़ा और मोहन के गाल पर एक थप्पड़ जड़ दिया ।

-' भैया ! मैं सिर्फ भाभी के लिहाज से आपको कुछ नहीं कह रहा हूँ ...वरना ....। लेकिन आप यह बात सुन लीजिए , आप यह ज़मीन किसी भी हालत में नहीं दे सकते ।'

-'दूँगा और अभी दूँगा ...।'

-' मैं कह रहा हूँ, भैया आप मान जाइए वरना ठीक नहीं होगा ।'

-'क्या करेगा ?'

-' अभी बताता हूँ ....। कहते वह घर में इक हवा की तरह गया और जब बाहर आया तो उसके हाथ में बंदूक थी ।

हँस ही पड़ा महेश ... तुम मुझे मारोगे ? तुम मेरी जान लोगे ? ' मोहन बोलने को तो कुछ नहीं बोला, लेकिन बंदूक तान दी । ' आप क्या देख रहे हैं, चलिए दो गज ज़मीन नाप लीजिए । किला खूँटा गाड़ लीजिए ।

-'किसकी मजाल है कील खूँट गाड़ने की ?' वह बंदूक तानकर सामने खड़ा हो गया ।

-' चलो फिर मैं ही गाड़ता हूँ, देखूँ तो मेरे भाई के पास कितना मोट करेजा है । '

-'भैया ! इस बात का मेरे ऊपर कोई असर नहीं पड़ेगा , कहे देता हूँ । '

-' कोई असर हो न हो, आज तो यही देखना है कि एक भाई अपने दूसरे भाई के खून से किस तरह अपना हाथ रंगता है ?'

महेश के पड़ोसी इस बिगड़ी हुई हालत को देखकर काफी परेशान हो गया और महेश को समझाने और रोकने की काफी कोशिश की । लेकिन महेश नहीं माना और आगे बढ़ गया ।

-'भैया !..... मगर उसके कदम नहीं रूके ।

-'खबरदार' .....!

फिर भी कदम नहीं रूके । अचानक मोहन की बुद्धि ने काम करना बंद कर दिया और उसका हाथ काँप गया....एक आवाज निकली . -'धाँय' .....।

-' आह ' इक चीख निकली और महेश वही नीचे लड़खड़ाते हुए गिर गया । गोली उसकी छाती में लगी थी । तमाशा देखने वाले घबराकर भागने लगे । ठीक उसी समय, एक टमटम आकर रूका और उसमे से एक औरत नीचे उतरी । ज़मीन पर पाँव रखते ही वह भौचक्का हो गई । उसको कुछ समझ में नहीं आया, क्या करे, क्या न करे ! उसने देखा कि एक तरफ उसका ही देवर हाथ में बंदूक लिए खड़ा है । दूसरी तरफ तो वह देख ही नहीं सकी । दहाड़कर छाती पिटती हुई वही गिर गई । उस औरत की आवाज सुनकर मोहन चिहुँक गया ,-' अरे भाभी ! आप ! मोहन को जब होश आया, वह पछताने लगा, -' यह क्या होगा...?.यह क्या कर दिया मैंने ? मेरे ही हाथों भाई का खून ! घोर अनर्थ...महा पाप... । उसका विवेक लौट आया और उसकी आत्मा उसे धिक्कारने लगी.... देवता समान भाई को .... दो गज ज़मीन के लिए .....!

तभी, अचानक उसको एक आवाज ने झकझोर दिया..... बाबू ! देख रहे हैं न मेरे हाथ । कितना सुन्दर लग रहा है ....। इतना कहकर उसकी भाभी अपनी कलाई की चूड़ियों को वहीं ज़मीन पर पटक-पटककर फोड़ने लगी । आप तो मुझे सोने की चूड़ी पहनाना चाह रहे थे न । मगर अब... अब तो सोने की चूड़ी का क्या , काँच की चूड़ी भी नहीं पहन सकती ।' और छाती पिट-पिटकर रोने लगी । मोहन का चेहरा उतर गया । अब वहाँ बदले या गुस्से की भावना नहीं थी, अब तो केवल पश्चाताप की लकीर खींची पड़ी थी । आँखों में आँसू भरे हुए थे । उसकी भाभी बोलती जा रही थी,-' बाबू ! आपको याद है न, आपने एक बार मुझसे कहा था, भाभी ! छोटा भाई अपने बड़े भाई और भाभी का केवल सहारा ही नहीं होता, बल्कि रक्षक भी होता है । क्या रक्षा की है आपने बाबू ? क्या रक्षा की है ? कितने बड़े रक्षक हैं आप कि सिर्फ दो. गज ज़मीन के लिए अपने भाई की जान ले ली ।' वह बिल्कुल लाश बन गया था । कोई हरकत नहीं ....बिल्कुल शान्त.... । उसकी भाभी ने फिर कहा, - ' आपको तो याद ही होगा, आपने कहा था कि भाभी देखना, मेरे में कितना गुण है । देख ली बाबू , आज मैं आपके गुण भी देख ली । इसी गुण को छिपा रखे

थे क्या ? ' वह काँपने लगा। वह पागल-सा बोलती जा रही थी,-' देखिए, बाबू ! जरा मेरे खून से सने इन हाथों को देखिए, इन्हीं हाथों से मैं आपके भैया का तर्पण कर रही हूँ... खून भरे हाथों से। अच्छा लग रहा है ....! वह तो जैसे काटो तो खून नहीं।

-' याद है, एक दिन जब आपने मेरे इन हाथों में थोड़ा-सा खून देखा था तो, तिलमिला गये थे। आपकी आँखों से आँसू टपकने लगे थे। आपने थोड़ी भी देर न करते हुए मेरे हाथ में पट्टी बाँधी थी। कितनी प्यारी भाभी थी मैं, उस घड़ी। आज भी मैं आपकी वही भाभी हूँ बाबू, ...आइए न, आज एक बार फिर मेरे हाथ में एक पट्टी बाँध दीजिए ....मोहन क्या बोलता, उसके पास बोलने के लिए कुछ था भी तो नहीं। अपनी भाभी के हाथ में खून देकर अन्दर ही अन्दर टूटता जा रहा था .... सामने भाई की लाश पड़ी थी। उसकी भाभी ने कहा,-' कुछ कहने-सुनने की हिम्मत नहीं हो रही है न, कैसे होगी ? चलिए ठीक है, आप की इच्छा थी आप मेरी इन कलाइयों में सोने की चूड़ियाँ पहनाते...अब वह इच्छा तो अधूरी ही रह गई ...चलिए आप मेरी एक इच्छा पूरी कर दीजिए...आज मेरी इच्छा है आपके हाथ से गोली खाने की...और अपने पति के साथ मर जाने की ....बाबू ! देखिए, आप ना नहीं कहिएगा ...मेरी इस इच्छा को पूरी करके मुझ अभागिन पर एहसान कीजिए ....!

-' नहीं...नहीं... भाभी .. ऐसा मत कहिए ... मैं नहीं सुन सकता। देवर भाभी के पवित्र रिश्ता पर कलंक मत लगाइए। मुझे पाप लगेगा ....पाप .... '

-'बाबू ! अब आप यह तो भूल ही जाइए कि आपकी कोई भाभी भी है। मुझे माफ कर दीजिएगा ....आप जहाँ रहें, खुश रहें, यही मेरी दुआ है, यही मेरा आशीर्वाद है .....!' इतना कहकर उसकी ने जोर से दहाड़ मारक अपनी छाती पीटी और अपने पति के सीने पर गिर गई....बेहोश हो गई ...यह बेहोशी कुछ क्षणों की नहीं) थी ....सदा की थी ....वह अपनी बेहोशी से वापस नहीं लौटी।

'खबरदार ! रूक जा शैतान, एक कदम भी आगे मत बढ़ो।' एक आवाज सुनाई दी। वह थथमकर वहीं रूक गया। कोई नजर नहीं आ रहा था। ऊपर आकाश की ओर देखा, लगा वहीं से यह आवाज आ रही है। चारो तरफ सन्नाटा ही सन्नाटा था ....घोर सन्नाटा।

-'किधर देख रहे हो शैतान ? मैं तो तेरे अन्दर हूँ। ' वास्तव में यह उसकी आत्मा की आवाज थी। उसका हाथ उठा का उठा ही रह गया। 'छी : ' धिक्कार है ! यह तुम्हारे हाथ कटकर गिर क्यों नहीं जाते जो अपनी भाभी की लाश छूकर अपवित्र करना चाहते हैं। ' वह भौचक्का-सा खड़ा रह गया। अपनी छाती सहलाने लगा। शायद सीने में दर्द हो रहा था। -' इतने में कहीं से आवाज आई,-' दूर हट शैतान, मुझे छूने की कोशिश भी मत करना....। सारे रिश्ते खत्म। ' वह कुछ कर न सका। कर भी क्या कर सकता था। उसका सपना पूरा नहीं हो सका था। उसने अपनी भाभी की कलाई को सोने की क्या काँच की चूड़ी तक भी पहनने के लायक नहीं छोड़ा था। जिस भाभी को वह अपनी जान से ज्यादा मानता था, श्रद्धा करता था, पूजा करता था, आज वही भाभी लाश बनी पड़ी थी। भैया के मृत शरीर से लिपटी पड़ी थी। उसने सिर्फ अपने भैया और भाभी की लाशों को ही नहीं दफनाया, बल्कि एक भाई के प्रेम, एक भाभी की तपस्या को भी दफना दिया ,....उसी दो गज ज़मीन के नीचे।

अनुवादक : गोपाल अश्क

कहानी

जाल

विनीत ठाकुर

भोला की बेंच पर रमा के आकर बैठने पर पूरी कक्षा के विद्यार्थी हँसने लगे। वह शौक से नहीं, बल्कि मजबूर होकर हमेशा उस बेंच पर अकेले बैठता था। यों कहें कक्षा के सभी छात्रों ने मिलकर आगे की एक बेंच को ही उसके लिए बिरादरी से अलग कर रखा था। भोला के दोस्त लोग भी भोला के साथ कुछ खास बातचीत नहीं करते। उसके साथ बोलने के नाम पर सभी औपचारिकता भर पूरी करते। कोई उसके हालचाल पूछता तो वह भी 'अच्छा हूँ' जवाब देता। कोई उसका जवाब सुनता भी तो कोई सुना अनसुना कर जाता।

पिता के तबादले के साथ खोटांग से सिरहा के ज़िला मुख्यालय सिरहा आई हुई रमा का कॉलेज में आज पहला दिन था। पहले ही दिन कॉलेज की क्लास में सहपाठियों के इस तरह हँसने पर रमा को बड़ा अजीब लगा और थोड़ी झेंप भी महसूस हुई थी। वह सोचने लगी कि कहीं उसका यूनिफॉर्म तो कहीं से बिगड़ा हुआ नहीं है। रमा ने सबसे नज़रें छुपाकर सबसे पहले अपने यूनिफॉर्म का मुआयना किया था। उसे अपना यूनिफॉर्म बिल्कुल दुरुस्त लगा। फ़िर उसने सोचा, 'हो न हो, मेरे माथे के काले टीके को देखकर लोग हँसे होंगे। पर, यह काला टीका तो मैं बचपन से ही लगाती आई हूँ, और फ़िर इतने छोटे-से टीके पर एक साथ सबकी नज़र गई कैसे होगी! नहीं, इनके एक साथ हँसने की वजह कोई और ही रही होगी।'

क्लास में नेपाली विषय के प्राध्यापक केशव गुरुजी के प्रवेश करते ही सब लोग शांत हो गए। "तुम लोग कॉलेज को हिला देने के अंदाज़ में इस तरह क्यों हँस रहे थे?"– गुरुजी ने पूछा। कोई कुछ न बोला। फ़िर उन्होंने कहा– "तुम लोग अब बच्चे नहीं हो, बीए में पढ़ रहे हो। होशियार होकर पढ़ो और देश का एक सक्षम नागरिक बनने की कोशिश करो।" हमेशा की तरह उपदेश देने के बाद गुरुजी ने अपने झोले से किताब निकाली और पढ़ाना शुरू किया। छात्र ध्यानपूर्वक उनका लेक्चर सुनने लगे। छात्रों से भरी क्लास में गुरुजी की नज़र भोला पर पड़ी। हमेशा बेंच के बीच में अकेले बैठने वाला भोला आज बेंच के एक छोर पर बैठा था। उसी बेंच के दूसरे छोर पर बैठी हुई रमा को भी गुरुजी पहचान गए क्योंकि प्रिंसिपल सुबह ही ऑफ़िस में नई छात्रा के बारे में अध्यापकों को बता चुके थे।

कॉलेज में छुट्टी होने पर रमा ने सबसे पहले अपना मोबाइल स्वीच ऑन करके अपने पिताजी को फोन करके पूछा– "पापा, आप कहाँ हैं?" जवाब मिला– "बेटा, मैं क्वार्टर में ही हूँ।" फ़िर रमा ने कहा– "मुझे लेने के लिए ऑफ़िस की गाड़ी मत भेजिएगा, मैं पैदल ही आ रही हूँ।" इतना कहकर रमा ने फोन काटा और अकेले कॉलेज से निकलकर क्वार्टर की तरफ़ जाने लगी। कॉलेज के गेट से क्वार्टर पैदल करीब १५ मिनट की दूरी पर होते हुए भी बीच में कोई घर वगैरह न होने के कारण जिला विकास का ऑफ़िस और क्वार्टर साफ़ दिखता था।

रमा पहली बार अपने पिता के साथ ऑफ़िस की ही गाड़ी पर क्वार्टर से बाहर निकलकर कॉलेज गई थी। पहाड़ों में ही पैदा हुई और पहाड़ की ही गोद में पली-बढ़ी हुई रमा तराई-मधेश के हरी घास के मैदान और लहलहाती फसलों से भरे खेतों को देखकर आश्चर्यित हो गई। वह कुछ देर सड़क के किनारे खड़ी होकर नज़ारों को निहारती हुई सोचने लगी– 'मैंने पत्र-पत्रिकाओं में जितना पढ़ा था, उससे कहीं अधिक सुंदर और मनमोहक है तराई-मधेश। जहाँ

देखती हूँ खेत ही खेत हैं और उसमें उमड़ती फसलें। सच में तराई तो स्वर्ग ही है और हमारे देश के लिए अन्न का भंडार भी।'

वह फ़िर आगे बढ़ी। उसने देखा, पक्की सड़क बीच-बीच में जगह-जगह टूटी हुई है। थोड़ा और आगे जाने पर तो पीच उखड़ा हुआ ही नहीं, बल्कि छोटे-बड़े गड्ढे भी मौजूद थे। उसे बड़ी हैरत हुई। 'ओह ! स्थानीय नेता क्यों विकास में इतनी कंजूसी करते हैं ! यहाँ की जनता भी कितनी भोली है, क्यों चुपचाप इतने जोखिम भरी यात्रा करने को वाध्य हैं ?' यही सब सोचती हुई रमा आगे बढ़ रही थी कि अचानक उसे दूर से धूल उड़ाते हुए आती हुई एक बस दिखाई दी और देखते ही देखते वह बस रमा के यूनिफॉर्म को धूल से सराबोर करती हुई तेज़ गति में निकल गई। वह अपनी जेब से रुमाल निकालकर अपने यूनिफॉर्म और चेहरे पर लगी धूल को साफ़ करती हुई गंतव्य की तरफ़ बढ़ी। रमा क्वार्टर के कंपाउंड के नज़दीक पहुँचने ही लगी थी कि पीछे से साइकिल की घंटी की टिन टिन आवाज़ आई। घंटी की आवाज़ सुनकर उसने रास्ते के किनारे होकर पीछे मुड़कर देखा। साइकिल पर भोला था। वह अपनी धुन में साइकिल चलाता हुआ आगे बढ़ गया। रमा ने मन ही मन सोचा, 'दूर से ही मेरे पीछे साइड माँगने को इसने घंटी तो बजाई मगर पलटकर एक बार देखा तक नहीं। शायद साइकिल पुरानी होने की वजह से वह झेंप गया होगा।' रमा भोला की साइकिल के हालात देखकर उसकी गरीबी को साफ़ दिल से ताड़ चुकी थी।

क्वार्टर में पहुँचते ही पिता ने रमा से पूछा– "तुम्हारे कॉलेज का पहला दिन कैसा रहा बेटी ? शिक्षकों की पढ़ाई हुई बातें अच्छी तरह समझ पाई या नहीं ?" रमा ने कहा– "कॉलेज में सब कुछ अच्छा था पापा, शिक्षक भी बहुत अच्छे हैं। उनकी पढ़ाई हुई बात मैं अच्छी तरह समझ गई।" माता-पिता दोनों ने अपनी इकलौती बेटी को शाबाशी देते हुए अपने लक्ष्य में निडर होकर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

उसके पिता तैयार होकर अपने ऑफ़िस चले गए। रमा ने भी फ्रेश होकर खाना खाया और थोड़ी देर आराम करके अपने कमरे में कॉलेज के गृहकार्य करने लगी।

अगली सुबह रमा मॉर्निंग क्लास शुरू होने से करीब १५ मिनट पहले ही कॉलेज पहुँच गई। क्लास में पहुँचते ही मीना ने उसे बुलाया और कहा कि आज से वह मीना के साथ ही बैठे। रमा भी 'ठीक है' कहकर उसके साथ बैठ गई। क्लास शुरू हुई। टिफ़िन ब्रेक में मीना व और लड़कियों के साथ रमा भी कैंटीन में नाश्ता करने गई। जलेबी, पूरी और सब्ज़ी के साथ चाय पीते हुए सब लोग बातचीत में मशगूल हो गए। जल्द ही सबसे घुलमिल जाने वाली व्यवहार चतुर रमा ने मौका पाकर अपनी दूसरी सहपाठी अनीता से पूछ लिया– "बेंच पर मेरे बैठते ही कल तुम लोग क्यों हँसने लगी थी ?" अनीता कुछ बोलती, उससे पहले ही मीना ने जवाब दिया– "कल हम नहीं, लड़के हँसे थे।" यहाँ पर लड़के और लड़कियाँ अलग-अलग बेंचों पर बैठते हैं। और फ़िर तुम तो महादलित भोला की बेंच पर जा बैठी थी।

थोड़ी देर गंथन मंथन के बाद वे लोग नाश्ता करके कैंटीन से बाहर निकल आए। कॉलेज के कंपाउंड में बड़े पीपल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर बैठकर चाय पीते हुए भोला को देखकर रमा ने फ़िर अनीता से पूछा– "एक बात बताना, जिस तरह क्लास में भोला अकेले बेंच पर बैठकर पढ़ता है, क्या उसी तरह वह कैंटीन में भी अकेले बैठकर चाय नहीं पी सकता ?" अनीता ने कहा– "नहीं पी सकता।" रमा ने फ़िर पूछा– "क्या इस समाज में उसका पानी नहीं चलता ?" अनीता ने जवाब दिया– "नहीं यार, वह महादलित है, उसका पानी चलना तो दूर, अगर गलती से उसने किसी कुएँ को छू दिया तो यहाँ का समाज या तो उस कुएँ को भर देगा या फ़िर कुएँ से सभी पानी को निकालकर उसे अंदर से ही अच्छी तरह साफ़ करके बड़ा होम-जाप करवाकर ही वापस प्रयोग करेगा शायद। रमा ने अंदर ही अंदर सोचा कि यहाँ के रहन-सहन और रीति-रिवाज के बारे में पूरी जानकारी हासिल किए बिना इनके साथ यों इस तरह बहस करना बेकार है। ब्रेक खत्म होने पर सभी लोग वापस क्लास में चले गए।

कॉलेज की छुट्टी के बाद गेट के बाहर भोला और रमा की मुलाकात हुई। रमा ने भोला से कहा–

"भोला, मैं तुमसे क्लास में ही कहने वाली थी, मगर लोग फ़िर से हँसने लगेंगे सोचकर मुझसे कहा नहीं गया। क्या तुम अंग्रेज़ी सर के पहले लिखाए हुए नोट मुझे दोगे ?" भोला ने हामी भरते हुए तुरंत अपने झोले से नोट निकाला और रमा को दे दिया। रमा ने 'धन्यवाद' कहते हुए नोटबुक अपने झोले में रख लिया।

रात को कमरे में नोट को अपने नोटबुक में उतार लेने के बाद रमा सोचने लगी, 'क्लास में सबसे हट्टा-कट्टा होशियार नौजवान होकर भी इस समाज में निरीह प्राणी होकर जी रहा है बेचारा भोला। जो भी हो, भोला को उसका अधिकार मिलना ही चाहिए और भोला को इस समाज को कुछ करके दिखाना होगा। इसके लिए मुझसे जो बन पड़ेगा, मैं मदद करूँगी। अब भोला को समाज के आगे एक सबल व्यक्ति बनाकर ही मैं चैन की साँस लूँगी।'

शनिवार को रमा अपनी माँ के साथ सब्ज़ी लेने बाज़ार गई। दोनों माँ-बेटी के लिए सिरहा बाज़ार बिल्कुल ही नया था। बाज़ार में जहाँ देखो, लोगों की बड़ी भीड़ और ज़मीन पर प्लास्टिक बिछाकर रखे व्यापारियों के सामान। बाज़ार में इधर-उधर टहलते हुए रमा की माँ की नज़र बाज़ार के दूसरे छोर पर बाँस की कमची से बनी डगरी, टोकरी, बेना वगैरह बेच रहे एक इंसान पर गई। रमा के साथ वह वहाँ पहुँचीं और डगरी और बेना के भाव पूछे। वह व्यापारी कोई और नहीं भोला ही था। भोला के मुँह से '२५० रुपए' निकला ही था कि रमा और भोला की नज़र एक दूसरे पर पड़ी, दोनों मुस्कुराए। "यह मेरी क्लास का सबसे होशियार छात्र है" कहकर रमा ने माँ का परिचय भोला से कराया। भोला ने 'नमस्ते' कहते हुए, सामान मुफ़्त में ही ले जाने का आग्रह किया। लेकिन रमा की माँ ने नहीं माना और आखिरकार १५० रुपए लेकर भोला ने बेना और टोकरी दोनों दे दिए।

बाज़ार से लौटते वक्त रमा ने भोला के साथ कॉलेज में हो रहे सभी बरतावों के बारे में अपनी माँ को बताया। माँ हैरान रह गईं और रमा से कहा– "देखो बेटी, ऐसे दुखी लोगों की मदद करना पुण्य का काम होता है। मैं तुम्हारे पापा से इस बारे में बात करूँगी। जैसे भी हो हमें भोला की मदद करनी चाहिए। बेचारा भोला पुश्त दर पुश्त से इस सामाजिक परिवेश और अंधविश्वास में दबकर जी रहा है। धन्य हैं उसके माता-पिता, जो इतने दमन और ज़िल्लत सहकर भी बेटे को बीए पढ़ा रहे हैं।"

समय गुज़रता गया। भोला बीए की फाइनल परीक्षा में भी अव्वल हुआ। रमा दूसरे स्थान पर रही। इस सुखद खबर से रमा के माता-पिता खुशी से गद्गद् हुए। कुछ दिनों के बाद लोक सेवा आयोग में अधिकृत दर्जे के लिए नौकरी का आह्वान हुआ। रमा ने अपने पिता की सलाह पर भोला को भी पूर्वांचल क्षेत्रीय निर्देशनालय धनकुटा से आवेदन भरने को कहा। आवेदन देने के बाद दोनों ही लोकसेवा परीक्षा की तैयारी में जुट गए। परीक्षा के विविध चरण पार करते हुए रमा ने महिला कोटे में अपना नाम निकाला, वहीं भोला भी दलित कोटे के पहले नंबर में ही अपना नाम निकालने में कामयाब रहा। भोला इस समय सिरहा के सीडीओ कार्यालय में अधिकारी है, जबकि रमा भी सिरहा के ही नापतौल विभाग में अधिकारी है। सीडीओ कार्यालय अपने आप में ज़िले का एक न्याय विभाग जैसा होने के कारण दलित और भेदभाव के विरुद्ध दर्ज शिकायतों को भोला खुद देखता है और जनचेतना फैलाने के अभियान में जुटा हुआ है। आखिरकार रमा ने मधेशी समाज में सिकुड़े हुए एक भद्र दलित को सही रास्ता दिखाकर आत्मनिर्भर बनाने में बहुत बड़ा सहयोग किया।

अनुवादक : मुकेश कुमार मिश्र

कहानी

मशीन हैं क्या !

डा. रीना तुलाधर

आधी रात बीत जाने पर भी प्रभा सो न सकी और सोए भी कैसे । एक ही दीवार से घिरा और दीवार के पास के ही कमरे में उसके पति और सौतन मौज-मस्ती कर रहे हैं । उन दोनों की कानाफूसी और बातचीत उसके कान में कनसुत्ली की तरह घुस रही है । उस कमरे में उसका पति केशव और उसकी नई पत्नी अर्थात उसकी सौतन दुर्गा । उन लोगों के बीच रात-रात में होने वाली मौज-मस्ती आँखों से न देखने पर भी कानों से सुनते रहने की पीड़ा को झेलते रहने को महीनों हो गया । उससे बच्चा न होने के बहाने समस्त परिवार मिलकर उस पर सौतन लाद दी । संतान न होने का दुख था ही । दूसरी ओर पति के कोमल आलिंगन में बीताए स्मृतियों से छाती ही फट जाएगी जैसा लगता है । नई-नवेली पत्नी के साथ सोने का कमरा नहीं हुआ कहते हुए प्रभा के ही कमरे को आधा करके घेर दिया । उसका नारी हृदय किस हद तक सहन करे ।

उनके बीच की क्रीडारत ध्वनि उच्च होते हुए आने पर प्रभाव को आग से तपने की जगह गर्म पानी डालने जैसा हुआ । सहन न कर सकने पर छत पर खड़ी हो गई । चाँद की शीतल किरण से शरीर कुछ हल्का हुआ । मोढ़े पर थच से बैठी । सौतन लाने की कांइकुंइ चलने पर अपनी जान-पहचान तक की जगह पर जाकर इलाज न करवाया हो, ऐसा भी नहीं । अपने जेवरात तक बेचकर कृत्रिम गर्भाधान का उपाय भी अपनाना चाहा पर सफल न हो सकी । फ़िर दुबारा करने के लिए पैसा नहीं जुटा पाई । आज सौतन को झेलते हुए रहना पड़ेगा । मन के अन्दर के आर्तनाद से उसकी आँखें नम हो गईं । प्रभा की उसी आँखों में क्रोध की ज्वाला दहकने लगी ।

देखते ही देखते उसकी सौतन दुर्गा के गर्भवती हुए भी चार महिना हो गया । डॉक्टर के वेड रेस्ट लेना होगा कहने पर सौतन की देख-भाल करने वाली प्रभा खैराती नौकरानी बनी ! एक दिन दुर्गा को खाना पहुँचाने गई प्रभा के कदम कमरे के बाहर ठिठक गए । अन्दर पति-पत्नी लड़ रहे थे ।

बेईमान, ज़मीन की दलाली की तरह मेरे जीवन की भी दलाली की है न । दुर्गा की आवाज़ को ढकने के लिए पति भी ज़ोर से चिल्ला रहा था । प्रभा बात क्या है समझ न सकी । अचानक दरवाज़ा खोलकर केशव कमरे से निकला । वह अपराधी है । पर उसके चेहरे पर पश्चाताप का निशान नहीं है ।

मुझे चावल परोसो । आँफ़िस जाने के लिए देर हुई । प्रभा को इतना कहकर फटाफट केशव ऊपर गया । पहले पेट वाली को खिलाएँ कि आँफ़िस जाने वाले को खिलाएँ, मुझे ही सिर्फ़ चार हाथ हैं क्या ? प्रभा का कड़क जवाब आया ।

तेरी तो बेहूदी, चावल परोसो तक कहना नहीं है तुम्हें ! जल्दी मरने के लिए आ जाओ ।

पति को अनदेखा करती हुई प्रभा सौतन के कमरे में प्रवेश की ।

उसे देखते ही सौतन ने रोते हुए कहा-प्रभा दीदी, मुझे रहने का मन नहीं है । मैं चली जाऊँगी दीदी । दुर्गा प्रभा के साथ आगे पीछे की तरह वही बातें करने लगी । पहली पत्नी लकवाग्रस्त हो गई कहकर धोखे से दुर्गा को ले आए हैं । प्रभा को घर का काम करने वाली कहककर परिचित कराया गया है ।

मेरी बड़ी दीदी अच्छी नहीं है कहकर कोई कहने ही नहीं आया । छोटी दीदी को संतान नहीं हुआ कहकर मायका लौटा दिया । दीदी-बहन को पाल रखकर नहीं रह सकते कहकर दोनों भैया ने भी विवाह पश्चात् घर छोड़कर चल दिया । सौतन बनकर स्वीकार

करना मेरी कमज़ोरी हुई। माँ बाप का दुख न देख सकने के कारण मेरा किया गया निर्णय ही गलत हुआ, दुर्गा ने सदा की भाँति इसी प्रकार दुखड़ा उड़ेल दी पहली के समक्ष।

कितनी बातें करे, जो होना था हो गया। तुम नहीं तो कोई और ले आते बेईमान लोग। नदी के दो किनारे की तरह सौतन-सौतन के बीच पुल बनाने का प्रयास जारी है।

समय बीतते कितनी देर लगती है। बच्चा जन्मा। छठी के दिन घर में भीड़ है। गोद में बेटा रखकर दही का सगुन बर्शाते हुए केशव अपनी मर्दानगी का प्रदर्शन किया जैसा लग रहा है। दादी बनी बेटीमाया फूले नहीं समा रही है। दुर्गा का चेहरा दीप्त है। माँ होने का सुख जो मातृत्व प्राप्त कर चुकी है सिर्फ़ वही जानती है।

बच्चा न होना तो कहें पाप ही है। छठी के भोज में आने वालों के नाना प्रकार से की गई बातें प्रभा को कचोटती रही।

प्रसूता को देखने आने वालों का सत्कार करो, खिलाओ-पिलाओ। प्रभा को फुर्सत नहीं है। मन रो रहा है वह तो है ही। थाली में और शक्कर डालती हुई सास ने प्रभा को आकर झपाड़ा इतनी देर हो चुकी, प्रसूता को चावल खिलाने का समय नहीं हुआ है? प्रसूता को तो समय पर ही खिलाना चाहिए! बच्चा जन्माई हो तब तो जाने।

सौतन के बच्चा जन्माने के साथ ही प्रभा तो सास के लिए आँख के काँटे की तरह हो गई। मैं सिर्फ़ मशीन हूँ क्या? हाड-मांस से बना शरीर है मेरा भी। प्रभा भी बोलने से डरी नहीं।

इसकी मुँह लगाने की आदत देखो तो, बेटीमाया का स्वर और भी ऊँचा हो गया। सास-बहू के चिल्लाने की आवाज़ सुनकर केशव आया। सत्य तथ्य बिना समझे-बूझे उसने भी प्रभा को दोषी मान लिया।

आज-कल कहते-कहते बच्चे का अन्नप्राशन भी नज़दीक आ गया। एक सुबह नित्यकर्म समापन पश्चात बारामदे में बैठकर बेटीमाया पोते का प्रतिक्षा कर रही थी। उसी वक्त आकर दुर्गा ने सास से कहा- मैं मायके जाऊँगी।

अन्नप्राशन नज़दीक आ गया है। अभी मायके क्यों जाना पड़ा। नहीं जाना है। सास ने आदेश दिया।

दुर्गा निर्भीक दिखाई दे रही है। मानो उसके अन्दर और बातें क्रीड़ा करने की भाँति। सास को बिना कोई उत्तर दिए झनककर लौट गई।

कितनी अकड़ गई है! एक बच्चा क्या हुआ पाँव जमीं पर नहीं है। दुर्गा सास के आदेश की प्रतीक्षा में नहीं रुकी। कमरे में जाकर थोड़ी देर के लिए गम्भीर हुई। इसके बाद पोटली में बाँधकर रखे हुए कुछ सामान कमरे के बाहर रखी और बिस्तर पर से बच्चे को उठाई। बाहर टैक्सी टोककर रखी हुई है। उसने रिजर्व करके बुलाई है। सभी चीज़ों की पोटली टैक्सी की डिक्की में रखी।

इतने सामान लिए कितने दिन रह सकेगी! अन्नप्राशन के लिए बहुत दिन नहीं बचा है। खिड़की से ही सास चिल्लाने लगी। दुर्गा ने ऐसे घर की ओर मुड़कर भी नहीं देखा। टैक्सी में बैठकर चली गई।

ज़मीन की दलाली के काम में सुबह जल्दी निकले हुए केशव ने घर में आते ही पूछा - माँ और बेटा कहीं दिखाई नहीं देता।

वही तो, अन्नप्राशन आ गया मत जाओ बोली हूँ। बिना कुछ बोले मायके चल दी। सास ने सास के तेवर दिखाते हुए कहा।

खुद के खोदे गड्ढे में खुद ही गिरना इसे ही कहते हैं। दुर्गा अगर भाव खोजती है तो दूसरी समझदार बहू खोजकर लाना पड़ा। सौतन के बाद फ़िर दूसरी सौतन। हा.....हा..... । मेरे कहे अनुसार धर्मपुत्र पाल लेता तो यह टन्टा ही साफ़ हो जाता। प्रभा ने मौके पर सास और पति को सुनाई। उसके कटाक्ष से माँ और बेटा उत्तरविहीन हुए।

कुछ दिन तक तो क्रोध के कारण बहू के मायके किसी को बुलाने भी नहीं भेजी। कल अन्नप्राशन होने पर मात्र बुलाने भेजी। केशव बुंगमती जाने वाली बस में बैठकर ससुराल की ओर चल दिया।

वहाँ पहुँचने पर उसे पता चला- दुर्गा तो मायके गई ही नहीं है। केशव को झटका लगा। खाना खा रहे दुर्गा के माता-पिता के गले में भात अटक गया। चेहरा उड़ गया। मायके जा रही हूँ कहकर निकले हुए आज दस दिन हो गए, कहते हुए केशव का चेहरा विह्वल हो गया।

दुर्गा यहाँ आई ही नहीं है, लो न अब क्या करें! दुर्गा के माता-पिता फूट-फूटकर रोने लगे। दुर्गा की

बहनें भी क्या हुआ कहती हुई आई और सभी चिन्तित हुए। मन में नाना प्रकार की बातें खेलने लगीं, सभी दुखी हुए।

दुर्गा लापता हुई, बच्चा सहित। पूछताछ शुरू हुई। कहीं पता नहीं चला। दुर्गा का अता-पता नहीं चला। कहते-कहते आठ दिन बीत गए।

सुबह के अखबार में छपी गुमशुदा लोगों की सूचना में दुर्गा और बालक की तसवीर देखते हुए झल्लाता रहा केशव। बेटीमाया भी अखबार में बालक की तसवीर देखती हुई रोने लगी। मेरे पोते तुम कहाँ हो ?

प्रभा भी चिन्तित है। बालक कहने पर ममता होना तो लाजमी है। दुर्गा के प्रति उसके मन में किसी भी प्रकार की दुर्भावना नहीं है। सौतन होने पर पर भी उसने सौतन की भाँति व्यवहार कभी नहीं किया।

टिरिंग -टिरिंग फोन की घंटी बजने से चाय बना रही प्रभा ने दीवार से टंगी हुई फोन उठाई।

हैलो, कौन बोल रहे है ?

प्रभा दीदी मैं। मैं दुर्गा, दुर्गा की आवाज़ सुनाइ दी।

दुर्गा ! कहाँ हो तुम दुर्गा ? प्रभा अनायास ऊँचे स्वर में चिल्लाई। आवाज़ सुनकर बेटीमाया और केशव भी चौंक गए।

फोन में दुर्गा की आवाज़ सुनाई दी- दीदी मैं सकुशल ही हूँ, बाबू भी ठीक ही है।

दुर्गा की बात पूरी नहीं हुई थी। यहाँ लाओ तो कहते हुए केशव ने प्रभा के हाथ फोन फोन खींच लिया।

हैलो दुर्गा, तुम कहाँ हो ? बाबू कहाँ है ? केशव उच्च स्वर में चिल्लाया।

बेटीमाया भी नज़दीक जाकर बच्चा कहाँ है, बच्चा लेकर आने को कहो, कहती हुई चिल्लाने लगी। माँ बेटे का ढंग देखकर प्रभा को हँसी आ गई।

दुर्गा का सब ठीक है सुनकर उसका चेहरा प्रफुल्लित हुआ।

फोन में दुर्गा की आवाज़ सुनाई दी - मेरी तसवीर अखबार में छपाने वाला कौन है। किसकी हिम्मत।

बच्चा कहाँ है ? बच्चे को ठीक तो है ? केशव सिर्फ़ बच्चा के ही बारे में पूछताछ करता रहा। कितना बच्चा, बच्चा ! अरे दलाल ! तुम्हें तो सिर्फ़ बच्चे से मतलब था न ? बेईमान ! दलाल जैसे औरों को धोखा देते हैं उसी तरह तुमने मुझे भी बुरी तरह छला, संतान के लिए ही न ! बच्चा न होने तक महारानी की तरह बरताव किया। और बाद में तो..... ! मुझे ढूँढ़ने का प्रयास मत करो। बच्चा प्राप्त करने की आशा भी मत करो। तुम लोगों का काल आएगा, होश करो। तुमने क्या समझा नारी को ? संतान उत्पादन करने की मशीन ?

प्रभा दीदी को फोन दो तो जल्दी। दुर्गा का ही फोन है। बिना कुछ बोले केशव ने फोन दिया।

हैलो प्रभा दीदी। मैं काठमाडौं से बाहर हूँ। एक साथी के यहाँ रहती हूँ। काम भी मिल गया। दीदी मेरी चिन्ता मत कीजिए। मेरी योजना सफल हुई। मेरी दूसरी भी योजना बाकी है। उसके लिए आपकी मदद की आवश्यकता है।

हाँ.....हाँ..... कहकर प्रभा सुनती रही। और इसके पश्चात् बोली- होगा। दुर्गा, होगा मैं सहमत हूँ। तुम्हारे कहने के अनुसार ही करूँगी। अच्छा लो बाद में बात करेंगे। प्रभा ने फोन रख दिया। उनके बीच क्या-क्या बातें हुई पूछना ज़रा मुश्किल लगा।

पोते की याद में चिन्तित होती रही बेटीमाया को अस्वस्थ हुए भी महिनों गुज़र गए। आज थोड़ी तबीयत ठीक होने से बारामदे में चावल खाने गई। टनन किसी के घंटी बजाने की आवाज़ सुनाई दी।

नीचे कौन कहकर खिड़की से देखने पर प्रभा का चेहरा प्रफुल्ल दिखाई दिया।

कौन है ? चावल खाते हुए केशव ने पूछा।

अड्डे से आया है, मुकदमे का कागज।

मुकदमा ? खाना छोड़कर केशव नीचे गया। मन न मानने पर बेटीमाया भी नीचे गई।

अड्डे से आए आदमी ने कहा- अदालत में हाजिर होने जाना इसमें दी गई तिथि में।

प्रभा और दुर्गा मिलकर केशव पर मुकदमा दर्ज किया था, यह उसी का कागज था। पहली पत्नी सर्वसम्पन्न होते-होते धोखा देकर दूसरी शादी करने के सामाजिक अपराध का मुकदमा। बेटीमाया और केशव को तड़ातड़ पसीना आया।

अनुवादक : पूनम झा

कहानी

